सूर्योदय : 6:15
सूर्यास्त : 5:23
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 21.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-135 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 06 नवम्बर 2024
03 जमादियुल-अव्वल 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




### मदरसा कानून को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट का फैसला पलटा

# यूपी मदरसा एक्ट को मिली मान्यता

- **17 लाख मदरसा स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे**
- **यूपी मदरसा कानून पर 'सुप्रीम' मुहर**
- **पीजी-रिसर्च सिलेबस तय करने पर रोक**
- **सुप्रीम कोर्ट ने मदरसा एक्ट को संवैधानिक करार दिया**
- **चलते रहेंगे यूपी के मदरसे**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश मदरसा शिक्षा बोर्ड अधिनियम 2004 की संवैधानिक वैधता बरकरार रखी है। यानी उत्तर प्रदेश में मदरसे चलते रहेंगे और 16000 मदरसों में पढ़ने वाले 17 लाख स्टूडेंट सरकारी स्कूल नहीं भेजे जाएंगे। कोर्ट ने कहा कि यह धर्मनिरपक्षेता के सिद्धांत का उल्लंघन नहीं करता।

इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने यह व्यवस्था देकर गलती की कि मूल ढांचे यानी धर्मनिरपेक्षता के सिद्धांत का उल्लंघन करने के कारण उत्तर प्रदेश मदरसा कानून को खारिज करना होगा। कोर्ट ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के 22 मार्च के फैसले को उस खारिज कर दिया, जिसमें यूपी मदरसा अधिनियम को रद्द कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा कि यूपी मदरसा अधिनियम केवल इस हद तक असंवैधानिक है कि यह फाजिल और कामिल के तहत उच्च शिक्षा की डिग्री प्रदान करता है, जो यूजीसी अधिनियम के विपरीत है।



### मदरसे नहीं दे सकेंगे फाजिल-कामिल की डिग्री

सुनवाई के दौरान इस बात पर भी चर्चा हुई थी कि क्या मदरसा बोर्ड की तरफ से दिए जाने वाली डिग्री को मान्यता है? इसका जवाब देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 1956 के यूजीसी एक्ट के तहत ग्रेजुएशन और उससे ऊपर की डिग्री सिर्फ विश्विद्यालय अनुदान आयोग से मान्यता प्राप्त विश्विद्यालय ही दे सकते हैं। इसलिए, यूपी मदरसा बोर्ड को इन डिग्रियों के समकक्ष की फ़ाज़िल और कामिल जैसी डिग्री नहीं दे सकता। इससे नीचे के मुंशी, मौलवी, आलिम जैसे सर्टिफिकेट देने पर कोई रोक नहीं होगी।



# बिहार कोकिला के नाम से मशहूर शारदा सिन्हा का निधन

**अलविदा**

- **छठ गीतों से पहचान मिली**
- **पर्व के पहले दिन दिल्ली एम्स में ली अंतिम सांस**

**नई दिल्ली।** बिहार की मशहूर गायिका शारदा सिन्हा का निधन हो गया। दिल्ली एम्स में उन्होंने आखिरी सांस ली। उनकी तबीयत अचानक अधिक बिगड़ी थी जिसके बाद वेंटिलेटर पर शिफ्ट करना पड़ा था।

इस खबर ने देशभर में उनके शुभचिंतकों को झकझोर कर रख दिया। शारदा सिन्हा के गाये छठ गीत अभी भी हर तरफ बजते हैं लेकिन बिहार की स्वर कोकिला अब हमारे बीच नहीं रहीं। शारदा सिन्हा के बेटे अंशुमान ने सोशल मीडिया पर उनकी तबियत बिगड़ने की जानकारी दी थी. उन्होंने एक वीडियो जारी किया है और बताया कि उनकी मां की हालत नाजुक है। सोमवार 4 नवंबर को दोपहर के समय उनकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई जिसके बाद डॉक्टरों ने उन्हें वेंटिलेटर पर शिफ्ट कर दिया था। लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत को लेकर लगातार अपडेट आ रहे थे। लेकिन सिंगर के निधन से छठ के महापर्व की रोनक फीकी पड़ गई। सिंगर काफी समय से बीमार थी और उनका इलाज चल रहा था। शारदा सिन्हा ने छठ के कई गाने गाए। यहां तक कि छठ 2024 के मौके पर भी उन्होंने अपने प्रशंसकों को निराश नहीं किया।



### किडनी की थी समस्या

देश की महान सिंगर मौजूदा समय में वेंटिलेटर पर थीं और किडनी की गंभीर समस्या से जूझ रही थीं। छठ के गीत गाकर पॉपुलैरिटी हासिल करने वाली शारदा सिन्हा पिछले कुछ समय से उनके स्वास्थ्य में ज्यादा गड़बड़ी आ गई थी। सभी उनके जल्द स्वस्थ्य होने की कामना कर रहे थे लेकिन सिंगर ने 72 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया। कुछ समय पहले ही रिपोर्ट आई थी कि सिंगर की सेहत में ज्यादा सुधार नहीं हो पा रहा है और उनका डायलिसिस शुरू हो गया है. वे लगातार दिल्ली एम्स के डॉक्टर्स की टीम की निगरानी में थीं। उनके चले जाने से संगीत जगत में शोक की लहर है।

### नौ जजों की संविधान पीठ का ऐतिहासिक फैसला

# हर निजी संपत्ति पर कब्ज़ा नहीं कर सकती सरकार : सुप्रीम कोर्ट

**विवाद**

- **एक मई को रखा था फैसला सुरक्षित**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने निजी संपत्ति विवाद में बड़ा फैसला सुनाया है। इस मामले में भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ न्यायाधीशों वाली पीठ ने फैसला सुनाते हुए कहा कि किसी व्यक्ति के स्वामित्व वाले प्रत्येक निजी संपत्ति संसाधन को संविधान के अनुच्छेद 39 (बी) के तहत भौतिक संसाधन नहीं कहा जा सकता है।



नौ जजों की पीठ में जस्टिस हृषिकेश रॉय, बीवी नागरत्ना, जेबी पारदीवाला, सुधांशु धूलिया, मनोज मिश्रा, राजेश बिंदल, सतीश चंद्र शर्मा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह भी शामिल थे। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि तीन जजमेंट हैं, मेरा और 6 जजों का। जस्टिस नागरत्ना का आंशिक सहमति वाला और जस्टिस धुलिया का असहमति वाला। पीठ द्वारा 1 मई को अपना फैसला सुरक्षित रखने के बाद आज सुनवाई हुई। पिछली सुनवाई में शीर्ष अदालत ने टिप्पणी करते हुए कहा था कि किसी व्यक्ति के प्रत्येक निजी संसाधन को समुदाय के भौतिक संसाधन के हिस्से के रूप में रखना दूर की कौड़ी होगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह उन निवेशकों को भी डरा देगा जो उन्हें मिलने वाली सुरक्षा के स्तर से सावधान होंगे। यह टिप्पणी तब आई जब वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने कहा कि विभिन्न संविधान पीठों के 16 फैसलों में निजी संपत्ति और निजी संसाधनों को शामिल करने के लिए भौतिक संसाधनों की लगातार व्याख्या की गई है। शीर्ष अदालत ने इससे संबंधित एक संदर्भ पर सुनवाई की।

# 25 नवंबर से चलेगा शीतकालीन सत्र

**संसद सत्र**

- **किरेन रिजिजू ने दी जानकारी**
- **केंद्रीय कक्ष में विशेष बैठक का होगा आयोजन**
- **जेपीसी रिपोर्ट तैयार करने में जुटी**

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने बताया है कि संसद का शीतकालीन सत्र 25 नवंबर से 20 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा।

सत्र की शुरुआत में परंपरागत तरीके से राष्ट्रपति के अभिभाषण से होगी। इसके अलावा शीतकालीन सत्र में संसद के दोनों सदनों में कई अहम विधेयकों पर विचार किया जा सकता है। खबरों के मुताबिक सरकार एक देश एक चुनाव के मुद्दे पर चर्चा करा सकती है। संसदीय परिपाटी के मुताबिक संसद सत्र के पहले सदन की कार्यवाही सुचारू रूप से चलाई जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार और लोकसभा स्पीकर सर्वदलीय बैठक भी कर सकते हैं। इससे पहले दो नवंबर को आई सूचना के मुताबिक संसद के शीतकालीन सत्र में वन नेशन वन इलेक्शन और वक्फ कानून में संशोधन के लिए पेश विधेयक पर चर्चा के आसार हैं। विपक्ष के आक्रामक तेवरों को देखते हुए आगामी शीतकालीन सत्र के काफी हंगामेदार रहने के आसार हैं। गौरतलब है कि वन नेशन वन इलेक्शन के प्रस्ताव को कैबिनेट से मंजूरी मिल चुकी है। अब शीतकालीन सत्र में विधेयक पारित कराने पर जोर दिया जाएगा। सरकारी सूत्रों के मुताबिक 26 नवंबर को संविधान की 75वीं वर्षगांठ पर पुराने संसद भवन के केंद्रीय कक्ष में विशेष संयुक्त बैठक का आयोजन किया जाएगा। संविधान के महत्व को रेखांकित करने के लिए सरकार ने व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत कई भित्त चित्र का निर्माण, संविधान सभा की बहसों का लगभग दो दर्जन भाषाओं में अनुवाद करना और सार्वजनिक मार्च का आयोजन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। यह आयोजन ऐसे समय में होने जा रहा है जब सरकार और विपक्ष के बीच संविधान रक्षक बनने और एक दूसरे को संविधान विरोधी साबित करने की होड़ मची है। इसके अलावा इसी सत्र में जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा देने संबंधी विधेयक के भी पेश होने के आसार हैं।



### सबकी निगाहें वक्फ विधेयक पर...

सत्र के दौरान हालांकि कई विधेयक पेश किए जाएंगे, मगर सबकी निगाहें वक्फ विधेयक और एक देश एक चुनाव विधेयक पर होगी। वक्फ विधेयक पर सरकार और विपक्ष के बीच जारी जबर्दस्त खींचतान के बीच संयुक्त संसदीय समिति रिपोर्ट तैयार करने में जुटी है। दूसरी ओर एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को केंद्रीय मंत्रिमंडल की मंजूरी मिल चुकी है। दोनों ही विधेयकों का विपक्ष लगातार विरोध कर रहा है। वास्तविक नियंत्रण रेखा पर करीब चार साल से जारी तनातनी के बीच चीन से बनी सहमति पर विदेश मंत्री एस जयशंकर संसद के दोनों सदनों में बयान देंगे। गौरतलब है कि लंबी खींचतान के बाद एलएसी पर दोनों देशों की सेना ने गश्त की शुरुआत की है।

# भारत जैसा जातिगत भेदभाव कहीं नहीं : राहुल

- **देश में 50 प्रतिशत आरक्षण की कृत्रिम सीमा ध्वस्त करेगी कांग्रेस**

**हैदराबाद।** राहुल जाति जनगणना पर बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान भारत में कथित जातिगत भेदभाव को लेकर बयान दिया। बकौल राहुल गांधी, जिस तरह का जातिगत भेदभाव भारत में होता है, ऐसा दुनिया में कहीं नहीं होता। उन्होंने कहा कि जाति आधारित भेदभाव के मामले में देश की स्थिति दुनिया में सबसे खराब है।

हैदराबाद में राहुल गांधी ने कहा, मेरे लिए तेलंगाना राष्ट्रीय जाति जनगणना का मॉडल है। देश में 50 प्रतिशत आरक्षण की कृत्रिम सीमा को ध्वस्त कर दिया जाएगा।% मंगलवार को तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस समिति (टीपीसीसी) की



बैठक में राहुल गांधी की मौजूदगी में राज्य की कांग्रेस सरकार द्वारा 6 नवंबर से किए जाने वाले जाति सर्वेक्षण पर चर्चा की गई। कांग्रेस पार्टी के सूत्रों ने बताया कि राहुल ने सामाजिक समूहों, जाति संघों और कांग्रेस नेताओं से बातचीत की। बेगमपेट हवाई अड्डे पर और बाद में बोवेनपल्ली में एक कार्यक्रम में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, उनके कैबिनेट सहयोगियों, राज्य कांग्रेस अध्यक्ष बी महेश कुमार गौड़ और अन्य नेताओं ने राहुल का भव्य स्वागत किया।

### झारखंड के हज़ारीबाग़ में चुनावी सभा को मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

# एक रहिये और नेक रहिये : योगी

**चुनाव प्रचार**

- **जो लोग हमें बांट रहे हैं, वे देश से गद्दारी कर रहे हैं**
- **माफियाओं को संरक्षण दे रही है झामुमो : मुख्यमंत्री**

**रांची।** झारखंड के हज़ारीबाग़ में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोगों से अपील की कि एक रहिये और नेक रहिये। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर बटेंगे तो निर्ममता से कटेंगे।

उन्होंने कहा कि बीजेपी लाओ और एक रहिये और नेक रहिये। कहा कि देश का इतिहास इस बात का गवाह है, जब-जब हम जाति, क्षेत्र या भाषा के नाम पर बंटे हैं, तब-तब हमें बेरहमी से काटा भी गया है। हम ये दोहराते हैं, जाति के नाम पर मत बंटो। जो लोग हमें बांट रहे हैं, वे देश से गद्दारी कर रहे हैं। योगी ने विपक्ष पर वार करते हुए कहा कि उनके लिए देश उनके एजेंडे का हिस्सा नहीं है। वे हर वो काम करेंगे जो भारत के खिलाफ हो। यह बंटने का समय नहीं है। यह समय पीएम मोदी की मानसिकता के अनुरूप काम करने का है। योगी ने कहा कि मैं भगवान राम की पवित्र भूमि अयोध्या से आपके बीच आया हूं। जो लोग कहते थे कि अयोध्या में राम मंदिर नहीं बनेगा, वे आज देख रहे हैं।



उन्होंने कहा कि ये राजद, झामुमो और कांग्रेस के लोग ही थे जो राम मंदिर के निर्माण में बाधा डाल रहे थे। जैसे ही देश की जनता ने निर्णय लिया और दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता पीएम मोदी को देश की बागडोर सौंपी, 100 साल की समस्या सिर्फ 2 साल में हल हो गई। योगी ने दावा किया कि आज उत्तर प्रदेश के जितने भी माफिया और गुंडे थे, वे या तो उत्तर प्रदेश छोड़ चुके हैं या नरक की यात्रा पर चले गये हैं। योगी आदित्यनाथ ने झारखंड में झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के नेतृत्व वाले गठबंधन पर माफियाओं को संरक्षण देने का आरोप लगाया और लोगों से अनुरोध किया कि वे माफियाओं का 'बुलडोजर' से सफाया कराने के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को वोट दें।

# दिल्ली में छठ पर्व पर रहेगा एक दिन का अवकाश

- **एलजी के प्रस्ताव पर सीएम की हरी झंडी**

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में छठ पर्व को लेकर सात नवंबर को अवकाश रहेगा। दिल्ली सरकार की तरफ से जल्द ही अवकाश को लेकर नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। सीएम अतिशी ने कहा कि छठ पर्व पर भव्य आयोजन किए जाएंगे। एलजी के प्रस्ताव को सीएम आतिशी ने हरी झंडी दिखा दी है। इससे पहले एलजी वीके सक्सेना ने सीएम आतिशी को एक चिट्ठी लिखी थी जिसमें छठ के दिन छुट्टी की मांग की गई थी। इससे पहले दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्यमंत्री आतिशी को पत्र लिखकर सात नवंबर को दिल्ली में सार्वजनिक अवकाश घोषित करने का आग्रह किया था, इस पर मुख्यमंत्री आतिशी ने ट्वीट कर जानाकरी दी कि




मुझे यह बताते हुए खुशी है कि दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है कि सात नवंबर को छठ के त्यौहार की छुट्टी होगी, ताकि सभी पूर्वांचली भाई-बहन धूम-धाम से छठ का त्यौहार मना सकें। पत्र में उपराज्यपाल ने लिखा था, कुछ ही दिनों में हम छठ मना रहे होंगे। आस्था का यह महापर्व चार दिनों तक मनाया जाता है, जिसमें तीसरा दिन जब अस्ताचल सूर्य भगवान को अर्घ्य अर्पित किया जाता है, सबसे महत्वपूर्ण है। इस साल सात नवंबर को पड़ने वाला यह दिन पहले से प्रतिबद्ध अवकाश के रूप में घोषित है।

# समय पर सौंपेंगे जेपीसी की रिपोर्ट : जगदंबिका पाल

- **अब तक हो चुकी हैं 25 बैठकें**
- **हम सभी को अपनी राय व्यक्त करने का अवसर दे रहे हैं : जगदंबिका पाल**

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की बैठकों को लेकर समिति के अध्यक्ष और भाजपा सांसद जगदंबिका पाल ने बड़ी जानकारी दी है। जगदंबिका पाल ने कहा कि मैंने पहली बैठक 22 अगस्त को की. आज तक 25 बैठकें हो चुकी हैं। इन बैठकों के दौरान 6 मंत्रालयों, 37 हितधारकों की जांच की गई। लगभग 123 हितधारक समिति के समक्ष उपस्थित हुए हैं।

उन्होंने कहा कि 9 से 14 नवंबर तक, हम अपनी रिपोर्ट तैयार करने के लिए कई प्रतिनिधिमंडलों से मिलने के लिए कई शहरों का दौरा करेंगे। भाजपा सांसद ने कहा कि हम सभी को अपनी राय व्यक्त करने का अवसर दे रहे हैं। इन 25 बैठकों में से प्रत्येक आम तौर पर 9-10 घंटे तक चली। जेपीसी अपनी रिपोर्ट सौंपने की समय सीमा को पूरा करने में सक्षम होगी। हालांकि, कई विपक्षी सांसदों ने जगदंबिका पाल पर आरोप लगाते रहे हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक पर विचार कर रही संसद की संयुक्त समिति में शामिल विपक्षी सांसदों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात कर समिति के अध्यक्ष और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सांसद जगदम्बिका पाल द्वारा कथित तौर पर लिए जा रहे एकतरफा निर्णयों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया। विपक्षी सदस्यों ने सोमवार को जगदम्बिका पाल पर 'एकतरफा' फैसले करने और पूरी प्रक्रिया को 'ध्वस्त' करने का आरोप लगाया था तथा इस समिति से खुद को अलग करने का संकेत दिया था। एक सूत्र के अनुसार, विपक्षी नेताओं ने उम्मीद जताई कि बिरला ने समिति की बैठकों के सिलसिले को कम करने के लिए कदम उठाएंगे ताकि सदस्यों को बैठकों की तैयारी करने और दी गई प्रस्तुतियों का अध्ययन करने की अनुमति मिल सके।



**आत्मचिंतन**

### राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन पुस्तकों का विमोचन किया

# सुप्रीम कोर्ट कर रहा बेहतर काम : द्रौपदी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन में मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने तीन पुस्तकों का विमोचन किया। इस दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि किसी भी संस्थान की बेहतर के लिए आत्मचिंतन अहम है। सुप्रीम कोर्ट की तीन पुस्तकों का महत्व भी कुछ ऐसा है। इसे कम नहीं किया जा सकता। इसके अलावा मनोनीत न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ विद्वान व्यक्ति हैं। उन्होंने न्याय को सुलभ बनाने का प्रयास किया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सुप्रीम कोर्ट की तीन पुस्तक राष्ट्र के लिए न्याय भारत के सर्वोच्च न्यायालय के 75 वर्षों पर चिंतन, भारत में कारागार कारागार नियमावली का मानचित्रण और सुधार एवं भीड़भाड़ कम करने के उपाय और विधि विद्यालयों के माध्यम से कानूनी सहायता भारत में कानूनी सहायता प्रकोष्ठों की कार्यप्रणाली पर एक रिपोर्ट का विमोचन किया। विमोचन समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि मैं पुस्तकों के प्रकाशन में योगदान देने वाले सभी लोगों को बधाई देती हूं। मुझे खुशी है कि सुप्रीम कोर्ट अपनी स्थापना के 75वें वर्ष में कई बेहतर काम कर रहा है। सुप्रीम कोर्ट में लोक अदालत का आयोजन, न्यायिक अधिकारियों का सम्मेलन इसके दो उदाहरण हैं। मनोनीत मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना ने कहा कि जिन मुद्दों पर पुस्तकों का प्रकाशन हुआ है वह राष्ट्रपति की लगातार वकालत, जमीनी हकीकत की गहन समझ और सांवधानिक मूल्यों के प्रति समर्पण से उपजी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने न्याय तक पहुंच को सुलभ बनाया।

उन्होंने कहा कि मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ न केवल एक विद्वान न्यायविद हैं, बल्कि तकनीकी और डाटा सुधारों को भी समझते हैं। हालांकि तीनों पुस्तकें न्यायालय के विचारों का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। मगर मुद्दों की वर्तमान स्थिति को बताते हुए सुधार का आह्वान करती है। उन्होंने कहा कि न्यायपालिका आलोचनात्मक विश्लेषण को स्वीकार करती है क्योंकि यह विकास और सुधार के लिए जरूरी है।



### कानून व्यवस्था के लिए आत्मचिंतन जरूरी : चंद्रचूड़

सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि आज जिन तीन पुस्तकों का विमोचन हुआ है, उसमें से एक न्यायालय की स्थापना के बाद से उसके न्यायशास्त्र का विश्लेषण करता है। जबकि शेष दो पुस्तकें विश्वविद्यालयों में कानूनी सहायता प्रकोष्ठ के कामकाज और जेलों की स्थिति को बता रहे हैं। तीनों ही पुस्तकें सर्वोच्च न्यायालय और कानून व्यवस्था दोनों को आत्म-चिंतन का अवसर दे रही हैं। किसी भी संस्थान में उत्कृष्टता की खोज के लिए आत्म-चिंतन की जरूरत होती है। जमीनी हकीकत जाने बिना कानूनों और नीतियों का सीमित प्रभाव होगा और इससे समस्याएं और भी गहरी हो सकती हैं। कहा कि राष्ट्रपति ने कैदियों की दुर्दशा पर प्रकाश डाला था। उनके भाषण ने सर्वोच्च न्यायालय में चर्चा को बढ़ावा दिया।

# रेप के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ कुर्की के दिए आदेश

*अवधनामा संवाददाता*

लखीमपुर खीरी। सिंगाही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित महिला से रेप के मामले में 23 जुलाई से फरार चल रहे अभियुक्त के खिलाफ कुर्की के आदेश दिए गए हैं। पुलिस ने ढोल नगाड़े के साथ अभियुक्त के गांव में पहुंच कर मुनादी कराई। सिंगाही थाना क्षेत्र के गांव में 23 जुलाई को विवाहिता अपने घर के पड़ोस के एक गन्ने के खेत में गई थी। वहीं पर गांव के ही विजय कुमार ने विवाहिता को पकड़ कर खेत में खींच लिया था और उसके साथ दुष्कर्म किया महिला की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इसके बाद लोकलाज के डर से विवाहिता ने 2 अगस्त को घर के अंदर छत के कुंड में लटक कर अपनी जान दे दी थी। अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए कई पुलिस टीम में गठित की गईं थी लेकिन आरोपी का कहीं पता नहीं चला। इसके बाद न्यायालय ने उसके घर की कुर्की का आदेश दिया था। थानाध्यक्ष सिंगाही अजीत कुमार ने बताया कि आरोपी न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है । न्यायालय के आदेश पर गांव में मुनादी कराई गई थी। पुलिस अब न्यायालय के आदेश पर आरोपी के घर की कुर्की की कार्रवाई करेगी।

### शायरी

हर करवट मेंहर अंगड़ाई में।
गुन गुनी धूप में या सर्द की रजाई में।
तेरी यादों का बसेरा है।
भागदौड़ में और फुर्सत की अलसाई में।
मिलन में भी और तुझसे जुदाई में।
बस तेरी यादों का बसेरा है।।

**लेखक**
**अजय कुमार वर्मा**
**शाखा प्रबंधक**
**इंडियन बैंक**
**शाखा विकास विभाग लखीमपुर-खीरी**



## 02 नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

लखीमपुर-खीरी। थाना फूलबेहड़ पुलिस बल द्वारा 02 नफर वारण्टी अभियुक्तों अर्जुन लाल पुत्र लुकई कहार निवासी ग्राम फूलबेहड़ थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी 2. बांके लाल पुत्र सोहन रैदास निवासी ग्राम करसौर थाना फूलबेहड़ जनपद खीरी को गिरफ्तार कर अभियुक्तों का चालान न्यायालय के समक्ष भेजा जा रहा है।

## 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनने शुरू

लखीमपुर खीरी। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनने शुरू हो गए हैं। जिला महिला अस्पताल में 70 वर्ष के बुजुर्ग गिरीश कुमार सिंह का पहला कार्ड बनाया गया।डिप्टी सीएमओ/नोडल अधिकारी डॉ. अमितेश दत्त द्विवेदी, जिला कार्यक्रम समन्वयक डॉ. अक्षत अग्रवाल और आयुष्मान मित्र राधा ने लाभार्थी को आयुष्मान कार्ड देकर योजना की पूरी जानकारी दी।

## दुधवा नेशनल पार्क में नए नियमों के साथ नए रास्तों पर भी भ्रमण कराने की तैयारी कर रहा है प्रशासन

**लखीमपुर खीरी।** दुधवा नेशनल पार्क में बुधवार से पर्यटन सत्र शुरू हो रहा है। इस बार सैलानियों को पार्क प्रशासन नए नियमों के साथ नए रास्तों पर भी भ्रमण कराने की तैयारी कर रहा है। माना जा रहा है कि किशनपुर क्षेत्र में प्रशासन कुछ नए रास्तों पर सैलानियों को भ्रमण करा सकता है। इससे पूर्व दुधवा को सजाने व संवारने का काम युद्धस्तर पर जारी रहा। वीआईपी गेस्ट हाउस को भी रंगरोगन कर तैयार कर दिया गया है, जबकि कैंटीन में भी विभिन्न चीजों का कार्य लगभग पूरा हो गया है। दुधवा में पिछले पर्यटन सत्र में सैलानियों को पार्क के जंगल गेट से इंट्री दे दी जाती थी, लेकिन इस बार तीन जगहों पर चेकिंग और जांच के निर्देश जारी हुए हैं। ऐसे में पहली चेकिंग स्वागत कक्ष के मुख्य गेट पर होगी। उसके बाद पर्यटन परिसर में भी चेकिंग होगी कि प्लास्टिक और पॉलीथिन का प्रयोग तो कोई सैलानी नहीं कर रहा है। अंतिम चेकिंग जंगल जाने के मुख्य द्वार पर जिप्सियों में की जाएगी।

# युवक ने छत के कुंडे से लटक कर दे दी जान

**लखीमपुर खीरी।** मोहम्मदी क्षेत्र के गांव बगरेठी में आपसी कलह के चलते एक युवक ने घर के अंदर कमरे में छत के कुंडे से लटक कर जान दे दी। गांव बगरेठी निवासी अमरीश का 8 वर्षीय पुत्र पंकज मोहम्मदी में दुकान पर मजदूरी करता था। अपने पिता के व्यवहार से आए दिन परिवार में झगड़ा होता रहता था जिससे क्षुब्ध होकर रात अपने कमरे में सोया था। जहां उसने रस्सी के सहारे कुंडे में लटक गया। सोमवार को सुबह परिजनों के जागने पर उसे कमरे के भीतर लटके हुए देखे जाने से चीख पुकार मच गई थी। मृतक अपने पीछे माता-पिता और दो बहनों को रोते बिलखते छोड़ गया है। वह अपने पिता का एकलौता पुत्र था। जिसकी एक बहन जन्म से गूंगी है।

## डीएम ने मनरेगा कार्यों एवं प्राथमिक विद्यालय का किया औचक निरीक्षण

# बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी दें जानकारीः मनीष बंसल

**नाराजगी**

**चकरोड का कार्य निर्धारित मानक के अनुरूप न मिलने पर व्यक्त की कडी नाराजगी**

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने ग्राम पंचायत हरडाखेडी में चल रहे मनरेगा के कार्यों एवं प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया।

उन्होंने मनरेगा के अन्तर्गत बन रहे चकरोड के कार्य को गुणवत्तापरक एवं निर्धारित मानक के अनुरूप न मिलने पर सख्त नाराजगी व्यक्त की। कार्य को देखकर यह प्रतीत हो रहा था कि जैसे कार्य आज ही प्रारंभ किया गया हो। कार्य की प्रगति धीमी एवं खराब पाए जाने पर टेक्निकल असिस्टेंट और सचिव को चेतावनी जारी करते हुए निर्देशित किया कि भविष्य में लापरवाही पाई गई तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सम्बन्धित चकरोड की राजस्व विभाग से जानकारी लेते हुए कार्य को मानक के अनुरूप पूरा किया जाए। मनरेगा के अन्तर्गत किये जा रहे सभी कार्यों में मानकों का पालन किया जाए। उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी को निर्देशित किया समय-समय पर किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण कर गुणवत्ता से कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित कराएं।



प्राथमिक विद्यालय निरीक्षण के दौरान उन्होंने मिड डे मील की गुणवत्ता को परखा जो ठीक पाई गई। जिलाधिकारी ने कक्षा 05 के बच्चों से साधारण प्रश्न किये तो वे ठीक से जवाब नहीं दे पाए। इस पर कडी नाराजगी व्यक्त करते हुए 01 माह के अन्दर सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिक्षण जैसे महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी शिक्षकों को निर्देशित किया कि बच्चों को पाठ्यक्रम के साथ-साथ सामान्य ज्ञान की भी जानकारी दी जाए। इस अवसर पर, मुख्य विकास अधिकारी सुमित राजेश महाजन, उपायुक्त स्वतः रोजगार इन्द्रपाल सिंह, खण्ड विकास अधिकारी नीरू मलिक सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई के चित्र व आख्या सुरक्षित रखें: नगरायुक्त

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने अतिक्रमण प्रभारी व प्रवर्तन दल प्रभारी को निर्देश दिए है कि अतिक्रमण सम्बंधी जिस शिकायत में आम जनता जुड़ी हो, उन मामलों में तथा किसी एक स्थान पर अतिक्रमण की बार-बार आने वाली शिकायत पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के बाद फोटो सहित उसकी आख्या व विवरण फाइल पर सुरक्षित रखें। उन्होंने बूढ़ी माई चौक सहित जनसुनवाई में आयी अतिक्रमण हटाने सम्बंधी तीन शिकायतों पर प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए।




वार्ड संख्या 9 में दिल्ली रोड स्थित मनोहरपुर निवासी अमित मक्कड़ ने मनोहरपुर दिल्ली रोड सड़क पर अतिक्रमण हटाने के लिए नगरायुक्त को प्रार्थना पत्र दिया। इसके अलावा वार्ड संख्या 43 बूढ़ी माई चौक निवासी सलीम अहमद व खलीक अहमद ने अलग-अलग प्रार्थना पत्र देकर बूढ़ी माई चौक पर सड़क से अतिक्रमण हटवाये जाने के लिए प्रार्थना पत्र दिए। जिस पर नगरायुक्त ने प्रवर्तन दल प्रभारी को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई के निर्देश दिए।

वार्ड 6 राणा पैलेस निवासी शाहनवाज राणा ने राणा पैलेस के पास गली में साफ-सफाई कराने की गुहार लगायी। जिस पर क्षेत्रीय सफाई निरीक्षक व सफाई मित्र को भेजकर सफाई कराते हुए शिकायत का तत्काल निस्तारण करा दिया गया। इसके अलावा वार्ड 24 सोफिया मार्किट निवासी हरिओम अग्रवाल ने सोफिया मार्किट कोर्ट रोड पर पानी के पाइप को फुटपाथ से नीचे करने तथा वार्ड 28 जनकनगर निवासी हरीश राजपाल ने जनकनगर में निगम के प्लाट से मलवा उठवाने व सफाई कराने के लिए प्रार्थना पत्र दिये। जिस पर सम्बंधित क्षेत्र के अवर अभियंता व सफाई निरीक्षक को स्थलीय निरीक्षण कर कार्रवाई कराने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में अपर नगरायुक्त राजेश यादव, मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह सहित सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 24 दिसम्बर से 05 जनवरी तक अम्बेडकर स्टेडियम में होगी अग्निवीर भर्ती रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी ने कहा कि जनपद में अग्निवीर भर्ती के तहत भारतीय सेना की ओर से 24 दिसम्बर से 05 जनवरी तक रैली का आयोजन किया जाना है। यह रैली डा.भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में होगी। रैली में प्रदेश के 13 जनपदों के अभ्यर्थी सम्मिलित होंगे। अपर जिलाधिकारी प्रशासन डॉ.अर्चना द्विवेदी आज यहां कलक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में अग्निवीर भर्ती की तैयारियों के सम्बन्ध में सम्बन्धित अधिकारियों एवं सेना के अधिकारियों के साथ बैठक कर रही थी। उन्होंने कहा कि रैली में सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, शामली, रामपुर, मुरादाबाद, बिजनौर, अमरोहा, गौतमबुद्धनगर, हापुड, गाजियाबाद, बागपत, मेरठ और बुलंदशहर के अभ्यर्थी आएंगे। बैठक में सेना के भर्ती अधिकारी कर्नल सत्यजीत बेबले ने अधिकारियों को रैली के मद्देनजर की जाने वाली व्यवस्थाओं एवं आवश्यकताओं के बारे में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि भर्ती रैली में 15 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। जनपद में प्रतिदिन लगभग 1500 अभ्यर्थी आएंगे। डॉ.अर्चना द्विवेदी ने सभी विभागीय अधिकारियों को उचित व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। अपर जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को पेयजल, साफ-सफाई, बेरीकेटिंग, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, लाइट, शौचालय, एम्बुलेंस एवं चिकित्सा आदि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों के ठहरने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। परिवहन विभाग को पर्याप्त मात्रा में बसों को संचालन करने एवं अग्निशमन विभाग को रैली स्थल पर किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए समुचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए।

## छठ पूजा घाटों का तेजी से करें सौंदर्यीकरणः नगरायुक्त

**सहारनपुर।** नगरायुक्त संजय चौहान ने आज बाबा लालदास घाट व मानकमऊ स्थित छठ पूजा घाट पर निगम द्वारा छठ पूजा के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने सरकार की मंशा के अनुरुप तेजी से कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर जरुरी कदम उठाए जाएं।

नगरायुक्त संजय चौहान आज सुबह मुख्य अभियंता निर्माण बी के सिंह के साथ मानकमऊ स्थित छठ पूजा घाट पहुंचे और निगम द्वारा करायी जा रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने नदी के भीतर पड़े निर्माणाधीन मलवे को सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से तुरंत हटाने को कहा ताकि नदी में जलप्रवाह के दौरान किसी तरह का कोई अवरोध उत्पन्न न हो। नगरायुक्त ने घाट के सौंदर्यीकरण के लिए निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यो पर संतोष व्यक्त किया।

# डीएम की अध्यक्षता में स्कूल सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम निधि श्रीवास्तव की अध्यक्षता में स्कूल सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया।स्कूल सुरक्षा नीति 2016 के अंतर्गत बनाई गई 13 सदस्यीय स्कूल सुरक्षा सलाहकार समिति की यह प्रथम बैठक थी।



बैठक में आठ बिंदुओं पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि भूकंप आदि आपदाओं में स्कूलों में कोई भी जनहानि ना हो यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण को सम्मिलित करते हुए कार्य कराए जाएं।

जिला विद्यालय निरीक्षक प्रवेश कुमार ने बताया कि जनपद स्तर पर 13 सदस्यीय समिति का गठन जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किया गया है। जिसमें मुख्य विकास अधिकारी संयोजक हैं। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशों के अनुक्रम में माध्यमिक ,बेसिक, अल्पसंख्यक व तकनीकी स्कूलों को शामिल किया गया है। उन्होंने बताया कि समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की जाएगी तथा नोडल अधिकारी भी नामित करते हुए उनके माध्यम से भी निरीक्षण आदि कार्य कराए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि समिति के अंतर्गत मुख्यतः आठ बिंदुओं पर कार्य कराया जाना है जिसमें स्कूल में आपदा प्रबंधन क्यूँ, स्कूल सुरक्षा के प्रयास, स्कूल सुरक्षा नीति 2016 में विभिन्न हितधारकों की भूमिकाएं एवं उत्तरदायित्व, जिला और ब्लॉक स्तरीय शिक्षा प्राधिकरण, विभिन्न अधिकारियों से संबंधित कार्य, स्कूल सुरक्षा चिंताओं को शामिल करने के लिए सुझाव, अति आवश्यक रूप से किए जाने वाले कार्य, स्कूल सुरक्षा के अंतर्गत कराए गए कार्यों की प्रगति तथा समिति का उत्तरदायित्व हैं।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित समिति के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# बलात्कार के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार, भेजा जेल



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना दातागंज पुलिस द्वारा बलात्कार के आरोप में नामजद व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार क्राइम पर अंकुश की दृष्टि से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉक्टर बृजेश कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत मंगलवार को थाना दातागंज पुलिस द्वारा बलात्कार के मामले में वांछित चल रहे आरोपी राजाबाबू पुत्र पप्पू को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना दातागंज पर तैनात उप निरीक्षक राजेश कुमार तथा कांस्टेबल विश्वजीत शामिल रहे।

## एसडीएम कार्यालय पर कांग्रेसियों द्वारा आज किया जाएगा धरना प्रदर्शन

**बदायूं।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा जन समस्याओं को लेकर आज बुधवार को एसडीएम दातागंज कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष ओमकार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आज बुधवार को दोपहर 1:00 बजे कांग्रेसियों द्वारा जन समस्याओं को लेकर मंगल की बाजार दातागंज में पहले मासिक बैठक का आयोजन किया जाएगा,उसके बाद कांग्रेस के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपजिलाधिकारी दातागंज के कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने बताया कि धरना प्रदर्शन एवं बैठक में मुख वक्ता के रूप में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रेम प्रकाश अग्रवाल मौजूद रहेंगे।

## नमामि गंगे अंतर्गत यमुना तट पर किया गंगा उत्सव का आयोजन

**सहारनपुर।** नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्र स्तर पर मनाये जा रहे गंगा उत्सव अभियान की श्रृंखला में जिला गंगा समिति द्वारा विकासखंड गंगोह की ग्राम पंचायत मानपुर स्थित यमुना तट पर गंगा उत्सव का आयोजन किया गया। गंगा उत्सव के अंतर्गत शिव मंदिर मानपुर से यमुना तट तक गंगा कलश यात्रा तथा यमुना आरती का भव्य आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में विकासखंड गंगोह के प्रमुख प्रतिनिधि चौधरी दिनेश ने उपस्थित ग्रामीण एवं क्षेत्रवासियों को भारत सरकार तथा प्रदेश सरकार द्वारा नदियों के पुनर्जीवन हेतु चलाए जा रहे अभियान के बारे में जानकारी दी। उन्होने ग्रामीणों का आवाहन किया कि नदियों की पवित्रता बनाए रखने के लिए किसी भी तरह का कूड़ा कचरा नदियों में प्रवाहित न होने दे। साथ ही साथ उन्होंने यह भी कहा कि हम सब प्रयास करेंगे कि यहां यमुना घाट विकसित कराया जाए।

गंगा उत्सव के नोडल अधिकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी नंदलाल प्रसाद ने उपस्थित जन समुदाय को अभिप्रेरित किया कि यमुना नदी हमारी धार्मिक मान्यताओं समेत जीवन से जुड़ी हुई पवित्र नदी है। हम सब मिलकर नदी के पुनर्जीवन हेतु सतत प्रयास करें।

इस अवसर पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा पंजीकृत संस्कृत समूह द्वारा सचिन गायक की टीम ने सुंदर स्वच्छ गंगा गीत की प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन जिला स्वच्छता सलाहकार देव भास्कर पांडे द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद चौधरी, डायरेक्टर सरसावा समिति सुनील चौधरी, पूर्व ग्राम प्रधान सनी चौधरी, सीडीपीओ कुसुम लता, महिलाओं ने यमुना आरती की।

## कोतवाली सदर बाजार पुलिस ने 40.55 लाख की सम्पत्ति की कुर्क

**सहारनपुर।** थाना कोतवाली सदर बाजार पुलिस द्वारा उप्र गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1986 के अन्तर्गत अभियुक्त की 40 लाख 55 हजार रूपये समेत एक बाईक पर कुर्की की कार्यवाही की गयी।


कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि विगत् 24 नवम्बर को वादी तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक थाना जनकपुरी सनुज यादव ने मोहतरम पुत्र शब्बीर निवासी पाडली खुशहालपुर थाना जनकपुरी आदि के खिलाफ धारा 2/3 गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। जिस पर जिला मजिस्ट्रेट ने विगत् 7 अक्टूबर को अभियुक्त मोहतरम की चल-अचल सम्पत्ति को उप्र गिरोह बन्द समाज विरोधी क्रियाकलाप अधिनियम 1986 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कुर्क किये जाने का आदेश पारित किया गया था। उन्होंने बताया कि आज नायाब तहसीलदार सदर पंकज निर्वाल व उनके निरीक्षक संजीव कुमार, उपनिरीक्षक रविन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने आपराधिक षडयंन्त्र रचकर कागजात व बैनामो की धोखाधडी कर लोगो की जमीन हडप कर अवैध रुप से अनुचित लाभ प्राप्त कर अर्जित की गयी चल व अचल सम्पत्ति को कुर्क कर लिया।

## दुष्कर्म के मुकदमें में वांछित आरोपी को भेजा जेल

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान पुलिस ने दुष्कर्म के मकदमें में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

कोतवाली रामपुर मनिहारान प्रभारी संजीव कुमार ने बताया कि उनके व निरीक्षक राधेश्याम यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कस्बे की शहरी पुलिया से मुखबिर की सूचना पर दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी असद उर्फ बोबी पुत्र युनुस निवासी आजाद कालोनी थाना मण्डी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया।

## ताजमहल देखने आए दंपति के होटल से पालतू फीमेल डॉग हुई लापता, होटल ने देख रेख के लिए वसूली थी रकम




*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** आगरा में ताजमहल के दीदार के लिए आए एक पर्यटक दंपति के साथ होटल की लापरवाही के कारण खुशी उस वक्त गम में बदल गई जब उनके प्यारे पालतू कुत्ते का आगरा के 5 स्टार होटल ताज व्यू से कोई अता-पता नहीं लगा। गुरुग्राम निवासी दीपायन और कस्तुरी ताजमहल का आनंद लेने आए थे। उन्होंने ताजगंज क्षेत्र में 5 स्टार होटल ताज व्यू में एक कमरा बुक किया था। होटल में कुत्तों की देखभाल के लिए पेट सिटिंग की सुविधा भी उपलब्ध थी, जिसके लिए होटल प्रशासन ने तीन घंटे के दो हजार रुपये चार्ज किए।

दंपति अपने दो कुत्तों को लेकर आए थे। एक नवंबर को उन्होंने अपनी मादा कुत्ती, एक ग्रे हाउंड, को होटल की पेट सिटिंग सेवा में सौंपकर फतेहपुर सीकरी घूमने चले गए। लेकिन जैसे ही वे वापस आए तो उन्हें होटल से एक चौंकाने वाली खबर मिली कि उनकी प्यारी ग्रे हाउंड कहीं गायब हो गई है। दंपति ने होटल और आसपास के इलाके में कुत्ते की तलाश में काफी मशक्कत की। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले गए लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

इस घटना ने होटल प्रशासन की लापरवाही पर सवाल खड़े कर दिए हैं। एक तरफ जहां 5 स्टार होटल ताज व्यू ने कुत्ते की देखभाल के नाम पर मोटी रकम वसूली, वहीं दूसरी तरफ कुत्ते को सुरक्षित रखने में नाकाम रहा। दंपति ने अब कुत्ते को खोजने वाले को दस हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। वे होटल में ही रुके हुए हैं और अपनी प्यारी ग्रे हाउंड को ढूंढने में जुटे हुए हैं। खबर लिखे जाने तक कुत्ते का कोई सुराग नहीं लगा।

# आगरा में अब नहीं देख पाएंगे ताजमहल की सुरमयी शाम

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** यमुना नदी के पार एक ग्यारह सीढ़ी पार्क है। यहां खड़े होकर दुनिया भर के पर्यटक सूर्यास्त के समय ताजमहल का मनोरम दृश्य देखा करते थे। अब यह पार्क विवादों में आ गया है। दरअसल एक किसान मुन्ना लाल ने पार्क के एक हिस्से पर अपना दावा ठोक दिया, जिससे पूरे शहर में हंगामा मच गया है। कछपुरा के नगला देवजीत के रहने वाले मुन्ना लाल का कहना है कि उन्होंने पार्क के भीतर छह बीघा पैतृक भूमि के लिए 40 साल तक चली लंबी अदालती लड़ाई जीती है। किसान ने इस पार्क की जमीन ट्रैक्टर से जुतवा दी है। साथ ही बाड़ और बैरिकेड लगा दिए हैं। उन्होंने आम जनता के लिए इसे प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है।

इस बीच, आगरा की संभागीय आयुक्त रितु माहेश्वरी ने कहा कि यह जमीन आगरा विकास प्राधिकरण (ADA) के अधिकार क्षेत्र में आती है। किसान के दावे की जांच की जा रही है। ऐतिहासिक मेहताब बाग से सटा ग्यारह पार्क सांस्कृतिक कार्यक्रमों और सौंदर्यीकरण पहलों से लेकर संग्रहालय की योजनाओं तक, विभिन्न प्रस्तावों का केंद्र बिंदु रहा है। इस पार्क को ADA एक ऐसा जीवंत मनोरंजन क्षेत्र और सांस्कृतिक केंद्र बनाना चाहती थी जो स्थानीय लोगों और पर्यटकों दोनों के लिए एक अनूठा अनुभव प्रदान करे।



मिडिया से बातचीत में किसान मुन्ना लाल ने बताया कि उनके पिता और चाचा इस भूमि के रजिस्टर्ड काश्तकार थे। यह भूमि 1976 में शहरी सीलिंग कार्रवाई में चली गई थी। 1998 और 2020 के जिला न्यायालय के दस्तावेज लाल को स्वामित्व हस्तांतरण की पुष्टि करते हैं। लाल ने कहा कि मेरे परिवार ने इस जमीन पर कब्जा पाने के लिए 40 साल की कानूनी लड़ाई लड़ी है। हमारे पास अदालती आदेश और कानूनी कागजात हैं। 2020 में, उप-विभागीय मजिस्ट्रेट के कार्यालय ने ज़मीन पर हमारे स्वामित्व का दावा किया। यह राजस्व रिकॉर्ड में भी दर्ज है।

आपको बता दें कि इसी ग्यारह सीढ़ी पार्क में 2023 में ताज महोत्सव का आयोजन किया गया था। इससे पहले 1997 में ग्रीक संगीतकार यान्नी के म्यूजिकल कंसर्ट का आयोजन भी यहीं हुआ था। ऐसा माना जाता है कि इस जगह को मुगह बादशाह हुमायूं अपने वेधशाला के रूप में प्रयोग करते थे। टूरिस्ट गाइड्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय महासचिव शकील चौहान ने बताया कि इस पार्क में खड़े होकर पर्यटक सूर्यास्त के समय ताजमहल को मनमोहन नजारा देखा करते थे। अब इस पर संकट आ गया है।

# नहाय-खाय के साथ शुरू हुआ छठ व्रत, खरना आज

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** कार्तिक शुक्ल पक्ष चतुर्थी अर्थात मंगलवार को 'नहाय खाए के साथ सूर्योपासना का महापर्व सूर्य षष्ठी व्रत (छठ) प्रारंभ हो गया। बुधवार को खरना, गुरुवार को सूर्यदेव को सायंकालीन अर्घ्य तथा शुक्रवार

**बिहार और उत्तर प्रदेश के लोगों का है प्रमुख पर्व**

को प्रातःकालीन अर्घ्य देने के साथ ही व्रत-पर्व संपन्न होगा। लोक आस्था व भगवान सूर्य की आराधना का महापर्व छठ को लेकर प्रातः उठकर व्रती महिलाओं ने गंगा स्नान करने के बाद विधि-विधान पूर्वक पूजा- अर्चना कर कद्दू व सरसो के साग के साथ सात्विक भोजन ग्रहण किया।

छठ पूजा की पूर्णाहुति 8 नवम्बर को उगते हुए भगवान भास्कर को अर्घ्य देने के बाद संपन्न होगी। बता दें कि यूपी और बिहार में मनाए जाने वाला छठ महापर्व अब पूरे देश में आस्था व विश्वास के साथ मनाया जाता है। 5 नवम्बर से नहाए खाए के साथ शुरू हुआ भगवान तपन का यह महापर्व उगते हुए भगवान मार्तड को अर्घ्य देने तक कुल चार चरणो मे संपन्न होती है। कथावाचक व श्री चित्रगुप्त मंदिर के पीठाधीश्वर अजयदास महाराज के अनुसार पहले दिन की पूजा के बाद से नमक का त्याग कर दिया जाता है। छठ पर्व के दुसरे दिन को खरना के रुप मे मनाया जाता है। इस दिन भूखे-प्यासे रहकर व्रत महिलाएं खीर का प्रसाद तैयार करती है। महत्वपूर्ण बात है कि यह खीर गन्ने के रस की बनी होती है इसमें चीनी व नमक का प्रयोग नही किया जाता है। सायंकाल इस प्रसाद को ग्रहण करने के बाद माताएं निर्जल व्रत की शुरुआत करती है। तीसरे दिन 7 नवम्बर की शाम डूबते हुए भगवान लोक प्रकाशक को अर्घ्य देगी। चौथे व आखिरी दिन शुक्रवार को उगते हुए भगवान गृहश्वेर की पूजा करेगी। उसके बाद व्रती महिलाए कच्चा दूध व प्रसाद ग्रहण करके व्रत व पूजा की पूर्णाहुति करेगी।

## किसान की अचानक बिगड़ी हालत, मौत



**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र में खेत से लौटे किसान की अचानक हालत बिगड़ गई। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की सहमति पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। माखी थाना क्षेत्र के विक्रमखेड़ा मजरे प्यारेपुर निवासी राम स्वरूप रावत (55) पुत्र स्व. हीरालाल खेती किसानी करता था। सोमवार वह खेत में गोभी तोड़ने गया था। देर शाम लौटने के अचानक उसकी हालत बिगड़ गई। जिस पर परिजनों ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों की सहमति पर पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। पति की मौत पर कुसमा रो रोकर बेहाल है। मृतक के दो बेटियां हैं जिनमें माया का विवाह हो चुका है जबकि पूनम अभी अविवाहित है। उसका एक बेटा आकाश केरल में तो दूसरा विशाल गुजरात में रह कर नौकरी करता है।

## गंगा उत्सव का नपा अध्यक्ष ने किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** जिला गंगा समिति द्वारा आठवीं गंगा उत्सव का आयोजन शहर के चीतनाथ घाट पर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर अध्यक्ष नगर पालिका परिषद सरिता अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों का स्वागत प्रभागीय निदेशक विवेक यादव एवं जिला परियोजना अधिकारी नमामि गंगे बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान कर किया। गंगा उत्सव कार्यक्रम विविध गतिविधियों का मिश्रण था जिसका उद्देश्य लोगों और गंगा नदी के बीच एक गहरा रिश्ता विकसित करना था तथा नदी पुनरुद्धार के महत्वपूर्ण कार्य के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। गंगा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, नृत्य, गंगा आरती, एवं गंगा स्वच्छता शपथ शामिल थी। सरिता अग्रवाल ने कहा कि गंगा उत्सव के माध्यम से लोगों को गंगा एवं सहायक नदियों से जुड़ाव को बढ़ावा देना है एवं गंगा नदी के संरक्षण के प्रयास को आगे बढ़ाना है, यह उत्सव गंगा नदी को स्वच्छ एवं निर्मल बनाए रखने के लिए लोगों को प्रेरित करेगा। प्रभागीय निदेशक विवेक यादव ने कहा ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 4 नवंबर को गंगा उत्सव मनाया जाता है। इसी दिन गंगा नदी को भारत के राष्ट्रीय नदी घोषित की गई थी। कार्यक्रम के दौरान गंधर्व म्यूजिक एकेडमी, गणेशा डांस एकेडमी एवं राकेश शर्मा की टीम की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गंगा उत्सव के अंतर्गत डी.ए.वी. इंटर कॉलेज में चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई।

## आबकारी विभाग ने दबिश देकर 100 किलोग्राम लहन नष्ट कर 32 लीटर कच्ची शराब बरामद की



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** आबकारी आयुक्त, उप्र के आदेश एवं जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक फर्रूखाबाद के निर्देश पर जिला आबकारी अधिकारी, फ़र्रुख़ाबाद जीपी गुप्ता के पर्यवेक्षण में विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत दिनांक 05/11/2024 को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 कुमार गौरव सिंह मय स्टाफ द्वारा संदिग्ध ग्राम-बाग लकूला में दबिश दी गई। मौके पर लगभग 100 किलोग्राम लहन नष्ट किया गया। 32 लीटर कच्ची अवैध शराब बरामद कर दो अभियोग पंजीकृत किए गए। दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। स्टाक रजिस्टर, Online Payment, CCTV कैमरा का परीक्षण किया गया। जनपद में अवैध मदिरा के निर्माण/बिक्री/परिवहन की रोकथाम हेतु प्रवर्तन कार्य निरंतर जारी रहेगा।

## डीएम ने कंपोजिट विद्यालय का निरीक्षण किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डॉ वीके सिंह द्वारा कंपोजिट विद्यालय याकूतगंज विकासखंड बढ़पुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से ब्लैक बोर्ड पर गणित के सवाल हल कराये गये व स्वयं बच्चों को BODMAS पढ़ाया गया, बच्चों से सामान्य ज्ञान के सवाल पूछे गये जिनका बच्चो द्वारा सही जबाब दिया गया। शिक्षा के स्तर में और सुधार के लिये निर्देशित किया पाया गया, जिलाधिकारी द्वारा बच्चों से मिड डे मील की क्वालिटी और मात्रा के बारे में जानकारी प्राप्त की, विद्यालय में साफ सफाई का अभाव पाया गया। विद्यालय में हो रहे इंटरलॉकिंग के कार्य में प्रयोग होने वाले मैटेरियल की गुणवत्ता खराब पाई गई, जिसके कारण जिलाधिकारी द्वारा कार्य रुकवाने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह मौजूद रहे।

## वकीलों ने किया विरोध प्रदर्शन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** राज्य के गाजियाबाद शहर में पिछले दिनों न्यायालय परिसर के अंदर वकीलों पर पुलिस द्वारा किए गए लाठीचार्ज से बिफरे वकीलों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। काली पट्टी बांध कर यह विरोध प्रदर्शन बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर किया गया। गाजियाबाद में वकीलों पर पुलिस द्वारा किए गए बर्बर लाठीचार्ज की घटना से आक्रोशित बारसंघ कोंच के अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल ऑफ उप्र के आह्वान पर सोमवार को बारसंघ अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद निरंजन की अगुवाई में मुंसिफ कोर्ट परिसर के बाहर एवं तहसील पर विरोध प्रदर्शन किया। विरोध स्वरूप बांह में काली पट्टी बांधकर वकीलों ने मुंसिफी गेट पर और तहसील में जोरदार नारेबाजी की। बारसंघ अध्यक्ष ने कहा, गाजियाबाद के जिला जज के आदेश पर पुलिस द्वारा वहां के बेकसूर वकीलों पर लाठीचार्ज किया गया है जो निंदनीय है और दुःखद भी। उन्होंने मांग की कि वहां के जिला जज एवं संबंधित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों पर तत्काल कार्रवाई की जाए अन्यथा बार काउंसिल ऑफ उप्र के निर्देशानुसार विरोध प्रदर्शन तेज किया जाएगा। इस दौरान अधिवक्ता अवधेश द्विवेदी, ब्रजेंद्र नायक, नरेंद्र पुरोहित गुरु, रामकुमार खरे, पीडी रिछारिया, मोहम्मद अफजाल खान, विनोद निरंजन, जितेंद्र पांडे, मुकीत अहमद, रामबिहारी श्रीवास्तव, राघवेंद्र आनंद विदुआ, हलीम मोहम्मद, अंकुर पटेल, अरुण वाजपेयी, रवींद्रनाथ खरे, संतोष खरे, इंद्रजीत राठौर, दीनानाथ निरंजन, हरीसिंह निरंजन, विनोद अग्निहोत्री, कुलदीप सौनकिया, राकेश तिवारी, श्रीराम गुप्ता, सोमदत्त पांडे आदि वकील विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

# डीएम ने दिए जनशिकायतों के समयबद्ध निस्तारण के कड़े निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे की अध्यक्षता एवं एसपी डॉ. दुर्गेश कुमार की मौजूदगी में किया गया। विभिन्न विभागों से जुड़ीं कुल 26 शिकायतें आईं जिसमें 4 का मौके पर निस्तारण कर दिया गया।

डीएम ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ताकीद करते हुए कहा, जो समस्याएं या शिकायतें आई हैं उनका समयबद्ध तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें। इस काम में हीलाहवाली बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समस्या के निस्तारण की जानकारी शिकायत कर्ता को भी जरूर दें। कस्बे के गांधी नगर के रहने वाले अखिलेश चचौंदिया, सौरभ तिवारी, प्रशांत, अंकित, रूपेश, गोपाल आदि ने प्रार्थना पत्र देकर बताया कि इलाके में कोई सफाई कर्मी ही नहीं आता है, पिछले दिनों आई बाढ़ की गंदगी अभी तक पड़ी है। मलंगा नाला होने के कारण प्रदूषण फैल रहा हैं जिससे इलाकाई लोग परेशान हैं। छह माह पहले के विद्युत पोल लगे हुए हैं जिनमें अभी तक केबल भी नहीं बिछाई गई है। इससे पहले भी समाधान दिवस में शिकायत कर चुके हैं लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। डीएम ने पालिका ईओ को फटकार लगाते हुए समस्या के निस्तारण के कड़े निर्देश दिए।

इस दौरान सीएमओ डॉ. एनडी शर्मा, एसडीएम ज्योति सिंह, सीओ अर्चना सिंह, प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र पटेल, नायब तहसीलदार सादुल्ला खां, बीडीओ मानूलाल यादव, कोतवाल कोंच अरुण कुमार राय, इंस्पेक्टर कैलिया राजीव कुमार वैस, इंस्पेक्टर एट विमलेश कुमार, एसओ नदीगांव दिव्य प्रकाश तिवारी, चिकित्सक अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार शाक्य, ईओ पवन किशोर मौर्य, जल संस्थान जेई आलोक श्रीवास्तव, आपूर्ति निरीक्षण मनोज तिवारी, एसडीओ विद्युत अनुरुद्ध मौर्य, बीईओ कोंच रंगनाथ चौधरी, नदीगांव दिग्विजय सिंह, मंडी सचिव सोनू आदि मौजूद रहे।

तहसील सभागार की क्षतिग्रस्त और जर्जर दीवार से किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने सभागार को तोड़कर नए सिरे से इसका निर्माण कराए जाने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में आए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने सभागार का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह को निर्देश दिए कि सभागार का नए सिरे से निर्माण कराया जाए।

## अधिकारियों के रहमो करम पर चल रहे हैं अवैध ईट के भट्ठे

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद जनपद मे अधिकारियों के रहमो करम पर चल रहे हैं अवैध ईट के भट्ठे उत्तर प्रदेश की योगी सरकार को दबंग ईट भट्ठा मालिक दे रहे हैं खुली चुनौती। फर्रुखाबाद के विकासखंड शमशाबाद क्षेत्र में बगैर एनओसी जमा किए दबंग चला रहे हैं ईट के भट्ठे इसी प्रकार कायमगंज विकासखंड क्षेत्र में कायमगंज मेरापुर रोड पर बगैर एनओसी जमा किए दबंग का चल रहा है ईट का भट्ठा इसके अलावा विकासखंड क्षेत्र नवाबगंज में चल रहा है अवैध ईट के भट्ठे इसी प्रकार विकासखंड क्षेत्र कमालगंज में भी बगैर एन ओसी जमा किए चल रहा है ईट का भट्ठा जिला प्रशासन चल रहे तमाम ईट के अवैध भट्ठो पर कब करेगा कार्रवाई।

## धान क्रय केंद्र पाली प्रथम का तीन किसानों से 109 कुंतल धान की खरीद से शुभारंभ



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा तहसील क्षेत्र के क्रय केंद्र पाली पर मंगलवार को पहले दिन तीन किसानों से 109 कुंतल धान की खरीद की गई। दूसरे दिन से धान बेचने वाले किसानों की संख्या बढ़ेगी। विधायक प्रदीप शुक्ल ने क्रय केंद्र पर पहुंचे तीनो किसानों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। क्षेत्रीय विपणन अधिकारी रंजन सिंह ने कहा कि जय प्रकाश पांडेय का 45 कुंतल, ओम प्रकाश तिवारी का 40 कुंतल, राजू पांडेय का 24 कुंतल धान खरीद की गई है। इस दौरान विपणन निरीक्षक पवन पाल सिंह, प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, मंडल अध्यक्ष शिव चरण, कमलेश प्रजापति, पंकज कुमार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# झारखंड गैंग के पांच साइबर अपराधी चढ़े पुलिस के हत्थे

## चोरी की 115 मोबाइल बरामद, मोबाइल की कीमत 30 लाख रुपए

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** विशुनपुरा पुलिस व स्वाट टीम की संयुक्त अभियान में अंतर्राज्यीय साइबर ठगी गैंग झारखंड का भंडाफोड़ करते हुए टीम ने पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तों के पास से चोरी की 115 मोबाइल बरामद हुई है जिसका कीमत करीब 30 लाख रुपए बताई जा रही है। मंगलवार को साइबर गैंग का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने बताया कि अभियुक्तगण घने कस्बो व भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर पहुंचकर बड़ी सफाई से मोबाइल चोरी करने का काम करते है तथा चोरी की गई मोबाइलों का लाक तोड़कर यूपीआई जनरेट कर झारखंड व पश्चिम बंगाल में बैठे साइबर अपराधियों के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करा लेते है तथा बाद में उक्त चोरी की मोबाइल को झारखंड, बिहार व बंगाल में सस्ते दामों पर बेच देते है। जनपद कुशीनगर में मोबाइल चोरी के सम्बन्ध में जो मुकदमें पंजीकृत कराए गए थे उनसे भी सम्बन्धित कई मोबाइलें बरामद हुई हैं। अभियुक्तों का झारखण्ड व बिहार राज्य में आपराधिक इतिहास की जानकारी एकत्रित की जा रही है। पकड़े गए अभियुक्तों में बिक्की कुमार मण्डल पुत्र स्व. अशोक मण्डल निवासी महराजपुर नया टोला थाना तेलझाड़ी जिला साहबगंज झारखण्ड, संतोष वर्मा पुत्र लल्लन प्रसाद निवासी गौरा थाना कटेया जनपद गोपालगंज बिहार, जहाँगीर शेख पुत्र आलीत शेख निवासी करारी चाँदपुर हरकला टोला थाना कलिया चक जिला मालदा पश्चिम बंगाल, स्वास्तम कुमार पुत्र स्व. हरेराम मण्डल निवासी तौरसिया सीज थाना अमदाबाद जिला कटिहार बिहार व कैलाश मण्डल पुत्र स्व. अशोक मण्डल निवासी निवासी महराजपुर नया टोला थाना तेलझाड़ी जिला साहबगंज झारखण्ड शामिल है।

## शांति भंग के प्रयास में चार गिरफ्तार

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने शांति भंग करने के प्रयास में चार को गिरफ्तार करने के प्रयास में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। प्राप्त सूचना के मुताबिक थाना अहिरौली बाजार पुलिस टीम ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 के अंतर्गत स्थानीय थाने में वांछित अभियुक्त लक्ष्मण पुत्र शिवपूजन सिंह,राजकुमार सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी ग्राम बरसैना थाना अहिरौली बाजार, किंकर सिंह पुत्र राम लखन सिंह निवासी ग्राम खोखीया थाना अहिरौली बाजार, प्रेम सागर पुत्र पारस नाथ निवासी ग्राम भलुही थाना अहिरौली बाजार को गिरफ्तार किया गया है।

## बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चो ने दिखाया दमखम



अवधनामा संवाददाता

**पौली।** पौली ब्लाक के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के परिसर में परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने मा सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी अर्जुन प्रसाद वर्मा ने कहा कि बाल क्रीड़ा प्रतियोगित कार्यक्रम से बच्चों की प्रतिभा का विकास होता है। खेलकूद से बच्चों में प्रतिस्पर्धा की भावना भी विकसित होती है। स्वस्थ्य मस्तिष्क के लिए स्वस्थ शरीर होना नितांत आवश्यक है। खेल प्रतियोगिता का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष उदय प्रताप यादव ने किया और ब्लाक व्यायाम शिक्षक सुनील कुमार, विपिन कुमार, भोलेंद्र यादव, महेश्वरी प्रताप श्रीवास्तव, रतीभान की देखरेख में प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता के प्रथम दिन प्राथमिक स्तर बालक वर्ग कबड्डी में तिलकूपुर के विजेता विकास व शनिचरा बाजार के उप विजेता आर्यन, प्राथमिक बालिका वर्ग विजेता पैतवालिया व उप विजेता तिलकुपुर, जूनियर बालिका वर्ग समूह एवं लोक नृत्य व गान में नव्या एंड पार्टी, लम्बी कूद में विजेता हरिवंशपुर व उप विजेता चकिया, कबड्डी बालक वर्ग में विजेता चकिया व उप विजेता बगही, योगा में हरिवंशपुर के प्रवीण एंड पार्टी ने प्रथम स्थान पा कर ट्राफी पर कब्जा बनाया।

## द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियरिंग का स्थापना दिवस केक काट कर मनाया गया




**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) का स्थापना दिवस इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट गीडा, गोरखपुर में हर्षोल्लास के साथ केक काटकर मनाया गया। इस अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें अभियंत्रण क्षेत्र के प्रतिष्ठित विशेषज्ञों, शिक्षकों, और छात्रों ने भाग लिया। द इंस्टिट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स लोकल चैप्टर गोरखपुर के अध्यक्ष डॉ एन के सिंह ने अपने संबोधन में संस्था के महत्व और अभियंत्रण के क्षेत्र में इसके योगदान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर आर सी पांडे ने किया। इस अवसर पर संस्थान के संयुक्त सचिव अनुज अग्रवाल, इं पी के मिश्रा, इं एम डब्लू बेग, इं एम पी कंडोई, फार्मेसी निदेशक पी डी पांडा, डॉ आर पी सिंह, डॉ मनोज कुमार मिश्रा, डॉ आशुतोष गुप्ता, आशुतोष राव सहित संस्थान के सभी शिक्षकगण मौजूद रहे।

# युवक की बदसलूकी से आहत युवती ने लगाया फंदा, मौत

अवधनामा संवाददाता



**उन्नाव।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र में युवक द्वारा की गई बदसलूकी से आहत नवयुवती ने फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम कराया गया है। अजगैन कोतवाली क्षेत्र के नवई गांव निवासी कोमल (18) पुत्री महादेव लोधी बीती शाम अपने घर जा रही थी। तभी गांव के सचिन पुत्र राजेश लोधी ने नशे की हालत में उससे छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसने कोमल से हाथापाई भी की। इससे आहत किशोरी ने घर पहुंच कर दुपट्टे के फंदे से लटक कर अपनी जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों उसे फंदे से उतार कर अस्पताल ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका के भाई अजय की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कोमल की मौत पर मां कलावती, बहन रेशमा, रोशनी, भाई अजय व विजय समेत सभी परिजन बेहाल हैं। वहीं ग्रामीणों में मृतका और आरोपी युवक के बीच प्रेम प्रसंग की भी चर्चा रही। बताया जाता है की युवक ने उसे एक फोन दिया था जिस पर दोनों की बात होती थी। इसकी जानकारी होने पर युवती के परिजनों युवक को बात न करने की हिदायत दी थी। बीते दिन दोनों की मुलाकात होने युवक ने फोन पटक कर तोड़ दिया था।

## कंबाईन मशीन के चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत, रास्ते पर रखा गिट्टी, बालू व छाई बना घटना का कारण

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** चौराखास थाना के कोइलसवा ग्राम सभा के सामने कंबाइन मशीन के चपेट में आने से बाइक सवार 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मृत्यु हो गई। घटना के बाद परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। चौराखास थाना क्षेत्र के कोइलसवा बुजुर्ग के टोला रघुनंदनपुर निवासी आदिल अंसारी पुत्र नासिर मंगलवार की रात आठ बजे किसी कार्य से बाइक से बनकटा बाजार जा रहा था कि कोइलसवा के बाबू टोला के पास सामने से आ रहे कंबाइन मशीन के चपेट में आ गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सुचना पर पहुंचे परिजन उसे फाजिलनगर सीएचसी ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिवार में चीख पुकार मच गया। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष चंद्रभूषण प्रजापति ने बताया कि शव को कबजे में लेकर पीएम के लिए भेजा जा रहा है परिजनों द्वारा तहरीर मिलने पर अन्य विधिक कार्यवाही किया जायेगा। कंबाईन पुलिस के कब्जे में है लेकिन उसका चालक मौके से फरार हो गया था जिसका तलाश किया जा रहा है।

## न्यायालय सूचना

धारा 125 दण्ड प्रक्रिया संहिता के अधीन प्रस्तुत प्रार्थना का नोटिस न्यायालय प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय, सहारनपुर। वाद संख्या 616 सन 2024 श्रीमती प्रीति ...बनाम विकास....धारा-125 थाना - चिनकाना नियत तिथि-20. 11. 2024 नोटिस बनाम विकास पुत्र सतीश निवासी गली नम्बर 27, कृष्णा नगर ,रुड़की वैष्णो मन्दिर के पास, थाना रूडकी, जिला हरिद्वार। (उत्तराखण्ड) आपके विरूद्ध धारा 125 जा0 फ़ौ0 प्रार्थना पत्र सायल ने प्रस्तुत किया है जिसमें उसने प्रार्थना की है कि उसे 20,000/-रूपये तथा पुत्री कु0 शुभांगी के लिए यानी पढ़ाई लिखाई व अन्य खर्च के लिए 10,000/- प्रतिमाह यानी कुल 30.000/- रूपये प्रतिमाह गुजारा दिलवाया जाये। अतःआपको सूचित किया जाता है किआप दि20.11.24 को इस न्यायालय में उपस्थित होकर (स्वय) कारण बतायें कि गुजारा क्यों न प्रार्थीया को दिलाया जावें अगर आप उपस्थित नहीं होंगे है तो आपके विरुद्ध एकतरफा कार्यवाही की जायेगी।

**आज्ञा से प्रशासनिक अधिकारी प्रधान**
**न्यायधीश परिवार न्याय. सहारनपुर दि.5/11/24**

## न्यायालय सूचना

हेतु संदर्शित करने की सूचना (साधारण प्रारूप) न्यायालय नियत प्राधिकारी / लघुवाद न्यायाधीश सहारनपुर PA exc स. o3 सन 2024 पी0 ए0 वाद संख्या 43 सन् 2012 श्री मौहम्मद मसरूर खां पुत्र स्व0 श्री अफजल खां निवासी मौहल्ला ख्वाजा जादगान बाजार नखासा शहर सहारनपुर। ...प्रार्थी ....बनाम....1. श्रीमती हशमत मृतक दौरान मुकदमा 1/1. श्रीमती शहनाज उर्फ मुन्नी पुत्री मौहम्मद यासीन पत्नि श्री सुलेमान निवासी शेखो का मौहल्ला कस्बा व थाना देवबन्द जिला सहारनपुर। 1/2 श्रीमती गुलनाज पुत्री मौहम्मद यासीन पत्नि शमशेर निवासी पुराना चिलकाना बस अड्डा निकट फिरोजी बाग, शहर सहारनपुर। 3. मौहम्मद मुजम्मिल पुत्र मौहम्मद तहसीन हाल निवासी मकान नम्बर 13/1318/3 वाके मौहल्ला ख्वाजा जादगान शहर सहारनपुर। . विपक्षीगण वादी ने इस आदालत में आवेदन किया है अतएव आप को चेतावनी दी जाती हैं कि आप उक्त आवेदन के खिलाफ़ संदर्शित कर ने के लिए दि 3/12/24 को सुबह दस बजे अनुदिष्ट अपने 4 वकील द्वारा। अदालत में उपसजता हो ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और आवधारित किया जाएगा।

**आज्ञा से प्रबन्धक**

## न्यायालय सूचना

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब (आर्डर 5 कायदा 1 व 5) नम्बर मुकदमा 606 सन 2022 अदालत सिविल जज जू0डि0, (हवाली) सहारनपुर। बसन्त कुमार बनाम उत्तर प्रदेश राज्य आदि बनाम.... 5. प्रदीप पवार पुत्र श्री रविन्द्र कुमार निवासी ग्राम प्रसौती, पा, ता रामपुर मनिहारान, जिला सहारनपुर 6- अनिल कुमार प्रजापति पुत्र श्री मिट्ठन लाल निवासी मकान नं0 78. सलेमपुर गेट द्वारिका विहार, सुलतानपुर मजरी हरिद्वार। हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है कि लिहाजा आपको हुकम होता है कि आप बतारीख 20 / 11 / 2024 को 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमरात अहम मुतालिका मुकदमे का जवाब दे सके हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे और हरगाह वही तारीख जो आपके इजकारों के लिए मुकर्रर है वास्ते इनफिसाल कतई मुकदमे की तजवीज हुई है बस आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला गवाहों को अपनी जवाब देही में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करे बरोज मजकूर आप हाजिर न होगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके समात और फैसला होगा। मेरे दस्तखत और मुहर अदालत के 5/11/ 2024 को जारी हुआ।

**आज्ञा से मुंसरिम।**

## नन्दी बम सेवा अगरसंडा को मिला सम्मान



**बलिया अवधनामा संवाददाता।** देवघर (झारखंड) बाबा धाम में सावन माह के दौरान कांवरिया भक्तों की सेवा के लिए नन्दी बम सेवा अगरसंडा, बलिया को उत्कृष्ट सेवा कार्य के लिए सम्मानित किया गया। यह प्रशस्ति पत्र चार नवंबर 2024 को बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल द्वारा बिहार की राजधानी पटना में प्रदान किया गया। नन्दी बम सेवा अगरसंडा बलिया का यह शिविर हर सावन में आयोजित होता है। जिसमें कॉवरियों की सेवा कर उन्हें हर संभव सहायता दी जाती है। यह संस्था भक्ति के आड़ में बढ़ रहे नशाखोरी को रोकने के लिए भी निरंतर क्रियाशील रहती है। इस महत्वपूर्ण सम्मान को सेवा प्रमुख तथा सनबीम स्कूल बलिया के प्रबंध समिति के अध्यक्ष संजय कुमार पांडेय नन्दी बम के नेतृत्व में टीम के सदस्य शत्रुधन प्रसाद वर्मा, शंकर तिवारी, शशिदेव सिंह, राकेश वर्मा और गोलू वर्मा द्वारा प्राप्त किया गया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार की सेवा कार्य न केवल भक्तों को सहूलियत पहुंचाती है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सामुदायिक सेवा का आदर्श उदाहरण भी है। सम्मान प्राप्ति के बाद अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सेवा प्रमुख संजय कुमार पांडेय ने कहा कि विगत 25 वर्षों से नंदी बम सेवा संस्था कांवरियों की सेवा में लगी है और आगे भी वह भक्तों की सेवा में सज्ज रहेगी। इस प्रकार का सम्मान संस्था में जुड़े लोगों के मनोबल को बढ़ाने में सहायता करता है।

# 26 वें भरतकुंड महोत्सव के लिए भूमि पूजन सम्पन्न, तैयारी जोरों पर



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** योगीराज भरत जी की पावन धरती पर हर वर्ष आयोजित होने वाले भरतकुंड महोत्सव के 26वें संस्करण के लिए भूमि पूजन का आयोजन भरत सरोवर के किनारे किया गया। यह महोत्सव 7 से 13 नवम्बर 2024 तक आयोजित किया जाएगा, और इस बार की थीम भारत के सात प्रमुख पर्वों पर आधारित है।महोत्सव के आयोजन को लेकर भारत कुंड महोत्सव न्यास के संस्थापक सचिव अंबरीश चंद्र पांडे ने जानकारी दी कि प्रत्येक दिन एक विशेष पर्व मनाया जाएगा, जैसे 7 नवम्बर को छठ महापर्व, 8 नवम्बर को उत्तरायण पर्व, 9 नवम्बर को लोहड़ी पर्व, और 13 नवम्बर को सिंधी समाज द्वारा भगवान झूलेलाल की यात्रा का आयोजन होगा। महोत्सव के पहले दिन, 7 नवम्बर को 11000 महिलाओं का सामूहिक दुरदुरिया पूजन होगा, जिसे गिनीज बुक में दर्ज करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके साथ ही 121 फीट की अगरबत्ती का प्रज्वलन भी किया जाएगा। अन्य प्रमुख आयोजनों में सांस्कृतिक कार्यक्रम, पतंगबाजी प्रतियोगिता, गरबा नृत्य, नौकायन प्रतियोगिता, और मिथिला रामलीला शामिल हैं।महोत्सव में देशभर के प्रमुख कलाकारों का भी समावेश होगा। 13 नवम्बर को भजन सम्राट अनूप जलोटा और 12 नवम्बर को आल्हा गायिका संजो बघेल का कार्यक्रम प्रमुख आकर्षण होंगे। इसके अलावा भोजपुरी गायकों, लोक कलाकारों और विभिन्न सांस्कृतिक समूहों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

# मंडलायुक्त ने अधिकारियों के साथ की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** ण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में सोमवार देर शाम आगामी 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा/कार्तिक मेला 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ एक आवश्यक बैठक आयुक्त सभागार में आहूत की गयी, जिसमें पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजकरन नैय्यर, उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय सहित अन्य उपस्थित रहे।मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने कहा कि वर्तमान समय में 14 कोसी व पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के कार्य गतिमान है, जिस कारण परिक्रमा मार्ग के दोनों ओर निर्माण सामाग्रियां छिटपुट स्थानों पर पड़ी हुई है उसे तत्काल हटवाते हुये मार्ग को सुगम बनाया जाय तथा परिक्रमा मार्ग में जहां-जहां पर जीएसवी डाली गयी है और गिट्टिया उखड़ी हुई है वहां पर बालू डालकर परिक्रमार्थियों के नंगे पैर चलने योग्य बनाया जाय। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग निर्माणाधीन होने के कारण किन्हीं स्थानों पर स्थायी विद्युत/प्रकाश व्यवस्था क्षतिग्रस्त हो गयी है उसको ध्यान में



रखते हुये मेलाधिकारी अस्थायी रूप से उन स्थानों पर प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करवायें तथा गड्ढों के स्थान पर पर्याप्त बेरीकेटिंग भी करायी जाय। उन्होंने कहा कि जो भी निर्देश दिये जा रहे है उनके प्रभावी क्रियान्वयन हेतु एक व्हाटसअप ग्रुप बनाया जाय जिस पर प्रतिदिन की प्रगति मय फोटोग्राफ डाली जाय तथा परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाले बिजली के खम्भों को प्लास्टिक से कवर किया जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि परिक्रमा मार्ग पर परिक्रमार्थियों की मूलभूत सुविधाओं हेतु पर्याप्त मात्रा में मोबाइल टॉयलेट, पेयजल की व्यवस्था तथा साफ सफाई हेतु चैनेज वाइज सफाई कर्मियों की तैनाती करते हुये उनके कार्यो की मॉनीटरिंग की जाए। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से कहा कि परिक्रमा के दौरान पर्याप्त संख्या में मेडिकल टीमों की तैनाती करते हुये पर्याप्त मात्रा में एम्बुलेंस की भी व्यवस्था रहे, जिससे कि श्रद्धालुओं को तत्काल चिकित्सीय सुविधा प्रदान की जा सकें। पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर पड़ने वाली रेलवे क्रासिंगों पर मजिस्ट्रेट व पुलिस अधिकारियों के साथ रेलवे के अधिकारियों की भी तैनाती रहे जिससे कि रेलवे से समन्वय स्थापित कर सकें जिससे परिक्रमा के दौरान श्रद्धालुओं को असुविधा न हों। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्थानों पर परिक्रमा मार्ग सकरे है उन स्थानों पर पर्याप्त संख्या में पब्लिक एड्रेस सिस्टम की व्यवस्था रहे जिससे कि लगातार एनाउंसमेंट होता रहे। उन्होंने कहा कि निर्माणाधीन डक्ट एवं गड्ढों आदि के पास मजबूत बेरीकेटिंग हों।जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत प्रथम बार हो रहे परिक्रमा में ऐतिहासिक भीड़ होने की सम्भावना को ध्यान में रखते हुये सभी तैयारियां पूर्ण की जाए तथा परिक्रमा हेतु आने वाले परिक्रमार्थियों को सभी सुविधाएं परिक्रमा मार्ग पर ही उपलब्ध रहे इसकी भी व्यवस्था पूर्व से ही सुनिश्चित कर ली जाए।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के औचक निरीक्षण में 11 केंद्र बंद पाए गए, 14 का वेतन रोका, नोटिस जारी

**अयोध्या।** बाल विकास परियोजना के तहत शहर के आंगनबाड़ी केंद्रों का जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी द्वारा प्रातः 10ः30 बजे से 12ः30 के बीच औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान 11 आंगनबाड़ी केंद्र बंद पाए गए। निरीक्षण का पहला दौर शाहगंज वार्ड में स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का था, जहां चार केंद्रों में से तीन एक ही स्थान पर संचालित होते थे, जबकि चौथा अन्य स्थान पर। इन केंद्रों पर कार्यकर्ता और सहायिकाएं अनुपस्थित थीं और सभी केंद्र बंद पाए गए। शाहगंज प्रथम केंद्र की कार्यकर्ता थोड़ी देर बाद बिना यूनिफार्म के उपस्थित हुई, लेकिन समय पर केंद्र न खोलने के कारण कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सकी। शाहगंज क्षेत्र की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिकाओं का मानदेय रोकते हुए स्पष्टीकरण मांगा गया है।इसके बाद, नबीपुर वार्ड के तीन केंद्रों का निरीक्षण किया गया, जहां तीनों केंद्र एक ही स्थान पर संचालित होते थे।

# कलश यात्रा,भागवत कथा का भव्य शुभारंभ का आयोजित



**अयोध्या।** विकासखंड मया बाजार मया भीखी गांव में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ हुआ। सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में यह यात्रा गाजे-बाजे और भक्ति गीतों के साथ निकाली गई। महिलाएं कलश और पुरुष भगवा ध्वज लेकर चल रहे थे, और सभी श्रद्धालु प्राचीन काली मां के मंदिर पहुंचे, जहां जल भरने के बाद शोभायात्रा मया बाजार मुख मार्गो से होकर पूरे नगर का भ्रमण करने के बाद कार्यक्रम स्थल पहुंचा ।कथा का आयोजन वरिष्ठ पत्रकार श्रावण सिंह पत्नी गायत्री सिंह के आवास पर किया गया है, जिसमें कथा व्यास श्री गोपालानंद जी महाराज द्वारा कथा की अमृत वर्षा करेंगे। भागवत कथा का यह कार्यक्रम 5 नवंबर तक चलेगा, और 11 नवंबर को पूर्णाहुति एवं विशाल ब्राह्मण भोज का आयोजन होगा। 12 नवंबर को महाप्रसाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।कलश यात्रा में प्रमुख रूप शिवपूजन सिंह, विजय कुमार सिंह, भानु प्रताप सिंह, रितेश सिंह कैप्टन, ध्रुव गुप्ता, शत्रुघन मोदनमल,के.के.पाण्डेय शिव शरण सिंह पप्पू नीरज सिंह नवीन सिंह जसवंत सिंह रिंकू दृगवेद सिंह रिंकू ईशांक सिंह ईशू उषा सिंह शिखा सिंह सुमन सिंह डा.सौम्या सिंह, जानवी, नीतू, नीलू, पूजा, एकता सिंह, और अन्य क्षेत्रवासी शामिल हुए।

# ठकुराइन पोखरे का चेयरमैन व ईओ ने किया निरीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**गोसाईगंज -अयोध्या।** कार्तिक शुक्ल षष्ठी को आयोजित होने वाले सूर्योपासना का महापर्व छठ पूजा का शुभारंभ गोसाईगंज मे मंगलवार को नहाय- खाय के साथ शुरू हो गया।चार दिवसीय अनुष्ठान मे शामिल व्रती महिलाओ ने पहले दिन अंतःकरण की शुद्धि के लिए नहाए खाए के साथ नदियों,तालाबों के निर्मल स्वच्छ जल में स्नान कर विधि पूर्ण चावल,चने की दाल,लौकी की सब्जी अथवा गुड़-रोटी जिसे रसियाव-रोटी कहते हैं,को ग्रहण किया।महापर्व छठ को लेकर इन दिनो घाट पर तैयारियां जोरों से होने के साथ ही घरो में उत्सव और उल्लास का वातावरण है।चारों ओर छठ मैया के गीत गूंज रहे हैं।महिलाये घर की साफ सफाई के साथ ही व्रत के लिए पूजन सामग्री खरीदने में जुट गयी हैं।कोई अपने घर में नहाए खाए के लिए चावल चुनने में लगी है तो कोई छत पर गेहूं सुखाने में लगी है।कस्बा निवासी राम बिलास सोनी,रमा शंकर उर्फ नाटे सोनी,राजेश सोनी उर्फ़ नेता ने बताया कि महापर्व के दूसरे दिन बुधवार को श्रद्धालु दिन भर बिना अन्न जल ग्रहण किए उपवास रख सूर्यास्त होने पर पूजा करने के बाद खरने का आयोजन करेंगे। परंपरानुसार इस दिन गुड व दूध से बने चावल की विशेष खीर बनाई जाएगी। व्रतीजन इसे ही प्रसाद के रूप में ग्रहण कर 36 घंटे का मानसिक संकल्प लेकर निर्जला व्रत रहेगी।लोक आस्था के इस महापर्व के तीसरे दिन गुरुवार को घर के आंगन में गन्ने का मंडप बनाकर पूजन होगा तथा सायं तट पर अस्ता चलगामी सूर्य देव को फल और कंदमूल से अर्घ्य प्रदान कर उनका पूजन किया जायेगा।इस पूजन के लिए श्रद्धालु जन बैंड बाजा व परिवार के सदस्यों सहित मोहल्ले के लोगों को साथ लेकर नदी तक जाएंगे और पूजनोपरांत पुनः घर लौटकर लोक गीतों को गाते हुए रात्रि जागरण करेंगे। महापर्व के चौथे और अंतिम दिन शुक्रवार को नदियों और तालाबों के तट पर जाकर व्रतधारी महिलाएं पौ फटने के साथ ही उदीयमान सूर्य को दूसरा अर्घ्य देकर पूजन के दौरान डाला में सजाए गए।

### घाटो की साफ-सफाई शुरू:-

गोशाईगंज कस्बे मे छठ पूजा तमसा तट समीप महादेवाघाट, सीताराम घाट,सत्संग घाट एवं पश्चिमी सिरे स्थित ठकुराइन के पोखरे पर मनाया जाता हैं!छठ पूजा समिति से जुड़े रमाशंकर उर्फ़ नाटे सोनी,राजेश उर्फ़ नेता सोनी ने बताया कि लाल जी सोनी,गोलू,श्री प्रकाश सोनी,अमरजीत सोनी, रोहन सोनी,अजय सोनी,सुमित सोनी,उमेश सोनी,प्रिंस सोनी, हिमांशु सोनी,संजय सोनी,आशीष सोनी,रजत सोनी,जय प्रकाश सोनी,राजू सोनी पक्का के साथ अन्य लोगो ने घाटों की साफ- सफाई एवं रंग रोगन का कार्य किया।पूजा स्थल एवं कार्यक्रम स्थल पर कोई कमी न रहे इसके लिए मंगलवार को चेयरमैन डॉ विजय लक्ष्मी जायसवाल ने ईओ इंद्रभान तथा सभासद श्रीमती आरती जायसवाल,रविन्द्र यादव, अवधेश स्वर्णकार,कल्लू कुरैशी, सभासद प्रतिनिधि अजय कन्नौजिया,पूर्व सभासद अशोक चौरसिया,प्रशांत गुप्ता तथा अन्य के साथ पूजा स्थलों का निरीक्षण किया तथा सफाई नायक जैसराज तथा अब्दुल्ला को निर्देशित कर पूजा शुरू होने के पूर्व सारी समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया!

छठ पूजा में आने वाले मेलार्थीयों तथा पूजा करने वाली ग्रहणियों,महिलाओं को कोई परेशानीयों का सामना न करना पड़े,इस बात का विशेष ध्यान रखा जाएगा!कस्बे के सत्संग घाट, सीताराम घाट,महादेवा घाट तथा ठकुराइन के पोखरे पर साफ- सफाई,चूने का छिड़काव तथा पानी टैंकर की व्यवस्था कराने के साथ ही जल में ब्लीचिंग पाउडर डलवाने का आदेश समय से पूर्व पूर्ण करने का आदेश दे दिया गया है!डॉ0 विजय लक्ष्मी जायसवाल अध्यक्ष नगर पंचायत गोशाईगंज अयोध्या!

## अयोध्या में तीन प्रमुख मार्गो के चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू, जल्द होगा निर्माण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों के सुदृढ़ीकरण और चौड़ीकरण का कार्य जल्द ही शुरू होने जा रहा है। विभाग ने इसके लिए आवश्यक कार्रवाइयाँ प्रारंभ कर दी हैं। जिन तीन प्रमुख मार्गों को चौड़ा किया जाएगा, उनमें प्रभात नगर - शाहगंज - इसौली बॉर्डर (26.3 किमी, लागत 49 करोड़ रुपये), कुमारगंज से जोरियम मार्ग (7 करोड़ रुपये की लागत), और रौनाही-ड्योढ़ी-अमानीगंज-खंडासा-हलियापुर मार्ग (32.3 किमी, लागत 48 करोड़ रुपये) शामिल हैं। रौनाही से ड्योढ़ी तक का कार्य पहले ही पूर्ण किया जा चुका है। पूर्व सांसद लल्लू सिंह ने इन मार्गों के चौड़ीकरण के लिए लंबे समय से प्रयास किया था, और अब जब टेंडर प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है, तो उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का आभार व्यक्त किया है। लल्लू सिंह ने बताया कि टेंडर प्रक्रिया पूरी होते ही निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह परियोजना अयोध्या को एक बेहतर और आधुनिक सड़क नेटवर्क प्रदान करेगी, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को सुगम परिवहन की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही, मुख्यमंत्री की डबल इंजन सरकार द्वारा अयोध्या और उसके ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे विकास की गति तेज़ होगी।

# प्रदेशाध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी के नतृत्व में अखिल भारतीय चाणक्य परिषद की हुई बैठक



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** अखिल भारतीय चाणक्य परिषद ने आगामी 14 कोसी परिक्रमा के लिए सेवा कैंप की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। इस बैठक में परिषद के प्रमुख पदाधिकारियों ने एकजुट होकर सेवा कैंप को व्यवस्थित और सुचारू रूप से संचालित करने के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की। कैंप आचारी सगरा चौराहे पर लगेगा, जहां परिक्रमार्थियों की सेवा के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप राम त्रिपाठी ने कहा की आए हुए परिक्रमार्थियों की सेवा करना पुण्य का कार्य है जिसे हम लोग हर वर्ष निभाते हैं। बैठक में प्रमुख रूप से राम अनुज तिवारी (राष्ट्रीय संरक्षक), आचार्य राधेश्याम मिश्र (राष्ट्रीय महामंत्री), दिलीप राम त्रिपाठी (प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश), जयप्रकाश तिवारी (राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य), काशीनाथ तिवारी (कार्यकारिणी सदस्य), सतीश पांडेय (राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष), और अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे। साथ ही, जिला और मंडल स्तर पर भी कई पदाधिकारी जैसे राकेश पाठक (मंडल संरक्षक अयोध्या), लोकेश द्विवेदी (जिला मंत्री), और आशीष पांडेय (जिला उपाध्यक्ष) ने बैठक में सहभागिता की।यह बैठक सेवा कैंप की सफलता के लिए एक सामूहिक प्रयास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगी, जिसमें हर स्तर पर जिम्मेदारियों का निर्वहन सुनिश्चित किया गया है।

### दर-दर भटक रहा था पीड़ित अंततः दर्ज हुआ मुकदमा

**बीकापुर-अयोध्या ।** बीकापुर कोतवाली क्षेत्र के पड़ी दुर्गा दासपुर में हुई चोरी में घर में रखें सभी बर्तन कपड़ा जेवर आदि उठा ले जाने की शिकायत मातादीन पुत्र बद्री प्रसाद पांडेय द्वारा निवासी ग्राम पड़ी दुर्गा दास द्वारा किया गया है जिसमें दो लोगों को नामजद अभियुक्त के रूप में शिकायत की गई है। गांव के ही मनीष पुत्र भोला तथा भोले पुत्र राम बदल निवासी ग्राम पड़ी दुर्गादासपुर द्वारा चोरी किए जाने की शिकायत की गई है मातादीन द्वारा अपने शिकायत में दर्शाते हुए बताया गया कि अपने कारोबार के सिलसिले में सूरत -गुजरात चला गया था ?।गांव में पीड़ित के घर का तालाबंद था 9 अक्टूबर को घर वापस आने पर पता चला कि पीड़ित के घर का ताला तोड़कर घर में रखा सभी सामान उक्त लोगों द्वारा उठा ले जाया गया है। जिसकी कीमत करीब दो लाख बताई जा रही है।

# दबंगई का कहर: काम कराने की जबरन मांग पर परिवार को पीटा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** थाना पूराकलंदर क्षेत्र के गांव फिरोजपुर की रहने वाली सुनीता (पत्नी चंदन) ने आज अपने परिवार की सुरक्षा और न्याय के लिए एसएसपी से मुलाकात की। सुनीता ने आरोप लगाया कि गांव के ही दबंग व्यक्ति विवेक प्रताप सिंह उर्फ बोनी सिंह, जो हनुमान सिंह के पुत्र हैं, उनके परिवार को जबरन अपने यहाँ काम कराने के लिए मजबूर कर रहे हैं। सुनीता के अनुसार, बोनी सिंह चाहता है कि उनके परिवार के सभी सदस्य उसकी मर्जी के मुताबिक काम करें और इसके एवज में वह अपनी मर्जी से ही भुगतान करे।पीड़िता का कहना है कि बोनी सिंह पहले भी उनके साथ मारपीट कर चुका है और एक बार तो उसे उसके ही घर से भगा दिया था, जिससे मजबूर होकर वह अपने परिवार सहित शहर में रहने चली गईं। हाल ही में दीपावली पर जब वह अपने गांव स्थित घर की सफाई करने गईं तो बोनी सिंह ने फिर से उन्हें अपमानित किया। उसने उनके परिवार के सदस्यों को घर में घुसकर मारा-पीटा और जान से मारने की धमकी भी दी। बोनी सिंह ने स्पष्ट कह दिया कि उन्हें गांव छोड़कर चले जाना चाहिए, क्योंकि उनकी जमीन और घर अब उसका है।इस उत्पीड़न के खिलाफ सुनीता और उनके साथ कई ग्रामीणों ने एसएसपी आवास जाकर न्याय की गुहार लगाई। शिकायतकर्ताओं में शिवाकांत शर्मा, साहिल शर्मा, संध्या शर्मा, सुशील शर्मा, जनार्दन, अनुराग शर्मा, चंदन और अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। एसएसपी ने पीड़ित परिवार को भरोसा दिलाया कि जल्द से जल्द इस मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि पीड़ित परिवार को न्याय मिल सके।

## मानसिक विक्षिप्त किशोरी को पीआरवी ने परिजनों को सौपा

**बाराबंकी।** रास्ता भटकर आयी मानसिक विक्षिप्त किशोरी को पीआरवी 5490 व थाना घुंघटेर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा परिजनों का पता लगाकर सकुशल सुपुर्द किया गया। पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम खोखवा थाना घुँघटेर में 15 वर्षीय किशोरी रास्ता भटक कर आ गयी है। उक्त सूचना पर पीआरवी 5490 द्वारा अल्प समय में मौके पर पहुंचकर किशोरी से नाम पता पूछकर थाने के सुपुर्दगी में दिया गया। थानाध्यक्ष घुंघटेर शिव कुमार द्वारा तत्काल संज्ञान में लेते हुए अथक प्रयास कर उक्त किशोरी के परिजनों का पता कर उनसे संपर्क किया गया एवं परिजनों को थाने पर बुलाया गया। परिजनों द्वारा बताया गया कि उक्त किशोरी मानसिक रूप से बीमार है एवं दिनांक 4 नवंबर 2024 को घर से लापता है। पुलिस टीम द्वारा उक्त गुमशुदा किशोरी को सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# बंद घरों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वाले 9 अंतर्जनपदीय लुटेरों को किया गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** खाली घरों को निशाना बनाकर लूटपाट करने वालो को आधा दर्जन से ज्यादा अभियुक्तों को पुलिस ने धर दबौचा। पुलिस ने उनके कब्जे से भारी मात्रा में सोना चांदी बरामद किया है। नगर कोतवाली प्रभारी निरक्षक अमरमणि त्रिपाठी के नेतृत्व के पुलिस टीम ने चोरी की योजना बना रहे 9 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 2 बाल अपचारियो को संरक्षण में लिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 2 किलो 310 ग्राम चांदी के आभूषण 18 ग्राम सोने के आभूषण व 13410 रुपये नकद भी बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत कोतवाली नगर पुलिस टीम द्वारा द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स के आधार पर दिनांक 05.11.2024 को बिहार प्रान्त निवासी 09 शातिर चोरों बेताब खरवार पुत्री बिजली खरवार, संदीप खरवार पुत्र मोहन खरवार, अभिषेक कुमार पुत्र राकेश खरवार, गणेश खरवार पुत्र पशुपति खरवार, जीतन पुत्र कमलेन्द्र गुलगुलिया, रंजीत कुमार पुत्र कमलेन्द गुलगुलिया, पालो खरवार पुत्र लम्बू खरवार, हरचुली पुत्र झप्सी व अक्षय खरवार पुत्र रमेश खरवार को गिरफ्तार कर दो बाल अपचारी को संरक्षण में लिया गया है। पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे व निशांदेही पर पूर्व में अलग-अलग स्थानों पर की गई चोरी से सम्बन्धित 13410 रुपये नकद, 2.310 कि0ग्रा0 चांदी व 18 ग्राम सोने के जेवरात बरामद किये गये है। अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना कोतवाली नगर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

पुलिस के अनुसार सभी मूल रूप से बिहार के रहने वाले हैं एवं मांग-खाकर जीवन यापन करते हैं। इनके घर की महिलाएं दिन में मन्दिर, अस्पताल, स्टेशन, बाजार आदि भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर लोगों को झांसे और बातों से विश्वास में लेकर उनके पैसे आदि ले लेती हैं। जबकि अभियुक्तों द्वारा सूनसान स्थानों पर खाली पड़े मकानों की रेकी कर रात में चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता हैं। अभियुक्तों ने जनपद अयोध्या, गोरखपुर, बाराबंकी में कुछ स्थानों पर चोरी करने की घटना को स्वीकार किया गया, जिसके सम्बन्ध में जानकारी की जा रही है।

# छट पूजा को लेकर घाट पर हुआ साफ सफाई



**मसौली बाराबंकी।** अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे ने मंगलवार को ग्राम पंचायत धरौली एव राजस्व ग्राम बसंतनगर स्थित छठ पूजा घाट पर हो रही साफ सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा घाट पर बिलीचिंग पावडर आदि छिड़कवाने का निर्देश दिया। बताते चले कि लोकआस्था के इस महापर्व पर ग्राम पंचायत धरौली एव बसंतनगर मे होने वाली छठ पूजा मे सैकड़ो महिलाए अपने पति दीर्घायु की कामना के लिए निर्जला व्रत रखती है तथा सूर्यास्त एव सूर्योदय के साथ घाट पर पहुंच कर पूजा करती है तीन दिनों तक चलने वाले इस महापर्व से पूर्व हो रही व्यवस्थाओ का जायजा लेने आये अपर जिला पंचायत राज अधिकारी राम आसरे ने साफ सफाई के साथ घाट पर प्रकाश की व्यवस्था एव ब्लीचिंग के छिड़काव के निर्देश दिये। इस मोके पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत जानकी राम, जिला सलाहकार हर्षित मिश्रा, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि उमाकांत राव आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने दो शातिर महिला टप्पे बाज को पकड़ा, लूट के 5 हाजर रु बरामद

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** अपराधियों पर अंकुश लगाने को लेकर जिले के तेजतर्रार एसपी दिनेश कुमार सिंह ने जनपद के सभी थानों के प्रभारियों को सख्त निर्देश देते हुवे कहा की अपराध करने वालो को बख्शा नही जाये। इसी क्रम में आज मंगलवार को शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरमणि त्रिपाठी व पुलिस टीम ने टप्पेबाजी की घटना का अनावरण करते हुए दो शातिर महिला टप्पेबाज़ो को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार टप्पेबाज़ो के कब्जे से महिला से छीने गए 5 हजार रुपये व मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया है। जानकारी के अनुसार नगर कोतवाली के दशहराबाग निवासी नबी अहमद अपनी पत्नी रेशमा पत्नी के साथ 4 नवंबर 2024 को ई-रिक्शा से जा रहे थे। नाका सतरिख चौराहे के पास ई-रिक्शा में बैठी दो अज्ञात महिलाओं ने उनकी पत्नी रेशमा के चेहरे को अपने साड़ी के पल्लू से ढ़क दिया एवं धक्का-मुक्की कर उसका पर्स जिसमे 5 हज़ार रुपए और मोबाइल फोन था लेकर ई-रिक्शा से उतर गई। उक्त सूचना के आधार पर थाना कोतवाली नगर पुलिस ने दो अज्ञात महिलाओं के ख़िलाफ़ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी। टप्पेबाज महिलाओं की तलाश में जुटी पुलिस टीम ने आज दिनांक 5 नवंबर 2024 को मैनुअल इंटेलीजेंस व डिजिटल डेटा की मदद से घटना का अनावरण करते हुए बिहार प्रान्त निवासी दो महिलाओं अमीसा देवी पत्नी निरहुआ खरवार व पिंकी पुत्री स्व0 अजय निवासी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से रेशमा से छीने गए 5000 रुपये नकद व मोबाइल फोन भी बरामद कर लिया।पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार महिलाए भीड़-भाड़ वाले स्थानों जैसे बस स्टैण्ड, ऑटो, रिक्शा आदि पर महिलाओं को चकमा देकर इस प्रकार की टप्पेबाजी की घटनाएं कारित करती हैं।

## उर्वरकों की कमी को लेकर सपाईयों ने खोला मोर्चा, सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व विधायक विजय पासवान के नेतृत्व में एकत्र दर्जनों सपाईयों ने रसायनिक खादों की कमी को लेकर मोर्चा खोल दिया है और इस मसले को लेकर मंगलवार को जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में कहा है कि वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई का सीजन चल रहा है, मगर जिले में रसायनिक खादों का सर्वत्र अभाव है। इस समस्या के तत्काल निस्तारण की आवश्यकता है। कलेक्ट्रेट परिसर में पत्रकारों से बात करते हुए पूर्व विधायक विजय पासवान ने कहा कि भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। यहीं कारण भाजपा शासनकाल किसानों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से जिले की सभी समितियों पर र्प्याप्त मात्रा में डीएपी उपलब्ध कराना चाहिए। ऋय केन्द्रों पर खरीद शुरू करानी चाहिए। किसानों को भरपूर बीज उपलब्ध कराना चाहिए। इसके अलावा जिले में बाढ़ से क्षतिग्रस्त फसलों का क्षतिपूर्ति तत्काल किसानों को उपलब्ध कराया जायें। इस अवसर पर शैलेन्द्र शर्मा, सुनील यादव, जोखन प्रसाद चैधरी, मु. अमून मेकरानी, चन्द्रजीत यादव, श्रीष उर्फ सोनू यादव, गुंजन पासवान, रामनवल यादव, घिसियावन, राधेश्याम वर्मा, राजकुमार यादव आदि उपस्थित रहे।

## सात नवम्बर से खाद्यान्न का होगा निःशुल्क वितरण

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आवश्यक वस्तुओं का वितरण दिनांक 7 नवम्बर से प्रारम्भ होकर दिनांक 25 नवम्बर तक सम्पन्न होगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित अन्त्योदय लाभार्थियों को प्रति कार्ड 17 किग्रा0 गेहूं एवं 18 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल (कुल 35 किग्रा0) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम-2013 के अन्तर्गत आच्छादित पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 2.50 किग्रा0 गेहूं प्रति यूनिट एवं 2.50 किग्रा0 फोर्टिफाइड चावल प्रति यूनिट (कुल 05 किग्रा0 प्रति यूनिट) खाद्यान्न का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।

## पिकप की चपेट मे आने से बाइक सवार घायल

**जलालपुर अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जलालपुर मालीपुर मार्ग पर ब्रह्म लोक मंदिर के पास से अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया जिससे बाइक पर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने डायलॉग 108 से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। मामला जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के अपरान्ह लगभग 2 बजे की है जब मालीपुर थाना क्षेत्र के बैरागल गांव निवासी दीपक 35 वर्ष जैतपुर थाना क्षेत्र के परबतपुर गांव अपनी बहन के घर जा रहा था। जलालपुर मालीपुर मार्ग पर हाजीपुर गांव के समीप ब्रह्म लोक मंदिर के पास पहुंचा था कि अनियंत्रित पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। मौजूद लोगों ने मुझे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस संबंध में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

# छठ पर्व की भव्यता को लेकर जी जान से जुटा नगर पंचायत प्रशासन

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को एसडीएम चंद्रभान सिंह व सीओ सुजीत राय ने लोक-आस्था के महापर्व 'छठ' को लेकर कस्बे के शिवबाबा मंदिर परिसर में चल रही तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने परिसर की साफ-सफाई, वेदी आदि की उपलब्धता के साथ कार्यक्रम की भव्यता को लेकर ईओ अजय कुमार व चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल से जानकारी ली साथ ही कार्यक्रम को बेहतर बनाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए।

उक्त जानकारी देते हुए चेयरमैन प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने बताया कि शिवबाबा मंदिर परिसर समेत गड़ाकुल व छतहरा स्थित सरोवर में साफ सफाई का कार्य चेयरमैन उमा अग्रवाल के निर्देशन में युद्ध स्तर पर शुरू है। पूरे घाट की रंगाई पुताई का कार्य कराया गया है। घाट पर प्रकाश की व्यवस्था को लेकर संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि वे छठ पर्व के पूर्व सभी तैयारियां पूरी कर लें।

साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि छठ पर्व को लेकर नगर में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाएगा, जिससे आने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो, उसके लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व की भांति इस वर्ष भी पर्व की भव्यता को लेकर झांकी बुलाई गई गई है, जिससे कार्यक्रम को और भी मनमोहक बनाया जा सके। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, खण्ड शिक्षा अधिकारी संतोष शुक्ला, लिपिक राजेश कुमार त्रिपाठी, सर्वेश खेतान, राजू बाबा, श्रवण पटवा, मनीष श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## इज़राइली हमले में शहीद कमाण्डर की स्मृति मे मजलिस का आयोजन

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** नगर के जाफराबाद स्थित बड़े इमामबाड़ा में विगत माह इजराईली हमले में शहीद हुए हिजबुल्ला के वरिष्ठ कमांडर की स्मृति में आयोजित शोक सभा कार्यक्रम में दिल्ली से पधारे मौलाना सैयद नामदार अब्बास रिज़वी ने कहा कि मानवता की राह में शहीद व्यक्ति कभी मरता नहीं बल्कि शताब्दियों तक आने वाली पीढ़ियों के दिल-दिमाग में हुकूमत करते रहते हैं। कार्यक्रम का आयोजन नगर व क्षेत्र के उलमा व अंजुमनों की तरफ से किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठ जन उलमा,शायर एवं बुद्धजीवी वर्ग के लोग मौजूद रहे। वहीं उस्मानपुर स्थित बारगाह हुसैनी में नौहा ख्वान कासिम रज़ा मरहूम की बरसी की मजलिस आयोजित हुई। मजलिस की शरूआत मजाहिर नूरी की तिलावते कलाम पाक से हुई। पेश ख्वानी अंसर जलालपूरी, फ़हीम जादा ने किया। मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना सैयद नामदार अब्बास रिज़वी ने कहा कि अल्लाह ने कुरआन में कहा है कि सदैव इस बात का ध्यान रखो कि यदि कोई परेशान है,तो उसकी मदद जरूर करें।

## डीएम ने किया विपणन शाखा बर्डपुर का निरीक्षण



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने मंगलवार को राजकीय धान क्रय केन्द्र, विपणन शाखा बर्डपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा नमी मापक यंत्र से चेक किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि किसानो के धान का तौल करके समय से भुगतान करे। किसानो से वार्ता कर उन्हें प्रेरित करे कि धान को ऋय केन्द्र पर बेचने हेतु प्रोत्साहित करे। अनुबन्ध किये गये राइस मिल पर समय से धान की कुटाई हेतु भेजना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त डिप्टी आरएमओ गोरखनाथ त्रिपाठी व केन्द्र प्रभारी आदि उपस्थित थे।

## इंटर कॉलेज पथरदेईया में एन.सी.सी जूनियर डिवीजन कैडेट्स का हुआ प्रशिक्षण



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड बढ़नी ब्लॉक के बरसाती यादव इंटरमीडिएट कॉलेज पथरदेईया मे एन.सी.सी जूनियर डिवीजन जेडी/जेडब्लू के कैडेट्स का प्रशिक्षण 46 यूपी बटालियन एन.सी.सी गोरखपुर के हवलदार अनिल कुमार तथा एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर रोहित यादव द्वारा एन.सी.सी के कैडेट्स को एनसीसी लक्ष्य और महत्व के बारे में जानकारी दी गई जिसमें लगभग 100 कैडेट भाग कर रहे थे। प्रशिक्षण में अनुशासन एकता हथियार प्रशिक्षण, युद्ध कौशल, आपदा प्रबंधन, सामाजिकता आदि से जुड़े हुए अन्य विषयों पर विस्तार पूर्वक से जानकारी दी गई। परेड के समय एसोसिएट एन.सी.सी ऑफिसर रोहित यादव के द्वारा एन.सी.सी कैडेटों को भविष्य में किस प्रकार सेना में भर्ती होकर देश सेवा कर सकते हैं। महत्वपूर्ण बातें बतायी गयी है। इस दौरान विद्यालय के प्रबंधक राम मूरत यादव प्रधानाचार्य श्रीमती रेनू यादव संचालक राम सूरत यादव, विपिन मौर्य, संजय साहू, राधेश्याम यादव, अफज़ल अहमद, किशन, माधव पांडेय, यासमीन खान, कोमल गुप्ता, संदनी, दीक्षा, कल्पना मिश्रा, सोनाली सिंह आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की आधार होती हैं आशा : डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा

### भनवापुर के सीएचसी सिरसिया में आशाओं का दूसरे बैच का पांच दिवसीय एचबीएनसी प्रशिक्षण का हुआ आगाज

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के सीएचसी सिरसिया में मंगलवार को आशाओं का पांच दिवसीय नवजात शिशु देखभाल कार्यक्रम (एचबीएनसी) दूसरे बैच का प्रशिक्षण का शुभारंभ ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि लवकुश ओझा व प्रधान संघ के अध्यक्ष लालजी शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

इस मौके पर लवकुश ओझा ने कहा कि लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में आशाओं की महत्व पूर्ण भूमिका होती है। लालजी शुक्ला ने स्वास्थ विभाग के द्वारा चलाए जा रहे राष्ट्रीय कायक्रमों में ग्राम प्रधानों के सहयोग की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान अधीक्षक डॉ. शैलेंद्र मणि ओझा ने बताया कि आशा बहु स्वास्थ विभाग की आधार होती है, इनके सहयोग के बगैर ग्रामीण स्तर पर लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं देना मुश्किल है।

प्रतिदिन गृह भ्रमण कर नवजात शिशुओं का देखभाल करें, इस दौरान किसी भी शिशुओं व धात्री महिलाओं को समस्या हो तो तत्काल सीएचसी य पीएचसी पर जांच की सलाह दे। सुषमा द्विवेदी ने आशाओं को गर्भवती महिलाओं का शीघ्र पंजीकरण, योग्य दंपति से पूछे जाने वाले सवाल जैसे मासिक तिथि, छोटे बच्चों की उम्र तथा बच्चों की संख्या आदि का अध्यन कराया। स्वास्थ शिक्षा अधिकारी राजीव कुमार तिवारी व फूल कुमारी ने कुपोषण के लक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दिया। इस दौरान शैल कुमारी, मेराज अहमद, प्रेम कुमार तिवारी आदि मौजूद रहे।

## छठ पर्व मनाने की सभी तैयारी पूरी : न.पा. अध्यक्ष

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सूर्य उपासना के महापर्व छठ की



शुरुआत मंगलवार नहाय खाए से शुरू हो गई है जो 8 नवंबर तक चलेगा। जिसकी तैयारी अंतिम दौर में है। बांसी कस्बे में यह पर्व बड़े धूमधाम से मनाया जाता है और महापर्व की भव्यता देखने लायक रहती है। इसके लिए कस्बे में राप्ती नदी तट पर स्थित रानी मोहभक्त लक्ष्मी घाट पर व्रतियों के लिए नगर पालिका द्वारा व्यवस्था किया जा रहा है। हर साल छठी व्रतियों की संख्या में बढ़ोतरी हो रही है। महिलाओं के लिए रात में रुकने की व्यवस्था, पंडाल, अलाव, अर्घ्य के लिए दूध व अन्य व्यवस्था किया गया है। हर वर्ष श्रृद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस बार भी काफी भीड़ होने की उम्मीद है। इस लिए नदी में काफी दूरी तक बैरिकेडिंग किया जा रहा है। छठ पर्व की तैयारी को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष चमन आरा राईनी व उनके प्रतिनिधि मो इदरीश पटवारी ने बताया कि छठ पर्व मनाने की सभी तैयारी पूरी हो चुकी है। व्रती महिलाओं को किसी तरह की दुश्वारी न हो इसका पूरा ध्यान रखा गया है। घाट को दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है और जो भी आवश्यक सुविधा है उसकी व्यवस्था किया गया है।

# सपा महासचिव शिवपाल यादव ने उपचुनाव मे निष्पक्षता रखने की मांग की

अवधनामा संवाददाता



**अंबेडकरनगर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने आज अंबेडकरनगर कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी अविनाश सिंह से मुलाकात कर कटेहरी विधानसभा के आगामी उपचुनाव में निष्पक्षता बनाए रखने की मांग की। शिवपाल यादव अपने साथ सांसद लालजी वर्मा, विधायक राम अचल राजभर, राम मूर्ति वर्मा, त्रिभुवन दत्त, जिलाध्यक्ष जंगबहादुर यादव और डॉ. अभिषेक सहित अन्य नेताओं को लेकर लगभग सुबह 10:30 बजे कलेक्ट्रेट पहुंचे।

करीब 40 मिनट की इस बैठक में शिवपाल यादव ने जिलाधिकारी के सामने कई गंभीर शिकायतें रखीं। उन्होंने कहा कि पहले उपचुनाव की तिथि 13 नवंबर थी, लेकिन अब इसे 20 नवंबर कर दिया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव से पहले प्रशासनिक अधिकारी, विशेष रूप से जिला पंचायत अधिकारी, डीडीओ, वीडीओ और एडीओ, गांव-गांव जाकर लोगों को धमका रहे हैं। उनका आरोप है कि समाजवादी पार्टी से जुड़े लोगों को भयभीत करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्हें धमकी दी जा रही है कि अगर उन्होंने समाजवादी पार्टी को वोट दिया तो उनके खिलाफ मुकदमों का अंबार लगा दिया जाएगा, जिससे वे कानूनी समस्याओं में उलझ जाएँगे। शिवपाल यादव ने डीएम अविनाश सिंह से अपील की कि आगामी उपचुनाव निष्पक्षता से हो और किसी भी प्रकार की दबाव की स्थिति में मतदान न कराया जाए। उन्होंने जिलाधिकारी से निवेदन किया कि प्रशासन के अधिकारियों पर नजर रखी जाए ताकि किसी भी तरह का पक्षपात न हो। जिलाधिकारी ने आश्वासन दिया कि प्रशासन निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी शिकायत को ध्यानपूर्वक सुना जाएगा। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। डीएम कार्यालय से बाहर आने के बाद शिवपाल यादव ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियाद है और इसकी रक्षा के लिए समाजवादी पार्टी हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने प्रशासन से अपेक्षा जताई कि सभी मतदाताओं को बिना किसी भय के अपने मत का प्रयोग करने का अधिकार मिलना चाहिए।

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने स्पष्ट किया कि वे लोकतंत्र की गरिमा बनाए रखने के लिए किसी भी प्रकार के दुरुपयोग का कड़ा विरोध करेंगे। शिवपाल यादव के साथ आए वरिष्ठ नेताओं ने भी प्रशासन से निष्पक्षता बनाए रखने की अपील की और भरोसा जताया कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की अनियमितता नहीं होगी।

## टीकाकरण में लापरवाही न करें आंगनबाड़ी : सीडीपीओ



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समस्त बच्चे एवं गर्भवती माता का टीकाकरण में वजन अति आवश्यक है। इसमें सभी आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को गंभीरता से कार्य करने की जरूरत है। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री विभागीय दिशा निर्देशों का पालन करते हुए सभी कार्य समय से पूर्ण करें। उक्त विचार मनोज शुक्ला सीडीपीओ डुमरियागंज द्वारा सेक्टर बैठक में ग्राम बेवा जियाउद्दीन में कहीं। उन्होंने यह भी कहा कि जो विभागीय दिशा निर्देश दिए जा रहे हैं उसका पालन करते हुए गांव स्तर पर लोगों को जागरूक करें और योजनाओं के बारे में जानकारी दें। वही बीएमसी यूनिसेफ शोएब अख्तर द्वारा सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री को बताया कि वज़न मशीन, इनफेनटोमीटर, इसटेडियोमीटर साथ लेकर सत्र पर पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग द्वारा टीकाकरण सत्र पर समस्त लॉजिस्टिक्स एवं वैक्सीन उपलब्ध रह रही है। जिसका पूर्ण लाभ अधिक से अधिक उठाना चाहिए। उन्होंने जागरूकता अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि सरकार द्वारा चलाई जारी तमाम योजनाओं के बारे में जानकारी लोगों को दी जा रही है जिसका लाभ उठाने की आवश्यकता है। बैठक मुख्य सेविका विमला पांडे, आंगनबाड़ी मुनिया, शहजादी, माला श्रीवास्तव, तारा देवी, नरजिस फातमा, रूही आदि मौजूद रही।

## एसपी ने पुलिस बल के संघ फ्लैग मार्च कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार की शाम पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह ने डुमरियागंज नगर में पद मार्च का लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। एसपी ने फ्लैग मार्च के साथ छठ पूजा स्थल पर पहुंच कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। पर्व की तैयारी के संबंध में जानकारी ली। जिसके बाद जिम्मेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। एसपी ने कहा कि छठ पर्व को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन गंभीर है। श्रद्धालुओं के सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस पर मौके पर तैनात रहेगी। फ्लैग मार्च के बाद एसपी ने थाने में जिम्मेदारों के साथ बैठक भी की। इस दौरान एएसपी सिद्धार्थ, एसडीएम डॉ संजीव दीक्षित, सीओ सतीश चन्द्र पाण्डेय, ईओ महेश प्रताप श्रीवास्तव, प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार यादव, एसआई शिवकुमार यादव, वीर विक्रम सिंह, राहुल यादव, देवेंद्र गुप्ता, सूरज सिंह आदि मौजूद रहे।

## चेयरमैन व इओ ने छठ पर्व को लेकर पोखरे का किया निरीक्षण, दिया सफाई का निर्देश



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** आस्था के महापर्व छठ त्योहार को लेकर चेयरमैन सुनील कुमार अग्रहरि व इओ अजय कुमार ने नगर पंचायत बढ़नी कस्बे के वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर में स्थित मुड़िला पोखरे का निरीक्षण कर संबंधित लोगों को साफ सफाई का दिशा-निर्देश दिया है। नगर पंचायत अध्यक्ष के निर्देशन में युद्ध स्तर पर साफ सफाई शुरू कर दिया गया है। मौके पर पहुंचकर पोखरे का जायजा लेने पहुंचे अध्यक्ष सुनील अग्रहरि ने कहा कि छठ पूजा पर्व पर सरोवर की साफ सफाई के साथ पूरे घाट की रंगाई पुताई का कार्य जोरो पर चल रहा है। घाट पर प्रकाश की व्यवस्था को लेकर संबंधित कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिया गया है। सभी लोग मिलकर छठ पर्व से पहले सभी तैयारियां को पूर्ण कर लें। इसके साथ ही छठ पर्व को लेकर नगर में विशेष सफाई अभियान भी चलाया जाएगा। जिससे आने जाने वाले श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना होने पाये। जिसके लिए हर संभव पूरा प्रयास किया जायेगा। हर वर्ष तरह इस वर्ष भी छठ पर्व त्योहार को बड़े ही धूमधाम से मनाया जायेगा। इस दौरान नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार, सफाई नायक हरीश कुमार, सेवा लाल, ऋषभ रामराज सहित नगर पंचायत के अन्य सफाई कर्मी मौजूद रहे।

## आईजीआरएस का फ़र्ज़ी निस्तारण जारी

**टांडा अम्बेडकरनगर।** अभी तक भ्रष्टाचार के मामले में अव्वल चल रही नगर पालिका परिषद टांडा अब शासन की मंशा पर पानी फेरते हुए आइजीआरएस के तहत आ रही शिकायतों का सही निस्तारण ना करके अब उसमें भी गोल माल करने में लगी हुई है नगर पालिका के अधिकारियों को डर है कि यदि आइजीआरएस से आ रही शिकायतों का सही निस्तारण कर दिया तो उनकी जो साठगांठ ठेकेदारों से है उसमें पलीता लग जायेगा और कमीशन खोरी बंद हो जायेगी इसीलिए नगर पालिका परिषद टांडा आइजीआरएस के तहत आ रही शिकायतों का सही निस्तारण न करके उसको गोल मोल किया जा रहा है ताजा मामला आईजीआरएस के तहत शिकायत किए दानिश मेहंदी का है जिन्होंने टांडा नगर पालिका के तहत विगत कुछ वर्ष पहले बनी सड़क जो की नगर के मीरानपुरा के बेबी डेयरी हाऊस से लेकर कौमी इंटर कॉलेज से होते हुए सिकंदराबाद चौराहे तक बनी हुई सड़क का है।

# छठ पूजा को लेकर तैयारियां जोरों पर घाटों पर होगी कड़ी सुरक्षा व्यवस्था

- पूजा-अर्चना के सामग्रियों से बाजार सजा
- मंगलवार को नहाय खाय से शुरू हुआ पर्व
- गुरुवार को डूबते शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य महिलाएं पारण करेगी व्रत

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** आस्था का महापर्व छठ पूजा को लेकर डुमरियागंज राप्ती नदी तट सहित क्षेत्र के तालाब व सरोवर पर तैयारियां जोरों पर है। चार दिवसीय छठ पर्व मंगलवार को नहाय खाय से शुरू हो गया है।

जो गुरुवार को डूबते और शुक्रवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर समाप्त होगा। पर्व में प्रयोग होने वाले सामानों की खरीदारी महिलाएं परिवार सहित कर रही है। नगर पंचायत व्यवस्था देने व प्रशासन शांतिपूर्ण ढंग से पर्व संपन्न कराने के एलर्ट है।

मंगलवार को राप्ती नदी तट पर बन रही वेदी, साफ़ सफाई, लाइट, बैरिकेडिंग आदि व्यवस्था को सुदृढ़ करने के अधिशाषी अधिकारी महेश प्रताप श्रीवास्तव व चेयरमैन प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान ने निरीक्षण किया। तैयारियों में जुटे नगर कर्मियों को स्वास्थ्य में कोई न रहे इसके लिए हिदायत दी। पंडित राकेश शास्त्री ने बताया कि धार्मिक मान्यता है कि विवाह उपरांत राजा प्रियव्रत को पुत्र प्राप्ती न होने की दशा में देवी षष्टी की आज्ञा का पालन किया और कार्तिक शुक्ल पक्ष की षष्टी तिथि को देवी के लिए व्रत रखकर पूरे विधि-विधान से पूजन किया। व्रत पूजा के प्रभाव व देवी षष्ठी के आशीर्वाद से राजा को पुत्र की प्राप्ति हुई। तभी से छठ पर्व की पूजा परंपरा की शुरुआत हुई है। जिसको क्षेत्रीय महिलाएं श्रद्धा पूर्वक व्रत रखकर तीसरे दिन डूबते व चौथे दिन उगते सूर्य को अर्घ्य देकर मनौती मांगती है।

डुमरियागंज राप्ती नदी तट व नगर पंचायत भारत भारी सरोवर का मंगलवार को निरीक्षण करने के बाद एसडीएम डा. संजीव कुमार दीक्षित ने कहा कि छठ पर्व पर आयोजित होने वाली पूजा को लेकर प्रशासन एलर्ट है। पुलिस क्षेत्राधिकारी सतीश चंद्र पाण्डेय संग स्थल का निरीक्षण कर जगह जगह पुलिस तैनात रहे इसका प्लान तैयार किया गया है। पर्व में की शांति में खलल डालने वालो के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।

## पुलिस चौकी से मिले किसानों को खाद के टोकन

**इचौली (हमीरपुर)** साधन सहकारी समिति इचौली में खाद के लिए पुलिस चौकी से बटे टोकन (पर्ची )साधन सहकारी समिति बैंक इचौली में प्रति वर्ष रहती है मारा मारी आपको बताते चले की साधन सहकारी समिति बैंक इचौली में तैनात सचिव व रिटायर्ड बाबू की मिलीभगत से सरकारी मूल्य से बीस रुपए प्रति बोरी बढ़ा कर डी ए पी तेरह सौ सत्तर तथा दो सौ नब्बे रुपए प्रति बोरी यूरिया खाद दी जाती है और किसानों ने बताया कि मशीन में अंगूठा तो लगवाते है लेकिन मशीन से पर्ची नहीं देते हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण सूचित किया जाता है मेरा नाम पासपोर्ट में ABDUL KHALIQ RAINI अंकित है। जिसे हमने अब ABDUL KHALIQ पुत्र रज्जब अली, निवासी 202A/42, जवाहर नगर नबी उल्ला रोड लखनऊ कर लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

## अयोध्या की खास दिवाली

टेन्ट से श्रीराम की मूर्ति 22 जनवरी को मन्दिर में स्थापित किया गया। तबसे अयोध्या दिवाली के लिये खास हो गई। दीपो की माला में एक साथ 55 घाटो पर 28 लाख दीप एक साथ जलाये गये। इस बार का दीपोत्सव विश्व कीर्तमान बन गया है। रामायण के अनुसार जब 14 साल बाद अयोध्या के राजा राम भाई लक्ष्मण और पत्नी सती सहित अयोध्या लौटे थे तब अयोध्या में पहली दिवाली मनाई गई थी। तब से हर साल दीपावली मनाते है। पाकिस्तान जाने से पहले शायर अल्लामा इकबाल भारतीय होने के गर्व को लेकर यों लिखा था हे राम के वजूदे पर हिन्दोस्तां को नाज़ अहलये नज़र समझते है उनको इमाम ए हिन्द दरसल पहली बार 22 जनवरी को अयाध्या में जो कुछ हुआ वह घटना मात्र नहीं था एक इतिहास की रचना था जो जारी है।

मोदी ने आयोध्या में मन्दिर में राम की बिठा कर पूरे हिन्दोस्तानियों का दिल जीत लिया है। जनता अभार प्रदर्शन करने के लिये जब मोदी रोड शो में गये तो उनके नाम का नारा लगाने लगी। लोग जय श्री राम हर हर मोदी घर घर मोदी का नारे लगाने लगे। मोदी पर फूलों की बारिश करने लगे। लोगो ने इस तरह से कृतज्ञता जाहिर कर मोदी के साथ साथ लोगो को भी कृतज्ञ कर दिया बन गया अयोध्या आज पर्यटको का आकर्षण केन्द्र दिनो दिन विकसित होता जा रहा है। लोगो की सम्पन्नता में इजाफा होता जा रहा है। प्रायः अपने घरो के कुछ कमरे फेमिली गेस्ट हाउस के रूप में विकसित करते जा रहे है। मोदी ने रामलला को स्थापित करा कर सनातन धार्मियों का मान बढ़ाया आयोध्या को देख भारत के अन्य तीर्थस्थल नये सिरे से विकसित होने लगे, वहां सुविधाये बढ़ने लगी। सीतामढ़ी से अयोध्या तक एक रेल लाइन को मंजूरी मिल गई हैं पहले दीपावली को लेकर अयोध्या में उतने उत्साह नही दिखाता है। पर अब उत्साह हिलोरे मार रहा है। सीता के जन्मस्थान को श्रीराम के जन्मस्थल से जोड़ कर बिहार और उत्तर प्रदेश को दीपावली का विशेष उपहार दिया है। लोग उपकृत महसूस कर रहे है। दीपावली के दिन लक्ष्मी पूजन के साथ लोग श्रीराम का दर्शन चरित्र भी पर दकारते है जहां वह पुत्र, महिपति और राजा रूप में उपस्थित होते है। दिवाली को पतंगे भी नाचने लगती है आदमी तो उल्लासित होता ही है।

## श्वेत ब्रिटेन की संसद में नेता विपक्ष अफ्रीकी!



के. विक्रम राव

गोरों के देश ब्रिटेन में संसदीय विपक्ष की नेता कल एक काली महिला केमी बाडेनोच बहुमत से चुनी गई। इस साम्राज्यवादी देश में श्वेतों की आबादी सात करोड़ है। विद्रूप यह है कि केमी ने पूर्व पंजाबी मूल के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को इसी पद से वंचित कर दिया। आमतौर पर निवर्तमान प्रधानमंत्री ही नेता विपक्ष चुना जाता है। मगर सुनक के विरुद्ध पार्टी में इतना आक्रोश था कि वे चुनाव से दूर ही रहे।

अफ्रीकी मूल (नाइजीरिया) की केमी का पहला ऐलान था कि वे शीघ्र लेबर (सोशलिस्ट) पार्टी को अपदस्थ कर सत्ता फिर हासिल करेंगी। ब्रिटेन के दो हजार वर्षों के संसदीय इतिहास में पहली बार एक अश्वेत नेता चुनी गई है। याद आता है घोर भारत-विरोधी तथा कई बार प्रधानमंत्री रहे और केमी की ही कंजर्वेटिव पार्टी के वरिष्ठ नेता सर विंस्टन चर्चिल ने कहा था ये अश्वेत लोग सत्ता चलाने की काबिल नहीं है। वे भारत को आजादी देने का आखिरी दम तक विरोध करते रहे। चर्चिल का एक बदनाम बयान था जब हम अंग्रेज लोग भारत को स्वतंत्र कर चले जाएंगे तो वहां न एक पाई, न एक कुंवारी ही बचेगी। भारत फिर भी प्रगति कर गया, कर रहा भी है।



और तो और एक अश्वेत हिंदुस्तानी पंजाब दा पुत्तर तथा कर्नाटक का जामाता ऋषि सुनक चर्चिल की पार्टी से ही, प्रधानमंत्री बन गए थे। जब वे 10 डाउनिंग स्ट्रीट (प्रधानमंत्री के सरकारी आवास) में गए थे तो अपने पालतू कुत्ते को भी ले गए थे। छास की पार्टी की भी थी, जो पंजाब का प्रिय पेय है। आज चर्चिल का शव लंदन के कब्रिस्तान में तिलमिला रहा होगा सनक और अब केमी को देखकर। यदि अगली बार केमी प्रधानमंत्री बनी तो वे चौथी महिला होंगी। मार्गरेट थैचर, टेरेसा मई और लिंज ट्रस के बाद।

उनमें एक विरोधाभास जरूर दिखता है। ब्रिटेन में कंजर्वेटिव (रूढ़िवादी) पार्टी हमेशा उपनिवेशों को मुक्त करने का विरोध करती रही। उसकी आस्था थी जो साहित्यकार रुद्रयार्ड किपलिंग, इलाहाबाद में दि पायोनियर दैनिक के संपादक, ने रचा था राज करना सिर्फ गोरों का ही काम है। आज उनकी उक्ति का भी केमी ने मखौल उड़ा दिया। जैसा प्रत्याशित है कि केमी ब्रिटेन में मुक्त अर्थनीति और अभिव्यक्ति की आजादी की जोरदार पैरोकार बनी रहेंगी। ये दोनों विशेषताएं ब्रिटेन के सत्तासीन लेबर (सोशलिस्ट) पार्टी की नापसंद रही हैं। वे वामपंथी हैं।

अचरज की बात यह है कि केमी इंग्लैंड में अश्वेत जन का प्रवेश कम करना चाहती हैं। उनका खुलेआम कहना है कि विश्व की सभी संस्कृतियां स्वीकार्य नहीं हैं। यह महिला नेता प्रसव भत्ता देना निरस्त करना चाहती हैं क्योंकि वह उद्योग पर भार है। वे कहती हैं कि ब्रिटेन के नौकरशाहों में दस प्रतिशत तो जेल में कैद करने लायक ही हैं। वे मानती हैं कि 10 फीसदी तक सिविल सेवक इतने बुरे हैं कि वे सरकारी रहस्यों को लीक करते हैं और मंत्रियों के खिलाफ आंदोलन करते हैं। सरकारी रहस्यों को लीक करना, अपने मंत्रियों को कमतर आंकना आंदोलन करना। मेरे विभाग में भी कुछ ऐसा ही था, आमतौर पर यूनियन के नेतृत्व में, लेकिन उनमें से ज़्यादातर वास्तव में अच्छा काम करना चाहते हैं। और अच्छे लोग बुरे लोगों से बहुत निराश हैं। बाडेनोच दावा करेंगी कि धन सृजन करने वाले लोग ब्रिटेन से भाग रहे हैं। सच्चाई यह है कि वामपंथ कभी नहीं गया।

ब्रिटेन के आम चुनावों के बाद अब भारतीयों का एक मुद्दा काफी उठ रहा है। केमी की पार्टी के दो नेता इसको लेकर लगातार टारगेट कर रहे हैं। कंजर्वेटिव पार्टी के नेता रॉबर्ट जेनरिक, जिन्हें केमी ने मतदान में हराया, का कहना है कि भारतीयों पर सभी श्रेणियों में सख्त वीजा प्रतिबंध लगाए जाने की जरूरत है। ब्रिटेन में अवैध तौर पर काफी संख्या में भारतीय रह रहे हैं। जब तक इन लोगों को वापस नहीं लिया जाता, सख्त नियमों की पालना जरूरी है। इस समय एक अनुमान के मुताबिक 1 लाख भारतीय ऐसे हैं, जो अवैध तौर पर रह रहे हैं। केमी बाडेनोच ने सितंबर 2022 में कहा था भारत-पाकिस्तान एशिया क्रिकेट कप मैच के दौरान लीस्टर की सड़कों पर काफी हिंसक झड़पें हुई थीं। ब्रिटेन की सड़कों पर अशांति पैदा करने में भारत के प्रवासियों का हाथ है, जिसकी वे निंदा करती हैं। अपने भाषण में केमी बाडेनोच ने कंजर्वेटिव पार्टी को नवीनीकृत करने की कसम खाई। बताया कि कंजर्वेटिव की दो जिम्मेदारियाँ हैं इस लेबर सरकार को जवाबदेह ठहराना और सरकार गठन के लिए अगले कुछ वर्षों के दौरान तैयारी करना।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

'इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर' के मुताबिक, जालसाजियों की कई किस्में हैं-डिजिटल अरेस्ट, ट्रेडिंग स्कैम, निवेश घोटाला, रोमांस, डेटिंग स्कैम आदि। इसी साल जनवरी से अप्रैल के बीच भारतीयों ने डिजिटल फ्रॉड में 120.3 करोड़ रुपए गंवाए हैं, जबकि ट्रेडिंग घपले में 1420.48 करोड़, निवेश घोटाले में 222.58 करोड़ और रोमांस, डेटिंग स्कैम में 13.23 करोड़ रुपए खोए हैं। रपटों के मुताबिक, कई जालसाज, अपराधी म्यांमार, लाओस, कंबोडिया आदि देशों में हो सकते हैं।

# प्रधानमंत्री ने साइबर अपराध से बचने का दिया मंत्र



डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

कभी डिजिटल अरेस्ट तो कभी निवेश और जॉब के नाम पर ठगी। आए दिन हजारों लोग जालसाजों की बातों में आकर अपनी मेहनत की कमाई गंवा रहे हैं। साइबर अपराधियों और जालसाजों का खौफ इतना बढ़ चुका है कि प्रधानमंत्री मोदी को भी 'मन की बात' के 115 वें एपिसोड में इसका जिक्र करना पड़ा। प्रधानमंत्री को देश की चिंताओं के साथ अपने सरोकार साझा करने पड़े। उन्होंने आह्वान किया कि ऐसी घटनाओं से डरना नहीं है, क्योंकि यह सब कुछ फर्जीवाड़ा है।

प्रधानमंत्री ने एक मूल मंत्र का सुझाव भी दिया है कि जब भी कोई ऐसी कॉल आए और आपको 'डिजिटल अरेस्ट' करने की कोशिश की जाए, तो आपको यह करना चाहिए-'रुको, सोचो और फिर एक्शन लो।' किसी भी प्रधानमंत्री ने पहली बार देश को स्पष्ट किया है कि सीबीआई, ईडी, कस्टम, पुलिस आदि सरकारी एजेंसियां फोन पर गिरफ्तारी की धमकियां नहीं देती हैं और न ही यह उनकी कार्यप्रणाली है। यदि कोई अपराध हुआ है, तो उसकी जांच करने और दंड देने की कार्यप्रणालियां तय हैं।

दरअसल देश का आम आदमी इन सरकारी एजेंसियों की प्रक्रिया नहीं जानता और उनसे खौफ खाता है, लिहाजा उनकी आड़ में जालसाज लूट रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने देश को आश्वस्त भी किया है कि सरकार साइबर अपराध, जालसाजी के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने जा रही है। एजेंसियों ने अपने काम आरंभ भी कर दिए हैं। बहरहाल प्रधानमंत्री के इस सरोकार का अपना ही महत्व है, क्योंकि यह जालसाजी और डिजिटल अरेस्ट किसी महामारी की तरह फैल रही है।

साइबर अपराधियों ने किसी उद्योगपति से 7 करोड़ रुपए लूट लिए, तो एक सेवानिवृत्त यूनिवर्सिटी प्रोफेसर को 75 लाख रुपए किसी अनाम बैंक खाते में ट्रांसफर करने को विवश कर दिया। दक्षिण-पश्चिम दिल्ली में किसी से 19 लाख रुपए लूट लिए और जालसाज ने खुद को 'मुंबई फाइनेंशियल टास्क फोर्स' का सदस्य बताया। साइबर अपराधियों ने हर रोज अखबार बेचने वाले को भी नहीं बख्शा और उसके खाते से 1 लाख रुपए झटक लिए। दरअसल यह जालसाजी और लूटने की आधुनिकतम प्रौद्योगिकी है।ये अपराधी पढ़े-लिखे इंजीनियर नहीं, बल्कि बेहद औसत किस्म के होते हैं, लेकिन वे 'साइबर अपराध' के पक्के खिलाड़ी हैं। हरेक जालसाजी में एक पुलिस वाला होता है, जिसकी वर्दी नकली होती है। उसके अलावा, सीबीआई, ईडी, कस्टम, नारकोटिक्स, कभी-कभार रिजर्व बैंक आदि का प्रतिनिधि भी बताते हैं। नकली सर्वोच्च अदालत भी दिखा दी जाती है और फर्जी वारंट भी पेश कर दिया जाता है। वीडियो कॉल पर बात करते हुए अपराधी बार-बार कहते हैं कि पास में कोई तीसरा आदमी नहीं होना चाहिए। कभी-कभार पुलिसिया रौब भी दिखाते हैं। जालसाज इतना मनोवैज्ञानिक दबाव डालते हैं कि डिजिटल अरेस्ट वाला व्यक्ति,अंततः, पैसा ट्रांसफर करने को विवश हो जाता है। ये अपराधी अपने नकारात्मक हुनर में इतने सिद्धहस्त होते हैं कि किसी के बेटा, बेटी या अन्य परिजन की आवाज 'क्लोन' करके भी सुना देते हैं। आप उस आवाज को ही 'असली' मान कर समझौता करने को तैयार हो जाते हैं। प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में इस फर्जीवाड़े को पूरी तरह साझा किया है। 'नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल' पर 1 जनवरी से 30 अप्रैल, 2024 के बीच 7.4 लाख शिकायतें दर्ज कराई जा चुकी हैं।




'इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर' के मुताबिक, जालसाजियों की कई किस्में हैं-डिजिटल अरेस्ट, ट्रेडिंग स्कैम, निवेश घोटाला, रोमांस, डेटिंग स्कैम आदि। इसी साल जनवरी से अप्रैल के बीच भारतीयों ने डिजिटल फ्रॉड में 120.3 करोड़ रुपए गंवाए हैं, जबकि ट्रेडिंग घपले में 1420.48 करोड़, निवेश घोटाले में 222.58 करोड़ और रोमांस, डेटिंग स्कैम में 13.23 करोड़ रुपए खोए हैं। रपटों के मुताबिक, कई जालसाज, अपराधी म्यांमार, लाओस, कंबोडिया आदि देशों में हो सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की सालाना रपट में उल्लेख है कि 2023-24 में कार्ड और इंटरनेट संबंधी फ्रॉड केस हुए हैं। सवाल यह है कि सरकार इन अपराधों से आम आदमी को कैसे मुक्ति दिला सकती है? आजकल डिजिटल अरेस्ट बेहद प्रचलन में है और हजारों लोग इसके शिकार हो चुके हैं। लोगों को जालसाज फोन करके कहते हैं कि वे चोरी या मनी लॉड्रिंग मामले में फंस गए हैं। उनकी ऑनलाइन पेशी होगी। जब लोग डर जाते हैं तो उनसे रकम मांगी जाती है। साइबर सुरक्षा एजेंसी के मुताबिक जब भी ऐसा कोई फोन या ईमेल आए तो ध्यान दें कि सरकारी एजेंसियां कभी भी ऐसे प्लेटफार्म का उपयोग नहीं करती हैं। सबसे पहले संबंधित एजेंसी से सीधे संपर्क करके उनकी पहचान सत्यापित करें। घबराएं नहीं, क्योंकि जालसाज लोगों के डर का ही फायदा उठाते हैं। खुद को शांत रखें और व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से बचें। दबाव में पैसे भेजने से बचें, क्योंकि कानूनी एजेंसियां तुरंत पैसे भेजने के लिए कभी भी दबाव नहीं डालती हैं।

इस घोटाले में जालसाज ऐसे ईमेल और मेसेज बनाते हैं जो वैध लगते हैं। वह अक्सर बड़े ब्रांड के लोगो और ब्रांड का उपयोग करके लोगों को मेसेज करते हैं कि लॉटरी और पुरस्कार के तौर पर उन्होंने बड़ी राशि जीती है। इसके बाद पुरस्कार का दावा करने के लिए उन्हें प्रोसेसिंग शुल्क और करों का भुगतान करने के लिए कहा जाता है। इस दौरान जालसाज लोगों के लालच का फायदा उठाते हैं।नलाइन डेटिंग एप के जरिये भी लोगों को ठगा जाता है। जहां पहले पीड़ितों से भावनात्मक जुड़ाव किया जाता है और फिर मेडिकल मदद और इमरजेंसी की बात कहकर धन की मांग की जाती है। वहीं जॉब स्कैम में वैध भर्ती पोर्टल या सोशल मीडिया पर नकली भर्ती निकालकर युवाओं को ठगा जाता है। प्रचलित निवेश घोटाले में ठग पीड़ित की जल्दी पैसा कमाने की इच्छा का फायदा उठाते हैं और अलग-अलग योजनाओं का नाम देकर बेहतर रिटर्न देने का वादा करते हैं। कैश-ऑन-डिलीवरी घोटाले में ठग सीओडी ऑर्डर स्वीकार करने वाले नकली ऑनलाइन स्टोर स्थापित करते हैं। जब प्रोडक्ट भेजा जाता है तो यह नकली होता है। तकनीकी सहायता घोटाले में साइबर अपराधी पीड़ित के तकनीकी ज्ञान की कमी का फायदा उठाकर कंप्यूटर में वायरस होने की बात कहकर पहुंचते हैं और डाटा चोरी कर लेते हैं। साइबर अपराधी वाट्सएप पर ग्रुप बना रहे है। उस ग्रुप में गिरोह के कुछ लोग पहले से शामिल होते है। ग्रुप में लोगों को जोड़ने के बाद उन्हें पार्ट टाइम जॉब, फोन से काम रुपये कमाए,अर्न एट होम जैसे ऑफर देते है। उसके बाद गिरोह के ही लोग उसमें अपनी कमाई के बारे में फर्जी बाते बताते है। उनके द्वारा बैंक खाता का कुछ स्क्रीन शॉट भी डाला जाता है। जिसे देख कर लोग साइबर अपराधी के झांसे में आकर अपना रुपये गवा रहे है। पीड़ित ने बताया कि दो-तीन बार ग्रुप से हटने के बाद भी कई बार दूसरे नाम से ग्रुप में जोड़ दिया जाता है। साइबर गिरोह में शामिल महिलाएं मैसेंजर के माध्यम से फेसबुक पर लिंक भेज कर अश्लील चैट करना शुरू करती है। फिर वीडियो कॉल पर अश्लील चैट करना शुरू कर उसका स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर लोगों को फंसाती है। उसके बाद ठग पीड़ित से रुपये की मांग करती है। ऐसे में लोग अपनी इज्जत बचाने को लेकर ठगी का शिकार हो जाते है।

# श्रद्धा व विश्वास का पर्व है छठ मैया की पूजा

छठ पर्व की शुरुआत नहाय-खाय के साथ होती है। इसके दूसरे दिन को खरना कहते हैं। इस दिन व्रती को पूरे दिन व्रत रखना होगा। शाम को व्रतीमहिलाएं खीर का प्रसाद बनाती हैं। छठ व्रत के तीसरे दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं शाम के समय तालाब या नदी में जाकर सूर्य भगवान को अर्घ्य देती है। चौथे दिन सूर्य देव को जल देकर छठ पर्व का समापन किया जाता है।



किशन भावनानी

वैश्विक स्तरपर भारत को सृष्टि ने जहां एक ओर प्रकृति का अणखुट ख़ज़ाना दिया है,तो वहीं कुदरत ने हमारे जाति धर्म की आध्यात्मिक मान्यता को सुरक्षित करके बरक़रार रखा है, जो पौराणिक काल से सत्यता का प्रतीक बनीं हुई है, जो पीढ़ी दर पीढ़ी से चला आ रहा है। आज हम इस विषय पर बात इसलिए कर रहे हैं क्योंकि इस वर्ष दो दिन दीपावली पर्व मनाया गया है,तो छठ पर्व 5 से 8 नवंबर 2024 को मनाया जा रहा है।बतादें आर्टिकल में दी गई जानकारी मान्यताओं पर आधारित है इसका कोई सटीक प्रमाण नहीं है।भारत मे कुदरत द्वारा रचित इस अनमोल खूबसूरत सृष्टि में रचनाकर्ता ने मानवीय जीवन में अनेक गुण दोषों को शामिल कर संजोया है, इसका उपयोग करने सर्वश्रेष्ठ बुद्धिमता का भी सृजन कर दिया है। बस, जरूरत है अब माननीय जीव को उसे गुण-दोष सुख-दुख खुशियां-गम प्रसन्नता-दुख इत्यादि का चुनाव कर अपने जीवन को सफल और असफल बनाएं उसके ऊपर है,क्योंकि प्रसन्नता और सुख दुख भी बौद्धिक क्षमता के आधार पर माननीय जीव को खुद चुनना होता है! इसलिए आज हम छठ पर्व की पावन बेला पर मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, वैश्विक छठ महापर्व 5 से 8 नवंबर 2024, विश्वास श्रद्धा और प्रकृति के प्रति आभार व सूर्य देव और छठ मैया को समर्पित पर्व है।

साथियों बात अगर हम भारत में छठ महापर्व 2024 की पावन बेला पर खुशियों से सराबोर होकर नहाने की करें तो, छठ पूजा का त्योहार 05 नवंबर से शुरू व 08 नवंबर 2024 को पूर्ण होंगा। इस दिन डूबते सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है। 08 नवंबर को उगते सूर्य को अर्घ्य दिया जाएगा और इसी के साथ छठ पूजा का समापन व व्रत पारण किया जाएगा। छठ पर्व की शुरूआत नहाय-खाय के साथ होती है। इसके दूसरे दिन को खरना कहते हैं। इस दिन व्रती को पूरे दिन व्रत रखना होगा। शाम को व्रतीमहिलाएं खीर का प्रसाद बनाती हैं। छठ व्रत के तीसरे दिन सूर्य देव की पूजा की जाती है। इस दिन महिलाएं शाम के समय तालाब या नदी में जाकर सूर्य भगवान को अर्घ्य देती है। चौथे दिन सूर्य देव को जल देकर छठ पर्व का समापन किया जाता है। इस त्योहार को सबसे ज्यादा बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बंगाल सहित पूरे विश्व में जहां उत्तर भारतीय निवासी हैं मनाया जाता है। साथ ही इसे नेपाल में भी मनाया जाता है। इस त्योहार को सूर्य षष्ठी के नाम से भी जाना जाता है। छठ पूजा का पर्व संतान के लिए रखा जाता है। छठ में 36 घंटे का निर्जला व्रत रखा जाता है। इस साल 2024 में दो दिन दिवाली मनाए जाने के बीच अब लोगों में छठ पूजा की तारीख को लेकर कन्फ्यूजन बना हुआ है, क्योंकि देश के कुछ राज्यों में 31अक्टूबर को दिवाली मनाई गई और कुछ राज्यों में 1 नवंबर को दिवाली मनाई गई है।छठपूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित एक महत्वपूर्ण महापर्व है।दो दिन दिवाली मनाए जाने के आधार पर छठ पूजा की सही तारीख यहां पर जान सकते हैं। मीडिया में दिए गए द्रिक पंचांग के अनुसार, छठ पूजा का पर्व कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है।इस साल 2024 में षष्ठी तिथि 7 नवंबर दिन गुरुवार को तड़के सुबह (पूर्वाहन) 12 बजकर 41 मिनट पर शुरू होगी और 8 नवंबर दिन शुक्रवार को तड़के सुबह (पूर्वाहन) 12 बजकर 34 मिनट पर समाप्त होगी।ऐसे उदया तिथि के अनुसार, छठ पूजा का पर्व 7 नवंबर दिन गुरुवार को ही मनाया जाएगा।छठ पूजा संपन्न करने के लिए इस तरह से शाम के समय का अर्घ्य 7 नवंबर को और सुबह का अर्घ्य 8 नवंबर को दिया जाएगा।इसके बाद व्रत का पारण किया जाएगा। (1) छठ पूजा का पहला दिन, 5 नवंबर 2024- नहाय खाय (2) छठ पूजा का दूसरा दिन, 6 नवंबर 2024- खरना (3) छठ पूजा का तीसरा दिन, 7 नवंबर 2024-संध्या अर्घ्य(4) छठ पूजा का चौथा दिन, 8 नवंबर 2024- उषा अर्घ्य 36 घंटे का होता है निर्जला व्रत।हिन्दू धर्म में छठ पूजा में छठी मैया और सूर्य देवता की विधि-विधान से पूजा की जाती है. दिवाली के छह दिन बाद छठ पर्व मनाया जाता है। छठ पूजा चार दिनों तक चलता है, जिसमें शुरुआत होती है नहाय-खाय और खरना से. फिर डूबते और उगते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है। इसमें व्रती महिलाएं नदी में कमर तक जल में डूबकर सूर्यदेवता को अर्घ्य देकर उनकी पूजा करती हैं। इसमें 36 घंटों तक निर्जला व्रत रखा जाता है, जो बेहद ही कठिन माना जाता है।पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, छठी मइया की पूजा करने से व्रती को आरोग्यता सुख-समृद्धि, संतान सुख का आशीर्वाद प्राप्त होता है।



साथियों बात अगर हम छठ व्रत में निर्जला व्रत की करें तो, हिन्दू धर्म में छठ पूजा में छठी मैया और सूर्य देवता की विधि-विधान से पूजा की जाती है। दिवाली के छह दिन बाद छठ पर्व मनाया जाता है।छठ पूजा चार दिनों तक चलता है, जिसमें शुरुआत होती है नहाय-खाय और खरना से,फिर डूबते और उगते सूर्यदेव को अर्घ्य दिया जाता है,इसमें व्रती महिलाएं नदी में कमर तक जल में डूबकर सूर्यदेवता को अर्घ्य देकर उनकी पूजा करती हैं।छठ पूजा एक ऐसा महापर्व है जो अपने आप में विश्वास, श्रद्धा और प्रकृति के प्रति आभार का प्रतीक है।छठ पूजा सूर्य देव और छठी मैया को समर्पित है।सूर्य देव को जीवनदाता माना जाता है और छठी मैया को संतान की देवी,इस पर्व के माध्यम से लोग प्रकृति के प्रति अपना आभार व्यक्त करते हैं।सूर्य, जल और वायु इन तीनों तत्वों की पूजा की जाती है। छठ पूजा करने से स्वास्थ्य और समृद्धि की प्राप्ति होती है। छठ पूजा के दौरान सभी लोग मिलकर पूजा करते हैं, जिससे सामाजिक एकता बढ़ती रहें।

साथियों बात अगर हम छठ महापर्व के उपलक्ष में ट्रेनों में भीड़ और सरकार द्वारा किए गए इंतजामों की करें तो फेस्टिव सीजन में ट्रेनों में भारी भीड़ उमड़ रही है। पहले दिवाली को लेकर भारी भीड़ उमड़ रही थी तो अब छठ पर्व पर घर जाने के लिए लोग घंटों ट्रेनों का इंतजार करते देखे जा रहे हैं। दिल्ली-मुंबई समेत सभी प्रमुख स्टेशनों पर बिहार-झारखंड जाने वाले यात्रियों की भीड़ उमड़ रही है तो रेलवे ने भी छठ पूजा को देखते हुए व्यापक इंतजाम किए हैं। इस साल 7296 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं तो सभी प्रमुख स्टेशनों पर यात्रियों के ठहरने कीव्यवस्था रेलवे ने की है।अतिरिक्त टिकट मशीन से लेकर हेल्प डेस्क तक तमाम इंतजाम रेलवे ने किए हैं। जिससे कि छठ पूजा के लिए घर जा रहे लोगों को परेशानी न हो। दिल्ली के आनंद विहार टर्मिनल पर भी बड़ी संख्या में बिहार झारखंड जाने वाले लोगों की भीड़ उमड़ रही है। यहां भी प्रशासन ने हेल्प डेस्क से लेकर तमाम सुविधाएं मुहैया कराई हैं। जिससे कि छठ पर्व पर घर जाने वाले लोगों को परेशानी ना हो। रेलवे का फोकस भीड़ को कंट्रोल करने पर है। सभी बड़े स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बनाया गया है। यात्रियों को होल्डिंग एरिया में रोका जा रहा है। ट्रेन लगने के बाद ही यात्री प्लेटफार्म तक जा पाएंगे। 1 ट्रेन की क्षमता के लायक यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म तक भेजा जाएगा।

# अब गांव में नहीं दिखता है पुस्तकालय

शहर से सटे मुशहरी प्रखंड के रोहुआ राजाराम पंचायत में वैद्यनाथ प्रसाद सिंह पुस्तकालय करीब दो दशकों से चल रहा था। आज यह पुस्तकालय लगभग वीरान हो चुका है। इसे स्थानीय निवासी योगा सिंह ने अपने पिता स्व। वैद्यनाथ प्रसाद सिंह की याद में खोला था। इस संबंध में स्थानीय निवासी 28 वर्षीय उज्जवल कहते हैं कि शुरू में हम जब स्कूल आते थे, तो इस लाइब्रेरी में जाकर तरह-तरह की किताबें पढ़ते थे।



रिंकू कुमारी

भारत सदियों से शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। दुनिया भर से विद्यार्थी यहां पढ़ने आते रहे हैं। इसमें पुस्तकालय यानि लाइब्रेरी की ख़ास पहचान रही है। ज्ञान-विज्ञान, शोध-अध्ययन व दर्शन की परंपरा को आगे बढ़ाने में पुस्तकालय ने अहम भूमिका निभाई है। यहां केवल किताबों का भंडार नहीं होता है बल्कि यह देश-दुनिया के इतिहास को खुद में समेट कर भावी पीढ़ी के लिए उपयोगी सामग्री, ऐतिहासिक तथ्यों व जानकारियों को भी सुरक्षित रखता है। कोई देश, प्रदेश या फिर हमारा समाज कितना बौद्धिक, कितना तर्कसंगत और वैज्ञानिक है, इसका आकलन वहां संचालित पुस्तकालयों, उसमें मौजूद पुस्तकों और पुस्तक प्रेमियों की संख्या से होती है। लेकिन अफसोस है कि वर्तमान समय में बिहार में पुस्तकालयों की संख्या उतनी नहीं है, जितनी होनी चाहिए। बिहार में एक समय पुस्तकालयों की संख्या अच्छी-खासी थी। कई लाइब्रेरी काफी चर्चित रही हैं, मगर आज इनमें से कई मरणासन्न स्थिति में हैं, तो कई बंद हो चुकी हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में तो इसकी संकल्पना लगभग ख़त्म हो चुकी है।

राज्य के बड़े शहरों में एक मुजफ्फरपुर इसका उदाहरण है। जहां शहरों से लेकर गांवों तक लोगों में लाइब्रेरी के प्रति रूचि खत्म होती जा रही है। शहर स्थित नगर निगम की लाइब्रेरी अब पुस्तक प्रेमियों के लिए नहीं, सिर्फ छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन का केंद्र बन कर रह गया है। इतने बड़े शहर में एक भी ढंग का पुस्तकालय सह वाचनालय नहीं है, जहां जाकर पुस्तक प्रेमी अपनी पसंद की किताबें पढ़ सकें, ताकि साहित्य, संस्कृति व वैश्विक इतिहास, दर्शन से संबंधित किताबें सहज उपलब्ध हो सके। गांधी पुस्तकालय और विभूति पुस्तकालय जैसे छोटे-मोटे इक्के-दुक्के पुस्तकालय जरूर हैं, लेकिन इन्हें समृद्ध पुस्तकालय नहीं कहा जा सकता है। जबकि ग्रामीण क्षेत्रों की बात करें तो स्थिति और अधिक चिंताजनक होती जा रही है। जिला के पारू प्रखंड स्थित चांदकेवारी गांव में एक दशक पहले कुछ सामाजिक कार्यकर्ताओं और पढ़े-लिखे युवा किसानों ने मिलकर 'किसान लाइब्रेरी सह अध्ययन केंद्र' खोला था। इसके लिए घर-घर से अलग-अलग तरह की किताबें दान में लेकर लाइब्रेरी की अलमारी को भरा गया था, लेकिन यह लाइब्रेरी भी अधिक दिन नहीं चली और अंततः बंद हो गयी। इसका एक प्रमुख ग्रामीण लोगों, युवाओं व किसानों में पढ़ने को लेकर कोई खास ललक नहीं दिखी। साथ ही, देखरेख का अभाव संचालन के प्रति उदासीनता भी एक प्रमुख कारण रहा।




वहीं शहर से सटे मुशहरी प्रखंड के रोहुआ राजाराम पंचायत में वैद्यनाथ प्रसाद सिंह पुस्तकालय करीब दो दशकों से चल रहा था। आज यह पुस्तकालय लगभग वीरान हो चुका है। इसे स्थानीय निवासी योगा सिंह ने अपने पिता स्व। वैद्यनाथ प्रसाद सिंह की याद में खोला था। इस संबंध में स्थानीय निवासी 28 वर्षीय उज्जवल कहते हैं कि शुरू में हम जब स्कूल आते थे, तो इस लाइब्रेरी में जाकर तरह-तरह की किताबें पढ़ते थे। तब यहां बहुत सारे लोग किताब पढ़ते हुए दिख जाते थे, लेकिन अब यह लाइब्रेरी वीरान पड़ी हुई दिखती है। कभी-कभी मुश्किल से यहां कोई दिख जाता है। वह कहते हैं कि लाइब्रेरी का महत्व कम होने के पीछे एक बड़ी वजह मोबाइल है। जिसके कारण किताबों और लाइब्रेरी के प्रति लोगों की रुचि घटी है। युवा दिनभर सोशल मीडिया पर लगे रहते हैं। इसलिए इतनी अच्छी बिल्डिंग व तमाम सुविधाओं के बावजूद लोग लाइब्रेरी में नहीं आते हैं। इसी लाइब्रेरी के ठीक पीछ रहने वाले देवेंद्र पासवान कहते हैं कि उन्हें पता ही नहीं है कि इसमें कोई पुस्तकें पढ़ने आता भी है या नहीं? पूरे राज्य में ऐसे कितने ही उदाहरण मिल जाएंगे कि अच्छी-खासी चल रही लाइब्रेरी विभिन्न कारणों से अब बंद हो गयी है।

हालांकि मुजफ्फरपुर से सटे वैशाली जिला के लालगंज ब्लॉक स्थित ग्रामीण बाजार में संचालित पुस्तकालय उत्तर बिहार में अपनी एक प्रमुख पहचान बनाये हुए है, जहां किताबों की संख्या काफी है और आसपास के पुस्तक प्रेमी भी यहां आते रहते हैं। लेकिन ऐसी लाइब्रेरी कुछ ही रह गए हैं। मार्च 2022 में बिहार विधानसभा पुस्तकालय समिति के अध्यक्ष सह विधायक सुदामा प्रसाद ने राज्य में लाइब्रेरी की स्थिति पर एक रिपोर्ट जारी करते हुए कहा था कि पचास के दशक में सूबे में 540 सार्वजनिक पुस्तकालय थे। इनमें से अब सिर्फ 51 ही शेष बचे हैं। रिपोर्ट के अनुसार राज्य के छह जिलों - अरवल, कैमूर, बांका शिवहर, किशनगंज और शेखपुरा के ग्रामीण ही नहीं, बल्कि शहर में भी कोई पुस्तकालय संचालित नहीं है। राजधानी पटना स्थित खुदाबख्श ओरिएंटल पब्लिक लाइब्रेरी आज भी राजधानी की शान बनी हुई है और राज्य स्तर पर खासा चर्चित है। प्रदेश के विश्वविद्यालयों एवं कालेजों की लाइब्रेरी को छोड़ दें, तो राज्य के 38 जिलों और 434 प्रखंडों में सार्वजनिक पुस्तकालयों का अभाव पुस्तक प्रेमियों, साहित्य प्रेमियों और पढ़ाकू लोगों को बहुत चिंतित करता है।

इस संबंध में स्थानीय समाजसेवी विनय कहते हैं कि मुजफ्फरपुर शहर में गांधी स्मृति पुस्तकालय, नवयुवक समिति ट्रस्ट पुस्तकालय जैसे दो-तीन पुस्तकालय हैं, लेकिन इसे हम समृद्ध लाइब्रेरी नहीं कह सकते हैं। इनमें कुछ पुरानी किताबें अवश्य हैं, जो या तो संदूक-अलमारी में बंद पड़ी हैं या फिर कुछ किताबों को दीमक चाट गए हैं। इन्हें अब पढ़ने वाला कोई नहीं है। इसकी देखरेख से लेकर संचालित करने वाला संगठन भी उदासीन है। नगर भवन में भी एक पुस्तकालय है, जिनमें छात्र पढ़ने आते हैं। इस बड़े शहर में एक भी ढंग का पुस्तकालय सह वाचनालय नहीं है। ऐसे में हम ग्रामीण क्षेत्र से क्या अपेक्षा कर सकते हैं? इसका अर्थ यह नहीं है कि लाइब्रेरी खोली ही नहीं जाए, बल्कि इसे पढ़ने वालों से जोड़ने के लिए अब लाइब्रेरी को पुराने ढर्रे से निकालकर नये जमाने के हिसाब से स्मार्ट बनाना होगा। उसे कंप्यूटर व इंटरनेट से जोड़ कर नया कलेवर देना होगा। वहां कैरियर काउंसलिंग जैसे कार्यक्रम चलाने होंगे। किताबों की दुनिया से कटकर आभासी दुनिया में अपने सपने खोजने वाले युवाओं को इससे जोड़ने की ज़रूरत है। इसके अतिरिक्त हर पंचायत में एक लाइब्रेरी स्थापित की जाए, इसके लिए पंचायत प्रतिनिधियों के साथ साथ गांव के बुद्धिजीवियों को भी आगे आना होगा। तभी हम अपनी नई पीढ़ी को इस समृद्ध विरासत से फिर से जोड़ सकेंगे। (चरखा फीचर्स)

# कोटेदारों को लाभांश गारंटी मुहैया कराए सरकार

■ कोटेदारों ने भरी हुंकार, सौंपा ज्ञापन



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** खाद्यान्न व चीनी का प्रति कुंतल लाभांश बढ़ाने और मानदेय की मांग को लेकर कोटेदारों ने मंडलआयुक्त प्रयागराज मुख्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ऑल इंडिया फेयर प्राइस शॉप डीलर एसोसिएशन प्रयागराज मंडल के अध्यक्ष राजेश सिंह व चारों जिले के जिला अध्यक्ष के अगुवाई में मंडलायुक्त ऑफिस पहुंचे कोटेदारों ने कहा प्रधानमंत्री अन्य योजना व राष्ट्रीय खाद्य सूचना अधिनियम के तहत खाद्यान्न का वितरण कोटेदार विगत विगत कई वर्षों से करते आ रहे हैं। शासन के निर्देश में ई-पास मशीन से राशन कार्ड धारकों को समय पर खाद्यान्न वितरण कराया जा रहा है लेकिन मिनिमम लाभांश की गारंटी सरकारने नहीं दी जिससे कोटेदार परेशान हैं।

उनका कहना है उन्हें प्रति कुंतल सिर्फ 90 लाभांश मिल रहा है जबकि हरियाणा गोवा केरल में?200 कुंतल कमीशन कोटेदारों को दिया जा रहा है। यही नहीं गुजरात में 20000 मिनिमम गारंटी का लाभ कोटेदारों को मिल रहा है।

कोटेदारों ने मंडलायुक्त कार्यालय में ज्ञापन सौंपते हुए चेतावनी दी यदि हमारी मांगे नहीं मानी जाती हैं तो 4 दिसंबर को कोटेदार जवाहर भवन लखनऊ का घेराव करेंगे। जिसकी सारी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में मुख्य रूप से गणेश प्रसाद द्विवेदी जिला अध्यक्ष प्रयागराज, उमेश त्रिवेदी जिला अध्यक्ष फतेहपुर, राजेश कुमार तिवारी जिला अध्यक्ष प्रतापगढ़ विनोद सिंह जिला अध्यक्ष कौशांबी, कौशलेश सिंह, शिवपूजन केसरवानी, राजकरण सिंह, संजय सिंह, विनय चंद्र अग्रवाल, मनीष कुमार केसरवानी, शिवधारा दुबे, गंगा गंगा शंकर मिश्र, बसंत लाल जिला महामंत्री प्रयागराज, अवधेश कुशवाहा अध्यक्ष मेजा, रामसूरत सिंह, राजू केसरवानी, रमाशंकर, उत्तम सिंह, अशोक त्रिपाठी, लाल बहादुर, लाल जी, मनोज कुमार, वेद प्रकाश सहित सैकड़ो कोटेदार उपस्थित रहे।

## हत्यारोपितों ने कोर्ट के लाकअप में मुख्य आरक्षी पर किया हमला

**जौनपुर।** चार हत्यारोपितों ने दीवानी न्यायालय के लाकअप में आरक्षियों पर हमला कर दिया और एक आरक्षी की वर्दी फाड़ डाली। गत 30 अक्टूबर को हुई यह दुस्साहसिक घटना सोमवार को तब प्रकाश में आई, जब लाइन बाजार थाने में चार बंदियों के विरुद्ध दर्ज कराई गई एफआइआर की प्रति कोर्ट में दाखिल की गई। इसमें चार हत्यारोपितों पर सरकारी काम में बाधा डालने और कर्मचारियों को कर्तव्य के निर्वहन से रोकने का प्रयास करने का आरोप है। पुलिस लाइन में तैनात एसआइ महंगू यादव ने तहरीर दी है कि उनकी ड्यूटी बंदियों की कोर्ट में पेशी कराने में लगी है। 30 अक्टूबर को पेशी के लिए हत्या के चार आरोपितों को कारागार से कोर्ट के लाकअप ले गए थे। हत्यारोपितों महेश सोनकर, अनुज यादव, मंगेश यादव का मुकदमा जलालपुर थाने में दर्ज है जबकि इमरान उर्फ नाटे का मुकदमा कोतवाली में दर्ज है। कोर्ट में पेश करने के लिए जैसे ही चारों को लाकअप से निकाला गया उन्होंने मुख्य आरक्षी अजय यादव, शिवपाल दुबे, दीनदयाल राय व समरजीत तिवारी को जान से मारने की धमकी दी।

# राम के गुणों को अपनाने से ही बनेंगे राम भक्त : भवदेव शास्त्री

अवधनामा संवाददाता



**महरौनी (ललितपुर)।** आर्य समाज महरौनी के तत्वावधान में आयोजित पांच दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा के दूसरे दिन कथा को संबोधित करते हुए कथावाचक आचार्य भवदेव शास्त्री अजमेर ने बताया कि महाराज दशरथ ने अपने चारों पुत्रों का विधिवत रूप से संस्कार संपन्न करवाया, संस्कार हमारे जीवन को उत्तम बनाने की एक प्रक्रिया है, माता जैसा चाहे वैसा वह अपने संतान को बना सकती है, माता का अर्थ होता है निर्माण करने वाली । जब बच्चे का निर्माण करने का समय आता है तो ऐसे समय में पति-पत्नी को भोजन और विचार दोनों ही पवित्र रखने चाहिए, जिससे कि उनकी संतान उत्तम हो। गर्भवती स्त्री को क्रोध, अनावश्यक घूमना, लड़ाई, झगड़ा, तामसिक भोजन से बचना चाहिए, जिससे की संतान निरोग एवं बुद्धिमान हो । हमारे देश में कुल गुरु की परंपरा रही है, यहां विद्वान गुरुओं का सदा से सम्मान होता रहा है, तभी महाराज दशरथ गुरु विश्वामित्र के लिए अपने सिंहासन से खड़े हो जाते हैं। कथावाचक भवदेव शास्त्री ने बताया कि ईश्वर एक है एवं संपूर्ण सृष्टि को रचने वाला है। परमात्मा का मुख्य नाम ओम है, परमात्मा सब जगह रहता है और सृष्टि को बनाना, चलाना और बिगाड़ना यह उसके निरंतर कार्य है, जो कि परमात्मा करता है। प्रातः कालीन गायत्री महायज्ञ के दौरान यज्ञ से होने वाले लाभ एवं ईश्वर की भक्ति क्यों करनी चाहिए इस विषय पर विस्तार से बताया गया कार्यक्रम में निम्न श्रोताओ मुनि पुरुषोत्तम नारायण दुबे, भानू प्रताप सिंह राजा भैया, रामकृपाल सिंह शिक्षक, हर प्रसाद प्रजापति एड, शिक्षक लखन लाल आर्य, सुरेश प्रजापति, रामकुमार सेन अजान, लोकपाल सिंह बुंदेला, जेके सोनी एड, रामविलास खरे एड, शिव नारायण चाचौदिया, देवेंद्र सेन नैनशी/ वेदांश मेडिकल, शिक्षक विवेक प्रजापति, अवधेश प्रताप सिंह बैंस, जयदेवी शुक्ला, सहित सैकडों आर्य जन उपस्थित रहे ।संचालन संयोजक आर्य रत्न शिक्षक लखन लाल आर्य एवं आभार उप प्रधान हर प्रसाद प्रजापति ने जताया।

## जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 09 नवंबर को

**प्रयागराज।** युवा कल्याण विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र प्रयागराज के संयुक्त तत्वाधान में जनपद स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 09 नवंबर, को प्रातः 10.00 बजे से स्थानीय यूनाईटेड इंजीनियरिंग कालेज नैनी के आडिटोरियम में आयोजित किया जायेगा। इस अवसर पर युवा कल्याण विभाग की लोकगीत समूह, लोकगीत एकल एवं लोकनृत्य एकल तथा नेहरू युवा केन्द्र संगठन द्वारा यंग राइटर्स कान्टैस्ट, यंग आर्टिस्ट कान्टैस्ट, फोटोग्राफी कान्टैस्ट एवं वर्कशाप, डिक्लेमेशन, डिस्ट्रक्ट कल्चरज फेस्ट (समूह) का आयोजन कराया जायेगा। थीमैटिक प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत साइंस मेला (समूह एवं एकल श्रेणी) का आयोजन कामन प्लेटफार्म (युवा कल्याण एवं नेहरू युवा केन्द्र) पर किया जायेगा। प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों/कलाकारों एवं युवा वैज्ञानिकों की आयु दिनांक 12 जनवरी, 2025 को 15 से 29 वर्ष के मध्य होने की अनिवार्यता होगी। जिला युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल अधिकारी ने बताया है कि इच्छुक कलाकार व वैज्ञानिक 07 नवंबर तक अपना पंजीकरण जिला युवा अधिकारी, नेहरू युवा केन्द्र के मो.न. 94154 37352 पर सम्पर्क कर करा सकते हैं।

# उमरा के जायरीनों का वतन वापसी पर किया शानदार इस्तकबाल



■ कस्बावासियों ने उमरा के जायरीनों का कई जगह किया स्वागत गले मिल कर दी शुभकामनाएं

अवधनामा संवाददाता

**बानपुर (ललितपुर)।** आज कस्बा बानपुर से उमरा की यात्रा पर जाने बाले व यात्रा मुकम्मल कर वतन वापसी पर उनकी अगवानी करने हेतू कस्बावासी बस स्टैंड तक आए व शुभकामनाएं दी। आपको बताते चलें कि कस्बे के सम्भ्रांत नागरिक अनीश खान मंसूरी अध्यापक अपनी अहलिया के साथ उमरा यात्रा के लिए गये थे जहां पर उन्होंने मक्का शरीफ में काबा और मदीना शरीफ में गुम्बदे खिजरा की जियारत की। उपरान्त इराक में नजफ अशरफ,कर्बला शरीफ और बगदाद शरीफ में सरकारों की बारगाह में हाजरी दी इसके बाद आज सुबह उनका कस्बा आगमन हुआ इस आशय हेतु कस्बे के सभी वर्गों के लोग उन्हें बधाई देने के लिए पहुंचे और गले मिलकर व उनका मुंह मीठा कराकर शुभकामनाऐं दी। साथ ही उनके रिश्तेदार ,शुभचिंतकों, इष्ट मित्रों ने उन्हें बधाई दी व जब वह बस स्टैण्ड से घर के लिए रवाना हुए तब कस्बावासी रास्ते भर जगह-जगह उनका हार पहनाकर और मीठा मुंह करा कर स्वागत करते रहे। इस यात्रा में वह हवाई जहाज से दिल्ली व दिल्ली से ट्रेन के माध्यम से रात्रि में ललितपुर व रात्रि विश्राम महरौनी में करने के उपरांत सुबह आज अपने घर आ गये। जिस पर सभी ने उनका इस्तकबाल किया।

## 25 हजार रुपये का इनामिया, गैंगेस्टर एक्ट का वांछित, अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा 25 हजार रुपये का इनामिया, गैंगेस्टर एक्ट का वांछित, गौ-तस्कर अभियुक्त गिरफ्तार-डा0 अजय पाल शर्मा, पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अरविन्द कुमार वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के निर्देशन व अजीत सिंह चौहान, क्षेत्राधिकारी शाहगंज जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0-40/2024 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट थाना खेतासराय जनपद जौनपुर में वांछित अभियुक्त 25000 रुपये का इनामिया गैंग सदस्य गौ-तस्कर अपराधी नूर मोहम्मद उर्फ नूर आलम पुत्र फकरे आलम उर्फ छोटक निवासी ग्राम बंजारेपुर थाना गौराबादशाहपुर जनपद जौनपुर को मंगलवार को मुखबिर खास की सूचना पर आजाद नहर पुलिया के पास से समय करीब 05.50 बजे सुबह गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

# महाकुम्भ 2025: आपात स्थितियों से निपटने को भीष्म क्यूब की तैनाती

■ अत्याधुनिक तकनीक से लैस चलता-फिरता अस्पताल है भीष्म क्यूब

■ बेहद मजबूत और मात्र 12 मिनट में बनकर हो जाता है तैयार

■ सर्जिकल, डायग्नोस्टिक टूल्स और रोगी की देखभाल से संबंधित सभी सुविधाएं मौजूद



अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुम्भ-2025 में आपात स्थितियों से निपटने के लिए योगी सरकार ने व्यापक तैयारी की है। महाकुम्भ में पहली बार भीष्म क्यूब की तैनाती की जा रही है, जो अत्याधुनिक तकनीक से युक्त क्रांतिकारी मोबाइल अस्पताल है। गौरतलब है कि 22 जनवरी 2024 में अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान भी भीष्म क्यूब की तैनाती की गई थी। संयुक्त निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य, प्रयागराज डॉ. वी.के. मिश्रा ने बताया कि एक भीष्म (बैटलफील्ड हेल्थ इंफॉर्मेशन सिस्टम फॉर मेडिकल सर्विसेज) क्यूब 200 लोगों का एक साथ उपचार कर सकता है। भीष्म क्यूब में सर्जिकल सुविधाएं, डायग्नोस्टिक टूल्स और रोगी के देखभाल से संबंधित सभी सुविधाएं मौजूद हैं। ये बेहद मजबूत, वॉटरप्रूफ और हल्के हैं। इससे तुरंत इलाज की सुविधा शुरू की जा सकती है। यह चिकित्सा सेवाओं के प्रभावी समन्वय, वास्तविक समय में निगरानी और कुशल प्रबंधन को सुगम बनाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और डाटा एनालिटिक्स को एकीकृत करता है।

डॉ. मिश्रा ने बताया कि भीष्म क्यूब की पूरी यूनिट को आसानी से हाथ, साइकिल या ड्रोन द्वारा भी ले जाया जा सकता है। इस चलते-फिरते अस्पताल की खासियत यह है कि इसे आपातकालीन परिस्थितियों में विमान से एयरड्रॉप किया जा सकता है। भीष्म क्यूब 12 मिनट के भीतर तैनात होने की क्षमता रखता है। डॉ. मिश्रा ने बताया कि इन पोर्टेबल हॉस्पिटल क्यूब्स का विकास और परीक्षण भारतीय वायुसेना, भारतीय स्वास्थ्य सेवा संस्थानों और डिफेंस टेक्नोलॉजी एक्सपर्ट्स ने मिल कर किया है।

गौरतलब है कि इसी साल अगस्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी यूक्रेन यात्रा के दौरान राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की को भीष्म क्यूब की यूनिट्स भेंट स्वरूप दी थीं।

## संक्षिप्त समाचार

### कृष्ण जन्मोत्सव पर जमकर झूमे भक्त



**प्रयागराज।** पट्टी के सराय महेश गाँव में जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरान्द सरस्वती के मीडिया प्रभारी के बड़े पिता लालमणि सिंह द्वारा सुनी जा रही रही श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कृष्ण जन्मोत्सव की धूम रही। कथा व्यास राजेश पांडेय 'गार्ग' जी महाराज ने कृष्ण अवतार की कथा का सुंदर वर्णन करते हुए कहा कि जब जब धरा पर अत्याचार,दुराचार, पापाचार बढ़ता है, तब-तब प्रभु का अवतार होता है। प्रभु का अवतार अत्याचार को समाप्त करने और धर्म की स्थापना के लिए होता है। जन्मोत्सव में संगीतकार के सोहर भजन पर श्रोता पुष्प वर्षा करते हुए खूब थिरके। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों तथा नन्द के आनंद भयो जय कन्हैयालाल की जयघोष से वातावरण गूंजमान हो उठा। इस अवसर पर पूर्व ब्लाक प्रमुख देवेन्द्र पाण्डेय, अर्चना, अंजू, रजनीश रिंकी, अनीता, साक्षी, सृष्टि, स्वाती, आंचल, रोली, अनुराग गुड्डू, सर्वेश राजू, रणविजय सिंह, जयबहादुर सिंह, संजय सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।

### अयान मिर्ज़ा बने मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर उपाध्यक्ष



**प्रयागराज।** मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के महानगर अध्यक्ष सैफ फरीदी ने अयान मिर्ज़ा को मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड का महानगर उपाध्यक्ष नामित किया। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि अयान मिर्ज़ा समाजवादी पार्टी की विचारधारा व पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुंचाने में सहयोग करेंगे। वहीं फूलपुर उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुजतबा सिद्दीकी को जीत दिलाने में संगठन के साथ पूरी तन्मयता से कार्य करेंगे। इनके मनोनयन पर समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन, महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, पूर्व महानगर अध्यक्ष अब्दुल सलमान, महानगर मीडिया प्रभारी सैय्यद मोहम्मद अस्करी, ज़िला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड आशूतोष तिवारी, ज़िला अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा मोहम्मद आसिफ, जमुनापार यूथ अध्यक्ष विमल निषाद , महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा शाहिद प्रधान, अशोक यादव, पियुश पटेल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के तहत बच्चों में किया गया स्कूल बैग



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मदरसा अजीजीया एनुल उलूम इब्राहिमपुर में राष्ट्रीय ग्रामीण साक्षरता मिशन के तहत बच्चों को किया गया बैंग का वितरण अखिल भारतीय मंच समिति के तरफ से ग्राम सभा इब्राहिमपुर में मदरसा सहित कई स्थानों पर शिक्षा को बढ़ावा देने एवं लोगों को जागरूक के उद्देश्य से अखिल भारतीय चौहान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने अपनी समिति के माध्यम से लगभग 870 बच्चों को बैग का वितरण किया इस वितरण के दौरान ग्राम सभा इब्राहिमपुर के प्रधान हाजी जमाल अहमद और अखिल भारतीय चौहान मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्याम सुंदर चौहान ने मिलकर अपने हाथों से बच्चों को बैग दिया बच्चों ने बैग ने पाकर खुशी के मारे झूम उठे इस मौके पर मदरसे के प्रधानाध्यापक मोहम्मद अशरफ़ मास्टर मुहम्मद असलम, मौलाना रेयान अहमद, हाफ़िज अशरफ रमेश सिंह, हरिकेश चौहान आदि मौजूद रहे।

### नवमी, एकादशी को सुगम बनाने में जुटा नगर निगम

**मथुरा।** नगर आयुक्त द्वारा अक्षय नवमी एवं देवउठनी एकादशी को दृष्टिगत रखते हुए भूतेश्वर जोनल कार्यालय में क्षेत्रीय पार्षद एवं अधिकारियों के साथ नगर निगम मथुरा वृन्दावन द्वारा करायी जाने वाली मूलभूत सुविधाओं के सम्बन्ध में बैठक ली गई। बैठक में अनिल कुमार अपर नगर आयुक्त को प्रकाश व्यवस्था, पेंचवर्क, पेयजल आपूर्ति, सीवर सफाई, चैम्बर मरम्मत, नाली मरम्मत, जल निकासी, विशेष सफाई व्यवस्था कराये जाने हेतु एक कन्ट्रोल रुम स्थापित किया जायें एवं सम्पूर्ण परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधार्थ मोबाइल टॉयलेट एवं पानी टैंकरों की व्यवस्था कराये जाने के निर्देश दिये। पार्षदों द्वारा अवगत कराया गया कि परिक्रमा मार्ग में सीवर चैम्बर टूटे हुए है, कई स्थानों पर सीवर ओवर फ्लो होने की समस्या से अवगत कराया गया। परिक्रमा मार्ग में श्रद्धालुओं की सुविधार्थ जगह जगह मेडिकल कैंप लगाये जाने के लिए निर्देशित किया गया। परिक्रमा मार्ग पर लगातार सफाई रहे इसके लिये अपर नगर आयुक्त को निर्देशित किया गया। परिक्रमा मार्ग में कहीं भी डलाब घर पर कूड़ा न पाया जाये एवं लगातार कूड़ा उठवाने के लिए कूड़ा कलेक्शन गाड़ियों का संचालन कराये जाने को निर्देश दिये। इस दौरान पार्षद विजय दिवाकर, मुन्ना मलिक, अजय कुमार अवर अभियन्ता (जल), शैलेष अवर अभियन्ता आदि उपस्थित रहें।

# रेलवे स्टेशनों पर लगेंगे एफआर कैमरे

■ महाकुंभ 2025 में पहली बार प्रयागराज रेल मण्डल लगा रहा है एफआरसी

■ सीसीटीवी के साथ फेस रिकगनीशन कैमरों से रखी जाएगी महाकुंभ के चप्पे चप्पे पर नजर

■ एआई तकनीक की मदद से संदिग्धों को तत्काल पहचान लेते हैं ये कैमरे

### 100 एफ आर कैमरों से रखी जाएगी संदिग्ध गतिविधियों पर नजर

**प्रयागराज।** प्रयागराज रेल मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा के लिए लगभग 650 सीसीटीवी कैमरों के साथ पहली बार 100 एफआर कैमरे भी लगाए जाएंगे। प्रयागराज शहर में आने वाले सभी 9 रेलवे स्टेशनों के आने जाने के मार्गों, आश्रय स्थल, प्लेटफार्मों को भी कैमरों की नजर में रखा जाएगा। रेलवे स्टेशनों पर ये सुरक्षा के सभी उपाय दिसंबर के अंत लगा दिए जाएंगे। महाकुंभ की शुरुआत से पहले जनवरी में ये सभी उपकरण कार्य करने लगेंगे।

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 को दिव्य और भव्य के साथ सुरक्षित महाकुंभ बनाने का लक्ष्य डबल इंजन सरकार ने रखा है। इसे मद्देनजर रखते हुए न केवल मेला क्षेत्र बल्कि प्रयागराज के रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। महाकुंभ में लगभग 10 करोड़ लोगों का ट्रेन से आने का अनुमान है। इसे लेकर रेलवे सुरक्षा और व्यवस्था के सारे इंतजाम कर रही है। प्रयागराज रेल मण्डल द्वारा महाकुंभ के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा के लिए पहली बार सीसीटीवी कैमरों के साथ एफआर कैमरे भी लगाए जा रहे हैं। एफआर कैमरे एआई की मदद से संदिग्ध गतिविधियों और अराजकतत्वों पर नजर रखने में कारगर हैं।

प्रयागराज रेल मण्डल के पीआरओ अमित सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए महाकुंभ को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए प्रयागराज रेल मण्डल सुरक्षा के सारे इंतजामों के साथ एआई बेस्ड एफआर कैमरे भी लगा रहा है। फेस रिकगनीशन या एफआर कैमरे एआई तकनीक की मदद से फेस रिकगनीशन में सक्षम होते हैं। ये आसनी से संदिग्धों को भीड़ में भी पहचान कर तलाश लेते हैं। जिससे भीड़ में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों या भगदड़ जैसी स्थिति को बनने से पहले काबू किया जा सकता है। एफ आर कैमरे किसी भी असमान्य घटना को आसानी से पकड़ सकते हैं, उन पर तत्काल प्रतिक्रिया कर दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है।

## वाहन चैकिंग अभियान चलाकर किया जागरूक

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी यातायात अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी यातायात आलोक कुमार तिवारी मय टीम द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों पर वृहद चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान तीन सवारी, बिना हेलमेट, बिना लाइसेंस, बिना बीमा, बिना फिटनेस, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग, अवैध हूटर्स आदि के खिलाफ प्रभावी प्रवर्तन की कार्यवाही करते हुए 191 वाहनों का चालान किया गया एवं 3 वाहनों को सीज किया गया। साथ ही यातायात जागरूकता अभियान के तहत बस स्टैंड ललितपुर पर वाहन चालकों, वाहन स्वामियों को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक करते हुए वाहन को निर्धारित गति सीमा में चलाने, नशे के हालत में वाहन न चलाने, निर्धारित क्षमता से अतिरिक्त सवारी न बैठाने, दुर्घटना में घायल व्यक्ति को तत्काल मदद पहुंचाने हेतु जागरूक किया गया।

# छट्ट पर्व पर यमुना के घाटोंपर होंगी पर्याप्त व्यवस्थाएं: डीएम

अवधनामा संवाददाता

■ यमुना के घाटों पर डीएम एसएसपी ने देखी छट्ट पूजा की व्यवस्थाएं

**मथुरा।** काफी संख्या में मथुरा व वृंदावन में बिहार व पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोग निवास करते हैं। ये लोग छट्ट पूजा पर्व पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाते हैं। इनकी व्रती महिलाएं यमुना जी छट्ट को उगते सूर्य को अर्ग देनेके लिए काफी संख्या मेंकल पहुंचेंगी। इनकी व्यवस्था के लिए मंगलवार को जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने छठ पूजा को लेकर बंगाली घाट, विश्राम घाट तथा स्वामी घाट, चक्रतीर्थ घाट का निरीक्षण किया गया। उन्होंने मौके पर नगर मजिस्ट्रेट तथा नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि गोताखोरों की व्यवस्था की जाए।

रास्तों व घाटों की साफ- सफाई प्रोपर तरीके से कराई जाए। ताकि पूजा करने आने वाली व्रती महिलाओं को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो। वैसे आज से नाहाय खाय के साथ छट्ट पूजा का व्रत सुहागनि महिलाओं ने प्रारंभ किया। सात नवम्बर को अस्त होते सूर्य को अर्ग दिया जाएगा और आठ नवम्बर की भोर में उगते सूर्य को अर्ग दिया जाएगा। इस त्यौहार के दौरान यमुना जी में सात व आठ नवम्बर को बड़ी संख्या महिलाएं स्नान करने के लिए पहुंचेगी। स्नान की तैयारियों की व्यवस्था परखने यमुना के घाटों पर पहुंचे जिलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि भाई दूजकेअवसर पर काफी बड़ी संख्या में मथुरा में स्नान होता है। उसकी व्यवस्थाएं अच्छी रही। अब छट्ट पूजा की व्यवस्था के लिए साफ सफाई का विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसी व्यक्ति को इस पर्व के दौरान यमुना जी पर परेशानी नहीं होने दी जाएगी।

# लोडिंग मैजिक ने टेंपो में मारी टक्कर

अवधनामा संवाददाता

**गोवर्धन (मथुरा)।** गोवर्धन रोड पर लोडिंग मैजिक ने सवारियों से भरे टेंपो में टक्कर मार दी। हादसे में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें से आगरा की तीन महिला श्रद्धालुओं की हालत नाजुक बताई जा रही है। ये सभी आज प्रात~ गोवर्धन से परिक्रमा देकर लौट रहे थे।

मंगलवार की सुबह मथुरा गोवर्धन रोड स्थित अड़ींग बाईपास पर मथुरा से गोवर्धन जा रहा लोडिंग मैजिक ने गोवर्धन से सवारियां लेकर आ रहे टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टेंपो पलट गया। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि आवाज सुनकर आसपास के लोग दहशत में आ गए। मौके पर चीख पुकार मच गई। जिसे देखकर आस पास खेतों मेंकाम कर रहे किसान व राहगीर घटना स्थल की ओर दौड़ पड़े। उन्होंने सवारियों को बचाया। पुलिस को फोन करके सूचना दी।

हादसे में गोवर्धन से परिक्रमा कर लौट रहीं महिला श्रद्धालु वर्षा, सोनिया, नीतू, डिम्पी, मोनिका निवासीगण दयालबाग आगरा और दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इनमें से तीन महिला श्रद्धालुओं की हालत गंभीर बताई गई है। सूचना पर मौके पर पहुंची अड़ींग चौकी पुलिस द्वारा घायलों को निजी अस्पताल पहुंचाया गया। यहां चिकित्सक द्वारा हालत चिंताजनक देख प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल मथुरा रेफर कर दिया गया।

## न्यायधीश ने किस दबाव के तहत फैसला दिया था: अरशद

**प्रयागराज।** कांग्रेस शहर कार्यालय में अल्पसंख्यक कांग्रेस के शहर अध्यक्ष अरशद अली ने कहा कि 20 साल बाद मदरसा शिक्षा कानून को असंवैधानिक करार देने वाले हाईकोर्ट के न्यायाधीश को भी आधार बताना चाहिये की वो किस दबाव के तहत उन्होंने ये फ़ैसला दिया था। उन्होंने कहा कि चूँकि आज 3 जजो की सुप्रीम अदालत ने उनके फ़ैसले को ख़ारिज करते हुये कहा कि मदरसा एक्ट में कोई संशोधन की ज़रूरत नहीं और ये एक्ट संविधान के अनुकूल बनाया गया है। अब उन न्यायाधीश को भी संविधान दुबारा पढ़ने की ज़रूरत है जो सरकार के दबाव में मुस्लिम समाज को अमानवीय और सांविधानिक क्षति पहुँचने का प्रयास करते है।

# श्रीमद् भागवत कथा का शुभारम्भ

■ मो. रफैयत गंज में आयोजित हुई है नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा



अवधनामा संवाददाता

**हरदोई।** बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला रफैयत गंज से सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में भव्य कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाएं हाथ में कलश लिए नजर आए जहां। गाजे बाजे के साथ भक्ति गीतों के बीच श्रद्धालु नाचते झूमते प्राचीन सिद्धनाथन मंदिर पहुंचे। जहां से कलश में जल भरने के उपरांत शोभायात्रा शिवाला मंदिर से मोहल्ला रफैयत गंज पहुंची। बता दें कि कस्बे के प्राचीन शिवाला मंदिर शिवाला सिटी मोहल्ला रफैयत गंज में नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रथम दिवस कथा शुभारंभ होने से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई। भागवत कथा नैमिष धाम के कथावाचक प्रेममूर्ति रामानुजाचार्य के मुखारविंदु से होना सुनिश्चित है। संगीतमयी भागवत कथा की कलश यात्रा में सैकड़ो कस्बेवासी एवं ग्रामीण श्रद्धालु एवं भक्तजन शामिल हुए। कथा व्यास प्रेममूर्ति रामानुजाचार्य के नेतृत्व में निकली कलश यात्रा भक्ति गीतों के बीच थिरकते नजर आए। भागवत कथा की मुख्य यजमान राजीव कुमार राठौर सपत्नी सुमन राठौर हैं। शिव सेवा समिति मोहल्ला रफैयत गंज के द्वारा विराट संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया गया है जो आगामी 13 नवंबर तक चलेगी आगामी 14 नवंबर को पूर्णाहुति एवं विशाल ब्राह्मण एवं भंडारे भोज का भी आयोजन है।

# नहाय-खाय के साथ आज से आरंभ हुआ चार दिवसीय सूर्योपासना का महापर्व

## व्रत के साथ ही लोक उत्सव के रंग में रंग जाएगा बलिया, खरीददारी को लेकर बाजारों में बढ़ी रौनक

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** सूर्योपासना का महापर्व डाला छठ आज यानी मंगलवार से नहाय-खाय के साथ आरंभ होगा। घर की साफ-सफाई के साथ ही नहाय-खाय के साथ महिलाएं व्रत की शुरूआत करेंगी। इस बीच नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के गलियों में छठी मईया के गीत गूंजने लगे। चार दिनों तक चलने वाले इस व्रत में शुद्धता व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है।मंगलवार को महिलाएं चने की दाल, लौकी की सब्जी और अरवा चावल खाकर पर्व की शुरूआत की।

मंगलवार से डाला छठ की नहाय-खाय के साथ आरम्भ होने के कारण नगर समेत ग्रामीण क्षेत्र के चट्टी चौराहे पर लौकी की जबरदस्त मांग रही। चने की दाल, लौकी की सब्जी व अरवा चावल का भात खाकर पर्व की शुरूआत की जाती है। व्रतियों ने ऐसा ही किया। अगले दिन बुधवार (06 नवंबर) को निर्जला व्रत (खरना) रखकर शाम को गुड़ निर्मित खीर, रोटी व फल से पारण करेंगी। वहीं बृहस्पतिवार (07 नवंबर) को षष्ठी तिथि को निर्जला व्रत रहेंगी और शाम को अस्ताचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगी। इसके बाद शुक्रवार (08 नवंबर) सप्तमी तिथि को उदयीमान सूर्य को अर्घ्य देकर परिवार के मंगलमय की कामना करते हुए पारण करेंगी। छठ की तैयारी के लिए घरों में महिलाओं ने गेहूं धोना शुरू कर दिया है। इसमें शुद्धता व स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाता है कि कोई पक्षी अनाज को जूठा न कर दें।



### डाला छठ : सामानों की खरीददारी के लिए उमड़ी भीड़

**बलिया।** डाला छठ को लेकर नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में मंगलवार को भीड़ उमड़ी रही। लेकिन दुकानदारों की मानें तो बुधवार को और भीड़ बढ़ने की उम्मीद है। आज स्टेशन रोड, चौक, विजय टाकीज रोड, कासिम बाजार सहित अन्य स्थानों पर सजे फलों की दुकानों पर लोगों की भीड़ खरीददारी के लिए उमड़ी रही। इसके चलते नगर में जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई थी। हांलाकि जाम न लगे इसके लिए यातायात पुलिस जगह-जगह मौजूद रही। छठ पर्व पर बिक्री को लेकर दुकानदारों में काफी उत्साह देखा गया। वहीं त्योहार को लेकर फल मंडी पूरे दिन गुलजार रही।

### नपा व समितियों द्वारा की जा रही घाटों की सफाई

**बलिया।** डाला छठ के लिए नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र के तालाब, पोखरा, सरोवर, गंगा व घाघरा घाट विभिन्न समितियों में द्वारा साफ-सफाई की जा रही है। नगर के टाउन हाल, रामलीला मैदान, शनिचरी मंदिर, महावीर घाट की साफ-सफाई व बिजली सजावट की व्यवस्था नगर पालिका प्रशासन द्वारा किया जाता है। जबकि लाल घाट, हाईड्रिल कालोनी, बहादुरपुर व नगर से सटे निधरिया, अगरसंडा, मिड्ढा के घाटों की साफ-सफाई व बिजली की व्यवस्था समिति व प्रधानों द्वारा की जाती है। उधर भरौली, उजियार घाट, मझौंवा, पचरूखिया घाट की साफ- सफाई समितियों द्वारा की जाती है।

### चौक क्षेत्र में ई-रिक्शा व चार पहिया वाहन रहेंगे प्रतिबंधित

**बलिया।** यातायात प्रभारी समद खान ने बताया कि डाला छठ त्योहार के मद्देनजर शहर में जाम की स्थिति उत्पन्न ना हो। इसके लिए यातायात विभाग द्वारा नगर के विभिन्न स्थानों पर बैरियर लगाया गया है। यह बैरियर स्टेशन के सामने, कासिमपुर बाजार चौराहा, उमाशंकर सिंह चौराहा, हनुमान गढ़ी मंदिर के सामने, आर्य समाज रोड पर गुरुवार से आरम्भ होकर छठ समाप्ति तक लगा रहेगा। बताया कि चौक क्षेत्र में ई-रिक्शा, बाइक, कार व अन्य प्रकार के वाहन पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहेंगे। उन्होंने जनता व ई–रिक्शा चालकों से अनुरोध किया कि शहर क्षेत्र (चौक) में वाहन लेकर प्रवेश न करें। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो। अन्यथा की स्थिति में पकड़े जाने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# घर के कमरे में मिला मृगेंद्र प्रताप का शव

अवधनामा संवाददाता

■ 27 अक्टूबर को मृतक की पत्नी अर्चना ने थाने में दर्ज कराया था मुकदमा

**बलिया।** जनपद के चितबड़ागांव कस्बा के वार्ड नंबर-12 आजाद नगर निवासी मृगेंद्र प्रताप उपाध्याय का शव अपने ही बंद कमरे में मिला। इसकी जानकारी होते ही इलाके में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वीडियोग्राफी कराते हुए कमरे का दरवाजा तोड़वाया। अंदर का दृश्य देखकर पुलिस सन्न रह गई। कारण की अंदर से भयंकर दुर्गंध आ रही थी और पूरे कमरे में मल-मूत्र और खून आदि फैला था। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर उनके परिजनों की उपस्थिति में साक्ष्य इकट्ठा किया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। बता दें कि 27 अक्टूबर को मृगेंद्र प्रताप की पत्नी अर्चना ने थाने में शिकायत दर्ज कराया था कि शादी के दो साल बाद से ही उनके पति उसे मारते-पीटते व प्रताड़ित कर रहे हैं। पत्नी का आरोप है कि 25 अक्टूबर को उन्होंने पुनः मारापीटा। मेरे साथ ही अपनी पुत्री अनिका को भी पीटा। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मृगेंद्र प्रताप के विरुद्ध 27 अक्टूबर को मुकदमा दर्ज कर छानबीन में जुट गई। उधर उसी दिन से पत्नी अर्चना अपनी पुत्री के साथ मृगेंद्र की बहन के घर रसूलपुर चली गई थी। पड़ोसियों के अनुसार, इधर 10 दिनों से मृगेंद्र शराब का काफी सेवन कर रहे थे। मंगलवार को उनके कमरे से दुर्गंध आती महसूस हुई तो पड़ोसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वीडियो रिकॉर्डिंग कराते हुए दरवाजे को बलपूर्वक तोड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार चौधरी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 'लैंग्वेज कोर्सेज़ और उर्दू भाषा' विषय पर सेमिनार

अवधनामा संवाददाता




**संभल।** अल्लामा इकबाल फाउंडेशन संभल और शहज़ाद हुसैन डिग्री कॉलेज पंवासा के संयुक्त तत्वाधान में उर्दू दिवस समारोह के उपलक्ष में साप्ताहिक कार्यक्रमों के तीसरे दिन शहज़ाद हुसैन डिग्री कॉलेज पंवासा में ÷लैंग्वेज कोर्सेज़ और उर्दू भाषा÷ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कई शिक्षाविदों और बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य वर्तमान युग में भाषा कौशल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए उर्दू भाषा से संबंधित कोर्सेज और रोजगार के क्षेत्र में अवसरों पर चर्चा करना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता अल्लामा इकबाल फाउंडेशन, संभल के अध्यक्ष प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने की।

कार्यक्रम का प्रारंभ हाफ़िज़ अहमद राज़ा ने तिलावत ए कुरान पाक से किया और तनवीर हुसैन अशरफ़ी ने नाते पाक पेश की। इसके बाद एमजीएम कॉलेज संभाल के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ नावेद अहमद ख़ान ने विषय का परिचय कराते हुए आम जीवन में भाषा की मेहत्ता और उच्च शिक्षा में भाषा, विशेष रूप से उर्दू भाषा से संबंधित कोर्सेज़ के बारे में विस्तार से चर्चा की। डॉ रियाज़ अनवर ने बहुभाषिकता और संचार क्रांति के इस दौर में भाषा से संबंधित विभिन्न कोर्सेज़ और शिक्षा, प्रशासनिक सेवा, अनुवाद एवं जनसंचार के विभिन्न माध्यमों में रोज़गार की अपार संभावनाओं के बारे में छात्रों को जानकारी देकर अपनी इच्छा के अनुसार बेहतर विकल्प चुनने के लिए प्रोत्साहित किया। साहिल स्टडी प्वाइंट संभल के डायरेक्टर बदर जमाल साहिल ने प्रेरणादाई कहानियों एवं फिल्मों के उदाहरण देकर छात्र-छात्राओं को अभी से करियर विकल्प चुनने और ईमानदारी एवं कठिन परिश्रम से अपने लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। प्रोफेसर आबिद हुसैन हैदरी ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि छात्र नई सदी के चैलेंजज़ में अपने आप को कामयाब बनाने के लिए बहुआयामी शिक्षा और अपने अंदर छुपे कौशलों को निखार कर अपने लिए बेहतर भविष्य सुनिश्चित कर सकते हैं। शफ़ीक़ुर्रहमान बरकाती और कॉलेज के प्राचार्य डॉ विवेक शर्मा ने शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न विकल्पों पर चर्चा करके छात्रों का मार्गदर्शन कर उन्हें प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया। मुशीर खॉ तरीन ने भी इस अवसर पर अपने विचार रखकर छात्रों का उत्साहवर्धन किया। छात्रों ने भी प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान परिचर्चा में बढ़-चढ़ कर प्रतिभा किया और अपने विचारों से भी अवगत कराया। कार्यक्रम का सुंदर एवं सफ़ल संचालन मीर शाह हुसैन आरिफ़ ने किया कार्यक्रम के समापन पर कॉलेज के मैनेजर अख़लाक हुसैन सैफ़ी ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद किया और कहा कि इस संगोष्ठी से छात्र-छात्राएं शिक्षा के क्षेत्र में भविष्य की तैयारी को लेकरअवश्य ही लाभान्वित हुए होंगे।

# जिला स्तरीय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बलिया।** खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश लखनऊ के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय बलिया द्वारा जिला स्तरीय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन पांच नवम्बर 2024 को वीर लोरिक स्पोर्ट्स स्टेडियम बलिया में किया गया। जिसका उद्घाटन कपिल देव राम उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र बलिया द्वारा कुश्ती बाउट को हाथ मिला कर किया गया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि जवाहर लाल यादव क्रीड़ाधिकारी बलिया द्वारा बैज अलंकरण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर 52 पलवानों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में खिलाड़ियों को उज्जवल भविष्य की कामना के साथ मेहनत और लग्न के साथ दृढ़संकल्पित होकर खेल के क्षेत्र में जनपद, प्रदेश व देश का नाम रौशन करने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर अजय प्रताप साहू, उप क्रीड़ाधिकारी, अजय राज सिंह, सच्चितानन्द राय, धमेंद्र पांडेय, रोहित भारद्वाज, आदि उपस्थित रहे। जिसमें 53 किग्रा भार वर्ग में प्रथम शनि कुमार, द्वितीय राज सिंह, तृतीय रवि वर्मा, 57 कि0 भार वर्ग में प्रथम चन्दन यादव, द्वितीय गोलू गुप्ता तृतीय कृष्ण कुमार ठाकुर, 61 कि0 भार वर्ग में प्रथम अमरेन्द्र सिंह, द्वितीय आनन्द यादव तृतीय साहिल कुमार यादव 65 कि0 भार वर्ग में प्रथम दीपक सिंह, द्वितीय विष्वजीत सिंह तृतीय दीपक कुमार यादव 70 कि0 भार वर्ग में प्रथम अब्दुल आजाद, द्वितीय नवीन कुमार यादव तृतीय लव कुष गुप्ता, 74 कि0 भार वर्ग में प्रथम आकाश कुमार, द्वितीय सुरज चौरसिया तृतीय बल्ली यादव, 79 कि0 भार वर्ग में प्रथम जय प्रकाश यादव, द्वितीय अष्वनी सिंह तृतीय दीपक यादव, 86 कि0 भार वर्ग में प्रथम विनित कुमार चौहान, द्वितीय विजेन्द्र कुमार यादव तृतीय अमित यादव, स्थान पर रहे। निर्णायक की भूमिका में सुधीर कुमार सिंह, अरविन्द गुप्ता, धनन्जय मौर्य, मो0 उजेर आदि रहे संचालन मो0 जावेद अख्तर ने एवं क्रीड़ा अधिकारी जवाहर लाल यादव ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# कोर्ट ने लगाया 15000 का जुर्माना साथ ही देनी होगी 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज

अवधनामा संवाददाता

■ इंश्योरेंस कंपनी अपने दायित्व से बचने के लिए लिया झूठ का सहारा अब देने होंगे 66433 रुपए कोर्ट ने लगाया 15000 का जुर्माना साथ ही देनी होगी 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज

**संभल।** निवासी पीयूष कुमार वार्ष्णेय ने अपने व अपने परिवार की सुरक्षा हेतु वर्ष 2016 में स्टार हैल्थ एंड एलॉयज इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड से 500000 तक की स्वास्थ्य बीमा पॉलिसी क्रय की थी जिसका निरंतर प्रीमियम अदा करते रहे। इसी बीच निजी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी नीवा भूपा हैल्थ इंश्योरेंस कंपनी के एजेंट ने पीयूष कुमार वार्ष्णेय से संपर्क किया और अपनी कंपनी की पॉलिसीयों की खूबियां बताई और बर्ष 2016 में क्रय की गई पॉलिसी को पोर्ट कराने के लिए कहा और बताया कि पूर्व बीमा कंपनी से अत्यधिक लाभ हमारी कंपनी से मिलेगा तथा वर्ष 2016 से पॉलिसी पर मिलने वाले नो क्लेम बोनस का लाभ भी मिल सकता है पॉलिसी को पोर्ट कराने पर प्राप्त होगा इसी क्रम में पीयूष कुमार ने अपनी हैल्थ बीमा पॉलिसी को नीवा भूपा हैल्थ इंश्योरेंस कंपनी में पोर्ट करा लिया पोर्ट करने के उपरांत परिवादी की प्रश्न गत पॉलिसी 10 लाख रुपए तक ईलाज की हो गई 26जनवरी 2022 को पीयूष की पत्नी अजेता के अचानक पेट में दर्द हुआ जिन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया निजी अस्पताल ने प्राथमिक उपचार करने के बाद हायर सेंटर ले जाने की सलाह दी जिस कारण उन्हें मुरादाबाद के निजी अस्पताल में ले जाकर भर्ती कराया गया इसकी सूचना उन्होंने बीमा कंपनी को भी दी थी बीमा कंपनी ने इलाज पर व्यय हुई धनराशि को देने में टालमटोल की इसी दौरान पुनः उनकी पत्नी का स्वास्थ्य 2फरवरी 22 को खराब हो गया और मुरादाबाद उपचार के लिए ले जाया गया तथा इलाज पर हुए व्यय की धनराशि के संबंध में समस्त औपचारिकताएं परिवादी द्वारा पूर्ण की गई ओर बीमा कंपनी से 66433 रुपए का भुगतान दोनों बार कराए गए इलाज के सम्बन्ध में व्यय धनराशि की मांग बीमा कंपनी से की गई परंतु बीमा कंपनी द्वारा अजेता के इलाज पर व्यय धनराशि यह कहकर इंकार किया गया कि यह उनकी प्रथम बीमा पॉलिसी है जबकि वर्ष 2016 में पॉलिसी को क्रय किया गया था और उसी पॉलिसी को ही पोर्ट कराया गया था परिवादी ने काफी प्रयास किया परंतु विपक्षी बीमा कंपनी ने नहीं सुना तब उन्होंने उपभोक्ता फोरम मामलों के विशेषज्ञ अधिवक्ता लव मोहन वार्ष्णेय से संपर्क किया और अपनी व्यथा बतायी तब लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट द्वारा उनकी ओर से जिला उपभोक्ता आयोग जनपद संभल में एक परिवाद प्रस्तुत किया गया और आयोग ने विपक्षी को नोटिस निर्गत कर अपना जवाब दाखिल करने के लिए कहा तो विपक्षी बीमा कंपनी ने वही अपना पूर्व दिए जवाब को आयोग में प्रस्तुत किया वादी की ओर से लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट ने आयोग को बताया कि प्रश्नगत बीमा पॉलिसी 2016 से क्रय करने के उपरांत निरंतर रूप से चल रही है तथा नो क्लेम बोनस का भी लाभ पोर्ट होने पर प्राप्त होने की संबंध में विपक्षी द्वारा बताया गया इसी कारण प्रश्नगत पॉलिसी को पोर्ट कराया गया अब वह अपने दायित्वो से वह बच नहीं सकती।

# यमुना एक्सप्रेस वे पर गांजे के बाद शराब की खेप पकड़ी

■ किन्नू की आड़ लेकर की जा रही थी शराब की तस्करी

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** तीन नवम्बर पर यमुना एक्सप्रेस वे पर माइलस्टोन संख्या 96 आगरा से नोइड़ा की तरफ पर एक गाडी कैन्टर संख्या यूपी 15 एफटी 6064 से करीब 180 किलो गांजा बरामद हुआ था। जिसकी बाजार में अनुमानित कीमत करीब 18 लाख रूपये आंकी गई थी। पांच नवम्बर को आबकारी विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्यवाही में हरियाणा से बिहार ले जाई जा रही करीब दो लाख की शराब को पकडा गया है। यमुना एक्सप्रेस वे पर चैकिंग के दौरान टाटा इंट्रा वाहन नंबर बीआर 01 जीएल 1581 में किन्नू फल के नीचे छिपकर गैर प्रान्त अवैध विदेशी मदिरा की 12 पेटी बोतलें (750 एमएल), व 10 पेटी पौव्वा (180 एमएल) कुल 22 पेटी (194.4 बल्क लीटर) अवैध शराब ले जायी जा रही थी। अवैध शराब को पानीपत हरियाणा से मधुवनी बिहार लेकर जा रहा थे। अभियुक्त मोहम्मद नजरें आलम पुत्र मो. नईम निवासी विजय सलीमपुर थाना पंडौल जिला मधुबनी बिहार के विरुद्ध थाना मांट में आबकारी अधिनियम व भारतीय न्याय संहिता' की सुसंगत धाराओं के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया है।

> थाना मांट में 22 पेटी शराब पकडी गई है। उसकी कीमत दो लाख से अधिक की बताई जा रही है। इसमें जो भी अभियुक्त हैं उनके खिलाफ हम कार्यवाही कर रहे हैं। यह अभियान हम अनवरत चला रहे हैं। जो भी अभियुक्त प्रकाश में आएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी।
>
> **शैलेन्द्र कुमार सिंह,**
> जिलाधिकारी मथुरा

# विद्युत संयोजन काटने पहुंची विद्युत टीम पर हमले का आरोप

- बकाया भुगतान न होने पर आलाधिकारियों के निर्देश पर हो रही थी कार्यवाही
- पार्षद पर सहयोगियों व मोहल्लेवासियों से मिलकर सरकारी दस्तावेज फाड़ने व मारपीट के आरोप
- जान से मारने की भी धमकी देने का आरोप, दूसरे पक्ष से महिला उपभोक्ता ने भी लगाये गंभीर आरोप
- दोनों पक्षों ने कोतवाली पुलिस को दिया शिकायती पत्र

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** विद्युत संयोजन लेने के बाद लम्बे समय से बिलों का भुगतान न होने पर मंगलवार को विद्युत विभाग की टीम जब मोहल्ला चौबयाना स्थित एक नम्बर स्कूल के पीछे पहुंची तो वहां मौजूद लोगों ने टीम का विरोध करते हुये गालियां दीं और मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी गयी। इस प्रकरण में विद्युत टीम में शामिल अवर अभियंता, टीजी-2 व संविदा कर्मियों ने वार्ड पार्षद व उनके सहयोगी साथियों पर नामजद करते हुये सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाया है। मारपीट के बाद लामबंद हुये विद्युत कर्मियों ने कोतवाली पहुंच कर प्रभारी निरीक्षक को एक शिकायती पत्र सौंपा, जिस पर पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली को दिये शिकायती पत्र में नझाई बाजार विद्युत उप केन्द्र 33/11 पर तैनात अवर अभियंता इंजी.प्रमोद कुमार, टी.जी.-2 सोनवीर सिंह, संविदा कर्मी उजागर सिंह पुत्र जवाहरलाल, प्रहालाद पुत्र मलखान सिंह, जितेन्द्र पुत्र रामसेवक, आशीष पुत्र हरिश्चंद्र रजक व हरीश पुत्र राजेन्द्रसिंह ने संयुक्त रूप से अवगत कराया कि वह सभी एक टीम के रूप में आलाधिकारियों के निर्देश पर सुबह करीब 10 बजे वार्ड संख्या- 25 मोहल्ला चौबयाना स्थित एक नम्बर स्कूल के पीछे कुआ के पास बकाया धनराशि वाले व लॉग अनपेड उपभोक्ताओं के डिस्कनेक्शन करने के लिए पहुंचे थे। तभी मीटर रीडर राजेश कुमार के बताये अनुसार जांच करने लगे। इसी बीच उपभोक्ता नीतू सिंह के पति शिवनारायण एवं मोहल्लेवासी पार्षद के साथ आये और उग्र हो गये। आरोप है कि उक्त लोगों ने गालियां देते हुये मारपीट कर दी और सरकारी प्रपत्र, संयोजन विच्छेदन रजिस्टर को फाड़कर फेंक दिया एवं सभी विद्युत कर्मियों के हाथ-पैर तोडने़ और जान से मारने की धमकी दी गयी। यह भी आरोप है कि उक्त लोगों ने मौका मिलते ही मारने की धमकी दी है। यह सुनकर किसी प्रकार पूरी विद्युत टीम जान बचाकर जैसे-तैसे भाग सकी। इस घटना की स्टाफ द्वारा वीडियोग्राफी भी की गयी है, जिस पर उक्त लोगों ने जिनमें पार्षद भी शामिल था ने मोबाइल छीनकर वीडियो डिलीट कर दी। घटना के बाद से पूरी विद्युत टीम सदमें में है और जानमाल को लेकर चिन्तित भी है। पीड़ित विद्युत टीम की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने प्रकरण की जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

### दूसरे पक्ष से महिला उपभोक्ता ने दिया शिकायती पत्र

विद्युत टीम के कर्मियों से मारपीट के मामले में मोहल्ला चौबयाना निवासी नीतू पत्नी शिवनारायण कुशवाहा ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि जांच के लिए आयी विद्युत विभाग की टीम में शामिल अवर अभियंता, टी.जी.-2 व संविदा कर्मियों ने स्वयं को सरकारी कर्मचारी बताते हुये जबरन घर के अंदर घुस आये और बिल बांकी होने का हवाला देते हुये विद्युत संयोजन काटने की बात कही। आरोप है कि उक्त लोगों ने अश्लील बातें करते हुये कहा कि तुम्हारा मीटर कटने से रूक सकता है यदि वह चाहे तो। उपभोक्ता ने बताया कि जब उसने इस हरकत का विरोध किया तो आग-बबूला हुये विद्युत कर्मियों ने 5 हजार रुपये की मांग की, जिस पर 3 हजार रुपये जबरन ले लिये और 2 हजार रुपये और देने की बात को लेकर विवाद हो गया। संविदा कर्मियों ने दीपावली की मिठाई के नाम पर 5-5 हजार रुपये की मांग पूरे मोहल्लेवासियों से की। महिला ने कहा कि पूरे मोहल्ले के लोगों को प्रताड़ित करते हुये अवैध धन वसूली का विरोध करने पर विद्युत कर्मियों द्वारा मामले में फंसाने की धमकी दी गयी।

### संत शिरोमणि नामदेवजी महाराज का 754 वां जन्मोत्सव 11 से

**ललितपुर।** बड़े ही हर्ष एवं उल्लास के साथ इस वर्ष भी संत शिरोमणि श्रीनामदेवजी महाराज का 754वां जन्मोत्सव एवं सत्यनारायण कथा एवं सुन्दरकाण्ड पाठ बड़ी ही भव्यता से 11 एवं 12नवंबर को आयोजित किया जा रहा है, जिसमे सभी को आमंत्रण पत्र देकर आमंत्रित किया गया है। इसे लेकर आयोजित बैठक में श्रीसत्यनारायण नामदेव समाज अध्यक्ष दीपक नामदेव पटवारी, महामंत्री दीपक नामदेव गब्बू, कोषाध्यक्ष अशोक नामदेव, प्रबंधक मनोहर लाल नामदेव, संयोजक दीपक नामदेव, वरि उपाध्यक्ष हरिश्चंद नामदेव, उपाध्यक्ष विनोद नामदेव, कनिष्ठ उपाध्यक्ष राकेश नामदेव रोंडा, प्रबंधक रोहित नामदेव, मंत्री रामकुमार नामदेव, शिक्षा मंत्री अनूप नामदेव, संगठन मंत्री अवधेश नामदेव, सह शिक्षा मंत्री राम नामदेव, प्रचार मंत्री बालकिशन नामदेव, सह प्रचार मंत्री उमाशंकर नामदेव, सह मंत्री नितिन नामदेव, शिक्षा मंत्री संजीव नामदेव, विधि सलाहकार हरिशंकर नामदेव, सह विधि सलाहकार प्रमोद नामदेव, ऑडिटर संदीप नामदेव, उपकोषाध्यक्ष शिवकांत नामदेव, सह संगठन मंत्री राजीव नामदेव, मीडिया प्रभारी अजय नामदेव, सांस्कृतिक मंत्री मुकेश नामदेव गोल्डी आदि शामिल रहे।

# श्रीहित उत्सव चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा धूमधाम से किया गया

अवधनामा संवाददाता

■ श्रीयमुना महारानी का भव्य चुनरी मनोरथ

**वृन्दावन (मथुरा)** केशीघाट क्षेत्र स्थित रसरानी महाआरती घाट पर श्रीहित उत्सव चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा कार्तिक मास के उपलक्ष्य में श्रीयमुना महारानी का दिव्य व भव्य चुनरी मनोरथ श्रीप्रियावल्लभ कुंज के सेवायत आचार्य विष्णु मोहन नागार्च एवं प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च के पावन सानिध्य में अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ।जिसके अंतर्गत कवर्धा दुर्ग, रायपुर, विलासपुर, अकोला, मुंबई आदि नगरों से पधारे समस्त भक्तों-श्रद्धालुओं ने वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य श्रीयमुना महारानी का पूजन करके दीप दान किया गया।साथ ही लाल चुनरी से श्रीयमुना महारानी का मनोरथ किया।तत्पश्चात् धूनी आरती व महाआरती आदि के कार्यक्रम किए गए।साथ ही प्रख्यात भजन गायकों द्वारा यमुना महारानी की महिमा से ओतप्रोत भजनों का गायन किया गया। इससे पूर्व गाजे-बाजे के मध्य भव्य शोभायात्रा निकाली गई।जो कि वंशी अली की कुंज शाहजहांपुर मंदिर, प्रताप बाजार, अनाज मंडी, श्रीप्रियावल्लभ कुंज का दक्षिण द्वार, बनखंडी महादेव, लोई बाजार, निधिवन, राधारमण मंदिर, गोपीनाथ बाजार होते यमुना तट-केशीघाट पर संपन्न हुई। श्रीप्रियावल्लभ कुंज के सेवायत आचार्य विष्णु मोहन नागार्च ने कहा कि यमुना महारानी समस्त ब्रजवासियों की परमाराध्य हैं।उनकी महिमा वेदों व पुराणों में भी कहीं गई है।गर्ग संहिता के अनुसार श्री यमुना महारानी गोलोक से ही आयी हैं और गोलोक ही पहुंचती हैं। इन्होंने सदियों और सभ्यताओं के उत्थान-पतन देखे, लेकिन इनका प्रवाह कभी बाधित नहीं हुआ।यमुना महारानी ने अपने पिता सूर्यदेव और भ्राता शनिदेव को भी ब्रज में ही बसाया है।जिनके दर्शनों के लिए यहां देश-विदेश के श्रद्धालु ब्रज में आते हैं। श्रीहित उत्सव चेरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापकाध्यक्ष व प्रख्यात भागवताचार्य श्रीहित ललित वल्लभ नागार्च ने कहा कि यमुना महारानी सप्त नदियों में से एक हैं।ये अत्यंत चमत्कारी व पुण्यदाई हैं। इनकी पूजा व आराधना करने से व्यक्ति को मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।प्राचीन काल के वेदव्यास, सौभर ऋषि, गर्गाचार्य,पाराशर, अत्रि, दुर्वासा आदि की विद्या का विकास भी यमुना महारानी की धारा के संस्पर्श से ही हुआ है। इस अवसर पर मुख्य यजमान निर्मल कुमार, मोहित कुमार, रोहित कुमार, विनीत कुमार माहेश्वरी, कवर्धा (छत्तीसगढ़), वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. गोपाल चतुर्वेदी, आचार्य रसिक वल्लभ नागार्च, तरुण मिश्रा, भरत शर्मा, डॉ. राधाकांत शर्मा, हितवल्लभ नागार्च आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न

**मथुरा।** कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में नन्दबाबा दुग्ध मिशन के अंतर्गत जनपद स्तरीय समिति की बैठक हुई संपन्न। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री स्वदेशी गौसंवर्धन योजना के सम्बन्ध में डिस्ट्रिक्ट एम्पूकेटिव कमेटी की बैठक में ज्यादा से ज्यादा प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री स्वदेशी गौ संवधर्न योजना के सम्बंध में डीईसी के सदस्य/ सचिव अतुल कुमार सिंह उप दुधशाला निकास अधिकारी मथुरा/मैनपुरी द्वारा जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी को विस्तार से जानकारी दी। मुख्यालय से उक्त योजनांतर्गत 24 यूनिट का लक्ष्य जनपद वार को दिया गया है। पशु पालकों को स्वदेशी नस्ल (साहीवाल, हरियाणा, थारपारकर, गिर) की दो गाय वाहय प्रदेश से खरीदने पर 80,000/- रूपये तक की सब्सिडी मुख्यालय लखनऊ द्वारा डीवीटी के माध्यम से दी जायेगी।

# धूमधाम से मनाया गया गंगा उत्सव, भव्य गंगा आरती के साथ हुए सांस्कृतिक और जागरूकता कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, जल शक्ति मंत्रलाय द्वारा गंगा नदी को भारत की ÷राष्ट्रीय नदी÷ घोषित किये जाने के उपलक्ष्य में जिला गंगा समिति व सामाजिक वानिकी प्रभाग द्वारा ÷गंगा उत्सव÷ का कार्यक्रम वृहद स्तर पर मनाया गया।

पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय में गंगा उत्सव के उपलक्ष्य में माँ गंगा के चित्र के समक्ष हृष्ट कैडेट ने मार्च पास्ट कर सलूट दिया। इसके बाद कॉलेज की छात्राओं ने मनमोहक रंगोली और पोस्टर बनाकर जागरूकता का सन्देश दिया। महाविद्यालय सभागार में परियोजना अधिकारी जिला गंगा समिति केतन दुबे ने सभी ने माँ गंगा और उसकी सहायक नदियों को स्वच्छ रखने के लिए गंगा शपथ दिलाई द्य तत्पश्चात मौजूद ललितपुर रेंज अधिकारीयों सहित कॉलेज स्टाफ व छात्राओं ने गंगा शपथ पोस्टर पर हस्ताक्षर कर जागरूकता अभियान में अपनी सहमति प्रकट की द्य इस मौके पर क्षेत्रीय वनाधिकारी भोला प्रसाद सिंह, प्राचार्य डॉ सूफिया, प्रीति शुक्ला, साधना नांगल, रंजना श्रीवास्तव, रत्ना याज्ञिक, आरती बुंदेला सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

सायकाल मुख्य कार्यक्रम रणछोड़ धाम पर गंगा की सहायक नदी बेतवा के घाट पर आयोजित किया गया। वैदिक मंत्रोचारण द्वारा पूजन उपरांत भव्य गंगा आरती का आयोजन किया गया। गंगा आरती से माहौल भक्तिमय हो गया। आरती में शामिल होने के लिए आसपास के कई गाँव से भक्तजन इकट्ठा हुए। आरती के उपरांत सभी ने दीपदान किया। दीपकों की रौशनी से पूरा बेतवा तट जगमगा उठा। छोटे ठाकुर ग्रुप की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने जन समूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। दूरदर्शन कलाकार मनमीत ठाकुर द्वारा प्रस्तुत गीत जल जीवन सफल बनाने है, तो अपनी नदियन खो प्रदुषण मुक्त कराने है ने श्रोताओं की खूब वाह वाही बटोरी।

इस अवसर पर प्रभागीय निदेशक गौतम सिंह ने कहा कि 2017 से गंगा उत्सव का आयोजन समूचे देश में किया जाता आ रहा है। मनुष्यों के लिए नदियाँ प्रकृति का वरदान है।

### गोकुल की बैंक आफ बड़ौदा में लगी आग हादसा

**मथुरा।** गोकुल के रतन चौक में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में रविवार की रात अचानक आधी रात को धूंआ निकलने लगा बैंक के समीप गोकुल नाथ जी मंदिर में ठहरे श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई उन्होंने शोर मचाया तो आसपास के लोग एकत्रित हो गए उन्होंने देखा कि बैंक में आग लग लगी है स्थानीय लोगों ने महावन पुलिस को जानकारी दी मौके पर पहुंची पुलिस एवं दमकल विभाग ने आग पर काबू पाया। रतन चौक में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा में रविवार की रात सर्किट शोर्ट होने से आग लग गई जिसमें इंवेटर बैटरी,एसी एवं अन्य सामान जल गया बैंक से धूंआ निकलने लगा पास में ही गोकुल नाथ जी मंदिर में श्रृद्धालु ठहरे हुए थे उनके कमरे में धूंआ पहुंचा तो वहां अफरातफरी मच गई शोर शराबा सुनकर स्थानीय लोग एकत्रित हो गए उन्होंने बैंक कर्मचारियों एवं पुलिस को जानकारी दी।

# हेजलवुड ने कहा, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मजबूत वापसी कर सकता है भारत

आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड का मानना है कि न्यूजीलैंड से श्रृंखला में करारी हार से भारत का आत्मविश्वास डगमगा गया होगा, लेकिन उन्होंने अपनी टीम को आगाह करते हुए कहा कि भारतीय टीम अधिक आक्रामक होकर 22 नवंबर से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में जोरदार वापसी कर सकती है। भारत को न्यूजीलैंड से तीनों मैच में हार का सामना करना पड़ा। यह पहला अवसर है जबकि घरेलू धरती पर तीन या इससे अधिक टेस्ट मैच की श्रृंखला में उसका सूपड़ा साफ हुआ।




हेज़लवुड ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से कहा,'वह (भारत) घायल शेर की तरह वापसी करने के लिए प्रतिबद्ध होगा। श्रृंखला शुरू होने पर ही हमें पता चलेगा की चीजें कैसे आगे बढ़ रही हैं। घरेलू धरती पर हार न केवल भारत के टेस्ट क्रिकेट इतिहास के सबसे बुरे दौर में से एक है, बल्कि इससे रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की अगले साल के विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए क्वालीफाई करने की संभावनाओं को भी करारा झटका लगा है। लगातार तीन हार का मतलब है कि भारत ने डब्ल्यूटीसी तालिका में ऑस्ट्रेलिया से अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया है।

भारत को लगातार तीसरी बार डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने के लिए ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने पांच में से चार मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। हेज़लवुड ने कहा इस करारी हार से उनका आत्मविश्वास कुछ डगमगाया होगा। उसके कुछ खिलाड़ी यहां खेल चुके हैं लेकिन कुछ ऐसे बल्लेबाज हैं जिनको यहां खेलने का अनुभव नहीं है। इसलिए वह पूरी तरह से सुनिश्चित नहीं होंगे कि उन्हें यहां किस तरह की चुनौती का सामना करना पड़ेगा। यह परिणाम निश्चित रूप से हमारे लिए अच्छा होगा।

उन्होंने कहा,न्यूजीलैंड की टीम को भी श्रेय मिलना चाहिए। उन्होंने पूरी श्रृंखला में शानदार क्रिकेट खेली। श्रृंखला तो छोड़ो भारत में एक मैच जीतना भी काफी मुश्किल होता है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। हेज़लवुड ने कहा हम इसके लिए तैयार हैं।यह श्रृंखला हमारे लिए काफी मायने रखती है। जब भी हम भारत के खिलाफ खेलते हैं तो वह एशेज में खेलने जैसा होता है। मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक बड़ी संख्या में मैच देखने के लिए आएंगे और टीवी रेटिंग भी बहुत ज्यादा हो सकती है।

# ऑस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं करते... इस भारतीय दिग्गज ने रोहित शर्मा पर साधा निशाना

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज टीम इंडिया के सीनियर खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली के लिए मुश्किलों से भरी रही। इन दोनों खिलाड़ियों के ना चलने का ही नतीजा रहा है न्यूजीलैंड ने पहले ही टेस्ट में टीम इंडिया को महज 46 के स्कोर पर समेट दिया था। वहीं विराट और रोहित की इस खराब फॉर्म के बीच भारतीय दिग्गज क्रिस श्रीकांत ने बहुत बड़ा बयान दे डाला है। न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज की 6 पारियों में 91 रन बनाने वाले रोहित शर्मा को लेकर श्रीकांत का मानना है कि हिटमैन को अब रिटायर हो जाना चाहिए।

अपने यूट्यूब शो पर क्रिस श्रीकांत ने भविष्यवाणी करके बताया कि यदि रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं करते हैं तो उन्हें टेस्ट क्रिकेट से अलविदा ले लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि, अब सब सोचने लगे हैं कि रोहित



शर्मा अगर ऑस्ट्रेलिया में अच्छा नहीं कर पाए, तो वो शायद टेस्ट क्रिकेट को अलविदा कह देंगे। रोहित ने पहले ही टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट ले ली है और टेस्ट क्रिकेट छोड़ने के बाद वो सिर्फ वनडे मैचों में खेलेंगे। हमें ये भी ध्यान रखना होगा कि उनकी अब उम्र बढ़ रही है वो अब युवा नहीं रहे हैं। वहीं क्रिस श्रीकांत ने रोहित शर्मा के अलावा विराट कोहली को लेकर कहा कि, कोहली ऑस्ट्रेलिया में अच्छा कमबैक करेंगे। श्रीकांत ने बताया कि, मेरी नजर में विराट कोहली ऑस्ट्रेलिया में बढ़िया कमबैक करेंगे। ऑस्ट्रेलिया में उन्हें रन बनाना पसंद है, ये उनकी ताकत भी है। ये कहना शायद अभी जल्दबाजी होगी कि कोहली को अब क्रिकेट छोड़ देना चाहिए। मैं उनकी रिटायरमेंट स्वीकारने को अभी तैयार नहीं हूं कोहली के पास अभी काफी समय बचा हुआ है।

# हरमनप्रीत की टॉप 10 में एंट्री, जानें स्मृति मंधाना किस नंबर पर है

इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल ने मंगलवार को महिला वनडे प्लेयर्स की ताजा रैंकिंग जारी की है। भारतीय महिला क्रिकेट टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फिर से टॉप-10 बल्लेबाजों की लिस्ट में एंट्री कर ली है। हरमनप्रीत दो स्थान ऊपर चढ़कर संयुक्त रूप से नौवे पर पहुंच गई हैं। उनके फिलहाल 654 रेटिंक अंक हैं। न्यूजीलैंड कैप्टन सोफी डिवाइन के भी इतने अंक हैं। हरमनप्रीत ने पिछले हफ्ते न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे वनडे में फिफ्टी जड़ी थी। उन्होंने 63 गेंदों में 6 चौकों के जरिए नाबाद 59 रन की पारी खेली। भारत ने तीन मैचों की वनडे सीरीज 2-1 से अपने नाम की। वहीं भारत की स्टार सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने न्यूजीलैंड के खिलाफ आखिरी वनडे में शतक लगाया था। उन्होंने 122 गेंदों में 10 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। मंधाना को सेंचुरी लगाने के




बावजूद रैंकिंग में फायदा नहीं मिला। वह चौथे स्थान पर ही बरकरार हैं।


हालांकि, मंधाना के 25 रेटिंग अंक बढ़े हैं। उनके खाते में अब 728 अंक हो गए हैं। बल्लेबाजों की सूची में टॉप पर इंग्लैंड की साइवर ब्रंट हैं। साउथ अफ्रीका की कप्तान लौरा वोल्वार्ड्ट दूसरे और श्रीलंका की कैप्टन चमारी अटापट्टू तीसरे स्थान पर हैं। बता दें कि, टॉप-10 में सिर्फ दो भारतीय खिलाड़ी हैं।

न्यूजीलैंड की ब्रुक हैलीडे ने लंबी छलांग लगाई है। वह 12 स्थान ऊपर चढ़कर 24वें पर पहुंच गई हैं। उनके 524 रेटिंग अंक हैं। उन्होंने भारत के खिलाफ तीसरे वनडे में 96 गेंदों में 86 रन बनाए थे, जिसमें 9 चौके और तीन सिक्स शामिल हैं। वहीं गेंदबाजों की सूची की बता करें तो भारत की दीप्ति शर्मा दूसरे पायदान पर काबिज हैं। तो इंग्लैंड की सोफी एक्लेस्टोन टॉप पर है। इंग्लैंड की ही केट क्रॉस दूसरे नंबर पर हैं।

# मैदान में विराट स्कोर बनाने वाले कोहली मना रहे 36वां बर्थडे

आज यानी की 05 नवंबर को भारतीय टीम के स्टार बैटर विराट कोहली अपना 36वां जन्मदिन मना रहे हैं। मौजूदा समय में किंग कोहली भारतीय टीम के अहम खिलाड़ी हैं। उन्होंने टीम इंडिया के लिए काफी अहम और शानदार पारियां खेली हैं। बता दें कि साल 2024 में कोहली ने टी20 विश्व कप 2024 में भारत के खिताब जीतने के बाद टी20 इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। अब किंग कोहली टेस्ट और वनडे क्रिकेट में खेलते हुए नजर आते हैं। जब कोहली अपने पूरे रंग में होते हैं, तो बड़े से बड़ा गेंदबाज उनके सामने पानी मांगता नजर आता है। वहीं किंग कोहली की दीवानगी से हर कोई भली-भांति वाकिफ हैं। तो आइए जानते हैं उनके बर्थडे के मौके पर क्रिकेटर विराट कोहली के जीवन से जुड़ी कुछ रोचक बातों के बारे में...

दिल्ली में 05 नवंबर को विराट कोहली का जन्म हुआ था। दिल्ली के उत्तम नगर में कोहली पले-बढ़े और उन्होंने इसी शहर से अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत सिर्फ 9 साल की उम्र में किया था। उन्होंने पहली बार 9 साल की उम्र में बल्ला थामा था। विराट कोहली ने बचपन







के कोच राजकुमार शर्मा की देखरेख में क्रिकेट की बारीकियों को सीखा है।

बता दें कि साल 2002 में विराट कोहली ने घरेलू क्रिकेट में कदम रखा। दिल्ली की अंडर-15 टीम की ओर से विराट ने अपना पहला मैच खेला और उन्होंने 2003 में टीम की कमान भी सौंप दी गई। जिसके बाद अंडर-15 में अपने बल्ले से धमाल मचाने वाले कोहली की सिलेक्शन विजय मर्चेंट ट्रॉफी के लिए हुआ।

साल 2006 में विराट कोहली के पिता प्रेम कोहली का हार्ट अटैक के कारण निधन हो गया। पिता की मृत्यु के बाद भी विराट अगले दिन कर्नाटक के खिलाफ खेले गए मैच में उतरे और इस दौरान न वह सिर्फ ग्राउंड पर उतरे बल्कि 90 रनों की शानदार पारी खेली। कहा जाता है कि यही से किंग कोहली के असली करियर की शुरूआत हुई थी। इसके बाद उन्होंने कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।

विराट कोहली ने अपनी कप्तानी में साल 2008 में भारतीय टीम को अंडर-19 चैंपियन बनाया और खूब सारी सुर्खियां बटोरी। अंडर-19 में अपने शानदार प्रदर्शन के दम पर कोहली की में एंट्री हुई और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने विराट कोहली पर बड़ा दांव खेला।

साल 2008 में इंटरनेशनल क्रिकेट की पिच पर विराट कोहली ने पहली बार कदम रखा। हालांकि वेस्टइंडीज के खिलाफ खेले गए मैच में कोहली खास कमाल नहीं दिखा सके और 4 रन बनाकर आउट हो गए। लेकिन इसके बाद किंग कोहली ने भारतीय टीम के लिए कई शानदार पारियां खेलीं। जिसके चलते उनको वर्ल्ड कप 2011 की टीम में जगह मिली। इस फाइनल मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ कोहली ने 35 रन की पारी खेली। अब तक विराट भारत के लिए 111 टेस्ट मैच खेल चुके हैं। जिनमें से खेली गई 187 पारियों में कोहली के बल्ले से 49.29 की औसत से 8676 रन निकले हैं। कोहली के नाम पर क्रिकेट के सबसे लंबे फॉर्मेट में 29 शतक और 29 अर्धशतक दर्ज हैं।

# ऐश्वर्या राय के माथे पर लगा है ये बड़ा कलंक, एक्ट्रेस को कलंकित करने में पति अभिषेक बच्चन ने भी दिया था पूरा साथ, ये मामले दोनों के करियर से जुड़ा हैं!

ऐश्वर्या राय एक बड़ी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने अपने करियर में हम दिल दे चुके समन, देवदास जैसी बड़ी हिट फिल्में दी हैं। उनकी खूबसूरती और कातिल अदाओं ने दर्शक कायल हुआ करते थे और इसके साथ ही उनकी सधी हुई कलाकारी उनके काम में जान डाल देती थी। लेकिन कहते हैं न कि हर सितारा जो चमक रहा होता है उनसे काफी अंधकार भी देखा होता हैं। ऐश्वर्या राय भी उनमें से एक हैं। ऐश्वया राय के करियर को कथित तौर पर कलंकित करने वाली एक फिल्म थी, जो अभी तक की उनके करियर की सबसे बड़ी फ्लॉप फिल्म थी। इस फिल्म ने उनके पति अभिषेक बच्चन भी जुड़े हैं।आइये जानते हैं विस्तार से ये पूरा मामला-

बॉलीवुड में रीमेक का दौर आज से नहीं बल्कि सालों से चला आ रहा है। दूसरी भाषाओं के अलावा बॉलीवुड में भी हिंदी फिल्मों के रीमेक बनाए गए हैं। ऐसी फिल्मों में सबसे पहले देवदास का नाम आता है। इसके पहले वर्जन में दिलीप कुमार लीड रोल में थे, वहीं रीमेक में शाहरुख खान थे। दोनों ही फिल्मों को दर्शकों और आलोचकों का भरपूर प्यार मिला। इसके अलावा एक और फिल्म है जिसका शानदार रीमेक बनाया गया, लेकिन पहले वर्जन के मुकाबले दूसरी फिल्म ने बिल्कुल भी अच्छा प्रदर्शन नहीं किया। इस फिल्म में ऐश्वर्या राय



बच्चन लीड रोल में थीं। काफी उम्मीदों के बावजूद फिल्म सफल नहीं हो पाई। इसके अलावा ऐश्वर्या राय के साथ उनके पति अभिषेक बच्चन भी रोमांस करते नजर आए, जबकि एक और बॉलीवुड एक्टर ने उनकी लवस्टोरी को बर्बाद करने की कोशिश की।

कवि और लेखक मिर्जा हादी रुसवा द्वारा 1899 में लिखा गया उमराव जान अदा उर्दू साहित्य के बेहतरीन उपन्यासों में से एक माना जाता है। कहानी एक ऐसी लड़की के इर्द-गिर्द घूमती है जिसे बचपन में वेश्यालय में बेच दिया जाता है और वह लखनऊ की सबसे मशहूर वेश्याओं में से एक बन जाती है। इस उपन्यास ने भारत और पाकिस्तान दोनों में कई फ़िल्म और टेलीविज़न रूपांतरणों को प्रेरित किया है। भारत में दो सबसे चर्चित रूपांतरण थे, एक में रेखा और दूसरे में ऐश्वर्या राय मुख्य नायिका थीं। 2006 में, जेपी दत्ता ने ऐश्वर्या राय को मुख्य भूमिका में लेकर उमराव जान बनाई। इसमें अभिषेक बच्चन, शबाना आज़मी, सुनील शेट्टी, दिव्या दत्ता और कुलभूषण खरबंदा जैसे दमदार कलाकार भी अहम भूमिकाओं में थे। ऐश्वर्या से पहले प्रियंका को ऑफ़र की गई थी फ़िल्म पूर्व मिस वर्ल्ड की एक्टिंग और जेपी दत्ता के निर्देशन को दर्शकों ने पसंद नहीं किया और फ़िल्म बॉक्स ऑफ़िस पर फ्लॉप हो गई। 15 करोड़ रुपये की लागत से बनी उमराव जान ऐश्वर्या राय की सबसे बड़ी फ़्लॉप फ़िल्म बन गई। बॉक्स ऑफ़िस इंडिया पोर्टल के अनुसार, इसने भारत में केवल 7.42 करोड़ रुपये कमाए। उमराव जान की रिलीज से पहले जेपी दत्ता ने खुलासा किया था कि ऐश्वर्या नहीं बल्कि प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म के लिए उनकी पहली पसंद थीं। साल 2005 में पीटीआई से बात करते हुए निर्देशक ने कहा था, मैं उस मुकाम पर पहुंच गया था जहां मुझे फैसला लेना था। मैं प्रियंका के साथ काम करना चाहता था। मैंने उन्हें उमराव जान के तौर पर देखा था। लेकिन हम एक डेड एंड पर थे।

जेपी दत्ता ने साल 1997 में भारत की सबसे बेहतरीन वॉर ड्रामा फिल्म बॉर्डर बनाई थी। उमराव जान की असफलता से वे इतने निराश हुए कि उन्होंने अपनी अगली फिल्म पलटन को 12 साल के लिए टाल दिया। 12 साल तक फिल्मों से दूर रहने के बाद उन्होंने साल 2018 में इस फिल्म से वापसी की थी। जैकी श्रॉफ, अर्जुन रामपाल, सोनू सूद, हर्षवर्धन राणे, सोनल चौहान और ईशा गुप्ता जैसे कलाकारों से सजी इस वॉर ड्रामा को भी दर्शकों ने नकार दिया था। जेपी दत्ता अब बॉर्डर 2 पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म के लिए उन्होंने सनी देओल, दिलजीत दोसांझ और वरुण धवन जैसे सितारों को कास्ट किया है।

# अजय देवगन, कार्तिक आर्यन की फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया

दिवाली के ठीक एक दिन बाद बीते शुक्रवार को बॉलीवुड की दो बड़ी फिल्में सिंघम अगेन और भूल भुलैया 3 सिनेमाघरों में रिलीज हुई। दोनों फिल्मों से लोगों को काफी उम्मीदें थीं। माना जा रहा था कि दिवाली वीकेंड के चलते इन्हें बंपर ओपनिंग मिलेगी। दोनों ने पहले दिन ही अच्छी शुरुआत की। अब दोनों फिल्मों को रिलीज हुए 3 दिन हो चुके हैं, इन्होंने पहले वीकेंड का टेस्ट पार कर लिया है। सिंघम अगेन और 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर लिया है। दोनों ही वीकेंड का टेस्ट पार करती नजर आ रही हैं, लेकिन कमाई के मामले में अजय देवगन की फिल्म कार्तिक आर्यन से काफी आगे निकल गई है, जिसे अब पाना काफी मुश्किल होने वाला है। आइए आपको बताते हैं कि तीसरे दिन के आंकड़ों के साथ दोनों फिल्मों ने कितनी कमाई की। सिंघम अगेन की कमाई

सनीलक के आंकड़ों के अनुसार, सिंघम अगेन ने बॉक्स ऑफिस पर अपने पहले 2 दिनों में अच्छा प्रदर्शन





किया और भारत में अनुमानित 86 करोड़ रुपये कमाए। तीसरे दिन भी इस फिल्म को देखने के लिए सिनेमाघरों में भीड़ उमड़ी और रविवार को भी अनुमानित आंकड़े सामने आए। फिल्म ने अब तक अनुमानित 35 करोड़ रुपये कमाए हैं। ये शुरुआती आंकड़े हैं, इससे करीब पांच से सात करोड़ रुपये की बढ़ोतरी देखने को मिलेगी। अब तक कुल आंकड़ा 121 करोड़ रुपये है।

सनीलक के आंकड़ों के मुताबिक, कार्तिक आर्यन की भूल भुलैया 3 ने अपने पहले 2 दिनों में बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया और अनुमानित 72.50 करोड़ रुपये कमाए। भूल भुलैया 3 का तीसरे दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन भी 33.5 करोड़ रुपये के करीब रहा है। इस आंकड़े में एक से तीन करोड़ रुपये की बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है। माना जा रहा है कि कार्तिक की फिल्म तीसरे दिन 40 करोड़ का आंकड़ा पार नहीं कर पाएगी। कुल कलेक्शन पर नजर डालें तो यह 106 करोड़ के करीब है।

फिलहाल दोनों की कमाई पर नजर डालें तो सिंघम अगेन और भूल भुलैया कड़ी टक्कर दे रही हैं, लेकिन सिंघम अगेन 15-17 करोड़ रुपये ज्यादा कमाकर रेस में सबसे आगे चल रही है। दोनों ही फिल्मों को बड़ी फ्रेंचाइजी से जुड़े होने का खास फायदा मिल रहा है।

# मिथुन चक्रवर्ती और हेलेना ल्यूक की शादी सिर्फ़ 4 महीने ही चली थी, इस वजह से हो गया था दोनों का तलाक

हाल ही में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित बॉलीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की पहली पत्नी हेलेना ल्यूक का अमेरिका में निधन हो गया है। मशहूर डांसर और अभिनेत्री कल्पना अय्यर ने अपने सोशल मीडिया पेज पर यह जानकारी साझा की है। मिथुन और हेलेना की शादी महज चार महीने ही चली थी। अमिताभ बच्चन की फिल्म मर्द में हेलेना ने खास किरदार निभाया था। लंबे समय से अमेरिका में रह रहीं हेलेना ने डेल्टा एयरलाइंस में भी काम किया था। अपनी एक पोस्ट में उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी खराब सेहत के बारे में लिखा था, लेकिन मेडिकल हेल्प न लेने की वजह से 3 नवंबर 2024 को उनका निधन हो गया।

हेलेना ल्यूक के निधन के बाद उनकी आखिरी फेसबुक पोस्ट तेजी से वायरल हो रही है। हेलेना ने रविवार सुबह 9:20 बजे लिखा, अजीब लग रहा है। मिले-जुले भाव और पता नहीं क्यों। बेचैन। लोग पोस्ट पर कमेंट कर रहे हैं और अंदाजा लगा रहे हैं कि मौत से एक दिन पहले हेलेना को ऐसा क्यों महसूस हो रहा था। वहीं, उनके चाहने वालों ने पोस्ट पर कमेंट कर उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की है।

हेलेना ने मनमोहन देसाई की ब्लॉकबस्टर मसाला फिल्म मर्द में ब्रिटिश महारानी का किरदार निभाया था। उनका किरदार लेडी हेलेन पहले



आजाद सिंह (दारा सिंह) और फिर उसके बेटे राजू/मर्द तांगेवाला (अमिताभ बच्चन) को बचाती है। फिल्म में अमिताभ का डायलॉग, आज पता चला, सब गोरों का दिल काला नहीं होता मैडम उस समय काफी मशहूर हुआ था। इसके अलावा हेलेना कई अन्य फिल्मों में भी नजर आई, जिनमें आओ प्यार करें, दो गुलाब और साथ-साथ जैसी फिल्में शामिल हैं। हालांकि, बॉलीवुड में हेलेना का सफर ज्यादा लंबा नहीं रहा।

रिपोर्ट्स की मानें तो मिथुन चक्रवर्ती की मुलाक़ात मॉडल-अभिनेत्री हेलेना ल्यूक से अभिनेत्री सारिका से ब्रेकअप के बाद हुई थी। कहा जाता है कि दोनों को पहली नज़र में ही प्यार हो गया और उन्होंने शादी कर ली। उस समय मिथुन अपने करियर के चरम पर थे और हेलेना उनकी पहली पत्नी थीं। हालांकि, शादी जल्द ही खत्म हो गई। शादी के सिर्फ़ चार महीने बाद ही हेलेना ने तलाक मांग लिया क्योंकि एक्ट्रेस को मिथुन का साथ पसंद नहीं आया था और बाद में मिथुन ने अभिनेत्री योगिता बाली से शादी कर ली। अपने तलाक के बारे में बात करते हुए हेलेना ने एक इंटरव्यू में कहा था कि वो इस शादी से खुश नहीं थीं. मिथुन द्वारा किए गए वादों ने उनका दिमाग खराब कर दिया था। दोनों के बीच चीज़ें ठीक नहीं रहीं। हेलेना ने ये भी कहा था कि वो मिथुन के पास कभी नहीं जाएंगी। आपको बता दें कि हेलेना सालों से न्यूयॉर्क में रह रही थीं और डेल्टा एयरलाइंस में बतौर फ्लाइट अटेंडेंट काम कर रही थीं।

# 'दंगल' के दौरान फातिमा सना शेख को हो गई थी ये शर्मिंदा कर देने वाली बीमारी, एक्ट्रेस ने कहा लोगों को लग रहा था मैं ड्रग्स लेती हूं

अभिनेत्री फातिमा सना शेख जो 2016 की फिल्म दंगल से लोकप्रिय हुई। एक्ट्रेस को फिल्म की शूटिंग के दौरान मिर्गी का पता चला। 32 वर्षीय अभिनेत्री ने हाल ही में एक साक्षात्कार में लोगों के सामने मिर्गी के दौरे से डरने के बारे में बात की, क्योंकि उनका मानना था कि तंत्रिका संबंधी विकार समाज में ÷बहुत कलंक है। फातिमा ने फिल्मफेयर को बताया, दंगल की शूटिंग के दौरान मुझे मिर्गी का पता चला। पहले तो मैं इनकार करती रही और यह स्वीकार करने को तैयार नहीं थी कि मुझे तंत्रिका संबंधी विकार है, इसलिए मैंने कोई दवा नहीं ली। उसे डर था कि लोगों के सामने उसे मिर्गी का दौरा पड़ सकता है।

अभिनेत्री ने कहा, मिर्गी के दौरे से बहुत कलंक जुड़ा हुआ है। लोग सोचते हैं कि आप या तो ड्रग्स ले रहे हैं, ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं, या भूत-प्रेत से ग्रसित हैं और इससे बचना चाहिए।

शुरू में, उन्होंने दवा लेने से भी परहेज किया, यह सोचकर कि वे



इसके बिना सामान्य जीवन जी सकती हैं। उसने साझा किया क्योंकि मैं अपनी दवाइयों के साथ असंगत थी, इसलिए मुझे और भी दौरे पड़ते थे। मैं दवाइयाँ नहीं लेना चाहती थी। मैं न केवल लोगों से लड़ रही थी, बल्कि दवाइयों से भी। मुझे लगा कि मुझे सामान्य जीवन जीने के लिए उनकी ज़रूरत नहीं है।

फ़ातिमा, जिन्होंने बाद में लूडो, ठग्स ऑफ़ हिंदोस्तान और धक-धक जैसी फ़िल्मों में अभिनय किया, को हफ़्ते में एक या दो बार दौरे पड़ते थे, जिससे उन्हें कार्यक्रमों से पहले चिंता होती थी। फ़ातिमा सना शेख़ ने कहा, चमकती रोशनी मिर्गी के लिए एक जाना-माना ट्रिगर है, हालाँकि वे हमेशा दौरे का कारण नहीं बनती हैं। लेकिन मैं इतनी डरी हुई थी कि मैंने कार्यक्रमों और स्क्रीनिंग में जाना बंद कर दिया।

हालाँकि, उसने आखिरकार पैपराज़ी को अपनी स्थिति के बारे में बताया। वे अविश्वसनीय रूप से विचारशील थे। उन्होंने इस बात पर ध्यान दिया कि जब मैं आस-पास होती तो फ़्लैश फ़ोटोग्राफ़ी का उपयोग न करें। कभी-कभी, मेरे सहकर्मी समझ नहीं पाते थे, लेकिन पपराज़ी समझ जाते थे, अभिनेता ने साझा किया। अब, निदान के कुछ वर्षों बाद, फातिमा ने अपनी स्वास्थ्य स्थिति को स्वीकार कर लिया है और लोगों के सामने इसके बारे में खुलकर बात करने से नहीं डरती। वह बिना किसी शर्म के इससे निपटती है ऐसे दिन होते हैं जब मैं बिल्कुल भी शूटिंग नहीं कर पाती। कभी-कभी मेरे एपिसोड की वजह से शूटिंग रद्द हो जाती है, और ऐसे दिन भी होते हैं जब मेरा माइग्रेन इतना गंभीर होता है कि मैं काम नहीं कर पाती।

अभिनेत्री ने पहली बार 2022 में सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के साथ (मुझसे कुछ भी पूछें) सत्र के दौरान अपनी चिकित्सा स्थिति के बारे में बात की थी। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा जब मैं दंगल के लिए प्रशिक्षण ले रही थी, तब मुझे इसका पता चला। मुझे एक एपिसोड हुआ और मैं सीधे अस्पताल में जागी। तब पता चला कि मिर्गी के नाम की कोई चीज़ होती है। पहले तो मैं इनकार करती रही (पांच साल तक)। और अब, मैंने इसे अपनाना, इसके इर्द-गिर्द काम करना और जीना सीख लिया है। आखिरी बार सैम बहादुर में विक्की कौशल के साथ नज़र आई फातिमा सना शेख अगली बार अनुराग बसु की मेट्रो... इन डिनो में नज़र आएंगी।

## वाराणसी में पत्नी और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या



**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी जिले के भेलूपुर थाना क्षेत्र में सोमवार देर रात एक व्यक्ति ने पत्नी और तीन बच्चों की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद आरोपित मौके से फरार हो गया। मंगलवार को मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस टीम पहुंची और मामले की जांच में जुट गयी।

पुलिस के मुताबिक भदैनी गांव में रहने वाले राजेन्द्र गुप्ता ने पत्नी नीतू (45), बेटे नवेन्द्र गुप्ता (25), सुबेंद्र गुप्ता (15) और बेटी गौरंगी गुप्ता (16) की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह फरार हो गया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच कर साक्ष्य एकत्र किए। राजेंद्र के घर में 20 किरायेदार रहते हैं, लेकिन किसी को भी भनक नहीं लगी। स्थानीय निवासी शिवम ने बताया कि आरोपित का अपनी पत्नी से आए दिन झगड़ा होता था। वह दूसरी शादी करना चाहता था। राजेंद्र को किसी ज्योतिषि ने बताया था कि उसकी तरक्की में पत्नी नीतू बाधा बन रही है। राजेंद्र दूसरी शादी करना चाहता था लेकिन पत्नी इसका विरोध करती थी। आशंका है? कि इसी वजह से उसने अपनी पत्नी और तीनों बच्चों का मारा डाला। राजेंद्र पहले भी अपने पिता और एक गार्ड की हत्या कर चुका है।

## अल्जीरिया के साथ रक्षा सहयोग के लिए ऐतिहासिक समझौता करके भारत लौटे सीडीएस

**संबोधित**

**यात्रा के दौरान जनरल चौहान ने हायर वॉर कॉलेज के निदेशक से बातचीत की और पीपुल्स नेशनल आर्मी के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया।**



**नई दिल्ली।** चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान ने अल्जीरिया के साथ रक्षा सहयोग के लिए ऐतिहासिक समझौता करके मंगलवार को भारत लौटे। पीपुल्स डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ अल्जीरिया के चार दिवसीय दौरे पर गए सीडीएस ने भारतीय सैन्य प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया। यह यात्रा भारत-अल्जीरिया संबंधों को और सशक्त करने के व्यापक प्रयास का हिस्सा थी, जिसमें हाल के वर्षों में विशेष रूप से व्यापार, शिक्षा, प्रौद्योगिकी एवं रक्षा के क्षेत्र में सहयोग बढ़ा है। सीडीएस जनरल चौहान 31 अक्टूबर को यात्रा पर गए थे और 03 नवंबर तक की आधिकारिक यात्रा के दौरान अल्जीरियाई सैन्य नेतृत्व से मुलाक़ात की। इस दौरान जनरल अनिल चौहान और उनके समकक्ष अल्जीरियाई पीपुल्स नेशनल आर्मी के चीफ ऑफ स्टाफ जनरल सईद चानेग्रिहा ने दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता न केवल द्विपक्षीय सैन्य सहयोग में एक कदम आगे माना जा रहा है, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में दीर्घकालिक सहभागिता की नींव भी रखता है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने 01 नवंबर को अल्जीरियाई क्रांति की 70वीं वर्षगांठ पर आयोजित सैन्य परेड और विशिष्ट कार्यक्रमों के श्रृंखला के लिए जनरल सईद चानेग्रिहा की सराहना की। यात्रा के दौरान जनरल चौहान ने हायर वॉर कॉलेज के निदेशक से बातचीत की और पीपुल्स नेशनल आर्मी के वरिष्ठ अधिकारियों को संबोधित किया। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने अपनी वैश्विक आकांक्षाओं में अल्जीरिया और भारत के भौगोलिक लाभों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि किसी राष्ट्र का मुख्य रणनीतिक दृष्टिकोण उसके भूगोल और ऐतिहासिक अनुभव से ही आकार लेता है। चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ ने वैश्विक संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का आह्वान करते हुए कहा कि भारत हमेशा से वैश्विक संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करता रहा है। भारत ने अल्जीरिया में अपनी रक्षा शाखा को फिर से स्थापित किया है और भारत में अल्जीरिया की रक्षा शाखा को फिर से खोलने का स्वागत किया है। सीडीएसजनरल चौहान ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति का उल्लेख करते हुए कहा कि आज की जटिल भू-राजनीतिक स्थिति में हम अपनी जिम्मेदारियों को समझते हैं और विश्व के लिए एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में एक 'विश्व-बंधु' की तरह जुड़ने की इच्छा रखते हैं। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में हुए समझौते और प्रौद्योगिकी विकास में भारत द्वारा की गई प्रमुख प्रगति का भी जिक्र किया। जनरल चौहान ने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं और वे अल्जीरिया की पीपुल्स नेशनल आर्मी के साथ अपने अनुभव साझा करने के लिए तैयार हैं।

## आईपीएस संजय वर्मा को महाराष्ट्र का नया डीजीपी बनाया गया



**मुंबई।** चुनाव आयोग ने मंगलवार को वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी संजय वर्मा को महाराष्ट्र का मया पुलिस महानिदेशक नियुक्त किया है। आईपीएस संजय वर्मा 1990 बैच के अधिकारी हैं और वर्तमान में कानून और तकनीकी के महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। वह अप्रैल, 2028 में सेवानिवृत्त होने वाले हैं और महाराष्ट्र डीजीपी पद के लिए वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की सूची में उनका नंबर सबसे ऊपर था। महाराष्ट्र की पूर्व डीजीपी रश्मि शुक्ला पर पक्षपात पूर्ण काम करने के आरोप के बाद सोमवार को चुनाव आयोग ने उनका तबादला कर दिया था। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव से तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों के नाम मांगे थे। राज्य सरकार के मुख्य सचिव ने संजय वर्मा, संजीव कुमार सिंघल और रितेश कुमार के नाम चुनाव आयोग को भेजे थे। इनमें सबसे वरिष्ठ संजय वर्मा को महाराष्ट्र का डीजीपी नियुक्त करके मंगलवार शाम पांच बजे तक पद भार ग्रहण करने का आदेश दिया गया है।

## संसद सदस्यों ने देशबंधु चित्तरंजन दास को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**नई दिल्ली।** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज देशबंधु चित्तरंजन दास की जयंती के अवसर पर संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर संसद सदस्यों, लोक सभा सचिवालय और राज्य सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने भी देशबंधु चित्तरंजन दास को श्रद्धांजलि अर्पित की। लोक सभा सचिवालय द्वारा देशबंधु चित्तरंजन दास के जीवन परिचय पर आधारित पुस्तिका की अंग्रेजी और हिन्दी प्रतियाँ समारोह में उपस्थित गण्यमान्य व्यक्तियों को भेंट की गईं। देशबंधु चित्तरंजन दास के चित्र का अनावरण भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने 12 सितंबर, 1958 को संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में किया था।

## जेपीसी में शामिल विपक्षी नेताओं ने की लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात

**नई दिल्ली।** वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर बनी संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) में शामिल विपक्षी सदस्यों ने मंगलवार को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। विपक्षी सदस्यों का कहना है कि जेपीसी के अध्यक्ष जगदंपिका पाल एकतरफा निर्णय ले रहे हैं।

मुलाकात के बाद तृणमूल कांग्रेस नेता कल्याण बनर्जी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सभी सदस्यों की चिंताओं को सुना और इस मुद्दे को देखने का आश्वासन दिया। लोकसभा अध्यक्ष से मुलाकात करने वालों में आम आदमी पार्टी नेता संजय सिंह, द्रमुक नेता ए राजा, तृणमूल नेता कल्याण बनर्जी और अन्य सांसद शामिल थे। आज जेपीसी की बैठक में दाऊदी बोहरा समुदाय की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता हरीश साल्वे ने पक्ष रखा।

## हरियाणा, त्रिपुरा और मिजोरम के लिए 15वें वित्त आयोग का अनुदान जारी

सत्यमेव जयते
15th Finance Commission

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने हरियाणा, त्रिपुरा और मिजोरम के ग्रामीण स्थानीय निकायों (आरएलबी) के लिए वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान 15वें वित्त आयोग का अनुदान जारी किया है।

पंचायती राज मंत्रालय ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि हरियाणा के पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई)/आरएलबी को पहली किस्त के रूप में 194.867 करोड़ रुपये की अनटाइड ग्रांट दी गई है। ये फंड राज्य की 18 पात्र जिला पंचायतों, 139 पात्र ब्लॉक पंचायतों और 5911 पात्र ग्राम पंचायतों को वितरित किए गए हैं, जिन्होंने रिलीज के लिए अनिवार्य शर्तें पूरी की हैं।

त्रिपुरा में ग्रामीण स्थानीय निकायों के लिए, 31.40 करोड़ रुपये की अनटाइड अनुदान की पहली किस्त और 47.10 करोड़ रुपये की टाइड अनुदान की पहली किस्त जारी की गई है। ये धनराशि सभी 1260 ग्रामीण स्थानीय निकायों, पारंपरिक स्थानीय निकायों जैसे 1 टीटीएएडीसी (त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद), मुख्यालय; 40 ब्लॉक सलाहकार समितियों; और 587 ग्राम समितियों के लिए है। 15वें वित्त आयोग ने मिजोरम के पीआरआई/आरएलबी के लिए वित्तीय वर्ष 2022-23 के अनटाइड अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 14.20 करोड़ रुपये और वित्तीय वर्ष 2022-23 के टाइड अनुदान की दूसरी किस्त के रूप में 21.30 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। ये धनराशि स्वायत्त जिला परिषद क्षेत्रों सहित सभी 834 ग्राम परिषदों के लिए है।

## हेमंत सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए : मल्लिकार्जुन खरगे

**आदिवासियों**

**मल्लिकार्जुन ने कहा कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं।**



**हजारीबाग।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खरगे ने मंगलवार को झारखंड में इंडी गठबंधन के प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने हजारीबाग के मांडू विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे जयप्रकाश भाई पटेल के पक्ष में लोगों से वोट देने की अपील की। साथ ही राज्य में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही गठबंधन सरकार की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सोरेन सरकार ने झारखंड की जनता के हित में कई बड़े निर्णय लिए। खरगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर भी हमला बोला। खासकर प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी वाले बयान के लिए उन्हें आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कहते हैं कि 'ये मोदी की गारंटी हैज'. कहां है आपकी गारंटी। खरगे ने कहा कि गारंटी कांग्रेस की नेता सोनिया गांधी ने दी थी। उनकी वजह से भूखे लोगों को आज अन्न मिल रहा है। उन्होंने मनरेगा योजना की गारंटी दी थी। लोगों को साल 100 दिन के रोजगार की गारंटी मिली थी। आज मोदी की सरकार इस योजना को खत्म करने में लगी हुई है। उन्होंने मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि 'आपके वादों का कद भी आपके जैसा है। कभी भी नाप के देखो तो कम निकलता है। मल्लिकार्जुन ने कहा कि मोदी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की बात करते हैं। आदिवासियों की बात करते हैं। हेमंत सोरेन की सरकार ने 2022 में एससी-एसटी के आरक्षण को बढ़ाने का प्रस्ताव पास करके भेजा था। आज भी वह प्रस्ताव राजभवन में पड़ा है। उसे मंजूरी क्यों नहीं दी जा रही। यदि आप एससी-एसटी-ओबीसी के हितैषी हो, तो आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी क्यों नहीं करते। वर्ष 2022 में झारखंड सरकार ने जो प्रस्ताव केंद्र को भेजा था, उसमें ओबीसी आरक्षण को 14 फीसदी से बढ़ाकर 27 फीसदी करने की सिफारिश की गई थी। एससी का आरक्षण 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 12 प्रतिशत और एसटी का आरक्षण 26 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का प्रस्ताव था। इसे अब तक मंजूरी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि देखिए आज महंगाई और पेट्रोल-डीजल का क्या हाल है।

## देशभर में नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया छठ महापर्व



**नई दिल्ली।** सूर्य उपासना का सबसे बड़ा पर्व छठ आज देशभर में नहाय-खाय के साथ शुरू हो गया। छठ पूजा के इस चार दिवसीय अनुष्ठान में व्रती नदियों और अन्य जलस्त्रोतों में स्नान कर सूर्यदेव को जल से अर्घ्य देंगे। कल लोहंडा खरना पर व्रती दिनभर उपवास कर शाम को सूर्यदेव को नमन कर प्रसाद ग्रहण करेंगे। गुरुवार शाम अस्ताचलगामी और शुक्रवार को उदीयमान सूर्य को अर्घ्य देने के साथ चार दिवसीय अनुष्ठान का समापन होगा। लोक आस्था के सबसे बड़े महापर्व की शुरुआत आज पवित्र स्नान के साथ होगी। इस अवसर पर चार दिवसीय अनुष्ठान का संकल्प लिया गया। कल खरना का प्रसाद ग्रहण कर 36 घंटे का निर्जला उपवास शुरू होगा।

## एस जयशंकर की ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात, कहा-व्यापक रणनीतिक साझेदारी बढ़ रही



**कैनबरा।** भारतीय विदेशमंत्री एस. जयशंकर ने आज यहां अपनी ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने अपने पड़ोसी देशों, हिंद-प्रशांत, पश्चिम एशिया, यूक्रेन और वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। इस अवसर पर जयशंकर ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। भारतीय विदेशमंत्री जयशंकर ने अपने एक्स हैंडल पर इस मुलाकात का संक्षिप्त विवरण और फोटो साझा करते हुए लिखा आज कैनबरा में 15वीं भारत-ऑस्ट्रेलिया विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता (फॉरेन मिनिस्टर्स फ्रेमवर्ग डायलॉग) का समापन हुआ। हमारी व्यापक रणनीतिक साझेदारी लगातार बढ़ रही है। यह मजबूत राजनीतिक संबंधों, मजबूत रक्षा और सुरक्षा सहयोग, विस्तारित व्यापार, अधिक गतिशीलता और गहन शैक्षिक संबंधों में परिलक्षित होता है।वोंग ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलिया और भारत की साझेदारी हमारे साझा क्षेत्र की शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए महत्वपूर्ण है। आज, मैंने 15वीं ऑस्ट्रेलिया-भारत विदेश मंत्रियों की रूपरेखा वार्ता के लिए कैनबरा में अपने अच्छे मित्र डॉ. एस. जयशंकर का स्वागत किया।%% वोंग ने घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया अगले साल 2025 में पहली बार भारत में 'फर्स्ट नेशंस बिजनेस मिशन' भेजेगा। उन्होंने कहा कि दोनों देश विज्ञान, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, कृषि, शिक्षा, कौशल और पर्यटन सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग कर रहे हैं। ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्रालय की तरफ से दी गई जानकारी के मुताबिक दोनों नेता इस बात पर चर्चा करेंगे कि विज्ञान और प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश सहित महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपने सहयोग को कैसे आगे बढ़ाया जा सकता है। साथ ही रक्षा तथा समुद्री सुरक्षा भागीदारी को कैसे गहरा किया जा सकता है। दोनों नेता रायसीना डायलॉग के ऑस्ट्रेलियाई संस्करण रायसीना डाउन अंडर में भी हिस्सा लेंगे।

## पाकिस्तान में सुरक्षा गार्ड की गोलीबारी में चीन के दो नागरिक घायल

**कराची।** पाकिस्तान की आर्थिक राजधानी कराची के औद्योगिक क्षेत्र में मंगलवार को एक सुरक्षा गार्ड की गोलीबारी में चीन के दो नागरिक जख्मी हो गए। इसके बाद गार्ड रफूचक्कर हो गया। सिंध के गृहमंत्री जिया लंजर ने डीआईजी (साउथ) से घटना की विस्तृत रिपोर्ट तलब की है। साथ ही घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कराची शहर के औद्योगिक क्षेत्र की एक फैक्टरी में हुई इस वारदात में दो चीनी नागरिक घायल हो गए, जिन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोली चलाने के बाद सुरक्षा गार्ड मौके से फरार हो गया। एसएसपी कराची फैजान अली ने भी चीन के दो नागरिकों को गोली मारने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि घायलों का इलाज लियाकत नेशनल अस्पताल में किया जा रहा है।

## हसीना सरकार के पतन के बाद बांग्लादेश में 180 प्रभावशाली लोग जांच के घेरे में, 24 के पास दोहरी नागरिकता

**ढाका।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने शेख हसीना सरकार के पतन के बाद 180 प्रभावशाली व्यक्तियों पर शिकंजा कसा है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग ने पांच अगस्त से 15 अक्टूबर के बीच इनके दस्तावेज खंगाले है। जांच में खुलासा हुआ है कि इन लोगों में से 24 लोग दूसरे देशों की नागरिकता ले चुके हैं। आयोग की इनके खिलाफ अवैध धन अधिग्रहण और मनी लॉन्ड्रिंग की जांच जारी है। बांग्लादेश की राजधानी ढाका से छपने वाले बांग्ला अखबार प्रोथोम अलो की खबर के अनुसार पूर्व प्रधानमंत्री हसीना के पूर्व सलाहकार सलमान एफ रहमान गुप्त रूप से साइप्रस की नागरिकता प्राप्त कर चुके हैं। उन्हें छात्र-जन विद्रोह के दौरान अपदस्थ किया जा चुका है। पूर्व विदेश मंत्री हसन महमूद के पास बेल्जियम का स्थायी निवासी परमिट है। पूर्व वित्तमंत्री एएचएम मुस्तफा कमाल ब्रिटेन के नागरिक हैं। दो पूर्व मंत्री नसरुल हामिद और जुनैद अहमद पलक के पास संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने के लिए वैध अनुमति ग्रीन कार्ड है। भ्रष्टाचार निरोधक आयोग के हवाले से खबर में कहा गया कि पांच पूर्व मंत्रियों एएचएम मुस्तफा कमाल, मोहम्मद ताजुल इस्लाम, सैफुज्जमान चौधरी, खालिद महमूद चौधरी और मोहम्मद महबूब अली के पास ब्रिटेन की नागरिकता है। इनमें से महबूब अली को 15 सितंबर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। चार पूर्व मंत्रियों और राज्य मंत्रियों अब्दुस शाहिद, नसरुल हामिद, जुनैद अहमद, मोहम्मद अली अराफात, अब्दुस सोभन मिया उर्फ ??गोलाप, महफुजुर रहमान और सलाहुद्दीन महमूद जाहिद के पास अमेरिकी नागरिकता या ग्रीन कार्ड हैं। अब्दुस शाहिद, जुनैद अहमद और अब्दुस शोभन मिया वर्तमान में जेल में हैं। इसके अलावा छह के पास कनाडा की नागरिकता है। इनमें पूर्व मंत्री अब्दुर रहमान, पूर्व सांसद महबूब उल आलम हनीफ, अलाउद्दीन अहमद चौधरी (नसीम), शमीम उस्मान, शफीकुल इस्लाम (शिमुल) और हबीब हसन हैं। पूर्व मंत्री खांडेकर मुशर्रफ हुसैन के पास स्विस नागरिकता है। पूर्व रेल मंत्री जुलुल हकीम के पास जापान का निवासी कार्ड है। तंगेल-2 निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व सांसद तनवीर हसन उर्फ ??छोटो मोनिर जर्मनी के नागरिक हैं। मैमनसिंह-11 के पूर्व सांसद एमए वहीद ने पापुआ न्यू गिनी की नागरिकता ली है। आयोग की जांच में नामित 24 व्यक्तियों में से पांच वर्तमान में जेल में हैं। अन्य पांच अगस्त के बाद से भूमिगत हैं। उनके मोबाइल नंबर कथित तौर पर स्विच ऑफ हैं। आशंका कई लोग देश छोड़कर भाग गए हैं।

**अनुमति**

**दो पूर्व मंत्री नसरुल हामिद और जुनैद अहमद पलक के पास संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने के लिए वैध अनुमति ग्रीन कार्ड है।**



## बांग्लादेश की राजधानी ढाका में मदरसा छात्रों की रैली से यातायात व्यवस्था ध्वस्त


**शामिल**

**ओलामा मशायेख बांग्लादेश के आह्वान पर आहूत इस रैली में विभिन्न जिलों के हजारों छात्र शामिल हुए।**




**ढाका।** बांग्लादेश की राजधानी ढाका में आज सुबह मदरसा छात्रों की रैली से यातायात व्यवस्था ध्वस्त हो गई। ओलामा मशायेख बांग्लादेश के आह्वान पर आहूत इस रैली में विभिन्न जिलों के हजारों छात्र शामिल हुए। यह लोग सुहरावर्दी उद्यान में एकत्र हुए। यह रैली सुबह नौ बजे शुरू हुई। ढाका ट्रिब्यून अखबार के अनुसार, इस रैली की वजह से ढाका विश्वविद्यालय के आसपास यातायात अनियंत्रित हो गया। ढाका एलिवेटेड एक्सप्रेस-वे के निकास रैंप, मोगबाजार, फार्मगेट, नीलखेत, शाहबाग, कारवां बाजार, ककरैल और गुलिस्तान के पास लोगों को जाम का सामना करना पड़ा। स्थानीय विद्यार्थियों के अनुसार, टीएससी क्षेत्र और राजू स्कल्प्चर के आसपास वह घंटों जाम में फंसे रहे। ढाका यूनिवर्सिटी के प्रॉक्टर सैफुद्दीन अहमद ने कहा विश्वविद्यालय प्रशासन स्थिति को नियंत्रण में लाने की कोशिश कर रहा है। बड़ी भीड़ को संभालना चुनौतीपूर्ण है। कल रात से परिसर के आसपास वाहनों को प्रतिबंधित कर दिया गया था। रैली में हिस्सा लेने आए लोग नहीं माने। ढाका विश्वविद्यालय की छात्राओं का कहना है कि उन्हें बाहरी लोगों की छींटाकशी का सामना करना पड़ा।

## श्रीलंका की पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा ने सुरक्षा कटौती पर गंभीर चिंता जताई



**कोलंबो।** श्रीलंका की पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा ने अपने सुरक्षा दस्ते में शामिल अधिकारियों और जवानों की संख्या में कटौती किये जाने पर गंभीर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि सुरक्षा बेड़े में की गई कटौती से उन्हें कोई भी निशाना बना सकता है। उन्होंने इस चिंता में अपने पति विजया कुमारतुंगा की हत्या का भी जिक्र किया है। श्रीलंका के अखबार डेली मिरर के अनुसार पूर्व राष्ट्रपति चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा ने अपनी चिंता से सार्वजनिक सुरक्षा मंत्रालय के सचिव रवि सेनेविरत्ने को पत्र लिखकर अवगत कराया है। उन्होंने कहा कि उनके सुरक्षा अधिकारियों की संख्या 50 से घटाकर केवल 30 कर दी गई है। पूर्व राष्ट्रपति के अनुसार उनके सुरक्षा प्रमुख और सुरक्षा प्रभाग के निदेशक एसएसपी चंद्रकुमार ने विशेष सुरक्षा प्रभाग के प्रभारी सीनियर डीआईजी अजित हेसिरी को सूचित किया था कि उनकी सुरक्षा के लिए कम से कम 50 अधिकारी आवश्यक हैं। चंद्रिका भंडारनायके कुमारतुंगा ने कहा कि वह सबसे अधिक जोखिम वाले पूर्व राष्ट्रपतियों में से एक हैं। उन पर एक बार हमला भी हो चुका है। लिट्टे ने 2006 और 2014 में उन्हें निशाना बनाने की घोषणा की थी। उन्होंने दावा किया कि पूर्व राष्ट्रपति महिंदा राजपक्षे के सुरक्षा बेड़े में 243, पूर्व राष्ट्रपति मैत्रीपाला सिरिसेना की सुरक्षा में 109 और गोटबाया राजपक्षे के सुरक्षा दस्ते में 200 अधिकारी और कर्मचारी हैं। पत्र में उन्होंने इतनी बड़ी संख्या में कटौती के पीछे के तर्क पर सवाल उठाते हुए हैरानी जताई है।

## संयुक्त राज्य अमेरिका में आ गई फैसले की घड़ी, हैरिस और ट्रंप का इम्तिहान



**वाशिंगटन।** संयुक्त राज्य अमेरिका में अगले चार साल की दिशा तय करने की बहुप्रतीक्षित घड़ी आ गई। यहां मंगलवार सुबह अगले राष्ट्रपति के निर्वाचन के लिए मतदान शुरू होगा। संभावना है देररात यह भी तय हो जाए कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ड्रंप में से कौन व्हाइट हाउस पहुंचेगा। अब देखना यह बाकी है कि अमेरिकी मतदाता अपना अगला पथ प्रदर्शक किसे चुनते हैं। कुल आठ उम्मीदवारों में मुख्य मुकाबला भारतीय मूल की डेमोक्रेटिक पार्टी की कमला हैरिस और रिपब्लिकन पार्टी के डोनाल्ड ट्रंप के बीच है। चुनाव की पूर्व संध्या पर डोनाल्ड ट्रंप ने आगाह किया कि हैरिस जीतीं तो तीसरे विश्वयुद्ध का खतरा है। प्रचार के अंतिम क्षणों में हैरिस ने अश्वेत और अरब मूल के मतदाताओं का दिल जीतने की कोशिश की। संयुक्त राज्य अमेरिका में हुए ओपिनियन पोल के अनुसार, 60 वर्षीय कमला और 78 वर्षीय ट्रंप के बीच कांटे की टक्कर है। मतदान की निर्धारित तिथि से पहले 7.7 करोड़ वोटर वैकल्पिक तरीकों से मतदान कर चुके हैं। इस चुनाव पर नई दिल्ली की भी नजर है। मगर भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु के गांव थुलसेंद्रपुरम में खास उत्साह है। कमला हैरिस के परिवार से गहरे जुड़ाव वाला यह गांव जश्न के माहौल में डूबा हुआ है। गांव को कमला हैरिस के पोस्टरों से सजाया है। उनकी जीत के लिए मंदिर में विशेष प्रार्थना की गई है। कमला हैरिस अगर जीतती हैं तो वह भारत और भारतीय मूल के लोगों के लिए गर्व का बड़ा विषय होगा। करीब 235 वर्ष के राष्ट्रपति चुनाव के इतिहास में पहला मौका होगा जब कोई महिला अमेरिका की राष्ट्रपति बनेगी। थुलसेंद्रपुरम कमला हैरिस के नाना पीवी गोपालन का मूल गांव है। हैरिस की मां श्यामला दिल्ली विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका चली गईं। हैरिस कैलिफोर्निया के ओकलैंड में पली-बढ़ीं हैं।

# डीएम ने किया कार्यालय खंड विकास अधिकारी बक्सा का निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर।** जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र के द्वारा कार्यालय खंड विकास अधिकारी बक्सा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी के द्वारा विभिन्न पटलों का गहनता से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया गया कि पत्रावलियों का रख-रखाव उचित ढंग से किया जाए और अभिलेख अद्यतन रहे। इस दौरान उन्होंने उपस्थिति पंजिका देखा और कर्मचारियों को निर्देशित किया कि समय से कार्यालय में उपस्थित होते हुए उपस्थित पंजिका पर अपना हस्ताक्षर अवश्य करें। उन्होंने कार्यालय में एकीकृत सामाजिक कल्याण के पोर्टल के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित पेंशन के सन्दर्भ में जानकारी ली इस दौरान दिव्यांगों के आधार कार्ड की फीडिंग की जा रही थी जिसका निरीक्षण कर जिलाधिकारी ने दिव्यांग पेंशन के सन्दर्भ में जानकारी लेते हुए निर्देश दिया कि शीघ्र अतिशीघ्र कार्य पूर्ण कर दिव्यांगों को पेंशन का लाभ दिलाया जाना सुनिश्चित करें। कार्यालय में साफ-सफाई पाये जाने पर संतोष जाहिर की। निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र के निर्माण में प्रगति न पाए जाने पर संबंधित कार्यदाई संस्था के अधिकारी को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने दवाओं की



उपलब्धता के संबंध में जानकारी ली दवाई उपलब्ध मिली और निर्देश दिया कि सभी आवश्यक दवा उपलब्ध रहें। बाहर की दवाएं न लिखी जाए। राजकीय पौधशाला बक्सा के निरीक्षण के दौरान उपलब्ध पौधों के संबंध में जानकारी ली और पूछा कि कितने पौधे की बिक्री हो जाती है। इस दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि सभी ग्राम प्रधान, प्रधानाध्यापक के माध्यम से विद्यालयों, पंचायत घरों में आंवला और सहजन के पौधे लगाए जाए। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रीय किसानों को गेहूं बीज तथा खाद शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु आश्वस्त भी किया। इसके पूर्व जिलाधिकारी के द्वारा कंपोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय शिवगुलामगंज विकासखंड बक्सा का भी औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कक्षा 6 में जाकर बच्चों से विज्ञान और गणित के प्रश्न पूछे तथा उन्होंने गणित में भिन्न के सवालों को हल कर बच्चों को बताया। और उन्हें गणित के प्रति प्रेरित किया। इसके पश्चात उन्होंने मिड-डे-मील वितरण के संबंध में जानकारी ली और कहा कि मीनू के अनुसार नियमित रूप से बच्चों को पौष्टिक भोजन दिया जाए और साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने विद्यालय में दिव्यांग बच्चों के संबंध में जानकारी ली और पौधे वितरित किए। जिलाधिकारी ने उपस्थित अध्यापकों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि समय से विद्यालय में उपस्थित होकर बच्चों को गुणवत्ता परक संस्कार युक्त शिक्षा प्रदान की जाए।

## छठ पूजा के तहत डीएम ने किया घाटों का निरीक्षण

**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने छठ पूजा को सकुशल सम्पन्न कराने एवं छठ पूजा की सभी तैयारियों को समय से सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत आज गौरीशंकर घाट एवं दलालघाट का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने ईओ नगर पालिका को नदी में समय से बैरीकेटिंग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि घाट के किनारे कहीं पर गन्दगी नही दिखायी देना चाहिए। उन्होने छठ पूजा वाले सभी घाटों पर सफाई व्यवस्था, बैरीकेटिंग एवं लाईट/सजावट आदि की व्यवस्था समय से सुनिश्चित कराने के निर्देश अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को दिये।

## शौर्य दीप श्रीवास्तव बने फूलपुर के सहप्रभारी



**प्रयागराज।** फूलपुर उपचुनाव में इण्डिया गठबंधन के उम्मीदवार मुजतबा सिद्दीकी को जिताने के लिए सपा अधिवक्ता सभा के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई है। अधिवक्ता सभा के प्रदेश अध्यक्ष सिकंदर यादव ने पत्र जारी कर प्रदेश सचिव शौर्य दीप सचिन श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारियों प्रदेश महासचिव सैयद मिन्हाजुद्दीन, उपाध्यक्ष गण सुशील यादव, सुनील ठेकमा, सुषमा यादव, ओमप्रकाश विश्वकर्मा, रेहान अहमद, शिवशंकर सरोज एवं कमलेश रतन एडवोकेट को सह प्रभारी नियुक्त कर चुनाव प्रचार की जिम्मेदारी दी गई है।

## हम्माद और नोमान ने दौलत हुसैन को जिताया




**प्रयागराज।** मोहम्मद हम्माद के हरफनमौला खेल (65 रन एवं 5.2-2-1-5) और नोमान की उम्दा गेंदबाजी (7-0-56-5) के दम पर दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने गंगा डिग्री कॉलेज को एक विकेट से हराकर शशि द्विवेदी अंडर-14 बालक एवं बालिका क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किये। दौलत हुसैन कॉलेज मैदान पर मंगलवार को खेले गये मैच में गंगा डिग्री कॉलेज ने 30.1 ओवर में 184 रन (सुधांशु 86, दिव्यांशु पटेल 42, मोहम्मद हम्माद 5/11, नोमान 5/56) बनाये। जवाब में दौलत हुसैन इंटर कॉलेज ने 31.5 ओवर में नौ विकेट पर 185 रन (मोहम्मद हम्मान 65, मोहम्मद बशर 28, मोहम्मद अब्दुल्ला 24, अभिताब 4/43, अंशु पटेल 3/46) बना लिये। मैच में हितेश श्रीवास्तव व राहुल सिंह अंपायर एवं अंकित पांडेय स्कोरर रहे।

## किशन यूपी अंडर-19 क्रिकेट टीम में

**प्रयागराज।** शहर के युवा गेंदबाज किशन सिंह को कूच बिहार ट्रॉफी के लिए उत्तर प्रदेश की अंडर-19 क्रिकेट टीम में शामिल किया गया है। उत्तर प्रदेश की टीम अपना मुकाबला छह नवंबर से मध्य प्रदेश के विरुद्ध बरेली में खेलेगी। डीपीएस मैदान पर आशीष नेहरा नेहरा अकादमी में स्वाति सिंह से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले किशन सिंह विगत दो वर्षों से आईपीएल में गुजरात टाइटंस के नेट गेंदबाज के रूप में सेवा दे रहे हैं।

# पराली जलाना दण्डनीय अपराध, लग सकता है रु. 15 हजार तक जुर्माना

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** कृषि सूचना तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं कृषक जागरूकता कार्यक्रम, आत्मा योजनान्तर्गत कृषि विभाग द्वारा मंगलवार को विकास खण्ड केराकत एवं डोभी के खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय परिसर में ब्लाक स्तरीय रबी उत्पादकता गोष्ठी/कृषि निवेश मेला का आयोजन किया गया इसमें किसानों को रबी फसलों की आधुनिक तकनीकियो से खेती करने तथा खेतों में पराली न जलाने का सुझाव दिया गया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चंद्र यादव ने कहा कि किसान खेतों में पराली कदापि न जलाए, बल्कि बायो डी कम्पोजर से खाद बनाने एवं उन्नति शील कृषि यंत्रों से पराली प्रबंधन का सुझाव दिया तथा बताया कि सैटेलाइट से पकड़ें जाने पर दो एकड़ तक पराली जलाने वाले कृषको पर रुपये 2500, पाच एकड़ तक पाच हजार रुपये तथा पाच एकड़ क्षेत्रफल से अधिक पराली जलाने पर रुपये 15 हजार जुर्माना के साथ सारी सरकारी योजनाओं से बंचित कर दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि खेतों में पराली जलाने पर मनुष्य एवं जीव जन्तुओ के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है, पराली को यथा स्थान मिट्टी में सड़ाने से मृदा का तापमान नियंत्रित रहता है, पीएच मान एवं मृदा की संरचना में सुधार होता है। मृदा की जल धारण क्षमता एवं वायु संचार बढ़ता है जिससे उत्पादन लागत में कमी एवं उत्पादकता में वृद्धि होती है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक अमहित डा. आरके सिंह ने रबी फसलों की वेहतर उत्पादन तकनीक यथा खेत की तैयारी, बीज शोधन, सन्तुलित उर्वरक प्रबंधन, लाइन सोईग, खरपतवार सुरक्षा तथा कृषि इंजीनियर वरुण कुमार ने लाईन सोइग की जानकारी दिया। एसएमएस डा. शिवानंद ने कम लागत में अधिक उत्पादन वाली प्राकृतिक खेती की जानकारी दिया। अध्यक्षता खण्ड विकास अधिकारी पवन कुमार तथा संचालन प्राविधिक सहायक शिव दयाल रघुवंशी द्वारा किया गया। इस मौके पर उप संभागीय कृषि प्रसार अधिकारी डा. स्वाति पाहुजा, एडीओ एजी. चन्द्र मोहन सिंह, दयानन्द सिंह, एडीओ पीपी अशोक सिंह, बीटीएम महीप श्रीवास्तव, शिव कुमार, बाल कुमार, दल सृगार, वर्षाती पाल आदि किसान मौजूद रहे।

# 72 मरीजों का रमा हास्पिटल में दी गई नि:शुल्क चिकित्सकीय परामर्श

**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** रमा चौरिटेबल ट्रस्ट द्वारा गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण हेतु निशुल्क कैम्प का आयोजन मंगलवार को नगर के नरौली स्थित रमा मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर में किया गया। कैम्प में 72 मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श किया गया। इस दौरान स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ एमडी डा खुशबू सिंह ने कहा कि इस मौसम में खाने-पीने का विशेष ध्यान रखें ठण्डी चीजो के सेवन से बचे और फल का सेवन दोपहर में करे। साथ ही घरों को भी साफ सुथरा रखें ताकि संक्रमण से बचा जा सकें। गर्भवती महिलाए स्वच्छ पानी और हरी सब्जी का प्रयोग करें व मसालेदार खाने से परहेज करें लापरवाही बिल्कुल ना करें गर्भवती महिलाएं इससे बचने का पूरा प्रयास करें जिससे जच्चा-बच्चा दोनों ठीक रहे। उन्होंने कैम्प का लाभ उठाने वाली महिलाओं से कहाकि अब से यह कैम्प पूर्व की भांति प्रत्येक माह की पहले मंगलवार को आयोजित किया जाएगा। रमा चौरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंधक डा अमित सिंह ने बताया की कुल 72 महिलाओं का निशुल्क जांच व



प्रशिक्षण किया गया। हमारा लक्ष्य की हर वह व्यक्ति जो गरीब से गरीब तबके का है उनके घर की गर्भवती महिलाएं इस शिविर में जांच जरूर करवाएं जिससे जच्चा बच्चा दोनों का प्रशिक्षण कर देखा जा सकें कि वह स्वस्थ है। हास्पिटल के व्यवस्थापक अविनाश सिंह ने बताया कि हर महीने की पहले मंगलवार को सुबह 11 बजे से 4 बजे तक सेवाओं का लाभ उठा सकते है। श्री सिंह ने बताया कि रमा हास्पिटल आगामी दिनों में हाईटेक स्तर की सुविधाओं को बढ़ाकर स्वास्थ्य के क्षेत्र में बढ़ा मुकाम हासिल करेगा। इस अवसर पर व्यवस्थापक अविनाश सिंह, गौरव सिंह, मनीष सिंह, मोनू सिंह, श्रीकांत खरवार, विकास, नागेन्द्र मौर्य, सीमा अनिता गीता सहित आदि स्टाफ मौजूद रहे।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट / जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य /उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0 / लॉट सं0 | 22178-SLR-F1-BSB-CSMT-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 01.11.2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18.11.2024 at 11:00 hrs. |
| नीलामी बंद करने की तिथि व समय | 18.11.2024 at 11:30 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 3417/2024 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, जामों, जनपद - अमेठी**

पंत्राक : 975/पं0रा0वि0-पं0वि0आ0/निविदा-सूचना/2024-25 दिनांक - 23.10.2024

**अल्प कालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल उ0प्र0 की ओर से पंचम राज्य वित्त/पन्द्रहवाँ वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्यो की दिनांक-11.11.2024 को सायं 3.00 बजे तक मोहर बन्द दरें/निविदायें आंमत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक-08.11.2024 को पूर्वाहन 10.00 बजे से अपरान्ह 4.00 बजे तक निर्धारित शुल्क नकद अथवा खण्ड विकास अधिकारी जामों के पक्ष में बैंक डांफ्ट द्वारा भुगतान करके विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदादाताओं द्वारा अपनी मुहर बन्द निविदा दिनांक-11.11.2024 को सायं 3.00 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा रजिस्टर्ड डाक द्वारा जमा की जा सकती हैं। प्राप्त समस्त निविदायें दिनांक-11.11.2024 को विकास खण्ड कार्यालय में सायं-3.30 बजे निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी। निविदा के साथ जी0एस0टी0 पंजीकरण तथा 100 रू0 के स्टाम्प पेपर पर फोटो सहित स्वघोषणा पत्र जो नोटरी द्वारा प्रमाणित हो भी संलग्न करना होगा। निविदा प्रपत्र पर किसी प्रकार की कटिंग अथवा उपरिलेखन मान्य न होगा। बिना कारण बताये किसी भी निविदा को अस्वीकृत करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी जामों को होगा। आपूर्ति की जाने वाली सामाग्री की मात्रा बिल ऑफ क्वांटिटी के अनुसार करना होगा।

| क्र. स. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (2.00 प्रतिशत) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत जामों में मंड़ी में हीरालाल के घर से कॉलोनी तक इ0ला0 व नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 2 | ग्राम पंचायत सम्भई में विन्ध्या पासी के घर से वृजेश के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.75 | 11500.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 3 | ग्राम पंचायत टिकरा में गंगाराम (गंगा पाल) के घर से सन्तराम के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 4 | ग्राम पंचायत मयास में सुदामा के घर से पक्की सड़क तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 7.00 | 14000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 5 | ग्राम पंचायत भोएं में फूलमती के घर से गाँव तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 6 | ग्राम पंचायत सरमे में पक्की सड़क से शिव प्रकाश के खेत तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 7 | ग्राम पंचायत बलभद्रपुर में कर्मदत्त के दरवाजे से सोनू के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 8 | ग्राम पंचायत भवानीगढ़ में सूर्यलाल के घर से गंगाराम के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 9 | ग्राम पंचायत मवई में पक्की सड़क से कयूम के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 10 | ग्राम पंचायत रामपुरनौरंगाबाद में मेन रोड से सिराज के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 11 | ब्लाक में मीटि ंग हाल नवीनीकरण कार्य। | 6.00 | 12000.00 | 1000.00 | 3 माह |
| 12 | ग्राम पंचायत मझगवां में जगेशरगंज में जगन्नाथ के घर से तालाब तक तक नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 13 | ग्राम पंचायत उमराडीह में संगीता के घर से अंकित के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 14 | ग्राम पंचायत कपासी में रामलखन पासी के घर से निहारी के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 15 | ग्राम पंचायत ऐंधी में गौशपुर में पुरानी इ0ला0 से पुलिया तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 16 | ग्राम पंचायत ऐंधी में मेन रोड से अखिलेश के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 17 | ग्राम पंचायत वर्रा में पूरे यदुराम के पुरवा से सीता कोरी के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 18 | ग्राम पंचायत गोरियाबाद में रईस के घर से कलीम के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 19 | ग्राम पंचायत गोरियाबाद में इन्तजार के घर से रियाज के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 20 | ग्राम पंचायत सम्भई में रामचन्दर पासी के दरवाजे से बाबा रामानन्द दास के दरवाजे तक तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 21 | ग्राम पंचायत गौरा में पक्की सड़क से सारस यादव के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 22 | ग्राम पंचायत रामपुर चौधरी में मनीराम के घर से पप्पू सिंह के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 23 | ग्राम पंचायत मूघी में गुड्डू के घर से मालिक के घर तक इ0ला0 निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 24 | ग्राम पंचायत बरौलिया में रामू के घर से माताफेर के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 25 | ग्राम पंचायत घोसियान में माता प्रसाद के घर से दुखछोर के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 26 | ग्राम पंचायत अजबगढ़ में बाबा नगर चौराहा से सीतल की दुकान तक नाली निर्माण कार्य। | 4.60 | 9200.00 | 500.00 | 3 माह |
| 27 | ग्राम पंचायत दूरामऊ में फकीरा बाबा के घर से नचना तक नाला निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 28 | ग्राम पंचायत बाजगढ़ी में रामउजेर के घर से अनारा के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 29 | ग्राम पंचायत हरदों में लवकुश मौर्या के घर से राजाराम के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 4.60 | 9200.00 | 500.00 | 3 माह |
| 30 | ग्राम पंचायत रेशी में ओम प्रकाश के घर से देवता के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |
| 31 | ग्राम पंचायत हेरुआ में पक्की सड़क से सोहराब के खेत तक नाली निर्माण कार्य। | 5.00 | 10000.00 | 500.00 | 3 माह |

**खण्ड विकास अधिकारी**
**जामों-अमेठी**

# शेयर बाजार की शानदार रिकवरी, सेंसेक्स व निफ्टी में जोरदार तेजी

**नई दिल्ली।** घरेलू शेयर बाजार ने आज शुरुआती गिरावट का सामना करने के बाद दिन के दूसरे सत्र में हुई खरीदारी के सपोर्ट से शानदार रिकवरी की। आज का कारोबार शुरू होने के बाद बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार 0.60 प्रतिशत से भी ज्यादा लुढ़क गया था लेकिन दिन के दूसरे सत्र में हुई जोरदार खरीदारी ने शेयर बाजार को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। दिन के कारोबार में सेंसेक्स निचले स्तर से 1,200 अंक से अधिक और निफ्टी 385 अंक से अधिक उछलने में सफल रहे। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.88 प्रतिशत और निफ्टी 0.91 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।

दिनभर के कारोबार के दौरान बैंकिंग, फाइनेंशियल और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसी तरह ऑटोमोबाइल, एनर्जी, रियल्टी, आईटी, ऑयल एंड गैस, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल और हेल्थकेयर इंडेक्स भी बढ़त के साथ बंद हुए। दूसरी ओर टेक और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज लगातार

**खरीदारी**

**दिन के दूसरे सत्र में खरीदारी के कारण निवेशकों ने कमाए 2.49 लाख करोड़**

खरीदारी होती रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.48 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.41 प्रतिशत की तेजी के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

शेयर बाजार में आई मजबूती के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब ढाई लाख करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 444.60 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी सोमवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 442.11 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब




2.49 लाख करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया।

दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,058 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें 2,469 शेयर बढ़त के साथ बंद हुए, जबकि 1,476 शेयरों में गिरावट का रुख रहा, वहीं 113 शेयर बिना किसी उतार-चढ़ाव के बंद हुए। एनएसई में आज 2,484 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इनमें से 1,618 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में और 866 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में बंद हुए। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 22 शेयर बढ़त के साथ और 8 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 39 शेयर हरे निशान में और 11 शेयर लाल निशान में बंद हुए।

बीएसई का सेंसेक्स आज 240.08 अंक की कमजोरी के साथ 78,542.16 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही बिकवाली का दबाव बन जाने के कारण इस सूचकांक की चाल में गिरावट आ गई। खासकर दोपहर 11 बजे के बाद बिकवाली का दबाव काफी बढ़ जाने के कारण ये सूचकांक थोड़ी ही देर में 485.54 अंक टूट कर आज के सबसे निचले स्तर 78,296.70 अंक तक पहुंच गया। इसके बाद खरीदारों ने मोर्चा संभाल लिया, जिससे इस सूचकांक की चाल में थोड़ा सुधार होने लगा। दोपहर 1 बजे के करीब खरीदारों ने बाजार में आक्रामक अंदाज में लिवाली शुरू कर दी, जिससे इस सूचकांक की चाल में जबरदस्त तेजी आ गई। अगले 2 घंटे के कारोबार में ही ये सूचकांक निचले स्तर से 1,226.43 अंक उछल कर 740.89 अंक की मजबूती के साथ आज के सर्वोच्च स्तर 79,523.13 अंक तक पहुंच गया। हालांकि आखिरी वक्त में इंट्रा-डे सेटलमेंट की वजह से हुई बिकवाली के कारण ये सूचकांक ऊपरी स्तर से थोड़ा नीचे फिसल कर 694.39 अंक की बढ़त के साथ 79,476.63 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की तरह एनएसई के निफ्टी ने आज 78.85 अंक की गिरावट के साथ 23,916.50 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। शुरुआती कारोबार में बिकवाली के दबाव के कारण इस सूचकांक में भी गिरावट आई।

# भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री का दूसरा चरण लॉन्च किया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्री प्रहलाद जोशी ने मंगलवार को यहां भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के दूसरे चरण की शुरुआत की है। जोशी ने राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता संघ लिमिटेड (एनसीसीएफ), भारतीय राष्ट्रीय कृषि सहकारी विपणन संघ (नेफेड) और केंद्रीय भंडार की मोबाइल वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर केंद्रीय उपभोक्ता राज्य मंत्री बीएल वर्मा उपस्थित थे।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दूसरे चरण के दौरान उपभोक्ताओं को रियायती कीमत पर 30 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर भारत आटा और 34 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर भारत चावल उपलब्ध कराया जाएगा। जोशी ने बताया कि दूसरे फेज के शुरुआती चरण में खुदरा बिक्री के लिए 3.69 लाख मीट्रिक टन गेहूं और 2.91 लाख मीट्रिक टन



चावल उपलब्ध कराया गया है।

उन्होंने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर आवश्यक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने की दिशा में भारत सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि है। कार्यक्रम के दौरान मीडियाकर्मियों से बातचीत करते हुए जोशी ने कहा कि यह पहल उपभोक्ताओं को रियायती कीमतों पर आवश्यक खाद्य वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि है।

उन्होंने कहा कि चावल, आटा और दाल जैसे बुनियादी खाद्य पदार्थों की भारत ब्रांड के तहत खुदरा बिक्री के माध्यम से प्रत्यक्ष हस्तक्षेप ने स्थिर मूल्य व्यवस्था बनाए रखने में मदद की है। जोशी ने कहा कि भारत आटा और भारत चावल की खुदरा बिक्री के पहले चरण के दौरान करीब 15.20 लाख मीट्रिक टन भारत आटा और 14.58 लाख मीट्रिक टन भारत चावल सामान्य उपभोक्ताओं को सब्सिडी दरों पर उपलब्ध कराया गया।

## भारत में तेल की कीमतें रहेंगी स्थिर, कच्चे तेल की आपूर्ति के विकल्प मौजूदः हरदीप पुरी



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने मंगलवार को कहा कि भारत में तेल की कीमतें स्थिर रहेंगी, क्योंकि देश में कच्चे तेल की आपूर्ति के विभिन्न विकल्प मौजूद हैं। ब्राजील और गुयाना जैसे देशों से अधिक आपूर्ति बाजार में आ रही है। वर्तमान में तेल की वैश्विक आपूर्ति खपत से अधिक है, जिससे बाजार स्थिर बना हुआ है।

केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में कहा, दुनिया के कुछ हिस्सों में भू-राजनीतिक तनाव के बावजूद दुनिया में कच्चे तेल की कोई कमी नहीं है। उपभोक्ता देशों के पास चुनने के लिए कई विकल्प हैं। हरदीप पुरी ने संभावित आपूर्ति श्रृंखला व्यवधानों पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत ने कच्चे तेल के आपूर्तिकर्ताओं की विविध श्रेणी तक पहुंच के साथ ऐसी स्थितियों को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने के लिए खुद को रणनीतिक रूप से तैनात किया है।

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी अंतरराष्ट्रीय पेट्रोलियम प्रदर्शनी और सम्मेलन (एडीआईपीईसी) 2024 सम्मेलन में भाग लेने के लिए अबू धाबी दौरे पर हैं। वह अबू धाबी में एडीआईपीईसी 2024 के 40वें संस्करण में अन्य वैश्विक नेताओं के साथ शामिल हुए, जो वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन पर एक प्रमुख कार्यक्रम है। इस अवसर पर उन्होंने अबू धाबी में बीपी के वैश्विक मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मरे औचिनक्लोस से मुलाकात की। हरदीप सिंह पुरी ने कहा कि सीईओ मरे औचिनक्लोस से मिलकर बहुत खुशी हुई।

## डिलीवरी ड्राईवर से वेयरहाउस कर्मचारियों तकः त्योहारों पर उच्च वेतन वाली नौकरियाँ प्रभावशाली रेज़्यूमे द्वारा प्राप्त करेंः शशि कुमार, हेड ऑफ सेल्स, इनडीड

भारत में त्योहारों की तैयारी के बीच ब्लू-कॉलर कर्मचारियों की मांग बहुत तेजी से बढ़ी है। हाल ही की एक रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक भारत में 9 करोड़ नई नौकरियों में से लगभग 70 प्रतिशत नौकरियाँ ब्लू-कॉलर कर्मचारियों के लिए होंगी। ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स, रिटेल और कस्टमर सर्विस जैसे सेक्टर्स में डिलीवरी एग्ज़िक्यूटिव, वेयरहाउस कर्मचारी, लॉजिस्टिक्स को-ऑर्डिनेटर, इन-स्टोर सेल्स रिप्रेज़ेंटेटिव, और कस्टमर केयर प्रोफेशनल्स आदि की सबसे ज्यादा मांग है। नौकरी तलाशने वालों के लिए त्योहारों पर मांग में हुई वृद्धि स्थिर आय का सुनहरा अवसर लेकर आई है और उन्हें भर्ती के लिए साल के सबसे व्यस्त सीज़ंस में से एक में अच्छी आय अर्जित करने का अवसर मिला है।

नौकरी तलाशने वालों को इस अवसर का सबसे अधिक लाभ प्राप्त करने में मदद करने के लिए एक प्रभावशाली रेज़्यूमे बनाने के 7 आवश्यक सुझाव दिए जा रहे हैं ताकि उनका रेज़्यूमे नियोक्ताओं का ध्यान आकर्षित कर सफलता की संभावनाएं बढ़ा सकेः

**रेज़्यूमे किस उद्देश्य के लिए बनाया जा रहा है, उसे समझें**

रेज़्यूमे आपके कौशल, अनुभवों और शिक्षा का ब्यौरा देने वाला दस्तावेज होता है। इसमें आपको यह बताने का अवसर मिलता है कि आप उस नौकरी के लिए उपयुक्त क्यों हैं।

**सबसे पहले अपने संपर्क का विवरण दें**

रेज़्यूमे में सबसे पहले अपना नाम, फोन नंबर, ईमेल एड्रेस, और अपने शहर व राज्य सहित पूरा पता लिखें, ताकि नियोक्ता आसानी से आपसे संपर्क कर सकें। आपका ईमेल प्रोफेशनल होना चाहिए। अगर आपके ईमेल में केवल आपका नाम हो, तो सबसे अच्छा होगा।

**उद्देश्य का वक्तव्य शक्तिशाली हो**

उद्देश्य के वक्तव्य से सरल शब्दों में यह स्पष्ट होना चाहिए कि आप क्या तलाश रहे हैं और आप अपनी सेवाओं द्वारा क्या पेश कर सकते हैं। उदाहरण के लिएः ''परिश्रमी और भरोसेमंद व्यक्ति, जो डिलीवरी एग्ज़िक्यूटिव के रूप में शुरुआत करना चाहता है और नैतिकतापूर्वक कर्तव्य का पालन करते हुए निरंतर सीखने के लिए उत्सुक रहता है।''

**कार्य से संबंधित कौशलों की सूची दें**

आपमें नौकरी के लिए कौन से उपयोगी कौशल हैं, उनकी सूची बनाएं। इनमें तकनीकी कौशल (जैसे मशीन चलाना) या सॉफ्ट स्किल्स (जैसे टीम वर्क और संचार) शामिल हो सकते हैं। स्पष्टता के लिए बुलेट पॉईंट्स का उपयोग करें। यह सूची नौकरी के लिए आवश्यक योग्यता के अनुकूल बनाएं।

**अपने कार्यानुभव का विवरण दें**

यदि आपको पहले से कार्य का अनुभव है, तो उसकी सूची बनाएं। अपनी पिछली कंपनी, नौकरी के प्रोफाईल, स्थान और रोजगार की तारीखों का स्पष्ट विवरण दें। यदि इससे पहले आपने औपचारिक नौकरी नहीं की है, तो वॉलंटियर, इंटर्नशिप, या स्कूल के प्रोजेक्ट का विवरण दें। आप क्या काम कर चुके हैं, आपके दायित्वों और उपलब्धियों का विवरण बिंदुवार दें।

**अपनी शिक्षा के बारे में बताएं**

अपनी सर्वोच्च शिक्षा का विवरण दें, जैसे आपने हाई स्कूल या कोई व्यवयासिक प्रशिक्षण पूरा किया हो। नौकरी के लिए उपयोगी अन्य कोर्स या सर्टिफिकेशन की जानकारी दें। इस खंड में आपकी शिक्षा और नियोक्ता के लिए आपकी उपयोगिता का विवरण होता है।

## सैमसंग ने गैलेक्सी Z फोल्ड6 और Z फ्लिप6 पर पेश किए अब तक के सबसे धमाकेदार फेस्टिव ऑफर्स!

**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रैंड सैमसंग ने अपने छठी जनरेशन के फोल्डेबल स्मार्ट फोन्स गैलेक्सी Z फोल्ड6 औरगैलेक्सी Z फ्लिप6 पर अब तक के सबसे शानदार फेस्टिव ऑफर्स की घोषणा की है। गैलेक्सी Z फोल्ड6 अब 144999 रुपयेमें उपलब्ध है, जबकि इसकी असल कीमत 164999 रुपये है। साथ ही, ग्राहक 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआईका फायदा भी उठा सकते हैं। इसी तरह, गैलेक्सी Z फ्लिप6 की कीमत अब 89999 रुपयेहै, जो पहले 109999 रुपये थी, और यह भी 24 महीने की नो-कॉस्ट ईएमआईके विकल्प के साथ आ रहा है।जिन ग्राहकों को ईएमआई का विकल्प चाहिए, वे गैलेक्सी Z फ्लिप6 को 2500 रुपये प्रति माहऔर गैलेक्सी Z फोल्ड6 को 4028 रुपये प्रति माहकी आसान किस्तों में खरीद सकते हैं। यह ऑफर सीमित समय के लिए उपलब्ध है, जिससे फेस्टिव सीजन में उपभोक्ता प्रीमियम फोल्डेबल स्मार्टफोन का अनुभव पा सकें।

गैलेक्सी Z फोल्ड6 और गैलेक्सी Z फ्लिप6 खरीदने वाले ग्राहकों के लिए एक शानदार मौका है। सीमित समय के लिए, ग्राहक सिर्फ 999 रुपयेमेंगैलेक्सी Z एश्योरेंस प्रोग्रामका लाभ उठा सकते हैं। यह प्रोग्राम डिवाइस की पूरी सुरक्षा सुनिश्चित करता है। गैलेक्सी Z फोल्ड6 के लिए इस प्रोग्राम की असल कीमत 14999 रुपयेऔर गैलेक्सी Z फ्लिप6 के लिए 9999 रुपये थी। Z एश्योरेंस के तहत ग्राहकएक साल में दो क्लेमका लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनका अनुभव पूरी तरह से चिंता-मुक्त रहेगा।

## शरद केलकर ने रावण का किरदार निभाने पर कहा, "मैं जिस रावण को देखकर बड़ा हुआ हूं, वह इस नये रावण से बहुत अलग है"

साहस, वीरता और दिव्य भावनाओं की एक दिलचस्प कहानी के साथ, डिज़्नी+हॉटस्टार ने ÷द लेजेंड ऑफ हनुमान÷ का 5वां सीजन लॉन्च किया है। इस सीजन में शानदार दृश्य व आकर्षक ग्राफिक्स और वफादारी व साहस जैसे गहरे विषयों पर आधारित कहानी प्रस्तुत की जायेगी। हनुमान जब अपने शक्तिशाली पंचमुखी अवतार में आते हैं, तब दर्शकों को उनकी ताकत और बुद्धिमानी के साथ एक रोमांचक सफर पर जाने का मौका मिलता है। ग्राफिक इंडिया के शरद देवराजन और जीवन जे. कांग द्वारा निर्मित इस सीरीज में शरद केलकर और दमन सिंह बग्गन ने शानदार अभिनय किया है। इस बहुप्रतीक्षित सीजन 5 की स्ट्रीमिंग डिज़्नी+हॉटस्टार पर की जा रही है।

द लेजेंड ऑफ हनुमान के इस सीजन में पौराणिक कहानियों के नायकों और खलनायकों को एक नये नजरिये के साथ प्रस्तुत किया गया है। हनुमान का शक्तिशाली पंचमुखी अवतार साहस और बुद्धिमता का प्रतीक है, वहीं रावण के रूप में शरद केलकर का सूक्ष्म अभिनय इस चरित्र की आंतरिक शक्ति और द्वंद को उजागर करता है। पाताल लोक और सुवर्ण लंका के अद्भुत दृश्य इसे देखने में बेहद आकर्षक और भावनात्मक रूप से प्रभावशाली बनाते हैं। शरद केलकर का अभिनय रावण के किरदार में एक नई गहराई लेकर आता है, जो रावण की महत्वाकांक्षा और उसकी किस्मत के बीच के संघर्ष को बखूबी दर्शाता है।

इस बारे में विस्तार से बताते हुये, शरद केलकर ने कहा, ''बचपन में मैं जब रावण के किरदार को या रामलीला देखता था, तो हम हमेशा उसे एक ही नजरिये से देखा करते थे, क्योंकि हम तब सिर्फ दर्शक हुआ करते थे। अब बतौर अभिनेता, मुझे रावण के सभी पहलुओं को देखने की जरूरत होती है, किरदार को निभाने से पहले भी और बाद में भी। इसलिये, मैं जिस रावण को बचपन से देखते हुये बड़ा हुआ हूं और आज जिसे परदे पर दिखा रहा हूं, दोनों ही बिल्कुल अलग हैं। इसमें शरद, जीवन और डिज़्नी गो सालसा की पूरी टीम द्वारा कई मजेदार एवं रचनात्मक तत्वों को जोड़ा गया है। यह हम सभी का एक संयुक्त प्रयास है और मुझे खुशी है कि खासतौर से छोटे दर्शक इसका आनंद उठा रहे हैं।

# बंधन ग्रुप का टेक स्पेस में प्रवेश, जेनिसिस ग्रुप से किया अधिग्रहण

**लखनऊ।** बंधन ग्रुप ने आज जेनिसिस ग्रुप, एक वैश्विक इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी और बिज़नेस प्रोसेस सर्विसेज कंपनी के अधिग्रहण की घोषणा की। यह बंधन ग्रुप के टेक्नोलॉजी सेक्टर में रणनीतिक प्रवेश का प्रतीक है। इस अधिग्रहण से बंधन ग्रुप को अमेरिका, ब्रिटेन और भारत में नए ऑफिसेज के साथ अपने ग्लोबल फुटप्रिंट का विस्तार करने की मौका मिला है। इस कदम से, इन बाजारों में कंपनी की मौजूदगी में उल्लेखनीय वृद्धि होती है। जेनिसिस ग्रुप की ऑफर्स को इंटीग्रेट करके, बंधन ग्रुप अपने पोर्टफोलियो में दुनिया भर की विभिन्न इंडस्ट्रीज में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा एनालिटिक्स, क्लाउड सर्विसेज, डिजिटल मीडिया ऑपरेशंस और स्मार्ट बिज़नेस प्रोसेस सॉल्यूशंस सहित सॉल्यूशंस का एक इंटीग्रेटेड पोर्टफोलियो जोड़ेगा। इस नए अधिग्रहण के बारे में बात करते हुए, बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज के मैनेजिंग डायरेक्टर अरविंद अग्रवाल ने कहा कि हाइपर-ऑटोमेशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्लाउड कंप्यूटिंग और अन्य उभरती टेक्नोलॉजीज के माध्यम से डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन द्वारा संचालित किए जा रहे ग्लोबल अवसर आईटी इंडस्ट्री को नया रूप दे रहे हैं। हमने जेनिसिस ग्रुप का अधिग्रहण करने का अवसर पहचाना, जो ग्लोबल मार्केट में अपने बैलेंस्ड पोर्टफोलियो और दशकों के अनुभव को लेकर आया है। बिज़नेस से संबंधित चुनौतियों, विशेष रूप से बीएफएसआई सेक्टर में, को संबोधित करने के लिए आईटी-संचालित सॉल्यूशंस की क्षमता बहुत अधिक है, और हम इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण ग्रोथ की उम्मीद करते हैं। भविष्य की संभावनाओं को देखते हुए, जेनिसिस ग्रुप के सीईओ सतीश सुब्रमण्यम ने कहा कि हम बंधन ग्रुप के साथ मिलकर काम करने को लेकर रोमांचित हैं। उनकी इंडस्ट्री को लेकर विशेषज्ञता और इनवेस्टमेंट स्किल्स हमें सिस्टेमेटिक तौर से और रणनीतिक अधिग्रहणों के माध्यम से आगे बढ़ने में मदद करने में महत्वपूर्ण होंगे। जेनिसिस अत्याधुनिक डिजिटल और क्लाउड टेक्नोलॉजीज के साथ-साथ एआई और मशीन लर्निंग-संचालित समाधान देने में अग्रणी रहेगा। हमारा दृष्टिकोण ग्राहकों को तेजी से और सटीकता के साथ अपने डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन को आगे बढ़ाने के लिए डेटा और इनोवेशन की शक्ति का पूरी तरह से लाभ उठाने में सक्षम बनाता है। साथ मिलकर, हम अपनी क्षमताओं को मजबूत करने, अपनी ऑफर्स में विविधता लाने और अपनी ग्लोबल एक्सेस का विस्तार करने के लिए नए अवसरों की खोज करेंगे। यह हमारे ग्राहकों और जेनिसिस दोनों के लिए निरंतर सफलता सुनिश्चित करेगा, लॉन्गटर्म ग्रोथ और प्रभावशाली समाधानों को बढ़ावा देगा।

जेनिसिस ग्रुप आईटी और एआई-संचालित सॉल्यूशंस प्रदान करने में सबसे आगे है, जो डिजिटल बदलाव को सुविधाजनक बनाने के लिए क्लाउड टेक्नोलॉजीज और ऑटोमेशन का उपयोग करता है। मजबूत डिस्ट्रीब्यूशन और इनोवेशंस पर ध्यान केंद्रित करने के साथ, कंपनी बिज़नेसेज के प्रदर्शन में सुधार करने और डेटा से एक्शनबल इनसाइट्स अनलॉक करने में मदद करती है। इसके सर्विस पोर्टफोलियो में डिजिटल एप्लिकेशन लाइफसाइकिल मैनेजमेंट, क्लाउड नेटिव सॉल्यूशन, डेटा मैनेजमेंट, डिजिटल मीडिया ऑपरेशंस और बिजनेस प्रोसेस आउटसोर्सिंग शामिल हैं, जो विभिन्न इंडस्ट्रीज सेक्टर्स को पूरा करते हैं। इनोवेशन, जवाबदेही और पारदर्शिता के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित, जेनिसिस का लक्ष्य भविष्य के लिए तैयार सॉल्यूशंस प्रदान करना और अपने ग्लोबल ग्राहकों के लिए वैल्यू बढ़ाने वाली स्थायी साझेदारी स्थापित करना है। बंधन फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड बंधन फाइनेंशियल होल्डिंग्स लिमिटेड और बंधन बैंक लिमिटेड का प्रमोटर है।

## अपारशक्ति खुराना के नए गाने एन्ना प्यार में दिलों को जीत लेने वाले प्यार के जादू को महसूस करें

**नई दिल्ली।** जानेमाने अभिनेता और गायक अपारशक्ति खुराना अपने नए गाने एन्ना प्यार के साथ एक बार फिर से दिलों को जीतने के लिए तैयार हैं। यह गाना प्यार के मधुर एहसास और दर्दभरी गहराइयों को बड़ी खुबसूरती से दिखाता है। हाल ही में उनके हिट गाने जरूर की सफलता के बाद एन्ना प्यार एक ऐसा संगीत है जो सीधे दिल में उतर कर उन भावनाओं को बयां करता है, जिन्हें हम में से कई लोग अच्छी तरह से समझते हैं।

अपनी जड़ों से जुड़े होने के साथ ताजगी और सच्चाई भरे, एन्ना प्यार में अपारशक्ति खुराना की गायकी का ख़ास अंदाज़ दिखाई देता है, जिसमें परिपक्वता और गहराई झलकती है, जो श्रोताओं के दिलों को छूने का वादा करती है। इस गाने में साक्षी रत्ती के एहसासों भरे बोल और रचना है, साथ ही हितेन के भावपूर्ण प्रोडक्शन ने गाने में भावनाओं के अनेक रंग भर दिए है।



एन्ना प्यार की रिलीज पर बात करते हुए, अपारशक्ति खुराना ने कहा कि, मेरा यह एहसासों भरा गाना मेरे सफर का अहम हिस्सा है। एन्ना प्यार मेरे दिल में खास जगह रखता है क्योंकि यह उन भावनाओं को व्यक्त करता है, जिन्हें हम अकसर बयां नहीं कर पाते। साक्षी रत्ती की धुन और शब्द भावनाओं को बड़ी खूबसूरती से एक साथ पिरोते हैं, साथ ही हितेन के साउंडस्केप ने इसमें नई जान फुक कर नाजुकता से इसे जीवंत किया है। मुझे उम्मीद है कि यह गाना उन सभी के दिलों को छूएगा जिन्होंने कभी प्यार किया है और खोया है, या बस शिद्दत से प्यार किया है।

## क्रॉम्पटन ने लॉन्च किया नाइजेला प्रो मिक्सर ग्राइंडर, रसोई के काम को बनाएगा आसान और तेज

**मुंबई।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने नाइजेला प्रो 500W मिक्सर ग्राइंडर लॉन्च कर अपने किचन अप्लायंसेज की रेंज को और बढ़ा दिया है। यह नया मिक्सर ग्राइंडर रसोई के कामों को आसान बनाने के लिए खास तौर पर डिजाइन किया गया है। इसकी 500W पावरट्रॉन मोटर तेजी से पीसने और ब्लेंड करने में मदद करती है, जिससे खाना बनाते समय आपका समय बचेगा। नाइजेला प्रो का स्टाइलिश डिज़ाइन और पावरफुल परफॉर्मेंस इसे हर रसोई के लिए एक जरूरी उपकरण बनाते हैं। क्रॉम्पटन की यह पेशकश आधुनिक तकनीक और ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई है, जो इसे आपकी रसोई का एक भरोसेमंद साथी बनाती है।

क्रॉम्पटन नाइजेला प्रो मिक्सर ग्राइंडर को रसोई के कामों को आसान बनाने के लिए खासतौर पर डिजाइन किया गया है। यह मिक्सर ग्राइंडर आपकी कुकिंग को तेज और सुविधाजनक बनाता है, क्योंकि




इसमें पीसने, ग्राइंड करने, स्टोर करने और साथ ले जाने के लिए कई तरह के जार्स दिए गए हैं। नाइजेला प्रो आपकी रसोई का भरोसेमंद साथी है, जो लगातार 30 मिनट तक बिना रुके काम कर सकता है। इससे आप बिना किसी परेशानी के जटिल रेसिपीज भी तैयार कर सकते हैं। चाहे आप सुबह जल्दी में स्मूदी बना रहे हों, बेबी फूड तैयार कर रहे हों, या स्वादिष्ट चटनी पीसना चाह रहे हों - यह सिर्फ एक मिक्सर ग्राइंडर नहीं है, बल्कि आपके जीवन को आसान और बेहतर बनाता है। 500W की पावरफुल पावरट्रॉन मोटर से लैस, नाइजेला प्रो मिक्सर आसानी से कड़ी से कड़ी चीजों को पीसने में सक्षम है और आपका समय भी बचाता है। इसमें दिए गए ग्राइंड, ब्लेंड, स्टोर और कैरी जार्स आपकी सभी रसोई संबंधी जरूरतों का ध्यान रखते हैं।

नाइजेला प्रो मिक्सर ग्राइंडर को आपकी कुकिंग को आसान और मजेदार बनाने के लिए तैयार किया गया है। यह बर्फ पीसने से लेकर मुलायम सामग्री की स्मूद ग्राइंडिंग तक हर काम आसानी से करता है।

ग्राइंड, ब्लेंड, स्टोर और कैरी जार्स- खास इनवर्टेड पीसी जार्स में कवर लिड और सिपर कैप लगे हैं, जिससे आप पीसने के बाद सामग्री को आसानी से स्टोर या ले जा सकते हैं।

## मुंशी पुलिया में वाहिद बिरयानी के नये रेस्टोरेंट का हुआ भव्य उद्घाटन



**लखनऊ।** अपने स्वाद और जायकों के लिए लंबे समय से मशहूर वाहिद बिरयानी के नए रेस्टोरेंट का उद्घाटन मुन्शी पुलिया में उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दानिश आजाद अंसारी और मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने किया।इस अवसर पर वाहिद बिरयानी के एम.डी. आबिद अली कुरैशी ने बताया कि लखनऊ में हमारे पुरखों ने मुगलई जायकों की शुरुआत की थी,स्वाद का यह सफर आज चौथी पीढ़ी के रूप में लगातार अपनी सेवाएं दे रहा है।हमारी पांच शाखाएं वर्तमान में लखनऊ में काम कर रही हैं।अमीनाबाद, बँगला बाजार, आशियाना उनमें प्रमुख हैं।


स्वाद और जायके को मजेदार बनाने के लिए हम अपने खास खानदानी विशेष मसालों का प्रयोग करते हैं। पहले हमारे यहां सिर्फ नॉनवेज खाना ही मिलता था पर अब हम स्वादिष्ट वेज खाना भी बनाते हैं।मुंशी पुलिया के इस नए रेस्टोरेंट में फैमिली केबिन अलग है और यह रेस्टोरेंट दो फ्लोर पर है।उद्घाटन के अवसर पर आए हुए लोगो को 20त्न का डिस्काउंट भी दिया गया।उद्घाटन के मौके पर मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि लखनऊ अपने जायकों के लिए दुनिया भर में मशहूर है, वाहिद बिरियानी लखनऊ का एक पुराना जाना पहचाना नाम है।आज इनकी पांचवी शाखा का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है यह इनके टेस्टी फूड का ही कमाल है जो लखनऊ के साथ-साथ इनका नाम देश-दुनिया में फैल रहा है।

# टीटीके प्रेस्टीज ने 'स्वच्छ' प्रेशर कुकर्स के लिये एक नया टेलीविजन कैम्पेन पेश किया

**नई दिल्ली।** किचनवेयर के प्रमुख ब्रैंड, टीटीके प्रेस्टीज ने स्वच्छ लिड प्रेशर कुकर के लिये अपना नया टेलीविजन विज्ञापन लॉन्च किया है। इस प्रेशर कुकर में स्पिलेज कंट्रोल मेकैनिज़्म है। यह रोजाना की उन चुनौतियों को दूर करता है, जिनका सामना उपभोक्ता अपने रसोईघर को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाये रखने में करते हैं।

इसकी परिकल्पना डीडीबी मुद्रा द्वारा की गई है। इस टीवी विज्ञापन में स्वच्छ लिड प्रेशर कुकर की खासियत को मजेदार अंदाज में दिखाया गया है कि कैसे लोग प्रेशर कुकर की सीटी, आवाज या अचानक टूटने पर थोड़े चौंक जाते हैं या मजेदार प्रतिक्रियाएं देते हैं।

इस कैम्पेन में स्वच्छ प्रेशर कुकर की विशेष व्हीसल इंडेंटेशन पर जोर दिया गया है, जो खाना बनाते समय अतिरिक्त झाग को बाहर आने से रोकने के लिए बनाई गई एक खास




तकनीक है। इस फीचर से गैस का चूल्हा साफ रहता है और बार-बार ध्यान देने की जरूरत नहीं पड़ती, जिससे समय और मेहनत दोनों बचते हैं। साथ ही, इसका खास तौर से तैयार किया गया डीप लिड डिजाइन कुकर को अच्छी तरह से ढकता है, जिससे छलकने और छींटे पड़ने की संभावना कम होती है और सफाई करना आसान हो जाता है।

इन अहम विशेषताओं पर जोर देते हुए, टीटीके प्रेस्टीज ने स्वच्छ - डीप लिड डिज़ाइन के साथ इनोवेशन में नए मानक स्थापित किए हैं। इस डिज़ाइन के कारण उपभोक्ता बिना बार-बार सफाई की चिंता के खाना पकाने का आनंद ले सकते हैं। उपयोग में आसान और सफाई में सहूलियत देने वाला स्वच्छ लिड किसी भी आधुनिक किचन के लिए एक जरूरी चीज बन गया है।

इस प्रोजेक्ट के बारे में डायरेक्टर सुकृति त्यागी ने कहा, ''हम पूरी तरह से हॉरर/थ्रिलर जोनर के माध्यम से प्रेशर कुकर की अस्त-व्यस्तता को परिवार के लिये डराने वाला दिखाना चाहते थे। इसमें रोजाना का छलकाव, फुसफुसाहट और अचानक फूट जाना जैसी रसोईघर में रोजाना होने वाली दिक्कतें मजेदार तरीके से डराती हैं।''

अवधनामा



# नाली में बहेगा नगर पंचायत का पैसा पहले मरम्मत फिर नए सिरे से निर्माण

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कस्बे के वार्ड नंबर 16 सरदार वल्लभ भाई पटेल नगर में पीडब्ल्यूडी द्वारा बनाए गए नाली के बगल में नगर पंचायत द्वारा एक और नाली निर्माण कराया जा रहा है। जबकि पीडब्ल्यूडी के नाली पर नगर पंचायत द्वारा मरम्मत के नाम पर लाखों रूपये खर्च किया जा चुका है। अब उसी नाली के बगल में एक और नए नाली का निर्माण कराया जा रहा है। जिम्मेदारों के द्वारा मनमानी तरीके से सरकारी धन का अनर्गल तरीके से खर्च किया जा रहा है जबकि जहां पैसा खर्च होना चाहिए वहां नहीं हो रहा है।



पूर्व में नगर पंचायत द्वारा नाली का कराया जा रहा मरम्मत कार्य



अब नाली तोड़वाकर नए सिरे से कराया जा रहा निर्माण

नगर पंचायत के वार्ड नंबर 16 हाटा कप्तानगंज मार्ग के घिवही चौराहे से मुड़िला हरपुर को जोड़ने वाली पिच मार्ग के अमोलापट्टी के पास तीन वर्ष पूर्व लोक निर्माण विभाग द्वारा आरसीसी बनवाने के बाद बगल में पक्की नाली निर्माण कराया था। उक्त नाली पर कुछ माह पूर्व नगर पंचायत द्वारा लाखों रुपए मरम्मत पर खर्च कर दिया गया। ठीक ठाक नाली होने के बावजूद उक्त नाली के बगल में नए सिरे से नगर पंचायत नाली निर्माण कराया जा रहा है। खुदाई के बाद पीडब्ल्यूडी द्वारा बनवाया गया नाली टूटकर ध्वस्त हो गया है। नगर वासियों का कहना है कि प्रस्तावित नाली का निर्माण घनी आबादी से होकर पोखरे

- नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर 16 का मामला

तक जाने के लिए शासन ने धन स्वीकृत हुआ था, परन्तु नगर पंचायत द्वारा आनन फानन में बनवाया जा रहा है। लोगों का कहना है कि नाली निर्माण में मानक की अनदेखी भी की जा रही है। ज्ञात हो कि नगर पंचायत में इन दिनों सरकारी धन का मनमाने तरीके से दुरुपयोग किया जा रहा है। जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया ने बताया कि शासन को नाली निर्माण के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। देरी होने पर उक्त नाली को नगर पंचायत से मरम्मत कराया गया। इसके बाद शासन से स्वीकृति मिलने के बाद पुनः नए सिरे से नाली निर्माण कराया जा रहा है। अधिशाषी अधिकारी सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि मामले की जांच कराकर आवश्यक कार्यवाई की जायेगी।

## नहाय खाय के साथ शुरू हुआ छठ पूजा का महापर्व

**अमेठी।** पूर्वांचल का महापर्व छठ पूजा मंगलवार को नहाय खाय के साथ शुरू हुआ। उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल के जिले और बिहार प्रांत में मनाया जाने वाला यह महापर्व अब जिले में भी पूरी तरह फैल चुका है। नौकरी-पेशा और शादी विवाह के बाद यहां रह रहे परिवार विधि विधान से छठ पूजन करते हैं। जिसके लिए छठ घाट पर बेदी बनाने पूजन सामग्रियों की खरीददारी करने के लिए होड़ लगी हुई है। आस्था के इस महापर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह है।चार दिनों तक चलने वाला यह पर्व विशेष रोचक होता है। नहाय खाय के साथ कार्तिक मास में अमावस्या के बाद चतुर्थी तिथि को छठ पूजा की शुरुआत होती है। दूसरे दिन खरना होता है।व्रती शाम को ठेकुआ आदि का प्रसाद ग्रहण करते है।षष्ठी को व्रत के साथ छठ घाट पर अस्ताचल सूर्य को अर्घ्य उसके बाद सप्तमी को उगते सूर्य को अर्घ्य देने के बाद प्रसाद ग्रहण कर इस महापर्व का समापन होगा। नगर और ग्रामीण अंचल में भी कई परिवार छठ व्रत करते हैं। इसी प्रकार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में छठ व्रतियों ने नहाय खाय के साथ छठ पर्व की शुरुआत की है।

# मंत्री मत्स्य विभाग ने संचालित विभागीय योजनाओं को लेकर की समीक्षा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** मंत्री मत्स्य विभाग डॉ संजय कुमार निषाद ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में मत्स्य विभाग की योजनाओं की समीक्षा किया एवं संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने मत्स्य पालकों से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मत्स्य विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ मिलने की जानकारी भी ली।

बैठक में उन्होंने पट्टा धारकों को कैंप लगाकर केसीसी बनवाने के निर्देश दिए। तहसील वार ट्रेनिंग कैंप लगवाकर मत्स्य पालकों को ट्रेनिंग देने को कहा। उन्होंने कहा कि जनपद में जो विकसित तालाब हैं वह खाली ना रहे उन्हें मत्स्य पालकों को आवंटित कर दिया जाए।कहा कि बैंक विद्युत विभाग नेडा आदि विभागों का मत्स्य विभाग के साथ अच्छा समन्वय रहना चाहिए जिससे की योजनाओं को गति मिल सके और लाभार्थियों को लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा मत्स्य विभाग की योजनाएं विशेष रूप से मत्स्य पालकों के लिए लाभकारी हैं जिनका उद्देश्य रोजगार सृजन और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करना है मत्स्य क्षेत्र के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं और लाभों की जानकारी और पात्रों को लाभान्वित करने का कार्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के बारे में कहा इस योजना का उद्देश्य मत्स्य उत्पादन को बढ़ाना मछली पालन से जुड़े लोगों की आय में वृद्धि करना और आर्थिक सुदृढ़ीकरण करना है नीली क्रांति योजना का उद्देश्य मत्स्य क्षेत्र में आधुनिक तकनीकी को बढ़ावा देना और मत्स्य पालन को ग्रामीण इलाकों में एक मुख्य व्यवसाय के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने मत्स्य विभाग को निर्देशित किया कि मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत मत्स्य पालन से जुड़े किसानों को ऋण की सुविधा उपलब्ध कराई जाए ताकि वह अपना व्यवसाय बढ़ा सके। उन्होंने कहा कि गरीब आदमी की सेवा के लिए सरकारी सेवा में अधिकारी आते हैं जो आपको अवसर मिला है उसको सत्य निष्ठा ईमानदारी के साथ कार्य करें जिससे कि आम आदमी को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

# धान क्रय केन्द्र न होने से किसानो को रही परेशानी : विजय रावत



**बरहज अवधनामा संवाददाता।** आज बरहज तहसिल मे एक प्रतिनिधी मंडल सपा नेता विजय रावत व प्रधान संघ अध्यक्ष राजेश यादव ग्राम प्रधान सजय यादव ग्राम प्रधान राजेन्द्र यादव व पूर्व ग्राम प्रधान राजा राम जी के नेत्रित्व एस डी एम बरहज से मिलकर बरहज नगर मे धान क्रय केन्द्र खोलने की माँग को लेकर तहसीलदार बरहज को ज़िलाधिकारी देवरिया के नाम ज्ञापन सौंपा। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की पहले बरहज नगर मे एक धान क्रय केन्द्र होता था जिससे अग़ल बग़ल के पाँच किलो मिटर के लोग आकरअपना धान आसानी से क्रय केन्द्रों पर दे दिया करते थे लेकिन उस क्रय केन्द्र को बन्द कर गरेड से जोड़ दिया गया जिससे किसानो को अपना धान क्रय केन्द्रों पर देने दिक्कत का सामना पड रहा है इस लिए हमारी माँग है की किसानो की सम्स्या को देखते हुए त्तकाल प्रभाव से बरहज नगर मे धान क्रय केन्द्र खोला जाए जिससे किसानो को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े। इस दौरान मुख्य रूप से ग्राम प्रधान सध अध्यक्ष राजेश यादव ग्राम प्रधान सजय यादव ग्राम प्रधान राजेन्द्र यादव पूर्व ग्राम प्रधान राजाराम विकाश विश्वक्रमा अरून कुमार विपिन सिह सुरेश राजभर मनीष कुमार इत्यादि लोग उपस्थित थे।

## सपा की विधानसभा कमेटियों की बैठक संपन्न

**रायबरेली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार जनपद के विधान सभा क्षेत्रों में कार्यकारिणी एवं बूथ अध्यक्षों की बैठके आयोजित हुई। सलोन विधान सभा क्षेत्र की बैठक परशदेपुर में सम्पन्न हुई बैठक को सम्बोधित करते हुए जिलाध्यक्ष इं0 वीरेन्द्र यादव नें कहा कि सभी बूथ स्तर में कार्यकर्ता निर्वाचन आयोग के विशेष पुनरीक्षण अभियान में बढ़ चढ़ कर हिस्सेदारी करें जिनके भी नाम मतदाता सूची में नहीं हो या जिनकी आयु 1 जनवरी 2025 को अठारह वर्ष पूर्ण हो रही हो उनके नाम मतदाता सूचियों में जोड़ने हेतु दिनांक 09 व 10 तथा 23 व 24 नवम्बर को बीएलओ से मिलकर फार्म अवश्य भरवा दें। जिलाध्यक्ष नें उपस्थित लोगो से कहा कि भाजपा सरकार किसानों को दुःख एवं समस्यायें दे रही है साधन सहकारी समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है, किसान खाद के लिए ठोकरे खा रहे है रबी की फसल की बुवाई का संकट उत्पन्न है।

# पत्नी के रवैए से अजीज पति ने चाकू घोंपकर पत्नी की कर दी हत्या

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** हाटा कोतवाली क्षेत्र के नाउमुंडा में एक महिला को चाकू घोंपकर हत्या कर उसका शव धान के खेत में फेंक दिया गया था। हत्यारा कोई और नहीं था उसका पति ही था। पुलिस 24 घंटे के अंदर घटना का खुलासा करते हुए हत्यारे पति को जेल भेज दिया। मंगलवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि बीते 3 नवंबर 2024 को थाना कोतवाली हाटा के ग्राम नाउमुंडा निवासी गुड्डू यादव पुत्र स्व. मूरत यादव द्वारा थाना कोतवाली हाटा पर सूचना दी गई कि उसकी पत्नी रेखा उर्फ शिवानी उम्र करीब 34 वर्ष की अज्ञात व्यक्तियों द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दी गई है व शव को धान के खेत में फेक दिया गया है। अभियुक्त गुड्डू यादव उपरोक्त द्वारा बताया गया कि वह अपनी पत्नी के कृत्यों से बहुत परेशान हो चुका था। बार-बार पत्नी



- 24 घण्टे के अंदर हत्यारे पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

द्वारा अपशब्दों का प्रयोग कर सम्बोधित किया जाता था जिसको लेकर आपस में कई बार मार-पीट की घटना भी हुई थी तथा गांव घर में मेरी बहुत बदनामी होने लगी थी। मैं मानसिक रुप से परेशान रहने लगा तथा मैने उसको जान से मारने का इरादा बना लिया था। दिनांक 03.11.2024 को मेरी पत्नी शौच के लिए गई तो मै भी उसके पीछे-पीछे गया, मौका पाकर मंझरिया माता मंदिर जाने वाले रोड के पास धान के खेत में अपने पास पहले से रखे हुए चाकू से ताबड़तोड़ अपनी पत्नी के ऊपर कई बार वार कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। मुझे कुछ लोगों द्वारा देख लिया गया था जिनके द्वारा शोर करने पर मैं गन्ने के खेत में छिप गया तथा पहने हुए कपड़ों को गन्ने के खेत में छिपाकर अंधेरे का लाभ लेकर घर आकर कपड़ा बदल कर पुनः घटनास्थल पर पहुंच गया तथा थाने जाकर तहरीर दे कर मुकदमा पंजीकृत करा दिया।

# छठ घाट का ईओ ने लिया जायजा, दिए आवश्यक निर्देश



मथौली नगर में छठ घाट का निरीक्षण करते ईओ

अवधनामा संवाददाता

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** छठ महापर्व को लेकर नगर के सभी प्रमुख छठ घाट का ईओ सर्वेश कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार को जायजा लिया। ईओ ने निरीक्षण के दौरान छठ घाट पर कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि नगर पंचायत मथौली द्वारा सभी प्रमुख छठ घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक पहल किया जा रहा है। घाट पर नाव और गोताखोर भी मौजूद रहेंगे। छठ पूजा के अवसर पर सफाई, पेयजल और अन्य सुविधाओं का खास ध्यान रखा जाएगा। पूजा के दिन नाव और गोताखोरों की भी तैनाती रहेगी। ताकि किसी आपात स्थिति में सहायता मिल सके।

उन्होंने नगर पंचायत के कर्मचारियों को समय पर सभी तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया है। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष व सभासद प्रतिनिधि अदालत प्रसाद, रामकृपाल उर्फ धमारी यादव, प्रिंस जायसवाल, प्रिंस मद्धेशिया, लिपिक हरे राम शर्मा आदि मौजूद रहे।

# सांसद राहुल गांधी ने सड़कों का किया लोकार्पण







अवधनामा संवाददाता

**रायबरेली।** नेता प्रतिपक्ष एवं रायबरेली के सांसद राहुल गांधी मंगलवार को दिशा बैठक में शामिल हुए। लखनऊ रायबरेली बॉर्डर पर बने हनुमान मंदिर पर उन्होंने सबसे पहले दर्शन किए उसके बाद बचाव में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया।

रायबरेली सदर स्थित फ़िरोज गांधी डिग्री कॉलेज पर उन्होंने सही चौक का उद्घाटन किया। इसी के साथ उन्होंने 9 सडकों का लोकार्पण किया जिनकी लंबाई 70.900 किलोमीटर है। यह 9 सडके के प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के अंतर्गत बनाई गई है तथा इन सडकों को बनाने में एफ्डीआई तकनीक का उपयोग किया गया है जो बेहद ही एडवांस तकनीक है। इन सडकों पर 5367.88 लाख की लागत आई है।

करोडों की लागत से बनी इन सडकों से ग्रामीण जीवन का भी आसान होगा सर के बन जाने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। सरेनी भोजपुर से समोधा मार्ग 7.3 किमी, सरेनी से भोजपुर 7.7 किमी, मटेहना संपर्क मार्ग 5.7 किमी, डलमऊ के कीर्ति खेडा संपर्क मार्ग 5.75 किमी, लालगंज सरेनी मार्ग से गुरूदत्त खेडा मार्ग 8.1 किमी, भोजपुर ऊंचगांव मार्ग से रसूलपुर 10.45 किमी, लालगंज खीरों से तिवारी का पुरवा 9.8 किमी, दरीबा खीरों मार्ग से गौनहां 6.45 किमी, हलोर से मझगवां वाया अचली थारी 9.65 किमी आदि सडकों को 5367 करोड की लागत से बनाया गया है।

सांसद राहुल गांधी ने कहा रायबरेली से मेरा रिश्ता चाहे जितना भी पुराना हो, हर बार पहुंच कर और भी गहरा हो जाता है। सभी क्षेत्रवासियों ने मिल कर बहुत प्यार दिया और पूरे हक के साथ अपनी समस्याएं बताई। सांसद के रूप में आज रायबरेली की पहली कमिटी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से पूरे क्षेत्र की परेशानियों और प्रगति कार्यों पर चर्चा की। साथ ही नवनिर्मित शहीद चौक एवं सडकों का अनावरण भी किया।रायबरेली ने मुझे अपनी आवाज बना कर सम्मान दिया है - उनकी जरूरतों की पूर्ति, समृद्धि और समस्याओं के हल के लिए हमेशा तत्पर हूं।

# गन्ना समितियों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों और उपाध्यक्षों का हुआ सम्मान



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार, क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह के नेतृत्व में गन्ना समितियों के नव निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गणों को सम्मानित किया गया । कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिले के प्रभारी और उत्तर प्रदेश सहकारी ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संतराज यादव ने कहा कि जनपद के सभी आठों समितियों के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के रूप में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अपना परचम लहराया है मै उन सभी लोगों को उनके अग्रिम कार्यकाल की बधाई देता हूं। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष गणों को माला पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, महामंत्री प्रमोद शाही ने भी संबोधित किया । इस अवसर पर देवरिया से अध्यक्ष अवधेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष हरेराम मल्ल, बैतालपुर से गदाधर मणि, राधिका देवी, गौरी बाजार से, शिव प्रताप राय, उषा देवी, प्रतापपुर से दीनानाथ सिंह, श्रीराम पांडे, बरहज से कृष्णमोहन पाठक, रघुवंश सिंह, भाटपार से दानबहादुर सिंह, उदय प्रताप सिंह, भटनी से अवधेश नारायण सिंह, रमाशंकर राय, लार से राजकिशोर सिंह, सुधा सिंह सहित पार्टी के सम्मानित कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## पुलिस ने तीन को लिया हिरासत में



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** रात्रि में थाना गौरीबाजार क्षेत्रान्तर्गत ग्राम बखरा निवासी शुभम राव पुत्र दयाशंकर राव (उम्र 22 वर्ष) एवं आर्यन राव पुत्र रामप्रताप राव (उम्र 23 वर्ष) जो आपस में पड़ोसी हैं के मध्य् कहासुनी के दौरान आर्यन राव द्वारा शुभम राव को चाकू मार दिया गया ।जिससे शुभम राव की मृत्यु हो जाने के सम्बन्ध में मृतक के पिता श्री दयाशंकर राव की तहरीर पर थाना गौरीबाजार में अभियुक्तगण आर्यन राव पुत्र राप्रताप राव, अंश राव पुत्र रामप्रताप राव व रम्भा देवी पत्नी रामप्रताप राव निवासीगण बखरा थाना गौरीबाजार जनपद देवरिया के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत करते हुए उपरोक्त तीनों अभियुक्तों को हिरासत में लेकर घटना में प्रयुक्त चाकू बरामद करते हुए नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।

## एडीओ की हां हजूरी में तो बीडीओ को पानी पिला रहा सफाईकर्मी

**महराजगंज (रायबरेली) अवधनामा संवाददाता।** कागज पर सफाई कर्मियों की



तैनाती गांवों में तो है, लेकिन धरातल पर सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है, और सच तो ये है, कि एक सफाई कर्मी बीडीओ के नाश्ता पानी का ख्याल रखता है, और बीडीओ के आने के बाद से उनके हां हजूरी में व्यस्त रहता है।तो वहीं दो कर्मियों की ड्यूटी कागज पर गांवों में है लेकिन एडीओ पंचायत सीताराम ने उन्हें अपने कार्यकाल पर लगा रखे हैं, जहां उनसे लिखा पढी कराई जाती है।इसी प्रकार कई ऐसे सफाई कर्मी हैं, जो सारा दिन ब्लॉक परिसर के चक्कर ही काटते मिलेंगे क्योंकि उन्हें बीडीओ एडीओ का संरक्षण प्राप्त है। पिछले महीने कागजों पर स्वच्छता पखवाडा चला लेकिन धरातल पर गांवों में गंदगी का अंबार लगा है, इससे डेंगू बुखार जैसी अनेक संक्रमण वाली बीमारियां गंदगी के प्रकोप के चलते पनप रही हैं, और लोग बीमार हो रहे हैं। महराजगंज विकासखंड के 53 ग्राम पंचायतों में लगभग 64 सफाई कर्मियों की तैनाती की गई है, कि ग्राम पंचायत में तैनात सफाई कर्मी प्रतिदिन गांव जाकर साफसफाई करें लेकिन ठीक उसके विपरीत क्षेत्र के गांव कोटवा मदनिया सलेथू डोमापुर मोन भटसरा सहित दर्जनों गांवों में नालियां चोक हैं, और रास्तों में पानी बह रहा है और सफाईकर्मी बीडीओ एडीओ की आव भगत में मशगूल हैं। मामले में सीडीओ अर्पित उपाध्याय ने बताया कि गांवों में साफ सफाई के विशेष निर्देश दिए गए हैं, समास्या का निराकरण कराया जाएगा।

# राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह में दिखाया पोस्टर खड़े किए सवाल

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने हाथ में





पोस्टर लेकर राहुल गांधी से सवाल किए उन्होंने लिखा रायबरेली के राहुल जी, 6 माह में मात्र 5 घंटे तो पांच साल में 50 घण्टे। मतलब 5 साल में कुल 2 दिन दिशा की बैठक खत्म होने के बाद दिखाया पोस्टर। राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने इस दौरान एक्स हैंडल से पोस्ट करते हुए लिखा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना के लिए 2004 से 2014 के मध्य जब दिल्ली में कांग्रेस की सरकार और रायबरेली से सुपर प्राईम मिनिस्टर हुआ करती थी तो 27000 करोड रूपये रायबरेली वासियों को मिला और जब रायबरेली से मोदी जी को प्रधानमंत्री बनाने के लिए एक सांसद भी नहीं मिला तो मोदी जी ने 41000 करोड रायबरेली के लोगों की सेवा के लिए दिया इसे ही कहते है सबका साथ सबका विकास। बैठक में प्रदेश के उद्यान,कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार तथा कृषि निर्यात राज्यमंत्री ( स्वतंत्र प्रभार ) श्री दिनेश प्रताप सिंह, सदस्य विधान परिषद ( शिक्षक ) श्री उमेश द्विवेदी सदस्य विधान परिषद लखनऊ खण्ड ( स्नातक ) क्षेत्र अवनीश कुमार सिंह, विधायक ऊँचाहार मनोज कुमार पाण्डेय, विधायक सरेनी देवेन्द्र प्रताप सिंह, विधायक बछरावां श्याम सुन्दर भारती, विधायक सदर श्रीमती अदिति सिंह, विधायक हरचंदपुर राहुल राजपूत, क्षेत्र पंचायत प्रमुख, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अर्पित उपाध्याय एवं अन्य सदस्यों सहित सभी जनपदीय स्तरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत

**अमेठी।** थाना कोतवाली क्षेत्र मुसाफिरखाना अंतर्गत मंगलवार को ट्रैक्टर-ट्राली की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई और एक घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर-ट्राली समेत मौके से फरार हो गया। मिली जानकारी के अनुसार मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के पूरे जगन्नाथ शुक्ल मानशाहपुर निवासी शिव प्रसाद दूबे उर्फ मोनू उम्र 27 वर्ष अपने दोस्त किशनुदासपुर में रहने वाले आशीष शुक्ला उम्र 22 वर्ष के साथ मंगलवार को बाइक से घर लौट रहे थे। रास्ते में गौरीगंज मार्ग पर पिंडारा महाराज के पास सामान लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली ने बाइक में टक्कर मार दी। इस हादसे में शिव प्रसाद व आशीष कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने घायलों को सीएचसी मुसाफिरखाना पहुंचाया जहां डॉक्टरों ने शिव प्रसाद को मृत घोषित कर दिया। आशीष की हालत नाजुक देख उसे जिला अस्पताल सुल्तानपुर रेफर कर दिया। मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात ट्रैक्टर-ट्राली चालक के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

# डीएम एवं एसपी ने छठ पूजा की तैयारियों का लिया जायजा

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री संकल्प शर्मा ने छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं का व्यापक जायजा लेने के लिए बरहज तहसील के सरयू घाट, कपरवार घाट एवं सलेमपुर तहसील के अंतर्गत नदावर घाट का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने घाटों पर चल रही तैयारियों का बारीकी से अवलोकन किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

जिलाधिकारी ने घाटों पर साफ-सफाई, मोबाइल टॉयलेट की पर्याप्त व्यवस्था, और घाटों की बैरिकेडिंग की मजबूती को लेकर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि छठ पूजा के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर एकत्र होते हैं, ऐसे में स्वच्छता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग की टीमें, प्रशिक्षित गोताखोर, और नाव की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तुरंत निपटा जा सके। सुरक्षा की दृष्टि से जिलाधिकारी ने घाटों पर प्रकाश व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा, कि छठ पर्व पर कई श्रद्धालु पूरी रात घाटों पर रुकते हैं, ऐसे में रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था होना अनिवार्य है। इसके लिए जनरेटर की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जा रही है, ताकि रात में भी पर्याप्त प्रकाश बना रहे। उन्होंने घाटों पर श्रद्धालुओं की सुरक्षित आवाजाही के लिए बैरिकेडिंग की जांच की और श्रद्धालुओं से प्रशासन द्वारा निर्धारित सुरक्षा मानकों का पालन करने का आग्रह किया। पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने छठ पूजा के मद्देनजर सुरक्षा तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि भीड़ नियंत्रण और सुरक्षा के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। उन्होंने कहा कि चैन स्नैचिंग, पॉकेटमारी और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए सादी वर्दी में पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके साथ ही, सीसीटीवी कैमरों से घाटों की लगातार निगरानी की जाएगी।

## धान की फसल का उत्पादन जानने को डीएम ने कराई क्राप कटिंग

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी निशा अनंत ने मंगलवार को तहसील गौरीगंज अंतर्गत ग्राम माधवपुर में जनपद में धान की फसल के उत्पादन जानने को लेकर क्रॉप कटिंग कराई। इस दौरान जिलाधिकारी ने राजस्व व कृषि विभाग की टीम के साथ किसान कामता प्रसाद त्रिपाठी गया प्रसाद कमलेश व फूलचंद के खेत पर पहुंचकर अपने सामने 43.03 स्क्वायर मीटर धान की फसल की क्राप कटिंग कराई तथा धान पिटवाकर उसका तौल भी कराया गया जोकि क्रमशः 20.500 किग्रा 22.26 किग्रा 20.91 किग्रा तथा 21.600 किग्रा निकला। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत किसानों को क्षतिपूर्ति का भुगतान करने के लिए क्राप कटिंग आंकड़ों का अत्यधिक महत्व होता है। इस दौरान जिलाधिकारी ने किसान भाईयों से सीधा संवाद स्थापित किया और अपने नजदीक के क्रय केन्द्र पर धान बेचने हेतु किसानों से अपील भी की। उन्होने कहा कि सरकारी धान क्रय केन्द्र पर किसान भाई धान बेचे ताकि उन्हें उचित मूल्य मिल सके। जिलाधिकारी ने इस दौरान किसान भाईयों से पराली न जलाने की अपील करते हुए कहा कि वे अपने नजदीक के गौशाला पर पराली को ले जाएं और वहां से गोबर की खाद लाकर अपने खेतों में डाले।

# पूर्ण परियोजनाएं एक सप्ताह में हैण्डओवर करें कार्यदायी संस्थाएं : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** रू. 50 लाख से अधिक लागत की निर्माणाधीन भवन परियोजनाओं की समीक्षा के लिए सोमवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी मोनिका रानी ने प्रशासकीय विभागों को निर्देश दिया कि विभागीय निर्माण परियोजनाओं की गुणवत्ता का समय-समय पर स्वयं निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का नियमित रूप अनुश्रवण कर यह सुनिश्चित करें कि हो रहे निर्माण कार्य शासन द्वारा निर्धारित मानकों खरे उतरें। सम्बन्धित अधिकारियों से कहा गया कि प्रत्येक माह किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या डीएम को उपलब्ध कराई जाये तथा समीक्षा बैठक में निरीक्षण आख्या के साथ सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित होंगे।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में कुल रू. 749.04 करोड़ की लागत से विभिन्न योजनाओं के अन्तर्गत रू. 50 लाख से अधिक लागत की कुल 96 परियोजनाएं निर्माणाधीन हैं। अब तक रू. 456.80 करोड़ की धनराशि का व्यय कर 86 प्रतिशत वित्तीय एवं 63 प्रतिशत भौतिक प्रगति प्राप्त की गयी हैं। माध्यमिक शिक्षा से सम्बन्धित निर्माण कार्य प्रोजेक्ट अलंकार, मल्टीपरपज हॉल, कम्प्यूटर लैब आदि कार्यों में जिला विद्यालय निरीक्षक के शिथिल पर्यवेक्षण पर डीएम ने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि अपेक्षित सुधार लाया जाय।

समस्त कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि सीएमआईएस पोर्टल पर निर्माण कार्य की प्रगति के फीडिंग अनिवार्य रूप से अद्यतन रखना सुनिश्चित करें एवं निर्माण कार्यो का नियमित निरीक्षण करें। कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया गया कि यदि निर्माणाधीन परियोजनाओं के निर्माण में किसी भी प्रकार का व्यवधान एवं भूमि विवाद उत्पन्न होता है तत्काल प्रशासकीय विभाग को समाधान हेतु अवगत कराया जाए। डीएम ने कहा कि इस सम्बन्ध में प्रशासकीय विभाग का दायित्व होगा कि वे उत्पन्न व्यवधान का समुचित निराकरण कराएं जिससे कार्य की प्रगति एवं निरन्तरता प्रभावित न हो।

डीएम ने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यो को समयबद्ध रूप से गुणवत्ता के साथ मानक के अनुरूप पूर्ण कराएं तथा निर्माण कार्य से सम्बन्धित माइल स्टोन का माहवार लक्ष्य का चार्ट उपलब्ध कराएं, जिसके सापेक्ष निर्माण कार्य की मासिक प्रगति की समीक्षा की जा सके। डीएम ने निर्देश दिया कि जिन परियोजनाओं का निर्माण कार्य पूर्ण हो गया हैं, उन्हें एक सप्ताह में प्रशासकीय विभागों के हैण्डओवर करा दिया जाए।

# जीएसटी पंजीकरण बढ़ाने के लिए व्यापारियों को जागरूक किया जाएगा उपायुक्त

अवधनामा संवाददाता



**सुल्तानपुर।** उपायुक्त राज्य व्यापार कर खंड एक कार्यालय अध्यक्ष एल एस शरण ने सुल्तानपुर का कार्यभार ग्रहण किया है। पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की प्राथमिकता वाले कार्यक्रम जीएसटी रजिस्ट्रेशन को बढ़ाने के लिए व्यापारियों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जीएसटी रजिस्ट्रेशन की गति को आगे बढ़ाया जाएगा। शासन की नीतियों निर्देशों का अनुपालन करते हुए जो भी लक्ष्य मिलेगा,उसकी पूर्ति की पूरी कोशिश की जाएगी।राजस्व वृद्धि के लिए एक टीम भावना से एक साथ मिलकर कार्य किया जाएगा।मोबाइल टीम अपना कार्य कर रही है, जो व्यापारी जी यस टी नहीं दे रहे हैं, उनका गहन परीक्षण कर उचित कार्यवाही सुनिश्चित कराई जाएगी।वे सुल्तानपुर जनपद को पुनः जीएसटी कलेक्शन में प्रथम स्थान पर लाने का पूरा प्रयास करेंगे।व्यापारियों को हर संभव सुविधा प्रदान कराई जाएगी, व्यापारियों की समस्या के लिए हमारी टीम प्राथमिकता पर कार्य करेगी। व्यापारियों को अधिक से अधिक जीएसटी में रजिस्ट्रेशन करने के लिए जागरुक करने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन जनपद में तहसील स्तर पर लगाया जाएगा। व्यापारियों की समस्याओं के लिए हमारी टीम त्वरित कार्यवाही करेगी, साथ ही साथ जो व्यापारी जीएसटी में रजिस्ट्रेशन कराए हुए हैं,उन्हें सरकार की तरफ से दुर्घटना बीमा योजना में 10 लख रुपए का सहयोग भी दिया जा रहा है। जीएसटी के पंजीकरण के लिए प्रार्थना पत्र मिलने पर त्वरित गति से मौके का निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। कोई भी कार्य पेंडिंग नहीं रखा जाता है,अधिक से अधिक लोग जीएसटी में पंजीकरण करा कर व्यापार करें और इनपुट टैक्स क्रेडिट का लाभ लें व्यापारियों की समस्याओं के लिए हमारे कार्यालय का द्वार हमेशा खुला रहेगा।

## थाना क्षेत्र में गस्त पर चोर, पुलिस चीर निंद्रा में

**सुल्तानपुर।** बंधुआ कला थाना क्षेत्र की पुलिस सुस्त हो गई है ।सूचना देने के बावजूद भी पुलिस चोरी की दरखास्त को ठंडे बस्ती में डाल देती है। दीपावली में भी चोरों ने घर में घुसकर मोबाइल पर हाथ साफ कर लिया। हालांकि चोर बेनक़ाब भी हो गया है। वह दूसरे के घर से चोरी की एंड्रॉयड मोबाइल को अपने घर ले जाकर सो रहा था। तभी गांव के ही किसी युवक ने चोरी की पोल खोल दी। इधर पीड़ित ने मामले की सूचना बंधुआ कला थाने की पुलिस को दी है। लेकिन 3 दिन बीतने के बावजूद अभी तक पुलिस मौके पर नहीं पहुंची है।

# लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाये : डीएम

अवधनामा संवाददाता

**विद्यालयों के आस-पास गुटखा, तम्बाकू की न हो बिक्री**

**मैनपुरी।** जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने तंबाकू निषेध, मादक पदार्थो की तस्करी और इनके गलत इस्तेमाल पर नियंत्रण पर आधारित कार्यक्रम, गोष्ठी को संबोधित करते हुए कहा कि धूम्रपान, तंबाकू का सेवन करने वाला व्यक्ति न सिर्फ अपने जीवन को खतरे में डालता है बल्कि अपने परिवार के साथ-साथ अन्य लोगों को भी नुकसान पहुंचाता है, परिवार, समाज के लोगों में कैंसर का खतरा पैदा करता है, धूम्रपान के दौरान निकलने वाला धुआं पर्यावरण को भी प्रदूषित करता है, धूम्रपान के कारण विश्व में प्रतिवर्ष असंख्य लोगों की मृत्यु होती है, हम सब तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभाव को जाने और तंबाकू से बने पदार्थो के सेवन से बचें। उन्होने कहा कि तंबाकू एक धीमे जहर की तरह है जो व्यक्ति को धीरे-धीरे मौत के मुंह की ओर धकेलता है, तमाम लोग जानकारी के बावजूद तंबाकू से बने उत्पादों का प्रयोग करते हैं, धीरे-धीरे यह शौक बुरी लत में बदल जाता है, सिगरेट, बीड़ी, जर्दा, गुटखा, खैनी, हुक्का, चिलम से सभी को बचना होगा, तंबाकू से बने उत्पादों का सेवन करने वाले लोगों विशेषतौर पर युवा पीढ़ी को बुरी आदत से बचने के लिए प्रेरित करना होगा। श्री सिंह ने कहा कि तंबाकू का सेवन करने से गला, मूंह, श्वांस नली, व फेंफड़ों के कैंसर की संभावना बढ़ जाती है साथ ही दिमाग की बीमारियों का खतरा भी बना रहता है, तंबाकू के नुकसान से लोगों की रक्षा के लिए हम सबको सम्मिलित प्रयास करने होंगे, लोगों को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करना होगा। उन्होने कहा कि तम्बाकू के खतरे को नियंत्रित करने के प्रयासों के बावजूद तम्बाकू के इस्तेमाल की व्यापकता बच्चों और किशोरों के बीच खतरनाक अनुपात में बढ़ रही है। उन्होने जिला विद्यालय निरीक्षक से कहा कि जनपद के समस्त विद्यालयो में प्रार्थना सभा में छात्रों को तम्बाकू, अन्य नशों से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया जाये, विद्यालयों के मुख्य द्वार पर सी.सी.टी.वी. कैमरे लगवाये जायें और उनसे निगरानी की जाये कि विद्यालय के आस-पास कोई असामाजिक तत्व छात्रों को नशे की सामग्री, तम्बाकू आदि का सेवन करने के लिए प्रेरित न करे। उन्होने अपर पुलिस अधीक्षक से कहा कि विद्यालयों के आस-पास गुटखा, तम्बाकू, अन्य नशीले पदार्थ की बिक्री किसी भी दशा में न हो, विद्यालयों के आस-पास के दुकानदारों को हिदायत दी जाये कि किसी भी दशा में विद्यालय के आस-पास गुटखा, तम्बाकू की बिक्री न करें।

# सैकड़ों बीघा धान की तैयार फसल हो रही बर्बाद



अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** विकास खंड दूबेपुर क्षेत्र के कानूपुर ग्राम में सैकड़ों बीघा धान की फसल बर्बाद हो रही है। पिछले दिनों भारी बरसात होने पर धान की फसल डूबने लगी थी। सैकड़ों बीघा धान की फसल पककर कटने के कगार पर है। पानी की निकासी न होने के कारण खेतों में पानी लगा हुआ है जिससे धान नहीं कट पा रहा है। बरसात ने किसानों की लागत और मेहनत पर पानी फेर दिया है। कभी सूखे की मार झेल रहे किसानों ने सिंचाई कर किसी तरह धान की फसल तैयार की, लेकिन अब बारिश ने किसानों की कमर तोड़ दी। कानूपुर के रहने वाले किसान लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने बताया कि पिछले दिनों तीन दिन की लगातार बारिश के कारण तेज हवा चली और उसके खेत में लगे लाखों रुपए के धान का फसल गिर गया। जिससे काफी नुकसान हुआ है। उसे उम्मीद थी कि इस बार उसे खेत में लगे धान के फसल की अच्छी उपज होगी और अच्छी कमाई भी होगी। लेकिन इस तूफान के कारण उसके जैसे कई किसानों के मेहनत पर पानी फेर दिया है। किसान त्रियुगी नारायण त्रिपाठी कानूपुर निवासी ने बताया कि इलाके के सैकड़ों बीघा में लगे धान के फसल का नुकसान हुआ है। जिससे उन किसानों को भारी क्षति हुई है। पीड़ित किसानों ने जिला प्रशासन से मदद की गुहार लगाई है। राजनारायण त्रिपाठी, अयोध्या यादव, स्वामी यादव, छेदी यादव आदि सैकड़ो किसानों ने जिलाधिकारी से तत्काल समस्या के निराकरण की मांग की है।

## अवैध शस्त्र सहित 1 अभियुक्त पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना एका पुलिस टीम द्वारा मिली गुप्त सूचनानुसार अवैध शस्त्र के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद फिरोजाबाद के निर्देशन में अवैध शस्त्र की रोकथाम/ बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण जनपद फिरोजाबाद के पर्यवेक्षण में तथा क्षेत्राधिकारी जसराना जनपद फिरोजाबाद के कुशल नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर 05-11-2024 को थाना एका पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त सौरभ पुत्र गिरीशचन्द्र निवासी ग्राम प्रेमपुर थाना एका जनपद फिरोजाबाद को महर्षि परशुराम शिक्षण संस्थान, कस्बा एका से एक नाजायज 315 बोर तमंचा व 02 जिंदा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। बरामदगी के आधार पर थाना हाजा पर मु0अ0सं0 314/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है। बरामद करने वाली पुलिस टीम में प्र0नि0 मनोज कुमार शर्मा, उ0नि0 अमर सिंह, उ0नि0प्र0 आकाश कुमार, का0 760 अशोक कुमार, कां0 528 विक्रम पाल थाना एका जनपद फिरोजाबाद सम्मिलत रहे।

## तीप माह के कम्प्यूटर प्रशिक्षण कोर्स का आवेदन 10 नवम्बर तक करें

**फिरोजाबाद।** जिला पिछला वर्ग कल्याण अधिकारी कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित अन्य पिछड़े वर्ग के 35 वर्ष की आयु तक के कक्षा-12 पास शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों जिनकी वार्षिक आय रू0 एक लाख तक है, को भारत सरकार की अधिकृत संस्था ''नीलिट'' से मान्यता प्राप्त 'ओ' लेवल कम्प्यूटर कोर्स का एक वर्षीय कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं सी0सी0सी0 कोर्स का तीन माह का कम्प्यूटर प्रशिक्षण की योजना हेतु द्वितीय चरण में ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर, 2024 निर्धारित थी। उक्त समयावधि को निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उ0प्र0 लखनऊ द्वारा बढ़ाकर अंतिम तिथि 10 नवम्बर, 2024 निर्धारित की गयी है। उक्त समयावधि में युवक-युवतिया विभागीय बेबसाईट www-obccomputertraining-upsdc-gov पर दिये गये लिंक के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते है।

ऑनलाईन आवेदन करने के पश्चात् आवेदक आवेदन पत्र का प्रिंट आऊट निकालकर समस्त संलग्नकों सहित 10 नवम्बर, 2024 की सायं 05:00 बजे तक अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, कक्ष सं0 125, विकास भवन, सिविल लाईन, दबरई, फिरोजाबाद में जमा करना सुनिश्चित करें। अन्तिम तिथि के बाद आवेदन पत्र स्वीकार नही किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वंय आवेदनकर्ता की होगी। अन्य कोई भी जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, फिरोजाबाद कमरा नं0 125, विकास भवन, सिविल लाईन, दबरई से प्राप्त की जा सकती है।

**उत्तर रेलवे**

**ई–ऑक्शन सूचना**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से सम्बन्धित सूचना।

| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ0रे0–मण्डल–वाणिज्य/उ0रे0 |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-BSB-MX-152-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 02-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 18-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 18-11-2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LBA-MX-145-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 20-11-2024 समय 10:30 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-LLJ-MX-146-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 20-11-2024 समय 10:40 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-MFKA-MX-149-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 20-11-2024 समय 10:50 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-JAIS-MX-151-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 20-11-2024 समय 11:00 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-SKN-MX-147-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 20-11-2024 समय 11:10 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-CIL-MX-148-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 20-11-2024 समय 11:20 बजे |
| नीलामी सूची सं0/लॉट सं0 | Parking-LKO-MEM-MX-142-24-1 (Parking Mixed) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 04-11-2024 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 20-11-2024 समय 10:00 बजे |
| नीलामी बंद करने की तिथि एवं समय | 20-11-2024 समय 11:30 बजे |
| नीलामी का प्रकार | Closed Ended |
| वेबसाइट विवरण जहां पंजीकृत बोलीदाताओं द्वारा नीलामी का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | E-Auction Module of www.ireps.gov.in 3423/2024 |

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कार्यालय, क्षेत्र पंचायत, बढ़नी-सिद्धार्थनगर।

पत्रांक : 735/2- लेखा/निविदा/2024-25 दिनांक : 30 अक्टूबर 2024

## निविदा सूचना

इस कार्यालय के पत्रांक- 270/2-लेखा/पंजियन/2024-25 दिनांक 18.07.2024 द्वारा राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु ठेकेदार का पंजीयन करने हेतु निविदा आमंत्रित कर ठेकेदार का पंजीयन किया गया था। तत्पश्चात क्षेत्र पंचायत बढनी के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित परियोजनाओं पर कार्य कराये जाने हेतु निविदा दिनांक 30.10.2024 से 18.11.2024 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक अपनी निविदा दर तथा वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत बढनी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी। निविदा प्रपत्र को दिनांक 18.11.2024 को अपरान्ह 3.00 बजे समिति के समक्ष अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में खोला जायेगा। अधिक जानकारी के लिये किसी भी कार्य दिवस में क्षेत्र पंचायत बढनी के नोटिस बोर्ड पर चस्पा निविदा सूचना/पटल सहायक से भी जानकारी प्राप्त कर सकते है। निविदा हेतु विवरण निम्नवत है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | आगणन की धनराशि (लाख में) | निविदा की धनराशि (जी.एस.टी. छोडकर) | 2 प्रतिशत जमानत धनराशि | टेण्डर फार्म मूल्य जी.एस.टी. सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| क- | **राज्य वित्त आयोग योजना से सम्बन्धित कार्य का विवरण-** | | | | | |
| 1 | मिनी स्टेडियम चन्दई में दर्शक दीर्घा निर्माण उत्तरी भाग। | 9.33 | 790631.00 | 15813.00 | 900 | 3 माह |
| 2 | मिनी स्टेडियम चन्दई में दर्शक दीर्घा निर्माण दक्षिणी भाग। | 9.33 | 790631.00 | 15813.00 | 900 | 3 माह |
| 3 | सामुदायिक स्व0 केन्द्र बढ़नी का मरम्मत कार्य | 9.65 | 818224.00 | 16364.00 | 900 | 3 माह |
| 4 | सेवरा पी0डब्ल्यू0डी रोड से दुर्गा के बगीचे के सामने पुलिया निर्माण। | 7.51 | 637244.00 | 12745.00 | 900 | 3 माह |
| ख- | **केन्द्रीय वित्त आयोग योजना से सम्बन्धित कार्य का विवरण-** | | | | | |
| 5 | ढेकहरी बुजुर्ग भीम के खेत के बगल में आर0सी0सी0 पुलिया निर्माण। | 7.37 | 625026.00 | 12501.00 | 900 | 3 माह |
| 6 | मिनी स्टेडियम चन्दई में चेंजिंग रूम निर्माण उत्तरी भाग। | 6.98 | 538553.00 | 10771.00 | 900 | 3 माह |
| 7 | मिनी स्टेडियम चन्दई में चेंजिंग रूम निर्माण दक्षिणी भाग। | 7.31 | 571526.00 | 11431.00 | 900 | 3 माह |
| 8 | मिनी स्टेडियम चन्दई में महिला पुरूष शौचालय निर्माण । | 4.63 | 392130.00 | 7843.00 | 900 | 3 माह |

**मुख्य शर्ते-**

1. प्रत्येक कार्य का पूर्ण करने की अनुमन्य अवधि कालम (7) में दर्शाया गया है।
2. निविदा के साथ 02 (दो) प्रतिशत धरोहर धनराशि जो कॉलम नं0 (5) में तथा निविदा प्रपत्र शुल्क जो उक्त तालिका के कालम नं0 (6) में अंकित है NEFT / RTGS खाता सं0 4156000100192742 बैंक का नाम - पंजाब नैशनल बैंक ब्रांच का नाम - बढनी IFSC Code- PUNB0415600 में जमा पुष्टि रसीद की स्कैन कॉपी निविदा के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदा स्वीकार करने की वैधता निविदा प्राप्त करने के तिथि से तीन माह (90) दिन होगा।
4. कार्य किसी अन्य को कदापि हस्तान्तरित नहीं किया जायेगा, निविदा स्वीकृत के बाद यदि हस्तान्तरित का स्थिति प्रकाश में आता है, तो अनुबन्ध निरस्त कर दिया जायेगा।
5. निविदा खोलने की कार्यवाही अधोहस्ताक्षरी के कक्ष में गठित समिति के सदस्यों के द्वारा निविदाता अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी।
6. खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत बढनी द्वारा बिना कोई कारण बताये एवं बिना नोटिस दिये किसी भी निविदा को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
7. अपूर्ण अथवा सही ढंग से निविदा प्रपत्र न भरी हुई निविदाये स्वीकार नहीं किया जायेगा।
8. खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत बढनी को विशेष परिस्थितियों में आवश्यकतानुसार दण्ड आरोपित करने अथवा बिना कोई दण्ड आरोपित किये समय वृद्धि करने का अधिकार होगा।
9. ठेकेदार को अवर अभियन्ता (ग्रा0अभि0वि0) के निर्देशानुसार कार्य करना होगा। निर्माण कार्य का निरीक्षण खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष क्षेत्र पंचायत, बढनी के आदेशानुसार भुगतान दिल से कटौती किया जायेगा।
10. यह कि 02 प्रतिशत धरोहर राशि निविदा के साथ जमा की जायेगी यदि ठेकेदार द्वारा पूर्ण जमानत धनराशि नहीं जमा किया जाता है तो निविदा अस्वीकृत कर दिया जायेगा।
11. कार्य समाप्ति अथवा अन्तिम भुगतान के 1 (एक) वर्ष के पश्चात निर्माण कार्य हेतु जमानत धनराशि वापस कर दिया जायेगा।
12. किसी विवाद की दशा में खण्ड विकास अधिकारी/अध्यक्ष, क्षेत्र पंचायत बढनी का निर्णय अन्तिम होगा जो उभय पक्ष को मान्य होगा।
13. ठेकेदार के बिल से शासन के निर्देशानुसार देय करो का नियमानुसार कटौती किया जायेगा, जो ठेकेदार को मान्य होगा।
14. उपरोक्त निर्माण कार्यो का भुगतान क्षेत्र पंचायत बढनी के अन्तर्गत से प्राप्त धनराशि से किया जायेगा।
15. निविदा के साथ निविदादाता को नियमानुसार 100.00रूपये के स्टाम्प पेपर पर हस्ताक्षर एंव रसीदी टिकट लगाकर देना होगा।
16. स्टीमेट में कॉन्ट्रेक्टर प्राफिट के अतिरिक्त विलो टेण्डर डालने पर ठीकेदार समिति के समक्ष उपस्थिति होकर स्पष्ट करना होगा कि किस प्रकार विशीष्टियों के अनुसार किस प्रकार कराये जायेगें समिति के संतुष्ट होने पर निविदा स्वीकृत किया जायेगा।
17. निविदा के साथ संलग्न 02 (दो) प्रतिशत धरोहर की राशि उपरोक्त खाते में जमा करना अनिवार्य होगा तथा बैंक चालान रसीद, शपथ पत्र हैसियत, चरित्र प्रमाण पत्र, जी0एस0टी0 आयकर तीन साल एंव अनुभव प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छाया प्रति या आदि वाछिंत अभिलेख दिनांक 18.11.2024 तक अपरान्ह 2.00 बजे तक वांछित प्रपत्र बन्द लिफाफे में क्षेत्र पंचायत बढनी के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।
18. टेण्डर स्वीकर होने के एक सप्ताह के अन्दर 08 प्रतिशत जमानत जमा करके अनुबन्ध कराना अनिवार्य होगा। अन्यथा टेण्डर स्वतः निरस्त हो जायेगा।
19. ठेकेदार द्वारा अनुबन्ध कराने के उपरान्त ही कार्य प्रारम्भ कराया जायेगा। अनुबन्ध के पूर्व किया गया कार्य स्वतः श्रमदान घोषित हो जायेगा।

**खण्ड विकास अधिकारी**
**बढनी-सिद्धार्थनगर।**

# राष्ट्रीय अपना दल (सोने लाल) के स्थापना दिवस पर वरिष्ठजनों का सम्मान

**अवधनामा ब्यूरो**

**अनुप्रिया और आशीष ने सोनेलाल पटेल के स्वप्न को साकार किया: गणेश**

**इटावा।** राष्ट्रीय अपना दल (सोनेलाल) की जिला इटावा इकाई ने मंगलवार को पक्का तालाब स्थित लक्ष्मी गेस्ट हाउस में पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया और जिले में दो दशक पूर्व पार्टी की स्थापना में संघर्षपूर्ण योगदान करने वाले वरिष्ठजनों का सम्मान करते हुए उनके योगदान का स्मरण कर उनसे मार्गदर्शन की अपेक्षा के साथ आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर आज के मुख्य अतिथि गणेश ज्ञानार्थी पूर्व लोकसभा प्रत्याशी अपना दल, मंडल अध्यक्ष रहे बेचें सिंह पाल एवं श्री कृष्ण वर्मा ने संस्थापक डॉक्टर सोने लाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण करके समारोह का शुभारंभ किया। समारोह के आयोजक पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हरि शंकर पटेल समेत जिला इकाई के अधिकतम सदस्यों ने डॉक्टर साहब के चित्र पर माल्यार्पण पश्चात आज के मुख्य अतिथि गणेश ज्ञानार्थी द्वारा 2004 में पार्टी के प्रत्याशी के रूप में लड़े गए लोकसभा चुनाव के संघर्ष पूर्ण दौर के अभिलेखों का अवलोकन कर पार्टी के कारवां को बढ़ाने में योगदान की सराहना करते हुए उनका पार्टी की ओर से विधिवत सम्मान किया गया। उन्ही के साथ दो दशक पूर्व मंडल अध्यक्ष रहे बेचें सिंह पाल तथा नगर पालिका में रहे और पार्टी के लिए महत्वपूर्ण योगदान के लिए



वयोवृद्ध श्री कृष्ण वर्मा का माल्यार्पण कर उनके योगदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। स्तंभकार ज्ञानार्थी ने कहा कि सन सत्तासी से जब-जब भी डॉक्टर सोनेलाल पटेल इटावा आए सदैव उनके कार्यक्रमों में सहयोग प्रचार प्रसार किया। उनके निर्देश पर चुनाव लडा। आज उनका कारवां आगे बढ़ाकर लोकसभा और विधान सभा तक पहुंचाने के लिए अनुप्रिया पटेल और इंजीनियर आशीष पटेल के योगदान को प्रशंसनीय बताया और संघर्ष की सराहना की और उनके स्वप्न को साकार करने में सफलता प्राप्त की। वयोवृद्ध बेंचेलाल जी तथा श्री कृष्ण वर्मा ने उस दौर के पुराने साथियों के संघर्ष हिम्मत और कठिनाइयों में भी सहयोग करने वालों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की और पार्टी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए अपना आशीर्वाद सदैव बनाए रखने का वचन दिया। आयोजक हरिशंकर पटेल ने कहा कि दो दशक पूर्व जिले में पार्टी का परचम लहराने वाले और प्रातःस्मरणीय डॉक्टर सोने लाल पटेल का सहयोग और कृपा प्राप्त करने वाले वरिष्ठ जनों का सम्मान कर उनका आशीर्वाद ग्रहण कर पार्टी के स्थापना दिवस को सार्थक बनाने के प्रयास में सहयोगी रहे सभी पार्टी सदस्य बधाई के पात्र है। अब हम अनुप्रिया जी के निर्देशों अंतर्गत पार्टी से जनता को जोड़ने और उनकी दुख तकलीफें दूर करने में और अधिक शक्ति से योगदान करेंगे। जिला कार्यकारिणी में फिलहाल कार्यरत उपाध्यक्ष हरि ओम चौहान, जिला महा सचिव ब्रजेश पोरवाल, सचिव अरुण कुमार दुबे, सदस्य राहुल श्रीवास्तव, राजेश वर्मा बैडमिंटन प्रशिक्षक एवं स्वामी लक्ष्मी गार्डन तथा अनुसूचित मंच के जिलाध्यक्ष रवीन्द्र सिंह जाटव, जिला महासचिव डा0 जसवीर सिंह आदि ने संस्थापक पटेल साहब पर माल्यार्पण कर अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल तथा प्रदेश सरकार में प्राविधिक शिक्षा, उपभोक्ता मामले एवं बांट माप मंत्री आशीष पटेल के योगदान की सराहना की और उनके कारवां को आगे बढ़ाने में संघर्ष का संकल्प लिया। कार्यक्रम में सहयोग प्रदान करने एवं सम्मान ग्रहण करने के लिए सभी का विनम्र आभार प्रदर्शन करते हुए उपाध्यक्ष हरि ओम चौहान सभी का धन्यवाद किया।

## संक्षिप्त समाचार

### धारावाहिक महाभारत के गुरु द्रोणाचार्य सुरेंद्र पाल ने इटावा सफारी पार्क का किया दीदार



**इटावा/अवधनामा ब्यूरो।** इटावा सफारी पार्क के भ्रमण करने स्थानीय एवं विदेशी लोगो के साथ- साथ फ़िल्म जगत के सितारे भी शामिल है। इसी क्रम में टेलीविजन धारावाहिक महाभारत में गुरु द्रोणाचार्य, शक्तिमान में तमराज किलविश, देवों के देव महादेव में दक्ष प्रजापति की भूमिका निभाने वाले महान कलाकार सुरेंद्र पाल सिंह द्वारा मंगलवार को इटावा सफारी पार्क का भ्रमण किया गया। बब्बर शेरों को देखकर उनके द्वारा काफ़ी प्रसन्नता जाहिर की गई। उन्होंने सफारी पार्क को इटावा जनपद के लिए अद्वितीय उपलब्धि बताया तथा भविष्य में सफारी पार्क के प्रचार प्रसार में सहयोग देने के लिए सहमति दी। इस मौके पर सफारी पार्क के निदेशक डॉ अनिल कुमार पटेल, उप निदेशक डॉ विनय कुमार सिंह व सफारी के अन्य स्टाफ के अलावा आशीष पटेल मौजूद रहे।

### ट्रक की टक्कर से बाइक में सवार दो घायल

**सुमेरपुर हमीरपुर।** सुमेरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुण्डौरा के पास ट्रक व मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई है। ट्रक चालक छोटे सिंह पुत्र बदलू प्रसाद 47 वर्ष निवासी शेखपुर थाना घाटमपुर जिला कानपुर नगर का है और मोटरसाइकिल चालक गोपाल प्रजापति पुत्र वरदानी 29 वर्ष व मोहित पुत्र संतोष 19 वर्ष निवासी ग्राम बिलहडी थाना सुमेरपुर ट्रक की टक्कर से घायल हो गये। सूचना पर सुमेरपुर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर घायलों को उपचार हेतु उनके परिजनों के साथ जिला चिकित्सालय हमीरपुर भेजा गया। घटना स्थल से वाहन व चालक को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।

### रेणु नदी में डूबी तीसरी किशोरी का शव बरामद



**चोपन/सोनभद्र।** सोमवार को थाना क्षेत्र अंतर्गत बर्दिया गांव में रेणु नदी में स्नान करते समय तीन किशोरियों के डुबने से हुई मौत में दो शव घटना वाले दिन साम तक बरामद कर लिया गया था किन्तु एक किशोरी का शव बरामद नहीं हो सका था तिसरी किशोरी सुनिता का शव मंगलवार को चोपन वैरियर स्थित बजरंग घाट पर बरामद हुआ मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया। गौरतलब हो कि सोमवार को बर्दिया गांव में उस समय मातम छा गया जब दो सगी बहनों संग तीन किशोरी रेणु नदी में स्नान करते समय डुब गई जिसके बाद हड़कंप मच गया सोमवार को देर साम तक दो शवों को बरामद कर लिया गया था वहीं मंगलवार को एसडीआरएफ की टीम नदी क्षेत्र में खोजबीन कर रही थी तभी सुचना मिला कि तिसरी किशोरी का शव बजरंग घाट पर उतराया हुआ है जिसके बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया।

### नहाए खाए के साथ छठ पूजा का हुआ आगाज

**सोनभद्र/चोपन।** नहाए खाए के पवित्र अनुष्ठान के साथ आज से छठ पूजा का शुभारंभ हुआ। छठ व्रतियों ने पूरी श्रद्धा के साथ नहाए खाए का पालन करते हुए इस पावन पर्व की शुरुआत की। नगर पंचायत चोपन ने व्रतियों के स्वागत और सुविधा के लिए विशेष तैयारियां की हैं। घाटों की साफ-सफाई, रौशनी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही, पूजा के दौरान कोई बाधा न आए, इसके लिए नगर प्रशासन ने अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती भी की है। नगर पंचायत के अध्यक्ष उस्मान अली ने बताया कि छठ महापर्व में हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु घाटों पर आते हैं, और इस बार भी श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। इसके अलावा, सुरक्षा व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है ताकि व्रतियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। व्रतियों की सेवा और उनके लिए बेहतर इंतजाम करना हमारी प्राथमिकता है। छठ व्रतियों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और वे इस पवित्र पर्व के लिए अपनी तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### सदस्य, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग का सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम 06 व 07 नवम्बर को

**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** मा0 सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग लखनऊ नीलम प्रभात जी का जनपद सोनभद्र में भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। मा0 सदस्या द्वारा 06 नवम्बर,2024 को प्रातः 10.00 बजे जनपद के राबर्ट्सगंज ब्लाक के कस्तुरबा गांधी विद्यालय, जिला महिला चिकित्सालय, वनस्टॉप सेन्टर का निरीक्षण किया जायेगा। इसी प्रकार से मा0 सदस्या द्वारा 7 नवम्बर, 2024 को प्रातः 10.00 बजे कस्तूरबा गांधी विद्यालय ब्लाक म्योरपुर, महिला थाना बन्दीगृह दुद्धी, सी0एच0सी0 प्रसुतिगृह एवं अन्य बालिका विद्यालयों का निरीक्षण किया जायेगा।

# पत्रकारों की हिमायती बनकर सपा आई साथ, खोला मोर्चा

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** बीते सप्ताह नगर पंचायत अध्यक्ष और उसके गुर्गो द्वारा पत्रकारों के साथ की गई अमानवीयता के मामले में सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान के नेतृत्व में सपा नेताओं के एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। सपा जिलाध्यक्ष इदरीस खान के नेतृत्व में सपा प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक को सौंपे ज्ञापन में बताया कि पिछले दिनों नगर पंचायत सरीला में फैले भ्रष्टाचार की के खिलाफ सभासदों ने मोर्चा खोल दिया था जिसको लेकर पत्रकारों ने भी प्रमुखता से खबर प्रकाशित की थी उसी बात को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष पवन अनुरागी और उसके सहयोगियों ने पत्रकार अमित कुमार और शैलेंद्र मिश्रा को बुलाकर बंधक बनाकर बेरहमी से निर्वस्त्र कर पीटा, इतना ही नहीं पुलिस से मिलकर दोनों पत्रकारों के विरुद्ध दलित उत्पीड़न का मामला भी दर्ज करा दिया था।जिसको लेकर सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने भी अपने अधिकृत ट्विटर हैण्डल एक्स पर सरकार को घेरा था।उसी मामले में बीते दिन पत्रकारों ने भी धरना प्रदर्शन कर मामले की जांच और कार्यवाही करने की मांग की थी।उसी मामले को लेकर मंगलवार को सपा नेताओं एक प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी घनश्याम मीणा और पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा को ज्ञापन देकर मामले की निष्पक्ष जांच और कार्यवाही करने की मांग की।वहीं मंगलवार को मौदहा में ब्रजेंद्र गौतम के आवास पर एक बैठक आयोजित की गई जिसमें दोनों पत्रकारों के साथ की गई अमानवीय घटना की निंदा करते हुए इस घटना को मानवाधिकार का खुला उल्लंघन बताया गया।और सरीला नगर पंचायत अध्यक्ष पर कठोर कार्यवाही करने की मांग करते हुए कार्यवाही नहीं होने पर आंदोलन करने की रुपरेखा तैयार की गई। इस दौरान शिब्बू महाराज, अवधेश पालीवाल, अरविंद तिवारी, शिवकांत तिवारी, अभिजीत मराठा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# डीएम ने खाद वितरण केंद्र का किया निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने हेलापुर/ कुछेछा स्थित क्षेत्रीय सहकारी समिति / खाद वितरण केंद्र का निरीक्षण कर खाद वितरण व्यवस्था का मुआयना किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम खाद वितरण से संबंधित रजिस्टर का अवलोकन किया तथा निर्देश दिए कि सभी किसानों को क्रमानुसार खाद वितरित किया जाए। खाद वितरण व्यवस्था में कर्मचारियो की संख्या को बढ़ाया जाए तथा सुचारू ढंग से खाद वितरण कराया जाए। उन्होंने कहा कि सभी किसानों को खाद मिले यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए , इसके लिए जिन किसानों ने अभी तक एक भी बार खाद नहीं ली है उनको प्राथमिकता के साथ खाद वितरित किया जाए। सभी किसानों को खाद मिलने के बाद ही किसी व्यक्ति को दोबारा खाद वितरित किया जाए। कहा कि वास्तविक किसानों को ही खाद दिया जाए, किसी भी दशा में किसी बिचौलिए को खाद नहीं वितरित होनी चाहिए अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने खाद का स्टॉक भी देखा तथा कहा कि समय से खाद की पर्याप्त उपलब्धता हेतु डिमांड कर लिया जाए तथा अपने पास खाद का पर्याप्त स्टॉक रखा जाए। उन्होंने कहा कि जैविक खाद सागरिका को भी किसानों को लेने हेतु प्रोत्साहित किया जाए , सागरिका में जैविक खाद होने के कारण पैदावार अच्छी होती है तथा इसका नकारात्मक प्रभाव भी नहीं होता है। इस मौके पर जिलाधिकारी ने खाद वितरण व्यवस्था का किसानों से फीडबैक लिया तथा कृषकों से किसी तरह की समस्या या ओवर रेटिंग आदि के बारे में पूछताछ की । जिसपर किसानों द्वारा ओवर रेटिंग आदि की कोई भी समस्या नहीं बताई गई है। इस मौके पर सहायक निबंधक सहकारिता, सहायक जिला सहकारी अधिकारी तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# दहेज हत्या का मामला दर्ज कराने के बाद मृतिका की मां को जान से मारने की धमकी

**अवधानामा संवाददाता**

**महिला ने आरोपियों के खिलाफ सुरक्षा की लगाई गुहार, मुकदमा वापस लेने का बनाया जा रहा दबाव**

**हमीरपुर।** थाना जसपुरा क्षेत्र के ग्राम गौरी कला निवासी एक महिला ने दहेज को लेकर ससुरालीजनो द्वारा पुत्री को मार डालने के खिलाफ थाना मझगवा जनपद हमीरपुर में तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। महिला का आरोप है कि अब आरोपी मुकदमा वापस लेने की धमकी दे रहे है जिससे जानमाल का खतरा बना हुआ है।पीड़ित महिला ने एस0पी0 से जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है। थाना जसपुरा जनपद बांदा के ग्राम गौरी कला निवासी सुधा सिंह पत्नी स्व0 धंजयसिंह ने बताया कि उसकी पुत्री श्वेता सिंह का विवाह 8 मई 2023 को ग्राम मलेहटा थाना मझगवां निवासी शिवम सिंह पुत्र राजू सिंह के साथ घूमधाम से सम्पन्न हुआ था हैसियत के हिसाब से दहेज भी दिया था। लेकिन ससुराली पक्ष के पति शिवम सिंह ननद राखी, ससुर राजू सिंह दहेज कम देने को लेकर मेरी पुत्री को मारपीटकर प्रताड़ित करते रहे। 28 अक्तूबर 2024 की रात को तीनों ने मिलकर पुत्री श्वेता के साथ मारपीट कर उसे फाँसी पर लटका दिया था जिससे उसकी मौत हो गयी थी। सूचना पाकर ग्राम मलेहटा पहुंची थी और थाना मझगंवा जनपद हमीरपुर में दहेज लोभी पति शिवम सिंह, ननद राखी व ससुर राजू सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था पुलिस ने धारा 85,80(2) और धारा 3,4 दहेज प्रतिशोध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया था। मृतिका की माँ सुधा सिंह ने आरोप लगाया है कि उक्त आरोपी अब मुकदमा वापस लेने के लिये दबाव बना रहे हैं। और मुकदमा वापस न लेने पर जान से मरवाने की धमकी दे रहे है। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर को दिये प्रार्थना पत्र में सुधा सिंह ने आरोपियो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने तथा जानमाल की रक्षा की गुहार लगाई है।

# खाद की कमी से किसानों में हाहाकार

**अवधनामा संवाददाता**

**सुमेरपुर हमीरपुर।** रबी की फसल के लिए जरूरी खाद की कमी से परेशान किसान मंगलवार को पीसीएफ केंद्र और सहकारी समितियों में खाद के लिए लंबी-लंबी लाइनों में भूखे-प्यासे खड़े रहे, लेकिन अधिकांश को निराशा ही हाथ लगी। विभिन्न गांवों से आए किसान सुबह से कतार में खड़े थे, परंतु सीमित मात्रा में ही खाद का वितरण किया गया, जिससे ज्यादातर किसान खाली हाथ लौट गए। किसानों का आरोप है कि कुछ प्रभावशाली किसानों को प्राथमिकता देते हुए उनकी पर्चियाँ पहले से काट कर रखी गई, जबकि साधारण किसानों और महिला किसानों की अनदेखी की गई। कुछ असरदार लोगो को बिना आधार कार्ड और खतौनी के बीस बीस बोरी खाद दे दिया गया लेकिन कमजोर किसानों को एक बोरी खाद भी पीसीएफ गोदाम प्रभारी ने

# देश की अर्थव्यवस्था में व्यापारियों का बहुत बड़ा योगदान : संतोष सिंह चौहान

**अवधनामा ब्यूरो**

**इटावा।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की जिला कर समिति की बैठक जिला कार्यालय एमपी सिंह तोमर के आवास पर जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में व्यापारी वर्ग का बहुत बड़ा हाथ है अधिकारियों को व्यापारियों का सदैव सम्मान करना चाहिए कुछ अधिकारी अपने पद के नशे में चूर होकर व्यापारियों के साथ अभद्रता करते हैं ऐसे अधिकारियों की लिखित शिकायत व्यापारिक करें जिससे उसे पर ठोस कार्रवाई की जा सके बैठक में उपस्थित न होने



वाले पदाधिकारी पर कार्रवाई किए जाने का निर्णय लिया गया बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर जिला संरक्षक नरेश यादव जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना भैया शिवकुमार सिंह चौहान धर्मेंद्र सिंह भदोरिया रवि पोरवाल गोरखनाथ वर्मा जिला कोषाध्यक्ष लालजी पोरवाल शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप जिला महामंत्री रमेश यादव युवा जिला अध्यक्ष अजय गुप्ता महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला उपाध्यक्ष बृजेश पोरवाल राजीव पाल अनवर हुसैन प्रदीप कनौजिया विनीत कुमार पांडे अभिषेक दिक्षित उमेश वर्मा युवा जिला महामंत्री अतुल त्रिपाठी जिला संगठन मंत्री अवधेश कुमार दुबे युवा शहर महामंत्री राघव यादव इनवर्टर बैटरी एसोसिएशन अध्यक्ष मोहन सिंह नगर उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजावत अनुराग वर्मा कृष्णा देवी मुन्नी देवी पूजा तिवारी सरला जाटव अंजू वर्मा धर्मेंद्र दुबे मुकेश कुमार दुबे आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी और सभासदगण का छठ घाट निरीक्षण

**सोनभद्र/ओबरा।** नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी एवं सभासदगण ने छठ पर्व के शुभ अवसर पर घाट का निरीक्षण कर श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस निरीक्षण का उद्देश्य पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा से बचाते हुए, एक सुचारु एवं व्यवस्थित वातावरण प्रदान करना था। छठ ब्रतो महिलाओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए 'चेंजिंग रूम, एवं शौचालय की व्यवस्था की गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष और सभासदगण ने घाट परिसर की स्वच्छता और सुव्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया, यह सुनिश्चित करते हुए कि सम्पूर्ण घाट का वातावरण पवित्र, स्वच्छ और आकर्षक बना रहे। सफाई कर्मियों को नियमित रूप से घाट की सफाई हेतु संजीदगी से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। ठंड के प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए, घाट पर श्रद्धालुओं के लिए छायादार तंबूओं की व्यवस्था भी की गई है, ताकि वे शीतलहर से सुरक्षित रह सकें। सभा के इस निरीक्षण में सभी प्रकार की आवश्यक सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान दिया गया, जिसमें स्वच्छ पेयजल, निर्बाध प्रकाश व्यवस्था, और प्राथमिक उपचार जैसी सुविधाओं का समावेश है। यह सुनिश्चित किया गया है कि छठ व्रत के दौरान श्रद्धालु पूर्ण निश्चिंतता के साथ अपने धार्मिक क्रियाकलाप संपन्न कर सकें। इस आयोजन में नगर पंचायत अध्यक्ष चांदनी और सभी सभासदगण का समर्पण जनसेवा के प्रति उनके मजबूत संकल्प का प्रतीक है। इस निरीक्षण के माध्यम से उन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व का आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया है। छठ पर्व के इस अवसर पर की गई व्यवस्थाएँ निश्चित रूप से प्रशंसनीय हैं और नगर पंचायत की ओर से श्रद्धालुओं के प्रति समर्पण एवं सम्मान की भावना को प्रकट करती हैं।

# दो दिनों में 756 हुए ई चालान दस वाहन सीज



**यातायात जागरुकता माह के दौरान यातायात पुलिस द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज व थाना चोपन क्षेत्रान्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पम्पलेट वितरित हुए**

**यातायात पुलिस ने नियमों के बारे में जानकारी देकर किया गया जागरुक**

**अवधनामा ब्यूरो**

**सोनभद्र।** आमजन मानस को यातायात नियमों के बारें में अधिक से अधिक जागरुक करने व वाहन दुर्घनाओं मे कमी लाने के उद्देश्य से जनपद में यातायात जागरुकता माह नवम्बर-2024 के रुप में एक वृहद जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है यातायात प्रभारी निरीक्षक अविनाश सिंह ने कहा की अशोक कुमार मीणा, पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में प्रभारी यातायात तथा जनपदीय यातायात पुलिस द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज व थाना चोपन क्षेत्रांतर्गत भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर जाकर आमजनमानस/वाहन चालको को पम्पलेट वितरित कर यातायात के नियमों के बारे मे विस्तृत रुप से जानकारी देकर उन्हे बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस, हेलमेट, सीट बेल्ट, खतरनाक ढंग से वाहन न चलाने,वाहन चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करने, नशे की स्थिति में वाहन न चलाने,वाहनों पर स्टंन्ट न करने की अपील की गयी व अपने आस-पास के लोगों को भी इसके बारे में जानकारी देकर जागरुक करने हेतु प्रेरित किया गया।

वही सिंह ने बताया कि बीते दो दिनों में 756 दो पहिए चार पहिए वाहनों का ई चालान काटने हुए दस वाहनों को सीज किया है। इस दौरान ह्व्द्य राम सिंह हेड कांस्टेबल संजीव सिंह हेड कांस्टेबल अरुणेंद्र कुमार सिंह हेड कांस्टेबल बृजेश यादव हेड कांस्टेबल दिनेश यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# तेजस सिंह ने जीती स्टेट शूटिंग प्रतियोगिता

**वहाज अली निहाल**



**तेजस का अगला लक्ष्य राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लक्ष्य को भेदना तथा विजेता बनना है**

**इटावा।** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इण्डिया के तत्वाधान में नई दिल्ली में आयोजित होने वाली स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में नारायन कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड आर्ट्स के कक्षा 6 के छात्र तेजस सिंह ने अचूक निशाने को साधते हुये लक्ष्य को भेदा तथा प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर कॉलेज तथा जिले का नाम रोशन किया। इस उपलक्ष्य पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ.धर्मेन्द्र शर्मा ने विद्यालय में विशेष सभा का आयोजन किया। इस विशेष सभा में उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं एवं अध्यापकगण के मध्य तेजस सिंह को प्रतीक चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय प्रधानाचार्य ने अपने सम्बोधन मे कहा कि आज-कल जहां बच्चे अपने लक्ष्य को भूल कर अपना बहुमूल्य समय मोबाइल के प्रयोग में व्यतीत करते हैं वही तेजस सिंह जैसे होनहार छात्र अपने समय का सदुपयोग करते हुये लक्ष्य की प्राप्ति करते हैं। सभी विद्यार्थियों को एकाग्रचित होकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने पर ध्यान देना चाहिये। तेजस सिंह ने स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप जीत कर स्वामी विवेकानन्द के आदर्श को जीवन्त कर दिया क्योंकि स्वामी विवेकानन्द ने कहा था कि 'उठो जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो जाये'। छात्र-छात्राओं को लक्ष्य प्राप्ति के लिये इसी तरह के अनुशासन का पालन करना चाहिये। इस अवसर पर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे तेजस सिंह के पिता रवीन्द्र प्रताप सिंह ने विद्यालय परिवार का आभार व्यक्त किया तथा उन्होने कहा कि विद्यालय ही मात्र ऐसी जगह है जहां सही दिशा, उत्तम ज्ञान एवं गुरूजनों के मार्गदर्शन से बच्चे अपने लक्ष्य को न सिर्फ बनाते हैं बल्कि आत्म विश्वास के साथ उसे प्राप्त भी कर लेते हैं। तेजस सिंह ने निरन्तर अभ्यास तथा हार न मानने वाले जज़्बे के साथ 10 मीटर राइफल चैम्पियनशिप को अन्य प्रतियोगियों से अपने नाम कर लिया। तेजस सिंह का अगला लक्ष्य राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में लक्ष्य को भेदना तथा विजेता बनना है। मनु भाकर को अपना आर्दश मानने वाले तेजस सिंह ने कहा कि उसका लक्ष्य ख्याति प्राप्त अर्न्तराष्ट्रीय शूटर बनना है तथा देश का नाम रोशन करना है। इस अवसर पर समस्त विद्यालय परिवार ने तेजस सिंह को उसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनायें दी।

# मौदहा में खुलेआम बेचा जा रहा है तम्बाकू मिश्रित गुटखा

**अवधनामा संवाददाता**

**मौदहा, हमीरपुर।** कस्बे सहित क्षेत्र में गुटखा माफिया योगी सरकार में भी इतने बेखौफ हो गए है कि सुप्रीम कोर्ट व मुख्य मंत्री के आदेश का उल्लंघन करते हुए खुलेआम सुगंधित सुपारी के नाम पर तंबाकू मिश्रित गुटखा, पान मसाला बेच कर संगीन अपराध को अंजाम दे रहे हैं। इस गैर कानूनी काम करने में सरकारी और सफेद पोश लोगों का खुलेआम सहयोग मिल रहा है। जिससे सरकार के नियमों की धज्जियां तो उड़ ही रही हैं और जनमानस को रोगी बनाया जा रहा है। जिससे अब हर मौहल्ले में कोई न कोई कैंसर रोगी मिल जाते हैं फिर भी जिम्मेदार अधिकारी अपने कर्तव्य को निजी स्वार्थ के लिए कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं।




जनपद सहित मौदहा में किस्मत, नशा, उधार आदि जैसे अनगिनत ब्राण्डों के नाम पर अवैध गुटखे का अवैध कारोबार चरम पर हैं। जिसके पैकेट पर सुगंधित सुपारी लिखी होती है लेकिन अंदर तम्बाकू मिश्रित गुटखा होता है। जिसमें घटिया किस्म की सड़ी सुपारी और तम्बाकू के साथ केमिकल मिला होता हैं। जिससे कैंसर जैसी घातक बिमारी जनमानस में बड़ी आसानी से फैल रही है। इन गुटखे के पैकेट भी पालिथीन के बने होते हैं जबकि पान मसाला के पैकेट सरकारी नियम अनुसार कागज के होने चाहिए। इन गुटखा के पैकेटों को खा कर नासमझ जानवरो की भी मौत हो जाती हैं। इस अवैध कारोबार से प्रति माह करोड़ो रुपए का राजस्व की हानि होती हैं और काले धन की भी बढ़ोतरी होती है फिर भी प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस अवैध कारोबार पर लगाम लगाने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

# पुलिस अधीक्षक ने चोपन छठ घाट का किया निरीक्षण, दिए आवश्यक निर्देश

**सोनभद्र/चोपन।** छठ महापर्व के लिए चोपन स्थित छठ घाट पर तैयारियों का जायजा लेने पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, अपर जिलाधिकारी सहदेव मिश्रा, और एडिशनल एसपी कालू सिंह पहुंचे। इस दौरान अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, घाट की सफाई, बैरिकेडिंग, गोताखोर की व्यवस्था और अन्य आवश्यक इंतजामों की बारीकी से जांच की। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिया कि घाट पर साफ-सफाई के साथ ही पूरे छठ घाट परिसरों मे पर्याप्त रोशनी की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। साथ ही महिला छठ व्रतियों की सुविधा के मद्देजनर पर्याप्त संख्या में चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था अनिवार्य रूप से की जाए ताकि श्रद्धालुओं को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने कहा कि जहां गहराई ज्यादा हो वहां पर मजबूत बैरिकेडिंग कराना सुनिश्चित करें ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना न हो। ज्यादा गहराई वाले जगहों पर इसके आगे जाना खतरनाक है की तख्ती लगवाना भी आवश्यक है ताकि सभी श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से दिखाई दें। इसके साथ ही गोताखोरों की भी व्यवस्था की जाए।

## मुख्यमंत्री ने चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की

# हमें राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए नए स्रोत भी बनाने चाहिए

- यह जनता से एकत्रित राशि है जो प्रदेश के विकास में, जनता के हित में तथा लोक कल्याणकारी कार्यों में व्यय होगी
- लगातार प्रयासों से आज प्रदेश में 31 लाख से अधिक जी0एस0टी0 पंजीकृत व्यापारी, इसे और बढ़ाया जाना चाहिए
- खनन क्षेत्र में काफी पोटेंशियल, इसे पहचानें और राजस्व बढ़ाने के प्रयास करें : मुख्यमंत्री योगी



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में चालू वित्तीय वर्ष में कर-करेत्तर राजस्व प्राप्तियों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने जी0एस0टी0, वैट, आबकारी, स्टाम्प एवं पंजीयन, परिवहन, भू-राजस्व और ऊर्जा विभागों में राजस्व संग्रह के लक्ष्य और उसके सापेक्ष प्राप्तियों का विवरण प्राप्त किया तथा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि नियोजित प्रयासों से प्रदेश के कर-करेत्तर राजस्व संग्रह में सतत वृद्धि हो रही है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में अक्टूबर माह तक विविध माध्यमों से 1.16 लाख करोड़ रुपये से अधिक का राजस्व संग्रह हुआ है। इसमें जी0एस0टी0/वैट से लगभग 64 हजार करोड़ रुपये, एक्साइज टैक्स के रूप में 26 हजार करोड़ रुपये, स्टाम्प एवं पंजीयन से 17,700 करोड़ रुपये, खनन से 2,000 करोड़ रुपये तथा परिवहन से 6,300 करोड़ रुपये से अधिक का संग्रहीत कर राजस्व सम्मिलित है। यह जनता से एकत्रित राशि है जो प्रदेश के विकास में, जनता के हित में तथा लोक कल्याणकारी कार्यों में व्यय होगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें राजस्व संग्रह बढ़ाने के लिए नए स्रोत भी बनाने चाहिए। हर जनपद को दिए गए टारगेट की साप्ताहिक, पाक्षिक और मासिक समीक्षा करें। राजस्व संग्रह बढ़ोत्तरी के लिए किए गए प्रयासों के आधार पर हर एक अधिकारी की रिपोर्ट तैयार करें। उन्होंने कहा कि लगातार प्रयासों से आज प्रदेश में 31 लाख से अधिक जी0एस0टी0 पंजीकृत व्यापारी हैं। इसे और बढ़ाया जाना चाहिए। प्रदेश में अपार सम्भावनाएं हैं, उसका लाभ उठाने की आवश्यकता है।

अधिकारियों की जवाबदेही तय करें। पोस्टिंग मेरिट के आधार पर ही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जी0एस0टी0 की चोरी/अपवंचन की कोशिशों को रोकने के लिए सजगता बढ़ाये जाने की जरूरत है। विशेष अनुशासनिक इकाइयों और सचल दल इकाइयों की सक्रियता को और बढ़ाया जाना आवश्यक है। यद्यपि हाल के समय में इनकी सजगता से कर चोरी/अपवंचन पर प्रभावी रोक लगाने में सफलता मिली है। फिर भी अभी कार्यशैली को और बेहतर करने की गुंजाइश है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्व बढ़ोत्तरी में एक्साइज विभाग की बड़ी भूमिका है। जनपदवार टारगेट की साप्ताहिक समीक्षा करें। जहां भी लापरवाही हो रही हो, सम्बन्धित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई में देर न करें। यह सुनिश्चित कराएं कि डिस्टिलरी में जीरो लिक्विड डिस्चार्ज हो। नदियां इनके वेस्ट से प्रदूषित न हों। इण्डस्ट्री से संवाद करें, उन्हें तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित करें। अवैध मदिरा/कच्ची शराब बनाने और बेचने की गतिविधियों को बंद करने में हमें सफलता मिली है। ऐसी गतिविधियों पर कार्रवाई लगातार जारी रखी जानी चाहिए। दूसरे प्रदेशों से अनाधिकृत मदिरा प्रदेश में न आने पाए, इसके लिए हर समय एक्टिव रहना होगा। राजस्व संग्रह लक्ष्य के सापेक्ष आबकारी विभाग द्वारा और बेहतर प्रयास किया जाना अपेक्षित है।

## कालाजार: 300 लोगों की जांच रिपोर्ट निगेटिव आने से राहत

**लखनऊ।** त्रिवेणी नगर में कालाजार का मरीज मिलने के बाद स्वास्थ्य व नगर मलेरिया विभाग की टीम ने मंगलवार को इलाके में डेरा डाला। यहां के 300 लोगों की जांच की गई। इनकी रिपोर्ट निगेटिव आने पर अफसरों ने राहत की सांस ली। उधर, मरीज के घर से मिली बालू मक्खी को जांच के लिए भेजा गया है, ताकि पता चल सके कि वह नर है या मादा। टीम ने इलाके में घरों के अंदर-बाहर दवाओं का छिड़काव भी किया। त्रिवेणी नगर निवासी 17 वर्षीय किशोर को तेज बुखार आने पर 23 अक्तूबर को एरा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों को कालाजार होने की आशंका हुई। करीब आठ दिन बाद आई जांच रिपोर्ट में इसकी पुष्टि हुई। इसके बाद डब्ल्यूएचओ व जिला मलेरिया टीम ने मरीज के घर जाकर जांच की, जिसमें एक बालू मक्खी मिली थी। कालाजार मादा बालू मक्खी के काटने से होता है। यह मक्खी सीलन और कच्चे मकानों में पाई जाती है। बालू मक्खी उड़ती नहीं और फुदक-फुदक कर चलती है।

## कृषि मंत्री ने केन्द्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री से की मुलाकात

- उत्तर प्रदेश में उर्वरकों की आपूर्ति पर केंद्र की प्रतिबद्धता, रबी सीजन के लिए विशेष प्रबंध



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नई दिल्ली में उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने केन्द्रीय उर्वरक एवं रसायन मंत्री जे.पी. नड्डा से मुलाकात कर आगामी रबी सीजन के लिए राज्य में उर्वरकों की आपूर्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान, उन्होंने मौजूदा दलहनी, तिलहनी और आलू फसलों की बुवाई के साथ-साथ अगले सप्ताह से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गेहूं की बुवाई की तैयारी पर विशेष रूप से ध्यान दिलाया। प्रदेश भर में 15 नवम्बर से 15 दिसम्बर के बीच एकसाथ गेहूं की बुवाई के कार्य को सफलतापूर्वक सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उर्वरक उपलब्धता पर जोर दिया गया। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में 2.34 लाख मी.टन डी.ए.पी. और 2.63 लाख मी.टन एन.पी.के. उर्वरक उपलब्ध है। किसानों में बढ़ती डी.ए.पी. की मांग के मद्देनजर, कृषि मंत्री ने नवम्बर महीने में कम से कम 6 लाख मी.टन डी.ए.पी. और 2 लाख मी.टन एन.पी.के. की आपूर्ति सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। इसके अलावा, सहकारिता क्षेत्र के लिए नवम्बर 2024 में 2.50 लाख मी.टन डी.ए.पी. का विशेष आवंटन, और प्रतिदिन कम से कम 8 रैक फास्फेटिक उर्वरकों की आपूर्ति पर भी चर्चा हुई। मंत्री शाही ने इफको के कांडला प्लांट से पश्चिमी जनपदों के लिए डी.ए.पी. की शीघ्र आपूर्ति और पूर्वी एवं पश्चिमी बंदरगाहों पर पर्याप्त रैक की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस पर केन्द्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा ने आश्वासन दिया कि राज्य को उर्वरकों की आपूर्ति में कोई कमी नहीं होगी और किसानों को समय पर उर्वरक मुहैया कराने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

# छठ पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं को न हो असुविधा: खन्ना

- पूजा स्थलों पर साफ सफाई सुदृढ़ करने के निर्देश



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने लोक आस्था के छठ महापर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी लखनऊ एवं नगर आयुक्त को जनपद के विभिन्न घाटों एवं पूजा स्थलों पर व्यापक साफ सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि लखनऊ के विभिन्न घाटों पर आयोजित होने वाले छठ पूजा में आने वाले श्रद्धालुओं एवं उपासकों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

प्रभारी मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी घाटों पर साफ-सफाई के साथ-साथ प्रकाश का समुचित प्रबंध अनिवार्य रूप से कराया जाए। घाटों पर आने वाले श्रद्धालुओं हेतु शुद्ध पेयजल के प्रबंध हेतु भी उन्होंने निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी प्रकार की व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाए, जिससे छठ महापर्व के उपासकों को अपने व्रत, पूजा एवं अर्घ्य की प्रक्रिया और पवित्रता में कोई व्यवधान न उत्पन्न हो।

खन्ना ने निर्देश दिए हैं कि छठ पूजा घाटों व पूजा स्थलों एवं उनके आसपास और पहुंच मार्गों पर बेहतर साफ-सफाई व्यवस्था को विशेष रूप से सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही महिलाओं की सुरक्षा व्यवस्था एवं नगर निगम द्वारा चलित शौचालय की भी व्यवस्था घाटों एवं पूजा स्थलों पर की जाए।

# मदरसों को लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय का उलमा विभिन्न संगठनों किया स्वागत

- इस फैसले से विधान की जीत हुई: कल्बे जवाद



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** मदरसों को लेकर उच्चतम न्यायालय के निर्णय का उलमा और विभिन्न संगठनों ने स्वागत किया है। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली, मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी, जामिया बहरुल उलूम फिरंगी महल के संरक्षक मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली सहित अन्य उलमा व संगठनों के प्रतिनिधियों ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए स्वागत किया है। मजलिस उलमा-ए-हिन्द के महासचिव मौलाना कल्बे जव्वाद नकवी ने उच्चतम न्यायालय के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे संविधान की जीत करार दिया है। मौलाना ने कहा कि इस निर्णय से न्यायालय ने यह भी स्पष्ट कर दिया है कि मदरसों की स्थिति संवैधानिक है। निर्णय के बाद अब मदरसों को लेकर होने वाली बहस बन्द होना चाहिए, क्योंकि मदरसे हमारी कौम की रीढ़ की हड्डी हैं। इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया के चेयरमैन मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली ने निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए स्वागत किया। मौलाना ने मदरसों की लड़ाई लडने् वाले अधिवक्ताओं का आभार जताया। मदरसों में दीनी तालीम के साथ ही अंग्रेजी, हिन्दी, विज्ञान और गणित की शिक्षा दी जाती है, परिणामस्वरूप छात्र आलिम बनने के साथ ही इंजीनियर, डाक्टर, वैज्ञानिक, आईएएस और आईपीएस सहित देश के विभिन्न विवि में कुलपति, प्रोफेसर और लेक्चरर बनते हैं। हमें इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि देश की आजादी में इन मदरसों की अहम भूमिका रही है। जामिया बहरुल उलूम फिरंगी महल के संरक्षक मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली ने कहा कि उच्चतम न्यायालय के निर्णय का हम स्वागत करते हैं और अभियान से जुड़ी अधिवक्ताओं व जिम्मेदारों व संगठनों की टीम को मुबारकबाद और शुक्रिया अदा करते हैं। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि फाजिल व कामिल के संबंध में उच्चतम न्यायालय के निर्णय को समझ जल्द ही उस पर कोई फैसला लिया जाएगा। मौलाना अबुल इरफान ने प्रदेश सरकार से मदरसों में पढ़ रहे लाखों छात्रों के भविष्य को ध्यान में रख मदरसा बोर्ड की कमियों को दूर कर एक मजबूत बोर्ड बनाने की अपील की।

# अभ्यर्थियों ने राहुल गांधी को दिया ज्ञापन



**69000 शिक्षक भर्ती मामला**

- बोले- प्रभावित छात्रों को नहीं मिला न्याय

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** 69000 शिक्षक भर्ती के आरक्षण प्रभावित अभ्यर्थियों ने मंगलवार को रायबरेली में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी को ज्ञापन देकर न्याय दिलाने और सदन में इसे उठाने की मांग की है। राहुल से मिलने काफी संख्या में अभ्यर्थी यहां पहुंचे थे। हालांकि, राहुल गांधी समयाभाव के कारण अभ्यर्थियों से नहीं मिल सके लेकिन उन्होंने ज्ञापन लिया और उन्हें आश्वासन दिया। अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे धनंजय गुप्ता ने कहा कि भर्ती में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग से लेकर हाईकोर्ट की डबल बेंच ने इसमें गड़बड़ी मानी, लेकिन प्रभावित छात्रों को न्याय नहीं मिला। हाईकोर्ट की डबल बेंच ने तीन महीने में नई चयन सूची जारी कर पीड़ित छात्रों को न्याय देने के निर्देश दिए थे, पर मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया।

## अखिलेश यादव हार के भय से कुछ भी आंये... बांये... सांये बोल रहे: धर्मपाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों उपचुनाव को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज है। इसके साथ ही पोस्टर वार भी जारी है। सियासी बयानबाजी के क्रम में अब योगी के मंत्री धर्मपाल सिंह ने सपा मुखिया अखिलेश यादव पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि अखिलेश को भय है कि उपचुनाव की सभी नौ सीटों पर सपा की जमानत न जब्त हो जाए, इसलिए कुछ भी आंये... बांये... सांये बोल रहे हैं। उनकी बातों को कोई गंभीरता से नहीं लेता है। कैबिनेट बैठक के बाद मंत्री धर्मपाल सिंह ने अमर उजाला से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को बढ़ाने को लेकर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए प्रदेश में तीन फैक्ट्रियां लगाने को मंजूरी मिली है। ये फैक्ट्रियां कानपुर, कन्नौज और गोरखपुर जिलों में लगाई जाएंगी। इसमें प्रतिदिन करीब छह लाख लीटर लूध खरीदा जाएगा। इससे किसानों को काफी लाभ होगा। उन्होंने इसका भुगतान भी समय पर दिएया जाएगा।

## जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन 15 नवम्बर को

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समाज कल्याण विभाग द्वारा 15 नवम्बर, 2024 को ''जनजातीय गौरव दिवस'' के अवसर पर 'जनजाति भागीदारी उत्सव' का वृहद स्तर पर आयोजन किया जायेगा। इस आयोजन के सफल आयोजन हेतु समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने गोमती नगर स्थित भागीदारी भवन में एक बैठक कर अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं। कार्यक्रम में जनजातीय जीवन की स्पष्ट झलक आनी चाहिए। इस कार्यक्रम में आने वाले कालाकारों को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े।

उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में भारत के 22 राज्यों-उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, सिक्किम, त्रिपुरा, असम, गुजरात, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, उत्तराखण्ड, झारखण्ड, जम्मूकश्मीर, बिहार, मिजोरम, मेघालय, पश्चिम बंगाल एवं दिल्ली के अतिरिक्त विदेशों की दो टीमों द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुति कराया जायेगा।

# सी.एम.एस. के मेधावी हुए सम्मानित

- शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ ही व्यक्तित्व विकास की भी अनिवार्य : डॉ. प्रदीप कुमार



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल द्वारा 'मेधावी छात्र सम्मान समारोह' का भव्य आयोजन सी.एम.एस. गोमती नगर एक्सटेंशन कैम्पस ऑडिटोरियम में किया गया। मुख्य अतिथि डा. प्रदीप कुमार, संयुक्त निदेशक, शिक्षा, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत् उद्घाटन किया। इस भव्य समारोह में आई.एस.सी. (कक्षा-12) की द्वितीय इण्टर-कैम्पस कम्परेटिव परीक्षा में 94.63 प्रतिशत अंकों के साथ टॉप करने वाली सी.एम.एस. राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस की छात्रा आरुषी सिंह चौहान को खास तौर पर सम्मानित किया गया तथापि आरुषी की माताजी को फलों व फूलों से तौलकर एवं पिताजी व टीचर गार्जियन को अंगवस्त्र भेंटकर सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इण्टर-कैम्पस कम्परेटिव परीक्षा के टॉप टेन छात्रों, विभिन्न कैम्पस के टॉपर छात्रों एवं शैक्षणिक क्षेत्र में लखनऊ का गौरव बढ़ाने वाले सी.एम.एस. के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि डा. प्रदीप कुमार ने कहा कि शैक्षिक उत्कृष्टता के साथ ही व्यक्तित्व विकास की भी अनिवार्य आवश्यकता है। मुझे खुशी है कि सी.एम.एस. अपने छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने के साथ ही टोटल क्वालिटी परसन बना रहा है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने कहा कि नेशनल एजूकेशन पालिसी-2020 के अस्तित्व में आने के बाद शैक्षणिक परिदृष्य पर काफी सकारात्मक बदलाव हुए हैं। वर्तमान समय में शैक्षणिक उत्कृष्टता के साथ ही रचनात्मकता, वार्तालाप में निपुणता एवं अपने रूचि के क्षेत्र में विशेषज्ञता की भी महती जरूरत है। यही कारण है कि सी.एम.एस. शिक्षक आब्जर्वेशन, इन्ट्रोस्पेक्शन, एट्रीब्यूशन एवं एक्सपेरीमेन्ट आदि विभिन्न मानकों पर आधिारित स्किल बेस्ड शिक्षा प्रदान कर भावी पीढ़ी का सर्वांगीण विकास कर रहे हैं। इससे पहले, सी.एम.एस. की सुपीरियर प्रिन्सिपल एवं क्वालिटी एजुकेशन एवं इनोवेशन विभाग की हेड सुष्मिता घोष ने मुख्य अतिथि समेत अन्य गणमान्य अतिथियों, मेधावी छात्रों व शिक्षकों का हार्दिक स्वागत करते हुए विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों को रेखांकित किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 'स्पर्धा-2024' का उद्घाटन सी.एम.एस. में आज

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, आर.डी.एस.ओ. कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित चार दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 'स्पर्धा-2024' का भव्य उद्घाटन कल 6 नवम्बर, बुधवार को अपरान्हः 4.00 बजे सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में होगा। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि यह अन्तर्राष्ट्रीय खेल ओलम्पियाड 6 से 9 नवम्बर तक आयोजित किया जा रहा है जिसमें श्रीलंका, नेपाल, मॉरीशस एवं भारत के विभिन्न प्रान्तों से लगभग 500 बाल खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करने लखनऊ पधारे हैं।श्री खन्ना ने बताया कि स्पर्धा-2024 में प्रतिभाग हेतु देश-विदेश के बाल खिलाड़ियों के लखनऊ पहुँचने का सिलसिला आज दिन भर जारी रहा तथापि सी.एम.एस. छात्रों व शिक्षकों ने लखनऊ की सरजमीं पर प्रतिभागी बाल खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया। देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्यालयों से पधारे ये प्रतिभागी बाल खिलाड़ी अपने अभूतपूर्व स्वागत से गद्गद नजर आये।

# आईआरसीटीसी करायेगा अंडमान की हवाई सैर

- तीन सितारा में ठहरने की व्यवस्था
- प्रति व्यक्ति 82400 रुपये देय होगा
- पैकेज में एलटीसी की सुविधा उपलब्ध



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** इंडियन रेलवे कैटरिंग एण्ड टूरिज्म कारपोरेशन (आईआरसीटीसी) ने यात्रियों की मांग को देखते हुए लखनऊ से अदभुत अंडमान भ्रमण के लिये हवाई टूर पैकेज लांच किया है 06 रात्रि एवं 07 दिन का यह टूर 26 नवंबर से 02 दिसम्बर तक चलाया जायेगा।

आईआरसीटीसी के मुख्य क्षेत्रीय प्रबन्धक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि यात्रा के दौरान पोर्ट ब्लेयर, हैवलॉक और नील द्वीप में होटल स्टे के साथ पोर्ट ब्लेयर में -कॉर्बिन्स कोव बीच, सेल्युलर जेल , लाइट एंड साउंड शो , रॉस द्वीप, नील द्वीप, हेवलॉक में कालापत्थर समुद्र तट एवं राधा नगर समुद्र तट, नील द्वीप में लखमनपुर समुद्र तट, प्राकृतिक पुल, समुद्र तट ,भरतपुर समुद्र तट का भ्रमण कराया जाएगा।

इस टूर में यात्रियों को लखनऊ से पोर्ट ब्लेयर जाने-आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। जिसका हॉल्ट कोलकाता एयरपोर्ट पर होगा । टूर पर जाने वाले यात्रियों को खान-पान एवं ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था की गयी है।

एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 82400 रुपए, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 63300 रुपए और तीन व्यक्तियो के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 61500 रूपए है। माता-पिता के साथ ठहरने पर प्रति बच्चे का पैकेज मूल्य 56600 रुपए बेड सहित और बिना बेड 54400 रुपए का खर्च होगा।

इस पैकेज में एलटीसी की भी सुविधा उपलध है। इस पैकेज की बुकिंग पहले आओ पहले पाओ के आधार पर की जायेगी।

# पीएनबी ने देशभर में मनाया सतर्कता जागरूकता सप्ताह



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** केंद्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी) के निर्देशों और इस वर्ष की थीम राष्ट्र की समृद्धि के लिए सत्यनिष्ठा की संस्कृति के अनुरूप, सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, पंजाब नैशनल बैंक ने सतर्कता जागरुकता सप्ताह 2024 मनाया। उद्घाटन समारोह बैंक के कॉर्पोरेट ऑफिस में आयोजित किया गया, जहां पीएनबी के चेयरमैन के.जी. अनंतकृष्णन, पीएनबी एमडी एवं सीईओ अतुल कुमार गोयल, पीएनबी के कार्यपालक निदेशकगण (ईडी) - एम. परमशिवम और बिभु पी. महापात्र, बोर्ड के अन्य निदेशक और पीएनबी के मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ) राघवेन्द्र कुमार ने लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को श्रद्धांजलि अर्पित की व उनकी विरासत को एकता और ईमानदारी/ सत्यनिष्ठा के प्रणेता के रूप में सम्मानित किया। पीएनबी एमडी और सीईओ अतुल कुमार गोयल ने बैंक की नैतिक व्यावसायिक प्रथाओं और सत्यनिष्ठा के प्रति प्रतिबद्धता पर प्रकाश डालते हुए कॉर्पोरेट कार्यालय में कार्यरत कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान, पीएनबी ने कई आउटरीच और जागरूकता गतिविधियों का भी आयोजन किया, जिसमें साइक्लोथॉन (साइकिल रैली) और वॉकथॉन सम्मिलित थे, पीएनबी सीवीओ राघवेन्द्र कुमार ने नई दिल्ली स्थित बैंक के कॉर्पोरेट कार्यालय से झंडी दिखाकर दोनों गतिविधियों का शुभारंभ किया, ताकि भ्रष्टाचार के खतरे के बारे में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

## वफा अब्बास ने सुप्रीम कोर्ट के मदरसा एक्ट पर आए फैसले का किया स्वागत

**लखनऊ।** अंबर फाउंडेशन के चेयरमैन वफा अब्बास ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा मदरसा एक्ट पर दिए गए फैसले का खुले दिल से स्वागत किया है। उन्होंने इसे मुस्लिम समुदाय की शिक्षा और सांस्कृतिक पहचान के लिए एक ऐतिहासिक और सकारात्मक कदम करार दिया।



वफा अब्बास ने कहा कि यह फैसला न केवल मदरसों में शिक्षा की गुणवत्ता को सुधारने में सहायक सिद्ध होगा, बल्कि समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को बुनियादी अधिकार प्रदान करने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला मदरसों को आधुनिक शिक्षा के साथ जोड़ने के दिशा में एक अहम कदम है, जिससे मुस्लिम युवाओं को समाज की मुख्यधारा में आगे बढ़ने का बेहतर अवसर मिलेगा। इस फैसले के बाद, सरकार से मदरसों में गुणवत्ता शिक्षा के लिए उचित संसाधनों और प्रशिक्षित शिक्षकों की नियुक्ति की भी उम्मीद है।

# गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना द्वारा संस्कृत भाषा के प्रति जागरुक हो रहे हैं बच्चे : निदेशक




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान, लखनऊ द्वारा संचालित गृहे गृहे संस्कृतम् योजना के अंतर्गत नवम्बर मासीय बारह दिवसीय संस्कृत शिक्षण शिविर केंद्रों का उद्घाटन आभाषिक पटल पर सम्पन्न हुआ। यह प्रशिक्षण दिनांक 05 नवम्बर से 29 नवम्बर 2024 तक चलेगा। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जनपदों में 48 प्रशिक्षक सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का संचालन करेंगे । निदेशक विनय श्रीवास्तव ने कहा कि गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना के द्वारा संस्कृत भाषा के प्रति बच्चे जागरुक हो रहे। प्राथमिक पाठशाला से लेकर इन्टर कॉलेज तक छात्र एवं छात्राएं उत्साह पूर्वक संस्कृत भाषा का अध्ययन कर रहे हैं। उन्होने बताया कि यह योजना छात्रों को संस्कृत पढ़ने के लिए प्रेरणादायी तथा संस्कृत भाषा में व्यवहारिकता प्रदान करने में कारगर सिद्ध हो रही है। संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी श्री जगदानंद झा ने अपने उद्बोधन में कहा कि उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान की गृहे गृहे संस्कृतम् योजना एक विशिष्ट योजना है, जिसके द्वारा जनपद ही नही ग्रामीण स्तर पर संचालित होकर पूरे प्रदेश में संस्कृत का प्रचार प्रसार हो रहा है। सरल सस्कृत भाषा का प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त सतत् अभ्यास अपेक्षित है। जिससे व्यवहारिक रूप से संस्कृत भाषा का परिमार्जन होता रहे।

योजना प्रमुख भगवान् सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में कहा कि गृहे-गृहे संस्कृतम् योजना संस्थान की महत्वपूर्ण और महत्वाकांक्षी योजना है। जिसके ध्वजवाहक आप सभी प्रशिक्षकगण हैं। यह योजना संस्थान के निदेशक के आत्मबल और दृढ़ इच्छा से अनवरत गतिमान हो रही है। संस्कृत भाषा संस्कृति के प्रति नवचेतना का संचार करती है। आशा है कि सभी प्रशिक्षक पूर्ण मनोयोग से सरल संस्कृत भाषा शिक्षण कक्षा का संचालन करेंगे।

ऑनलाइन समन्वयक दिव्यरंजन ने योजना का विषयोपस्थापन किया। उन्होने कहा कि इस योजना से संस्कृत को सीखे ही नहीं अपितु इसे आचरण में लाने की महती आवश्यकता है। भारत की संस्कृति की सार्थकता संस्कृत भाषा में ही नीहित है।

# भाषा वि.वि. में हुआ निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ के कुलपति प्रो0 नरेन्द्र बहादुर सिंह के कुशल मार्गदर्शन में एवं विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित पंडित दीनदयाल उपाध्याय शोधपीठ के तत्वाधान में, शोधपीठ के समन्वयक डॉक्टर लक्ष्मण सिंह के द्वारा इतिहास विभाग में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चिंतन में सामाजिक समरसता विषय पर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस निबंध प्रतियोगिता में इतिहास विभाग के 32 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। जिनमें से प्रथम स्थान जोया खान, बी.ए भाग एक ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान ज्योति सिंह, बी.ए. भाग एक तथा तृतीय स्थान दीपेंद्र कुमार, बी.ए. भाग एक ने प्राप्त किया। प्रतियोगिता में शोधपीठ की सदस्या डॉक्टर पूनम चौधरी के साथ-साथ इतिहास विभाग के डॉक्टर राजकुमार सिंह और डॉ मनीष कुमार तिवारी ने अपना सहयोग प्रदान किया।